पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(एक महारत्न कंपनी)

ऊर्जावान
विकास की नई गाथा

37वीं वार्षिक रिपोर्ट 2022-23

ऊर्जावान विकास की नई गाथा

आज, भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ऊर्जा की खपत अक्सर किसी देश के विकास की मापक होती है।

एक महारत्न सीपीएसई के रूप में, हमें यह कहते हुए वास्तव में गर्व है कि हमने देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करके इस तीव्रतम संवृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पीएफसी में, हम सदैव अपने देश और अपने स्टेकधारकों के लिए सृजित मूल्य को संवृद्ध करने का प्रयास करते हैं। अभी तक, हम केवल विद्युत परियोजनाओं का वित्तपोषण कर रहे थे, लेकिन हमने अपने क्षितिज का विस्तार करने और अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने का कार्यनीतिक निर्णय लिया; हमने इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों को शामिल करने के लिए अपने मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन (एमओए) को संशोधित किया। यह कार्यनीतिक विकास हमें इन क्षेत्रों में आकर्षक अवसरों का लाभ उठाने और भारत को शीर्ष पर पहुंचाने में सहायता करता है।

अधिक जानकारी हेतु हमारी
वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें

विषय-सूची

02 निगमित सिंहावलोकन

02	निदेशक मंडल
03	वरिष्ठ प्रबंधन
04	कॉर्पोरेट पहचान
07	वित्तीय पेशकश (ऑफरिंग)
08	माइलस्टोन
10	मूल्य वर्धित विवरण
12	कार्य-निष्पादन - एक नजर में
13	कार्य-निष्पादन संबंधी प्रमुख संकेतक
18	विविधीकरण
22	हरित ऊर्जा की ओर संकेंद्रण
24	शेयरधारकों के नाम पत्र

30 सांविधिक रिपोर्टें

30	निदेशक प्रोफाइल
32	वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए निदेशक मंडल की रिपोर्ट
56	प्रबंधन के साथ विचार-विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट
62	एकीकृत रिपोर्टिंग
65	निगमित शासन पर रिपोर्ट
83	निगमित शासन संबंधी प्रमाण-पत्र
84	व्यवसाय जिम्मेदारी और संधारणीयता रिपोर्ट
108	सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट

128 वित्तीय विवरण

128	एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट
140	गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट
141	भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां
142	एकल (स्टैंडअलोन) तुलन-पत्र
143	लाभ और हानि का एकल (स्टैंडअलोन) विवरण
146	एकल (स्टैंडअलोन) नकदी प्रवाह विवरण
148	एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां
242	समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा रिपोर्ट
250	भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां
252	समेकित तुलन-पत्र
254	समेकित लाभ एवं हानि विवरण
258	समेकित नकदी प्रवाह विवरण
	संदर्भ सूचना

निदेशक मंडल

पंक्ति में बैठे हुए *(बाएं से दाएं)*

परमिंदर चोपड़ा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

भास्कर भट्टाचार्य
स्वतंत्र निदेशक

अजय तिवारी
निदेशक (सरकारी नामिती)

पंक्ति में खड़े हुए *(बाएं से दाएं)*

मनोज शर्मा
निदेशक (वाणिज्यिक)

राजीव रंजन झा
निदेशक (परियोजना)

उषा सजीव नायर
स्वतंत्र निदेशक

प्रसन्ना तंत्री
स्वतंत्र निदेशक

वरिष्ठ प्रबंधन*

सिम्मी आर नाकरा
सीवीओ

आर के भारद्वाज
कार्यपालक निदेशक

पी के सिन्हा
कार्यपालक निदेशक

संदीप कुमार
कार्यपालक निदेशक

सौरव कुमार शाह
कार्यपालक निदेशक

मनोज कुमार राणा
कार्यपालक निदेशक

डॉ जी जवाहर
कार्यपालक निदेशक

राज कुमार मल्होत्रा
कार्यपालक निदेशक

आर के चतुर्वेदी
कार्यपालक निदेशक

वी पकरीसामी
कार्यपालक निदेशक

राजेश कुमार शाही
कार्यपालक निदेशक

संजय महरोत्रा
कार्यपालक निदेशक

अली शाह
कार्यपालक निदेशक

संजय शर्मा
कार्यपालक निदेशक

हेमंत कुमार दास
कार्यपालक निदेशक

पवन कुमार
कार्यपालक निदेशक

पी शनमुगा सुंदरम
कार्यपालक निदेशक

समिधा जैन
कार्यपालक निदेशक

मनीष कुमार अग्रवाल
कंपनी सचिव

* 21.08.2023 तक

कॉर्पोरेट पहचान

1986 से भारत को सशक्त करते हुए

1986 में निगमित, हमें भारत की सबसे बड़ी सरकारी स्वामित्वाधीन एनबीएफसी होने पर गर्व है और हम देश के विद्युत एवं इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। नोडल एजेंसी के रूप में, हम संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस), विलंब भुगतान अधिभार (एलपीएस) नियमावली, एकीकृत विद्युत विकास योजना (आईपीडीएस), अल्ट्रा मेगा पावर परियोजना (यूएमपीपी) सहित प्रमुख सरकारी योजनाओं के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और स्वतंत्र पारेषण परियोजनाओं (आईटीपी) के लिए बोली प्रक्रिया समन्वयक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड एक प्रतिष्ठित अनुसूची-क महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) के रूप में स्थापित है और परिसंपत्ति की श्रेणी में भारत की सबसे बड़ी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है।

पिछले कुछ वर्षों में, हमने विद्युत क्षेत्र की जरूरतों की पूर्ति हेतु तैयार वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक विविध श्रृंखला की पेशकश करते हुए, परिश्रमपूर्वक अपने क्षितिज का विस्तार किया है। हमारी पेशकश में उत्पादन, पारेषण और वितरण क्षेत्रों में विभिन्न विद्युत परियोजनाओं के लिए रुपया सावधि ऋण, अल्पावधि ऋण, उपकरण पट्टा वित्तपोषण, ट्रांजिशनल वित्तपोषण सेवाएं आदि शामिल हैं।

संवृद्धि और विविधीकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए, हमने ई-वाहन फ्लीट्स, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़कों, बंदरगाहों, मेट्रो रेल, स्मार्ट शहरों और अन्य बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में कदम रखा है। हमारे ग्राहकों में केंद्रीय क्षेत्र, राज्य क्षेत्र और निजी क्षेत्र की विद्युत संस्थाएं (यूटिलिटियां), विद्युत उपकरण निर्माता, राज्य सरकार के विभाग और बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के डेवलपर शामिल हैं।



हमारी पृष्ठभूमि

विजन

भारत और विदेश में विद्युत एवं उससे जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों की प्रत्येक आयामीय श्रृंखला में एक अग्रणी संस्थागत भागीदार बनना।

मिशन

पीएफसी सर्वाधिक अधिमान्य वित्तीय संस्थान होगा और इसके लिए उसका साध्य है दक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय रूप से एकीकृत स्रोतीकरण तथा सेवा प्रदान करने के साथ-साथ वहनीय और प्रतियोगी उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान करना, भारतीय विद्युत क्षेत्र में होने वाले सुधारों में अपनी भागीदारी करना और अपने स्टेकधारकों का मूल्य संवर्धन करना; भारत एवं विदेश में विद्युत एवं संबद्ध क्षेत्रों में कार्यक्षम निवेश को बढ़ावा देना।

हम यह लक्ष्य सिद्धि कर सकेंगे क्योंकि हम एक ऊर्जास्वित, समंजनीय, अग्रदृष्टा, विश्वस्त, सामाजिक रूप से उत्तरदायी संगठन हैं, अपने स्टेकधारकों के हितों के प्रति संवेदनशील हैं, अपने कार्यों में पारदर्शिता एवं एकनिष्ठा के कारण सदा-सर्वदा लाभप्रद एवं चिरस्थायी हैं।

हमारी समूह संरचना

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन

सहयोगी कंपनियां

- 100% अल्ट्रा मेगा पावर परियोजनाएं

सहायक कंपनियां

- 100% पीएफसी कंसल्टिंग
- 100% पीएफसी प्रोजेक्ट्स
- 52.63% आरईसी लिमिटेड

मुख्य तथ्य

1st

वित्तीय क्षेत्र में
1ला महारत्न

सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के बीच सबसे बड़ा समेकित तुलनपत्र*

*31.03.2022 तक की स्थिति के आंकड़ों पर आधारित

भारत सरकार
GOVERNMENT
OF INDIA
सत्यमेव जयते

अधिकांशतः
भारत सरकार के
स्वामित्वाधीन

विद्युत क्षेत्र में
भारत सरकार के लिए
प्रमुख वित्तीय भागीदार

Forbes

फोर्ब्स ग्लोबल लिस्ट 2023 के अनुसार परिसंपत्तियों के मामले में दुनिया में 378वें स्थान पर

फॉर्च्यून
500

इंडिया 2022 में
34वें स्थान पर

'एएए' की उच्चतम दीर्घावधि
घरेलू रेटिंग

वित्तीय पेशकश (ऑफरिंग)

स्वनिर्मित पोर्टफोलियो

लगभग चार दशकों के अनुभव के साथ, हम भारतीय विद्युत क्षेत्र के वित्तपोषण में अग्रणी रहे हैं। हमारी विशेषज्ञता अपने सम्मानित ग्राहकों के अद्वितीय वित्तीय प्रोफाइल के समकक्ष अनुरूपी वित्तीय समाधान प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, हम अपनी वित्तीय पेशकशों को कार्यनीतिक रूप से व्यापक राष्ट्रीय प्रयोजनों के साथ संरेखित करने के लिए देश के वित्तीय स्वास्थ्य और मौजूदा सरकारी प्राथमिकताओं पर बारीकी से विचार करते हैं।

निधि आधारित उत्पाद

- **परियोजना सावधि ऋण** (रुपया एवं विदेशी मुद्रा)
- **निगमित ऋण**
- **ऋण पुनर्वित्तपोषण**
- उपकरण की खरीद **हेतु पट्टा वित्तपोषण**
- **कोयले के आयात के लिए लाइन ऑफ क्रेडिट**
- विद्युत एक्सचेंज के माध्यम से विद्युत खरीद के लिए **क्रेडिट सुविधा**
- उपकरण निर्माताओं को **अल्पावधि/माध्यम अवधि ऋण**
- **बायर्स लाइन ऑफ क्रेडिट**
- अध्ययन/परामर्श के लिए **अनुदान/ ब्याज मुक्त ऋण**
- **विंड पावर परियोजनाओं** के लिए पट्टा वित्तपोषण

गैर-निधि आधारित उत्पाद

- **विद्युत खरीद करार (पीपीए) के संदर्भ में संविदा/बाध्यताओं के निष्पादन की गारंटी**
- **लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी)**

निधियों के स्त्रोत

- **54 ईसी बॉण्ड्स**
- **सावधि ऋण/बॉण्ड**

माइलस्टोन

विगत वर्षों में मुख्य गतिविधियों की झलकियां



1986

कंपनी के रूप में निगमन

1988

ऋण देने संबंधी गतिविधियां प्रारंभ कीं

1998

एनबीएफसी के रूप में आरबीआई में पंजीकृत

2007

'नवरत्न' दर्जा प्राप्त हुआ और सूचीबद्ध कंपनी बनी

2010

एक इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी के रूप में भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के साथ पंजीकृत

इक्विटी शेयरों की अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकश की घोषणा की



2014

ऋण परिसंपत्तियों में ₹ 2 ट्रिलियन का आंकड़ा पार किया

2017

400 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के ग्रीन बॉण्ड जारी किए

2019

आरईसी लिमिटेड का अधिग्रहण किया और भारतीय विद्युत क्षेत्र में सबसे बड़ा वित्तीय संस्थान बन गया

2021

भारत सरकार द्वारा 'महारत्न'का दर्जा प्रदान किया गया (एक सीपीएसई के लिए सर्वोच्च सम्मान)

2023

इंफ्रा और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में कदम रखा

मूल्य वर्धित विवरण

(₹ करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	2021-22	2022-23
मूल्य वर्धित		
निवल ब्याज आय	14,030	**14,363**
गैर ब्याज आय	1,890	**2,020**
कार्मिक लागत, मूल्यहास, परिशोधन और निगमित सामाजिक दायित्व व्यय को छोड़कर प्रचालन व्यय	(1,029)	**(2,045)**
क्षतिग्रस्तता एवं राइट ऑफ	(2,222)	**296**
वितरण के लिए उपलब्ध मूल्य वर्धित	**12,669**	**14,634**
मूल्य वर्धित का वितरण		
लाभांश के रूप में इक्विटी शेयरधारकों के लिए	3,366	**2,640**
वेतन एवं अन्य हितलाभों के रूप में कार्मिकों के लिए	213	**219**
सीएसआर व्यय के रूप में समाज के लिए	215	**225**
आयकर के रूप में सरकार के लिए	2,206	**2,565**
पुनःनिवेश, विस्तार एवं वृद्धि के लिए - मूल्यहास, परिशोधन, प्रतिधारित आय, आरक्षित निधि	6,669	**8,984**
मूल्य वर्धित का वितरण	**12,669**	**14,634**

प्रमुख अनुपात

वित्तीय वर्ष	2021-22	2022-23
पी/ई अनुपात	2.96	3.45
पूंजीगत जोखिम भारित परिसंपत्ति अनुपात (%)	23.48	24.37
निवल लाभ मार्जिन (%)	25.97	29.26
निवल एनपीए (%)	1.76	1.07
निवल ऋण-इक्विटी अनुपात (X)	5.38	5.32
ईपीएस (₹)	37.96	43.96
प्रति शेयर बुक मूल्य (₹)	224.80	258.33

कार्य-निष्पादन एक नजर में

विवरण	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
संसाधन (वर्ष के अंत में) (₹ करोड़ में)					
इक्विटी पूंजी	2,640	2,640	2,640	2,640	**2,640**
रिज़र्व और सरप्लस	40,648	42,524	49,753	56,710	**65,562**
ऋण राशियां (बकाया मूलधन):					
(i) घरेलू ऋण राशियां	2,59,601	2,55,751	2,75,259	2,63,840	**2,98,084**
(ii) विदेशी मुद्रा ऋण राशियां	28,827	47,701	49,836	56,288	**64,554**
वित्तपोषण संबंधी प्रचालन (वर्ष के दौरान) (₹ करोड़ में)					
संस्वीकृतियां	95,230	1,11,089	1,66,370	51,616	**2,31,625**
संवितरण	67,678	67,997	88,302*	51,242	**85,756**
कार्यशील परिणाम (वर्ष के लिए) (₹ करोड़ में)					
कुल आय	28,766	33,371	37,767	38,591	**39,666**
कुल व्यय	18,951	25,179	27,559	26,364	**25,495**
कर पूर्व लाभ	9,816	8,193	10,207	12,228	**14,171**
कर व्यय	2,863	2,537	1,763	2,206	**2,565**
कर पश्चात लाभ	6,953	5,655	8,444	10,022	**11,605**
कार्मिकों की संख्या	498	484	483	501	**519**

नोट:

1. संस्वीकृतियां और संवितरण आर-एपीडीआरपी/आईपीडीएस/ आरडीएसएस को छोड़कर हैं

* इसमें कोविड महामारी के दौरान मोरेटोरियम ऋण के रूप में ₹ 20,144 करोड़ शामिल हैं

कार्य-निष्पादन संबंधी प्रमुख संकेतक

वित्तीय कार्य-निष्पादन

कुल आय

(₹ करोड़ में)



↑ **2.79%**
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि

↑ **8.83%**
5-वर्षीय सीएजीआर

कर पश्चात लाभ

(₹ करोड़ में)



↑ **15.80%**
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि

↑ **21.48%**
5-वर्षीय सीएजीआर

कार्य-निष्पादन संबंधी प्रमुख संकेतक

प्रचालनात्मक कार्य-निष्पादन

नेट वर्थ
(₹ करोड़ में)



↑ **14.91%**
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि

↑ **13.04%**
5-वर्षीय सीएजीआर

ऋण परिसंपत्ति बही
(₹ करोड़ में)



↑ **13.23%**
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि

↑ **8.63%**
5-वर्षीय सीएजीआर

सभी आंकड़े 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार हैं।

कार्य-निष्पादन संबंधी प्रमुख संकेतक

प्रचालनात्मक कार्य-निष्पादन

निवल एनपीए अनुपात
(%)



↓ 69 बीपीएस
वर्ष-दर-वर्ष कमी

निधियों की लागत
(%)



कई वर्षों से
समान

कार्य-निष्पादन संबंधी प्रमुख संकेतक

संवितरण





कार्य-निष्पादन संबंधी प्रमुख संकेतक

ऋण परिसंपत्तियां





परिसंपत्ति स्नैपशॉट 2023

₹4,22,498 करोड़
ऋण परिसंपत्तियां

₹85,756 करोड़
संवितरण

3.91%
सकल एनपीए अनुपात

1.07%
निवल एनपीए अनुपात

विविधीकरण

इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र की ओर बढ़ते कदम

हमारे व्यापक कार्यनीतिक दृष्टिकोण के एक भाग के रूप में, हमने व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में कदम रखकर विविधीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह कार्यनीतिक परिवर्तन अपने पोर्टफोलियो में विविधीकरण लाने और हमारी ऋण परिसंपत्ति बुक की वृद्धि के दीर्घकालिक प्रयास का प्रतिनिधित्व करता है। दूरदर्शी परिप्रेक्ष्य के साथ, हमने बाजार की उभरती मांगों का को पूरा करने के निमित्त अधिक मजबूत और लचीली वित्तीय स्थिति के सृजन के लिए इस उद्यम को डिजाइन किया है।

वित्तीय वर्ष में नई संस्वीकृतियों में से दो-तिहाई संस्वीकृतियां विद्युत क्षेत्र के लिए किए जाने के अध्यधीन एक संतुलित पोर्टफोलियो बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता बकाया ऋण बुक के 30% तक ऋण देने की हमारी नीति में स्पष्ट है। यह दृष्टिकोण हमारी विशेषज्ञता और विद्युत एवं इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों की उभरती जरूरतों के साथ तालमेल बिठाते हुए संसाधनों का विवेकपूर्ण वितरण सुनिश्चित करने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है। हम सक्रिय रूप से अपेक्षित क्षमताओं के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्बाध वित्तपोषण को सुविधाजनक बनाने के लिए अपनी मौजूदा टीमों को संवृद्ध कर रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के इलेक्ट्रो-मैकेनिकल घटकों के वित्तपोषण में अपने अनुभव से सीखते हुए, हम इस क्षेत्र की जटिलताओं का सामना करने के लिए तैयार हैं।

हमारे विविधीकरण प्रयासों के दायरे में कई प्रमुख क्षेत्र अर्थात पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, सिंचाई परियोजनाएं, तेल रिफाइनरियां और फाइबर नेट इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं। अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करके, हम अपनी वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने का लक्ष्य रहते हैं और देश की आर्थिक प्रगति को गति देने वाले महत्वपूर्ण क्षेत्रों की संवृद्धि और उन्नति में योगदान देना चाहते हैं।



वितरण क्षेत्र योजनाओं की अग्रगामी राह की ओर

₹16,647 करोड़
31 मार्च, 2023 तक आरडीएसएस के अंतर्गत संस्वीकृत ऋण

₹1,016 करोड़
31 मार्च, 2023 तक आरडीएसएस के अंतर्गत संवितरित ऋण

₹47,906 करोड़
वित्त 2022-23 में एलपीएस के अंतर्गत संस्वीकृत राशि

₹16,746 करोड़
वित्त 2022-23 में एलपीएस के अंतर्गत संवितरित राशि

संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस)

आरडीएसएस के अंतर्गत पीएफसी से जुड़े लगभग सभी पात्र राज्यों की कार्य योजनाओं को अनुमोदित कर दिया गया है

विलंब भुगतान अधिभार (एलपीएस)

एलपीएस शुरू होने के एक वर्ष से भी कम समय में जेनको पर डिस्कॉम का >40% बकाया कम हो गया



व्यावसायिक परिदृश्य





व्यावसायिक परिदृश्य



नवीकरणीय ऊर्जा – सौर ऊर्जा, ऑफशोर एवं ऑनशोर पवन ऊर्जा, पंप्ड हाइड्रोइलेक्ट्रिक विद्युत, और बैटरी स्टोरेज

परंपरागत ऊर्जा – अमोनिया को-फायरिंग, फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी), थर्मल प्लांट



ग्रीन कॉरीडोर

स्वतंत्र पारेषण परियोजनाएं (आईटीपी)



विलंब भुगतान अधिभार (एलपीएस) नियम

संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस)



ग्रीन हाइड्रोजन

इंफ्रास्ट्रक्चर

ई-मोबिलिटी

न्यूक्लियर

सशक्त हरित प्रगति

हम हरित ऊर्जा को अपनाने की दिशा में भारत की प्रगतिशील यात्रा में अगुवाई करना चाहते हैं, और उन वित्तपोषण संबंधी पहलों का नेतृत्व करना चाहते हैं जो संधारणीय और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में परिवर्तन को प्रेरित करते हैं। इसके अनुरूप, हम नवीकरणीय मार्गों में अपनी हिस्सेदारी को संवर्धित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और हमने इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

नवीकरणीय ऊर्जा की ओर संकेंद्रण

देश में नवीकरणीय ऊर्जा
के लिए सबसे बड़ा ऋणदाता

20%
पिछले 5 वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा ऋण बुक का सीएजीआर

51,000 मेगावाट
नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता संवर्धन को वित्तीय सहायता

भारतीय विद्युत क्षेत्र का
सबसे बड़ा ऋणदाता

भारत के हरित लक्ष्यों के साथ हमारी कार्यनीति का संरेखण

31 मार्च, 2023 तक पीएफसी द्वारा 51 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता संवर्धन को वित्तीय सहायता

पारंपरिक विद्युत उत्पादन ऋणों की तुलना में नवीकरणीय ऊर्जा ऋणों पर कम ब्याज दरों जैसे अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहन की पेशकश

नवीकरणीय परियोजनाओं के लिए अलग नीति और रेटिंग फ्रेमवर्क (सौर पीवी परियोजनाओं के लिए नीति दिशा-निर्देश)

हरित वित्तपोषण हेतु संसाधन जुटाव के लिए ग्रीन बॉण्ड फ्रेमवर्क

हरित ऊर्जा की ओर भारत का संकेंद्रण

भारत सरकार का ज्यादा फोकस देश की हरित ऊर्जा हिस्सेदारी को बढ़ाने पर है। भारत 2070 तक नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है, और सरकार ने आगे नए अवसरों के लिए लक्ष्य निर्धारित किए हैं।



500 गीगावाट

2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित क्षमता

50%

2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा से संस्थापित क्षमता

45%

2030 तक जीडीपी की उत्सर्जन तीव्रता में कमी (2005 स्तरों से)

1 बिलियन टन

2021-30 के दौरान अनुमानित कार्बन उत्सर्जन में कमी

नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन ऋण पोर्टफोलियो को संवृद्ध करते हुए

(₹ करोड़ में)



बड़े हाइड्रो से अन्य

↑ 14%

सीएजीआर

बड़े हाइड्रो सहित

↑ 20%

सीएजीआर

शेयरधारकों के नाम पत्र

देवियो और सज्जनो,

कंपनी की 37वीं वार्षिक आम बैठक में आपका स्वागत है।
सबसे पहले, मैं इस वर्ष आपकी कंपनी के पुनः शानदार वित्तीय कार्य-निष्पादन के लिए आपको बधाई देती हूँ।

प्रचालन एवं वित्तीय कार्य-निष्पादन

वर्ष 2022-23 पीएफसी के लिए पुन:स्थापना का वर्ष था, क्योंकि हम कोविड के प्रतिकूल प्रभाव से उभरे और हमने उत्कृष्ट वित्तीय कार्य-निष्पादन के साथ प्रभावशाली संवृद्धि की।

मुझे यह बताते हुए हर्ष है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में हमने ₹11,605 करोड़ का अब तक का सर्वाधिक निवल लाभ अर्जित किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 16% अधिक है। यह लगातार तीसरा वर्ष है जब हम सर्वाधिक वार्षिक लाभ का नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। हमने अपनी ऋण परिसंपत्ति बुक में 13% की दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की। परिणामस्वरूप, ऋण परिसंपत्ति पोर्टफोलियो ने 31 मार्च, 2023 तक ₹4 लाख करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया और यह ₹4,22,498 करोड़ पर पहुंच गया। हमने वर्ष के दौरान ₹2.32 लाख करोड़ की सर्वकालिक उच्च ऋण स्वीकृतियां भी की और ₹85,756 करोड़ संवितरित किए हैं, जो भारतीय विद्युत क्षेत्र के प्रमुख ऋणदाता के रूप में हमारी भूमिका को रेखांकित करता है। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर भी, गैर-निष्पादक परिसंपत्तियों को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की गई है, जिसके परिणामस्वरूप एनपीए अनुपात पिछले सात वर्ष में अपने सबसे निम्न स्तर पर आ गया है। वित्तीय वर्ष 2023 में, निवल एनपीए अनुपात 1.07% रहा। सुदृढ़ संवृद्धि, लगातार लाभ अर्जन और स्थिर परिसंपत्ति गुणवत्ता के साथ, हमारी नेट वर्थ ₹68,202 करोड़ के सुदृढ़ आंकड़ें पर बनी रही। शेयरधारक रिटर्न की बढ़ौतरी करने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए, हमने प्रति शेयर ₹13.25 का लाभांश घोषित किया है, जो शेयर अंकित मूल्य पर 132.5% के बराबर है।

मैक्रो-इकोनोमिक परिदृश्य और विद्युत क्षेत्र का दृष्टिकोण

वित्तीय वर्ष 2022-23 में वैश्विक मैक्रो-इकोनोमिक परिदृश्य चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन भारत उन उज्ज्वल देशों में से एक रहा है, जहां अर्थव्यवस्था सुदृढ़ गति से बढ़ रही है, जिसे स्वस्थ घरेलू मांग और विवेकपूर्ण मौद्रिक नीति का समर्थन प्राप्त है।

इस अनुकूल आर्थिक वातावरण से विद्युत क्षेत्र की वृद्धि को हितलाभ प्राप्त होने वाला है। अप्रयुक्त मांग क्षमता महत्वपूर्ण बिंदु है, जो भारत की लगभग 1.44 बिलियन की विशाल आबादी द्वारा उपयोग की जानी है। सरकार की मेक इन इंडिया पहल और उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन योजना से मांग में वृद्धि होने की आशा है। अनुमान है कि 2027 तक भारत की विद्युत खपत में चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) 7.18% पर पहुंच जाएगी।

इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, अतिरिक्त क्षमता की आवश्यकता होगी। सरकार की योजना है - 2032 तक लगभग 500 गीगावाट क्षमता के साथ, संस्थापित क्षमता को दोगुना करना, जिसमें 87% गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से और 13% जीवाश्म ईंधन से होगा, जिसके लिए लगभग ₹31 लाख करोड़ के अनुमानित निवेश की आवश्यकता होगी।

विद्युत क्षेत्र मूल्य श्रृंखला के बीच वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) की भूमिका एक अभिन्न पहलू है। हाल के वर्षों में, डिस्कॉम को वित्तीय और परिचालन चुनौतियों से जूझना पड़ा है, जिसने पूरे विद्युत क्षेत्र की मूल्य श्रृंखला पर दबाव डाला है। हालांकि, एक महत्वपूर्ण परिवर्तन हो रहा है। सरकार ने पिछले दो वर्ष में डिस्कॉम के लिए महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के भाग के रूप में इन सुधारात्मक उपायों का प्रभाव स्पष्ट है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में अखिल भारतीय स्तर पर एटी एंड सी हानि 16.5% है, जो वित्तीय वर्ष 2020-21 के 21.5% के आंकड़े से काफी कम है। एसीएस-एआरआर अंतर, जो बेची गई विद्युत का प्रति यूनिट नकदी-समायोजित राजस्व अंतर है, में वित्तीय वर्ष 2020-21 में 89 पैसे प्रति यूनिट की तुलना में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 40 पैसे प्रति यूनिट तक काफी सुधार हुआ है।

एलपीएस नियमावली को लागू करने में हमारी सफलता भी उतनी ही उल्लेखनीय है। पिछले वर्ष में, हमने इस नियमावली के तहत विद्युत वितरण कंपनियों को ₹16,800 करोड़ रुपए का ऋण संवितरित किया है।

इस योजना से वितरण संस्थाओं द्वारा देय लेगेसी ड्यू में उनके ₹1.4 लाख करोड़ के उच्चतम स्तर से 40% की उल्लेखनीय कमी आई है।

"

मुझे यह बताते हुए हर्ष है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में हमने ₹11,605 करोड़ का अब तक का सर्वाधिक निवल लाभ अर्जित किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 16% अधिक है। यह लगातार तीसरा वर्ष है जब हम सर्वाधिक वार्षिक लाभ का नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।

परमिंदर चोपड़ा

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

वर्तमान देय राशि के निपटान की भी प्राप्ति पोर्टल की सहायता से सख्ती से मॉनीटरिंग की जा रही है, जिसे हमारी सहायक कंपनी पीएफसीसीएल द्वारा स्थापित और रखरखाव किया जाता है। यह योजना इस क्षेत्र में बेहद जरूरी राजकोषीय अनुशासन लेकर आई है, जिससे विद्युत क्षेत्र की मूल्य श्रृंखला में सभी प्लेयर्स को मदद मिल रही है।

विद्युत क्षेत्र इस समय एक दिलचस्प मोड़ पर है, जो पीएफसी के लिए वृद्धि के ढेरों अवसर उत्पन्न करता है।

नई सोच, नई राहें'
- नई दिशाओं की ओर अग्रसर पीएफसी

'नई सोच, नई राहें' के आदर्श वाक्य को अपनाते हुए, पीएफसी साहसपूर्वक नई दिशाओं की ओर बढ़ रहा है, नवीन विचारों और दूरदर्शी दृष्टिकोण के माध्यम से भविष्य को आकार दे रहा है।

इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग में प्रवेश

25 अगस्त, 2022 को, पीएफसी को इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को ऋण सहायता प्रदान करने के लिए विद्युत मंत्रालय द्वारा अधिदेश दिया गया था। मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में संशोधन के साथ, व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों को शामिल करने के लिए पीएफसी की ऋण क्षमताओं को बढ़ा दिया गया है। यह उन माइलस्टोन निर्णयों में से एक है, जो पीएफसी के दीर्घकालिक व्यवसायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके पीछे विचार यह है कि समय के साथ इसे धीरे-धीरे विकसित किया जाए और विद्युत क्षेत्र के परिपक्व होने पर एक पूरक व्यवसायिक लाइन तैयार की जाए।

नए अधिदेश के तहत, हमने स्वास्थ्य सेवा, समुद्री जल अलवणीकरण, पेट्रोकेमिकल, ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क, सड़क, बंदरगाह और मेट्रो रेल प्रणाली के क्षेत्र में परियोजनाओं को वित्तीय सहायता दी है। पिछले वित्तीय वर्ष में, हमने गैर-विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों के लिए ₹16,700 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को संस्वीकृत किया है। पीएफसी के लिए एक नया वित्तपोषण क्षेत्र होने के कारण, हमारा वर्तमान ध्यान आकलन और मॉनीटरिंग क्षमताओं के निर्माण पर है। अब तक हमने जिन परियोजनाओं को वित्तपोषित किया है उनमें से अधिकांश सरकारी क्षेत्र से हैं।

पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) स्तंभों को एकीकृत करके एक हरित भविष्य का निर्माण

आज विश्व में, जलवायु परिवर्तन हमारे सामने सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। इसके चालकों में, ऊर्जा क्षेत्र महत्वपूर्ण बनकर उभरा है, जिसका परिवर्तन समाज पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। इसे स्वीकार करते हुए, भारत सरकार ने 'पंचामृत' एजेंडा का अनावरण किया है, जिसका 2030 तक 500 गीगावाट की गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता, एक अरब टन कार्बन कटौती, 2030 तक 45% उत्सर्जन तीव्रता में कमी और 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य है।

पीएफसी हरित भारत के सरकार के दृष्टिकोण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पिछले कुछ वर्षों में, पीएफसी ने हमारी आकलन और ऋण नीतियों में जलवायु जोखिम को एकीकृत करने के लिए संरचनात्मक

जी20 शिखर सम्मेलन की परिधि में द्विपक्षीय मंत्रिमंडलीय बैठक के दौरान श्री आर.के. सिंह, माननीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री और महामहिम यासुतोशी निशिमुरा, अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्री, जापान सरकार के साथ श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, जिसमें पीएफसी को एशिया ट्रांजिशन फाइनेंस स्टडी ग्रुप (एटीएफएसजी) में शामिल होने वाले भारत के पहले सदस्य के रूप में घोषित किया गया।

एटीएफएसजी - एशियाई देशों के लिए संधारणीय परिवर्तन के निमित्त वित्तपोषण को बढ़ावा देने के लिए जापानी अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय (एमईटीआई) की एक पहल है।

परिवर्तन करने के साथ-साथ हमारी मूल्य निर्धारण से जुड़ी कार्यनीतियों में जलवायु परिवर्तन संबंधी विचारों को शामिल करके नवीकरणीय ऊर्जा व्यवसाय का दोहन करने के लिए अपने व्यवसाय मॉडल को सजग रूप से अनुकूलित किया है। इसके चलते पीएफसी नवीकरणीय पोर्टफोलियो पिछले 6 वर्ष में 6 गुना से अधिक बढ़ गया है, जो वर्तमान में ₹48,200 करोड़ है। आज पीएफसी भारत का सबसे बड़ा नवीकरणीय वित्तपोषक है, जो भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लगभग पांचवें हिस्से को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। हम जीवाश्म ईंधन आधारित परियोजनाओं के प्रतिकूल पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो कि फ्लू गैस डी-सल्फराइजेशन (एफजीडी) प्रणालियों को कार्यान्वित करने के लिए संस्वीकृत ₹2,500 करोड़ से अधिक के ऋणों से प्रदर्शित होता है।

गोवा में जी20 कार्यक्रम की परिधि में स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र की कंपनियों के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह के दौरान श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री राजीव रंजन झा, निदेशक (परियोजना) और श्री मनोज शर्मा, निदेशक (वाणिज्यिक)।

भारत के नेट-जीरो उद्देश्य को पूरा करने की कड़ी में, वित्तीय वर्ष 2022-23 में, पीएफसी ने स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण माइलस्टोन प्राप्त किए हैं।

विशेष रूप से, पीएफसी ने 5000 यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खरीद के लिए ब्लू स्मार्ट को ₹633 करोड़ का ऋण संस्वीकृत किया है। इस कदम से 100,000 टन से अधिक CO_2 समकक्ष उत्सर्जन बचत होने की आशा है। इस परिप्रेक्ष्य में उदाहरण के लिए, यह एक वर्ष में 5 मिलियन से अधिक पूर्ण विकसित पेड़ों की CO_2 अवशोषण क्षमता के बराबर है। यह लेनदेन भारत में सबसे बड़ी ई-वाहन परिसंपत्ति वित्तपोषण पहल का भी प्रतीक है, जो स्वच्छ ऊर्जा विकल्पों को बड़े स्तर पर अपनाने के लिए तैयार है। इसके अलावा, जेएसडब्ल्यू एनर्जी ग्रुप की 1,227 मेगावाट की सौर और पवन परियोजनाओं को पुनर्वित्तपोषित करने के लिए पीएफसी द्वारा ₹6,112 करोड़ का निधियन संधारणीय ऊर्जा के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। शहरी भारत को कचरा मुक्त बनाने की सरकारी पहल के अनुरूप, पीएफसी ने 192 मेगावाट की संयुक्त क्षमता के साथ ₹1,600 करोड़ की अपशिष्ट से ऊर्जा परियोजनाओं को संचयी रूप से संस्वीकृत किया है। विशेष रूप से, इन परियोजनाओं के लिए 80% से अधिक संवितरण पहले ही किया जा चुका है।

एक संधारणीय भविष्य के निर्माण हेतु हम सुदृढ़ रूप से प्रतिबद्ध हैं और हम आगे की ओर बड़े कदम उठा रहे हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में, पीएफसी हमारी ईएसजी कार्य-प्रणालियों के लिए एक सुसंरचित दृष्टिकोण स्थापित करने हेतु लगातार कार्य कर रहा है, जो हमारे परिचालनों में पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन सिद्धांत को सहजता से एकीकृत करता है। इस दिशा में, पीएफसी ईएसजी को हमारे व्यवसाय में एकीकृत करने के लिए पहले ही मूर्त कार्रवाईयां कर चुका है। ईएसजी के प्रति एक केंद्रित दृष्टिकोण रखने के लिए, हाल ही में, एक समर्पित पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) यूनिट की स्थापना की गई है। यह केंद्रीकृत ईएसजी यूनिट पीएफसी के लिए ईएसजी कार्य-विधि तैयार करने हेतु विभिन्न स्टेकधारकों के साथ मिलकर काम करेगी।

ये प्रयास ईएसजी एकीकरण की दिशा में हमारे द्वारा उठाए गए कुछ तात्कालिक कदम हैं। हम जवाबदेह और सतत रूप से ऋण देना जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लेकिन हम सिर्फ अपने लिए बदलाव नहीं कर रहे हैं - हम संपूर्ण ऊर्जा क्षेत्र के लिए मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

हमारा लक्ष्य हरित एवं बेहतर कल सृजित करना है, और हम उस भविष्य को साकार करने के लिए अवधारित पथ पर अग्रसर हैं।

पीएफसी के भावी व्यवसाय के महत्वपूर्ण क्षेत्र

हम उत्पादन और टी एंड डी क्षेत्र के अपने पारंपरिक व्यावसायिक क्षेत्रों में अपना वित्तपोषण करना जारी रखेंगे। इसे इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। इन क्षेत्रों के अलावा, हमारे वित्तपोषण प्रयास में विद्युत क्षेत्र के लिए सरकार के लक्ष्यों और दृष्टिकोण, विशेष रूप से स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र और आरडीएसएस, के साथ भी निकटता से जुड़े रहना होगा।

स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में नवीकरणीय एवं उभरती प्रौद्योगिकियां

भारत के ऊर्जा परिवर्तन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी, जो वर्तमान में लगभग 27% है, को 2030 तक 50% तक पहुंचाना होगा। इसके लिए वर्तमान सौर और पवन

उत्पादन क्षमता को चार गुना करने की आवश्यकता है। हमें ऊर्जा संतुलन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लगभग 10 गीगावाट पंप्ड स्टोरेज क्षमता और 100 गीगावाट से अधिक बैटरी स्टोरेज को भी शामिल करना होगा। अनुरूपी उपकरण निर्माण क्षमता और इवेक्युएशन इंफ्रास्ट्रक्चर की भी आवश्यकता है।

हमारी अर्थव्यवस्था के डीकार्बोनाइजेशन के लिए आवश्यक भारी निवेश को देखते हुए, निकट भविष्य में ऊर्जा परिवर्तन संबंधी परियोजनाओं का वित्तपोषण हरित भविष्य के लिए पीएफसी का मुख्य आधार होगा। पीएफसी ऊर्जा परिवर्तन की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के वित्तपोषण पर केंद्रित है। पारंपरिक सौर/पवन परियोजनाओं के अलावा, हम नवीकरणीय उपकरण विनिर्माण, ऊर्जा भंडारण, ग्रीन इवेक्युएशन कॉरीडोर एवं इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, हरित हाइड्रोजन एवं अमोनिया उत्पादन और इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण के क्षेत्र में विश्वसनीय परियोजनाओं की भी खोज कर रहे हैं।

संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस)

आपकी कंपनी को भारत सरकार द्वारा संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है।

आरडीएसएस में स्मार्ट मीटरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधी कार्यों के निमित्त ₹97,631 करोड़ के अनुमानित सरकारी अनुदान के साथ ₹3,03,758 करोड़ का परिव्यय शामिल है। योजना का उद्देश्य 2024-25 तक एटी एंड सी हानि को अखिल भारतीय स्तर पर 12-15% तक कम करना और 2024-25 तक एसीएस-एआरआर अंतर को शून्य तक कम करना है।

योजना के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों के लिए वित्तपोषण सरकारी अनुदान से किया जाएगा, और शेष पीएफसी या हमारी सहायक कंपनी आरईसी या राज्य की अपनी इक्विटी से काउंटरपार्ट फंडिंग से किया जाएगा।

काउंटर-पार्ट फंडिंग शुरू होने से पहले, राज्य डिस्कॉम द्वारा प्रस्तुत कार्य योजनाओं को अनुमोदित किया जाना होता है और माइलस्टोन प्राप्त करने के आधार पर सरकारी अनुदान भाग जारी किया जाना होता है। पीएफसी के लगभग सभी पात्र राज्यों के लिए कार्य योजना अनुमोदन प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसके अलावा, डिस्कॉम द्वारा संस्वीकृत कार्य आवंटित किए जा रहे हैं और अनुदान जारी करने का चक्र शुरू हो गया है।

कैपेक्स की बात करें तो, हानि कम करने वाली परियोजनाओं के लिए 80% निविदाएं जारी की जा चुकी हैं और 40% कार्य आवंटित किए जा चुके हैं।

हमने स्मार्ट मीटरिंग में भी उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसमें हमने ऐसे 1 करोड़ मीटर लगाने के लिए संविदा जारी की

श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत), भारत सरकार से 'स्वच्छता पखवाड़ा पुरस्कार 2023' प्राप्त करते हुए श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक। स्वच्छ भारत अभियान के तहत अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए पीएफसी को यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

नई दिल्ली में श्री आर.के. सिंह, माननीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री से राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राजभाषा सम्मान 2022-23 प्राप्त करते हुए श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक।

पीएफसी द्वारा अब तक लगभग ₹1,679 करोड़ का अनुदान जारी किया जा चुका है। हमने जो प्रगति की है, हम आशा करते हैं कि आरडीएसएस के तहत काउंटरपार्ट संवितरण वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंत तक शुरू हो जाएगा।

अंत में, हम अपनी भावी संवृद्धि को लेकर आशावादी हैं। अनुकूल बाजार स्थितियों का लाभ उठाकर और विवेकपूर्ण ऋण कार्यविधियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए, हम इस वर्ष की भांति आगे भी समान गति से बढ़ने की आशा करते हैं।

निगमित अभिशासन एवं सामाजिक दायित्व

पीएफसी में, हम पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रकटीकरण के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनी के रूप में, हम कंपनी अधिनियम, 2013, सेबी की सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं विनियमों, डीपीई दिशानिर्देशों आदि जैसे निगमित अभिशासन फ्रेमवर्क और नीतियों के एक व्यापक फ्रेमवर्क का अनुपालन करते हैं। हमारे पास बोर्ड स्तर और वरिष्ठ प्रबंधन स्तर पर विभिन्न जोखिम प्रबंधन समितियां भी हैं, जो हमारी कंपनी के प्रमुख कार्यों का पर्यवेक्षण करते हैं और प्रत्येक क्षेत्र में कार्यनीतिक दिशा-निर्देश प्रदान करते हैं।

यह सुनिश्चित करता है कि हमारी कार्य-प्रणालियों का प्रत्येक पहलू उन सिद्धांतों द्वारा निर्देशित है जो अखंडता, निष्पक्षता और जवाबदेह आचरण को बढ़ावा देते हैं।

आभार

शब्दों को विराम देने से पूर्व, मैं अपने उन शेयरधारकों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करती हूं जिन्होंने हम पर विश्वास किया है। मैं माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, माननीय विद्युत राज्य मंत्री तथा विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों के समर्थन और मार्गदर्शन के लिए उनकी आभारी हूं। मैं निदेशक मंडल, हमारे ग्राहक यूटिलिटियों, कार्मिकों, विभिन्न मंत्रालयों, निवेशकों, लेखापरीक्षकों, विनियामकों और पीएफसी के अन्य स्टेकधारकों को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देती हूं।

आइए हम नए दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें, यह जानते हुए कि हमारे प्रयास भारत के लिए उज्जवल, सतत भविष्य में योगदान दे रहे हैं। साथ मिलकर, हम जीवन को रोशन करना, प्रगति को गति प्रदान करना और अपने देश की विकास गाथा पर स्थायी प्रभाव डालना जारी रख सकते हैं।

धन्यवाद, आइए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन की आगामी राह को हम और भी विलक्षित बनाएं।

परमिंदर चोपड़ा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

निदेशक प्रोफाइल

श्रीमती परमिंदर चोपड़ा

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

डीआईएन: 08530587

कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) के अनुमोदन पर, विद्युत मंत्रालय ने श्रीमती परमिंदर चोपड़ा को पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। इससे पहले, इन्होंने दिनांक 01.06.2023 से अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का अतिरिक्त प्रभार संभाला और दिनांक 01.07.2020 से निदेशक (वित्त), पीएफसी के पद पर नियुक्त थीं।

निदेशक (वित्त) के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, इन्होंने वित्त प्रभाग का नेतृत्व किया, जिससे उच्चतम निवल लाभ, उच्चतम नेट वर्थ और निम्नतम एनपीए स्तर प्राप्त हुआ। इस तरह के सुदृढ़ वित्तीय कार्य-निष्पादन ने पीएफसी को महारत्न का सर्वोच्च दर्जा प्राप्त करने में भी मदद की। इन्होंने विद्युत वितरण क्षेत्र के लिए ₹1.12 ट्रिलियन लिक्विडिटी इंफ्यूजन स्कीम (एलआईएस) के सफल कार्यान्वयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे भारत सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत पहल के भाग के रूप में शुरू किया गया था।

इन्हें विद्युत और वित्तीय क्षेत्र में 35 वर्ष से अधिक का विविध अनुभव प्राप्त है। पीएफसी में, ये संसाधन जुटाव (घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार), बैंकिंग, ट्रेजरी, परिसंपत्ति देयता प्रबंधन और दबावग्रस्त परिसंपत्ति समाधान सहित प्रमुख वित्त कार्यों का नेतृत्व कर रही थीं। उनके पूर्व अनुभव में एनएचपीसी लिमिटेड और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड जैसी विद्युत क्षेत्र की बड़ी कंपनियों में सेवाएं शामिल हैं। इन्हें विद्युत एवं वित्तीय क्षेत्र में अनुभव का एक साथ उपयोग करने और पीएफसी की परिवर्तनकारी यात्रा का नेतृत्व करने की अभूतपूर्व स्थिति में कार्य करने का अवसर मिला।

कार्यभार संभालने के साथ ही, ये विद्युत और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों के वित्तपोषण के अलावा भारत के ऊर्जा परिवर्तन लक्ष्यों के वित्तपोषण में पीएफसी की महत्वपूर्ण भूमिका को गति प्रदान करेंगी। उनके नेतृत्व में, भारत के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा वित्तपोषक के रूप में पीएफसी ने इलेक्ट्रिक वाहनों, जैव ईंधन, राउंड द क्लॉक जैसे हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा, नवीकरणीय उपकरण विनिर्माण आदि सहित स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण में उल्लेखनीय वृद्धि की है तथा हाल ही में स्वच्छ ऊर्जा डेवलपर्स के साथ ₹2.40 लाख करोड़ के समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं के प्रमुख वित्तपोषक के रूप में उभर रहे हैं। वे संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) और विलंब भुगतान अधिभार (एलपीएस) नियमावली सहित भारत सरकार की प्रमुख विद्युत क्षेत्र की पहलों के कार्यान्वयन में सहायता प्रदान करना जारी रखेंगी।

श्रीमती परमिंदर चोपड़ा के पास दिल्ली विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक डिग्री है और ये योग्य कॉस्ट एवं मैनेजमेंट एकाउंटेंट हैं। इनके पास बिजनेस मैनेजमेंट में स्नाकोत्तर डिप्लोमा भी है। इन्होंने विश्व प्रसिद्ध संस्थानों जैसे हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, यूएसए और यूरोपियन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में जोखिम प्रबंधन और वैश्विक प्रबंधन पर एडवांस कार्यक्रमों में भाग लिया है।

31.03.2023 तक, श्रीमती परमिंदर चोपड़ा के पास कंपनी के 2000 इक्विटी शेयर थे।

श्री राजीव रंजन झा

निदेशक (परियोजना)

डीआईएन: 03523954

57 वर्षीय श्री राजीव रंजन झा मार्च, 1997 से पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) के साथ कार्यरत हैं।

इन्होंने रांची विश्वविद्यालय के एनआईटी जमशेदपुर से विज्ञान में स्नातक (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) और इग्नू से प्रबंधन में डिप्लोमा किया है। इनके पास कुल मिलाकर 35 वर्षों का अनुभव है और ये 27 मई, 2019 से पीएफसी में कार्यपालक निदेशक (परियोजना) के पद पर आसीन थे। इससे पूर्व, ये महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गोवा राज्यों में राज्य क्षेत्र समन्वय कार्य सहित पश्चिमी क्षेत्र में पीएफसी के ऋण पोर्टफोलियो को संभाल रहे हैं। इन्होंने इससे पहले लीड एफआई के रूप में पीएफसी के साथ कन्सोर्शियम लेंडिंग में पूरे ऋण पोर्टफोलियो का कार्य संभाला। इन्होंने पीएफसी के पूरे नवीकरणीय ऊर्जा ऋण पोर्टफोलियो को भी बखूबी संभाला है। इन्होंने परियोजना मूल्यांकन (विशेष रूप से स्वतंत्र निजी विद्युत परियोजनाओं के लिए) और पीएफसी में अल्ट्रा मेगा पावर परियोजनाओं पर भी काम किया है।

ये परियोजना प्रभाग का समग्र प्रभार संभाल रहे हैं, जिसके अंतर्गत मूल्यांकन और संरचना, जोखिम विश्लेषण, संवितरण एवं क्रेडिट मॉनीटरिंग, नीति और दबावग्रस्त परिसंपत्तियों के प्रबंधन से जुड़े व्यवसाय विकास और परियोजना वित्त कार्य शामिल हैं। एलपीएस के कार्यान्वयन और प्राप्ति पोर्टल के माध्यम से सिस्टम जनित डेटा संकलन करने, कोयले की थर्ड पार्टी सेंपलिंग के लिए सलाहकार पैनल, शक्ति बी (v) {संचालन समिति और बोली मूल्यांकन समिति के सदस्य}, कोयले के आयात के लिए कार्यनीति तैयार करने, अखिल भारतीय दबावग्रस्त परिसंपत्ति की मॉनीटरिंग करने, अन्य के लिए विद्युत मंत्रालय का समर्थन करने में पीएफसी के प्रयासों का नेतृत्व किया।

पीएफसी में कार्यभार ग्रहण करने से पहले, इन्होंने नवंबर 1988 से फरवरी 1997 तक विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र के साथ कार्य किया है और उनके कोयला आधारित कैप्टिव पावर प्लांट के प्रचालन और रखरखाव और मैटीरियल प्लानिंग में भी काम किया है।

31.03.2023 तक श्री राजीव रंजन झा के पास कंपनी के 16,004 इक्विटी शेयर थे।

श्री मनोज शर्मा

निदेशक (वाणिज्यिक)

डीआईएन: 06822395

57 वर्षीय श्री मनोज शर्मा विधि में डिग्री (एलएलबी) के साथ एक चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं। इन्होंने 1990 में पीएफसी में कार्यग्रहण किया और निदेशक (वाणिज्यिक), पीएफसी के रूप में कार्यभार संभालने से पहले वाणिज्यिक प्रभाग के कार्यपालक निदेशक (प्रभारी) के रूप में काम कर रहे थे। इनके पास विद्युत क्षेत्र में 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है। पीएफसी में, इन्होंने संस्थागत मूल्यांकन और विकास, एंटिटी अप्रेजल, विधिक और प्रलेखन, कराधान, बजट, लेखापरीक्षा, वित्तीय विवरण और लेखापरीक्षा रिपोर्ट तैयार करने, वित्तीय विश्लेषण, संसाधन जुटाव, ऋण सिंडिकेशन और विद्युत क्षेत्र में वित्तीय/वाणिज्यिक पहलुओं पर परामर्शी सहित कई क्षेत्रों और डोमेन को संभाला है।

पिछले 3 दशकों के दौरान, ये पीएफसी की ऋण परिसंपत्तियों के पूरे स्पेक्ट्रम से जुड़े रहे हैं, जिसमें ऋण नीतियों का निर्माण, वित्तीय विश्लेषण के लिए एक संगठित प्रारूप के साथ मूल्यांकन का मार्गदर्शन करने के लिए एक नीतिगत फ्रेमवर्क स्थापित करना, लागू नियामक और सांविधिक फ्रेमवर्क का अनुपालन, मॉनीटरिंग शर्तें, संवितरण की सुविधा, दबावग्रस्त लेखाओं के लिए समाधान तंत्र आदि शामिल हैं। वह पीएफसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड, पीएफसी की सहायक कंपनी, के अध्यक्ष हैं, जो दबावग्रस्त परिसंपत्तियों के समाधान हेतु पीएफसी द्वारा ऋणदाताओं की समर्थित समाधान योजना प्रस्तुत करने के लिए एक एसपीवी है। वह आरईसी लिमिटेड के बोर्ड में नामिती निदेशक के रूप में पीएफसी का प्रतिनिधित्व भी कर रहे हैं।

31.03.2023 तक श्री मनोज शर्मा के पास कंपनी के शून्य इक्विटी शेयर थे।

श्री अजय तिवारी

सरकारी नामिती निदेशक

डीआईएन: 09633300

53 वर्षीय श्री अजय तिवारी 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। ये वर्तमान में विद्युत मंत्रालय में अपर सचिव हैं और ऊर्जा संरक्षण, ऊर्जा परिवर्तन, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान और विद्युत मंत्रालय के परिप्रेक्ष्य योजना का कार्य देख रहे हैं। श्री अजय तिवारी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से बीटेक (इलेक्ट्रिकल इंजीनियर) हैं और वित्तीय प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा हैं। वर्ष 2018 में श्रम और रोजगार मंत्रालय में संयुक्त सचिव और श्रम कल्याण महानिदेशक के रूप में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर कार्यग्रहण करने से पहले, इन्होंने असम और मेघालय राज्यों में विभिन्न पदों पर कार्य किया था। श्री अजय तिवारी को वित्त, शिक्षा, आवास एवं शहरी मामले, खेल, युवा कल्याण, सामान्य प्रशासन, राजस्व प्रशासन, आपदा प्रबंधन और श्रम कल्याण क्षेत्रों में काम करने का व्यापक अनुभव है।

श्री अजय तिवारी का जन्म 5 अगस्त, 1970 को हुआ था और वर्ष 1993 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल होने से पहले इन्होंने गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) और आयुध निर्माणी, नागपुर में भी थोड़े समय के लिए कार्य किया था।

31.03.2023 तक श्री अजय तिवारी के पास कंपनी के शून्य इक्विटी शेयर थे।

श्री भास्कर भट्टाचार्य

स्वतंत्र निदेशक

डीआईएन: 09406292

65 वर्षीय श्री भास्कर भट्टाचार्य वाणिज्य में ऑनर्स ग्रेजुएट और विधि में स्नातक हैं। इनके पास व्यवसाय प्रबंधन में (प्रथम श्रेणी के साथ 2 वर्षीय पूर्णकालिक) डिप्लोमा भी है। ये 28 से अधिक वर्षों से एक अधिवक्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। ये हुगली टैक्स एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के पूर्व-अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल कराधान न्यायाधिकरण के सदस्य हैं। इन्होंने निबेदन नाम के एक एनजीओ में महासचिव (जनरल सेक्रेटरी) के तौर पर भी काम किया है।

31.03.2023 तक, श्री भास्कर भट्टाचार्य के पास कंपनी के शून्य इक्विटी शेयर थे।

श्रीमती उषा सजीव नायर

स्वतंत्र निदेशक

डीआईएन: 09408454

47 वर्षीय श्रीमती उषा सजीव नायर कला में स्नातक हैं। ये एक महिला उद्यमी हैं जो दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव में अपने स्वयं के व्यवसाय से जुड़ी हुई हैं, जो पिछले कुछ समय से कई परिवारों को रोजगार और सहायता प्रदान कर रही हैं। इसके अलावा, ये जरूरतमंद लोगों के उत्थान के लिए सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं। कोविड महामारी की अवधि में, इन्होंने अपनी सहायता टीम के साथ संकट में लोगों को भोजन, चिकित्सा आपूर्ति, मास्क, सैनिटाइजर, दस्ताने आदि उपलब्ध करवाए। ये महिलाओं के मुद्दों को उठाने, वृद्ध और बेघर लोगों और अनाथों को मदद देने के कार्य से भी जुड़ी हुई हैं।

31.03.2023 तक श्रीमती उषा सजीव नायर के पास कंपनी के शून्य इक्विटी शेयर थे।

श्री प्रसन्ना तंत्री

स्वतंत्र निदेशक

डीआईएन: 06471864

41 वर्षीय श्री प्रसन्ना तंत्री ने मैंगलोर विश्वविद्यालय से बीकॉम किया है और एक योग्य कॉस्ट एकाउंटेंट हैं। इन्होंने इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस से फेलो प्रोग्राम मैनेजमेंट और मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम भी किया है और डीकिन यूनिवर्सिटी से पीएचडी भी की है। वर्तमान में, ये इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस में वित्त क्षेत्र में एसोसिएट प्रोफेसर और आईएसबी में विश्लेषणात्मक वित्त केंद्र के कार्यपालक निदेशक हैं। इनके अनुसंधान क्षेत्रों में - बैंकिंग, वित्तीय समावेशन, फाइनेंशियल कन्टेजन, विनियमन, और राजनीति और वित्त के बीच संबंध शामिल हैं।

31.03.2023 तक श्री प्रसन्ना तंत्री के पास कंपनी के शून्य इक्विटी शेयर थे।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए निदेशक मंडल की रिपोर्ट

प्रिय शेयरधारकगण,

निदेशक मंडल की ओर से मुझे अपनी कंपनी की 37वीं वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए लेखापरीक्षित एकल और समेकित वित्तीय विवरण प्रस्तुत करते हुए खुशी हो रही है।

आपकी कंपनी ने एक और वर्ष का शानदार कार्य-निष्पादन दर्ज किया है और अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अपनी कंपनी के कार्य-निष्पादन की मुख्य विशेषताएं यहां संक्षेप में दर्शाई गई हैं, जिससे कि सभी क्षेत्रों के संबंध में उपलब्धियों का अवलोकन हो सके।

1. पीएफसी की सुदृढ़ संवृद्धि और वित्तीय दृढ़ता: एक हरित भविष्य के लिए प्रेरणा स्रोत

i. इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग में प्रवेश - भारत की विकास गाथा रचने में एक कदम आगे

- आपकी कंपनी को भारत सरकार से लॉजिस्टिक और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्रों में ऋण देने की सहमति प्राप्त हुई है, जो एक महत्वपूर्ण निर्णय है, जो पीएफसी के दीर्घावधि विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- अगस्त, 2022 में इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र को ऋण देने के लिए अनुमोदन प्राप्त होने से लेकर, पीएफसी ने अपने प्रारंभिक वर्ष में 31 मार्च, 2023 तक लगभग ₹16,647 करोड़ संस्वीकृत किए हैं और ₹1,016 करोड़ का ऋण संवितरित किया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में, पीएफसी ने विलवणीकरण संयंत्रों, बंदरगाहों, मेट्रो रेल आदि नए क्षेत्रों में प्रवेश किया है।

ii. वर्ष-दर-वर्ष सुदृढ़ वित्तीय कार्य-निष्पादन - शेयरधारकों के लिए अधिकतम मूल्य

- वित्तीय वर्ष 2021-22 में ₹10,022 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2022-23 में 16% की वृद्धि, अर्थात ₹11,605 करोड़ के साथ अब तक का सबसे अधिक पीएटी है।
- 31 मार्च, 2022 तक, ₹59,350 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2023 तक ₹68,202 करोड़ के वृद्धिशील लाभ के संबंध में 15% तक नेट वर्थ में वृद्धि हुई।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान प्राप्त कुल आय 2.78% बढ़कर ₹39,666 करोड़ हुई।
- कंपनी के निदेशक मंडल ने आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के अध्यधीन वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ₹10 प्रत्येक के प्रति इक्विटी शेयर ₹4.50 की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी पर 45% की दर से अंतिम लाभांश (₹1,188.04 करोड़) की सिफारिश की है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान ₹10 प्रत्येक के ₹8.75 प्रति इक्विटी शेयर अंतरिम लाभांश (₹2,310.07 करोड़) का भुगतान किया। इस प्रकार, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए घोषित कुल लाभांश ₹3,498.11 करोड़ है, अर्थात ₹10 प्रत्येक के ₹13.25 प्रति इक्विटी शेयर हैं।
- पीएफसी को 'पब्लिक सर्विसेज एंटीटीज श्रेणी' में वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए उत्कृष्ट प्रस्तुत लेखा/वार्षिक रिपोर्ट पुरस्कार (बीपीए) में साफा स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त हुआ।

नई दिल्ली में 37वीं वार्षिक आम बैठक में श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के साथ श्री अजय तिवारी, अपर सचिव, विद्युत मंत्रालय, श्री राजीव रंजन झा, निदेशक (परियोजना), श्री मनोज शर्मा, निदेशक (वाणिज्यिक), श्री भास्कर भट्टाचार्य, स्वतंत्र निदेशक, श्रीमती उषा सजीव नायर, स्वतंत्र निदेशक, श्री प्रसन्ना तंत्री, स्वतंत्र निदेशक और श्रीमती सिम्मी आर. नाकरा, सीवीओ।

iii. निरंतर और सतत विकास

- ऋण परिसंपत्ति बही में 13% की वृद्धि दर्ज की गई, अर्थात 31 मार्च, 2022 तक ₹3,73,135 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2023 तक ₹4,22,498 करोड़।
- अपकी कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान राज्य, केंद्र, निजी और संयुक्त क्षेत्र संस्थाओं को ₹2,31,625 करोड़ की राशि का कुल ऋण संस्वीकृत किया गया और समान अवधि के दौरान ₹85,756 करोड़ की राशि का संवितरण किया गया।
- विलंब भुगतान अधिभार नियमावली के अंतर्गत, 31 मार्च, 2023 तक पीएफसी ने ₹47,906 करोड़ संस्वीकृत किए और ₹16,764 करोड़ संवितरित किए।

iv. स्थिर परिसंपत्ति गुणवत्ता

- दबावग्रस्त परिसंपत्तियों के समाधान में निरंतर प्रयासों से दबावग्रस्त परिसंपत्तियों में 21% की तीव्र कटौती हुई। वित्तीय वर्ष 2021-22 में 1.76% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2022-23 में 1.07% का निवल एनपीए अनुपात है।
- वर्ष के दौरान, पीएफसी ने चार चरण III ऋणों का सफलतापूर्वक समाधान किया अर्थात सुजलोन एनर्जी लिमिटेड, साउथ-ईस्ट यूपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, झाबुआ पावर लिमिटेड और इंड बराथ एनर्जी उत्कल लिमिटेड। समाधान की तिथि से पूर्व कुल बकाया मूलधन ₹4,634 करोड़ है।

v. वैश्विक और हरित ऋण पर बल

- वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, पीएफसी ने जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी) के साथ 30 बिलियन जेपीवाई के लिए ऋण करार पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा, पीएफसी और जेबीआईसी के बीच 2.65 बिलियन जेपीवाई के लिए एक परियोजना ऋण करार (पीएलए) पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं। जेबीआईसी ने 'ग्लोबल एक्शन फॉर रिकन्साइलिंग इकॉनोमिक ग्रोथ एंड एनवायरमेंटल प्रेजर्वेशन' (ग्रीन) नामक अपनी पहल के अंतर्गत यह दीर्घावधि सुविधा प्रदान की है। इस प्रकार, इस सुविधा के अंतर्गत निधियों का उपयोग इसके नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।
- वर्ष के दौरान 1.60 बिलियन यूएस डॉलर के विदेशी मुद्रा ऋण का जुटाव किया गया:
  - 1.02% पर 875 मिलियन यूएस डॉलर के समान जेपीए मूल्य वर्ग में ऋण - एक लेनदेन में पीएफसी द्वारा जुटाई गई सबसे बड़ी एफसीएल।
  - 4.96% पर 720 मिलियन यूएस डॉलर का एफसीएनआरबी ऋण-यह पहली बार था, जब पीएफसी ने स्वैप के साथ यूएस डॉलर में एफसीएनआरबी जुटाया।
- बहुपक्षीय एजेंसियों से ऋण प्राप्त किया।
  - 20 वर्षों के अंतराल के बाद केएफडब्ल्यू से 58.74 मिलियन यूरो प्राप्त किया।

2. वित्तीय सारांश

i. लाभप्रदत्ता

(₹ करोड़ में)

विवरण	एकल		समेकित	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
कुल आय	**39,665.63**	**38,591.17**	**77,625.19**	**76,344.92**
कर पूर्व लाभ	**14,170.62**	**12,227.65**	**26,496.07**	**23,382.22**
कर व्यय	2,565.15	2,205.75	5,317.48	4,614.01
कर पश्चात लाभ	**11,605.47**	**10,021.90**	**21,178.59**	**18,768.21**
कंपनी के स्वामी			15,889.33	14,014.79
गैर-नियंत्रित ब्याज			5,289.26	4,753.42
कुल व्यापक आय	**11,445.80**	**10,202.73**	**20,047.88**	**18,889.78**
कंपनी के स्वामी			15,218.55	14,163.78
गैर-नियंत्रित ब्याज			4,829.33	4,726.00

ii. आरक्षित और अधिशेष निधियां

(₹ करोड़ में)

विवरण	एकल		समेकित*	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
अधिशेष निधियों का प्रारंभिक शेष	8,863.49	7,203.86	12,757.10	9,760.52
वर्ष के लिए कर पश्चात लाभ	11,605.47	10,021.90	15,889.33	14,014.79
परिभाषित हितलाभ योजनाओं का पुनर्मापन	(2.68)	(3.70)	(5.04)	(6.98)
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viiक)(ग) के अंतर्गत अशोध्य और संदिग्ध ऋणों के लिए रिजर्व के निमित्त अंतरण	(529.39)	(576.44)	(529.39)	(576.44)
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अंतर्गत सृजित एवं अनुरक्षित विशेष रिजर्व में अंतरण	(2,372.31)	(2,423.45)	(3,780.27)	(4,044.97)

(₹ करोड़ में)

विवरण	एकल		समेकित*	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 45-आईसी(1) के अंतर्गत सृजित विशेष रिजर्व में अंतरण	(2,321.09)	(2,004.38)	(3,484.93)	(3,062.34)
डिबेंचर रिडेम्पशन रिजर्व में अंतरण	-	-	-	-
सामान्य रिजर्व में अंतरण	-	-	-	-
ब्याज डिफरेंशियल रिजर्व- केएफडब्ल्यू ऋण (निवल) में अंतरण	(0.90)	(1.42)	(0.90)	(1.42)
लाभांश	(2,640.08)	(3,366.10)	(2,640.08)	(3,366.10)
लाभांश वितरण कर	-	-	-	-
उपयोग के आधार पर डिबेंचर रिडेम्पशन रिजर्व से अंतरण	-	-	-	-
ओसीआई - इक्विटी उपकरण से अंतरण	-	-	-	-
अन्य व्यापक आय/(व्यय)	-	-		
ओसीआई पर मापित इक्विटी उपकरण की बिक्री से लाभ/हानि का पुनर्वर्गीकरण	46.13	13.22	48.77	58.90
सामान्य नियंत्रण व्यवसाय मिश्रण के लिए ब्याज लेखांकन की पूलिंग	-	-	-	-
क्षतिग्रस्तता रिजर्व (इम्पेयरमेंट रिजर्व)	-	-	-	-
समायोजन	-	-	(18.30)	(18.86)
अधिशेष निधियों का अंतिम शेष	**12,648.64**	**8,863.49**	**18,236.28**	**12,757.10**

* कंपनी (पीएफसी) के स्वामियों पर आरोप्य

3. प्रचालनात्मक सारांश

i. परिसंपत्ति गुणवत्ता

(₹ करोड़ में)

विवरण	2022-23	2021-22
सकल ऋण परिसंपत्तियां	4,22,498	3,73,135
चरण III परिसंपत्तियां	16,502	20,915
चरण III परिसंपत्तियां के लिए प्रावधान	11,999	14,344
सकल ऋण परिसंपत्तियों के % के रूप में सकल चरण III	3.91%	5.61%
सकल ऋण परिसंपत्तियों के % रूप में निवल चरण III	1.07 %	1.76%

ii. संस्वीकृतियां/ संवितरण (आरडीएसएस/आईपीडीएस/आर-एपीडीआरपी को छोड़कर)

(₹ करोड़ में)

क्षेत्र	वित्तीय वर्ष 2022-23		वित्तीय वर्ष 2021-22	
श्रेणी	संस्वीकृतिया	संवितरण	संस्वीकृतिया	संवितरण
राज्य क्षेत्र	149,300	57,963	36,197	41,512
केंद्रीय क्षेत्र	26,704	3,063	63	10
संयुक्त क्षेत्र	19,418	2,300	6,743	773
निजी क्षेत्र	36,203	22,430	8,613	8,947
कुल	**2,31,625**	**85,756**	**51,616**	**51,242**

4. ऋण

i. घरेलू बाजार से ऋण

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, पीएफसी ने 54 ईसी पूंजीगत अभिलाभ बॉण्डों सहित प्राइवेट प्लेसमेंट बॉण्डों और घरेलू बाजार से रुपया सावधि ऋण के द्वारा ₹62,297.47 करोड़ जुटाए हैं। प्राइवेट प्लेसमेंट के माध्यम से जारी उक्त बॉण्डों का उद्देश्य/प्रयोजन निधिगत अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए पीएफसी के संसाधनों को बढ़ाना है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान घरेलू बाजार से लिए गए प्रमुख ऋणों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

स्रोत	राशि
बॉण्ड (54 ईसी सहित)	44,697.47
रुपया सावधि ऋण	17,600.00
कुल	**62,297.47**

इसके अतिरिक्त, पर्याप्त लिक्विडिटी रखने के लिए, विभिन्न अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा कंपनी को, समान्यतः बिना किसी प्रतिबद्धता शुल्क के, अल्पावधि वित्तपोषण के लिए 31 मार्च, 2023 तक ₹12,150 करोड़ की क्रेडिट लाइन संस्वीकृत की गई थी।

आरबीआई ने एनबीएफसी(यों) के लिए लिक्विडिटी कवरेज अनुपात (एलसीआर) फ्रेमवर्क निर्धारित किया है। इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य एलसीआर के संदर्भ में लिक्विडिटी बफर को बनाए रखना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एनबीएफसी के पास अगले 30 दिनों तक चलने वाले किसी भी तीव्र लिक्विडिटी दबाव परिदृश्य से बचने हेतु पर्याप्त उच्च गुणवत्ता वाली लिक्विडिटी परिसंपत्ति (एचक्यूएलए) हो। पीएफसी निर्धारित एचक्यूएलए के रूप में पर्याप्त लिक्विडिटी बफर रखता है।

ii. विदेशी ऋण

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान विदेशी मुद्रा मूल्यवर्ग ऋण निम्नानुसार हैं:

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	स्रोत	मूल्य
1.	विदेशी मुद्रा सावधि ऋण	7,258.77
2.	विदेशी मुद्रा अनिवासी ऋण	5,930.87
3.	केएफडब्ल्यू से ऋण- ओडीए (आधिकारिक विकास सहायता) रूट के माध्यम से	516.58
	कुल	**13,706.23**

हरित बॉण्ड

पीएफसी ने अक्तूबर 2017 में जलवायु बॉण्ड पहल (सीबीआई), लंदन, यूके से यथानुमोदित अपने हरित बॉण्ड फ्रेमवर्क को शुरू किया। नवीकरणीय परियोजनाओं (अर्थात सौर और पवन) के वित्तपोषण के लिए ग्रीन बॉण्ड फ्रेमवर्क को अगस्त, 2021 को अद्यतन किया गया है ताकि नवीनतम दिशानिर्देशों के साथ संरेखित किया जा सके जैसे क्लाइमेट बॉण्ड स्टैंडर्ड वर्जन 3.0, इंटरनेशनल कैपिटल मार्केट एसोसिएशन (आईसीएमए) द्वारा जारी ग्रीन बॉण्ड प्रिंसिपल (जीबीपी), 2021। इस संबंध में, पीएफसी और जलवायु बॉण्ड पहल के बीच एक करार निष्पादित किया गया था।

पीएफसी ने अपना पहला यूएसडी ग्रीन बॉण्ड दिसंबर, 2017 में जारी किया और 3.75% के कूपन पर 400 मिलियन यूएस डॉलर (₹2,575 करोड़) की राशि जुटाई तथा ये बॉण्ड लंदन शेयर बाजार के नए इंटरनेशनल सिक्यूरिटीज मार्केट (आईएसएम) और सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हैं। इसके अतिरिक्त, सितंबर, 2021 में पीएफसी ने 1.841% के कूपन पर 300 मिलियन यूरो (₹2,597 करोड़) की राशि का अपना पहला यूरो ग्रीन बॉण्ड जारी किया और ये बॉण्ड सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज, इंडिया आईएनएक्स और एनएसई आईएफएससी में सूचीबद्ध हैं। पीएफसी के ग्रीन बॉण्ड फ्रेमवर्क के अंतर्गत अपेक्षित बॉण्डधारकों के लिए वार्षिक अद्यतन जानकारी इस प्रकार है:-

जेबीआईसी मुख्यालय, टोक्यो, जापान में जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी) के साथ जेपीवाई 2.65 बिलियन के परियोजना ऋण करार (पीएलए) के हस्ताक्षर समारोह में श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के साथ श्री रविन्द्र सिंह ढिल्लों, पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक।

ग्रीन बॉण्ड के अंतर्गत जुटाई गई राशि का उपयोग पीएफसी ग्रीन बॉण्ड फ्रेमवर्क के अंतर्गत पात्र परियोजनाओं के अनुसार नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए किया गया। 31 मार्च, 2023 तक पीएफसी से वित्तपोषित सौर एवं पवन ऊर्जा परियोजनाओं का बकाया ऋण शेष क्रमश: ₹14,765 करोड़ और ₹13,422 करोड़ था। 31 मार्च, 2023 तक पीएफसी से वित्तपोषित सौर एवं पवन ऊर्जा परियोजनाओं की बकाया कुल क्षमता (मेगावाट) 9,324 मेगावाट है। तदनुसार, पीएफसी का ग्रीन बॉण्ड पोर्टफोलियो, हरित बॉण्ड जारी करने के माध्यम से प्राप्त राशि से अधिक है।

विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाएं

दिनांक 31 मार्च, 2023 तक, बहुपक्षीय/ द्विपक्षीय एजेंसियों से बकाया शेष इस प्रकार है:

विवरण	राशि
केएफडब्ल्यू	यूरो 63,428,374.05*
क्रेडिट नेशनल	यूरो 2,104,961.44
एडीबी	यूएस डॉलर 6,245,707.13

* इसमें डिस्कॉम निवेश सुविधा (ओडीए ऋण- बिना सरकारी गारंटी के) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में केएफडबल्यू द्वारा संवितरित किए गए 58,747,000.56 यूरो शामिल हैं।

5. क्रेडिट रेटिंग

आपकी कंपनी को 31 मार्च, 2023 तक घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा सर्वोच्च रेटिंग और अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा सॉवरेन रेटिंग दी गई है:

क्र.सं.	रेटिंग एजेंसी	दीर्घावधि रेटिंग	अल्पावधि रेटिंग
घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (ऋण कार्यक्रम)			
1.	क्रिसिल	क्रिसिल एएए	क्रिसिल ए1+
2.	आईसीआरए	आईसीआरए एएए	आईसीआरए ए1+
3.	सीएआरई (केयर)	केयर एएए	केयर ए1+
अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (जारीकर्ता रेटिंग)			
1.	फिच रेटिंग्स	बीबीबी-	
2.	मूडीज	बीएए3	

आपकी कंपनी को विश्वास है कि ये क्रेडिट रेटिंग हमारे ऋणदाताओं के साथ मजबूत संबंध विकसित करने और प्रतिस्पर्धी दरों पर निधियां ऋण के रूप में लेने में हमें समर्थ बनाएगी।

6. भारत सरकार के साथ समझौता-ज्ञापन

आपकी कंपनी को केवल दो वित्तीय वर्षों को छोड़कर वित्तीय वर्ष 1993-94 से ही भारत सरकार द्वारा लगातार 'उत्कृष्ट रेटिंग' प्रदान की गई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए, आपकी कंपनी को 'उत्कृष्ट रेटिंग' प्रदान की गई। वित्तीय वर्ष 2022-23 की रेटिंग अभी दी जानी है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में, कुछ प्रमुख एमओयू पैरामीटरों पर (समेकित आधार पर) आपकी कंपनी की उपलब्धि निम्नानुसार रही है:

एमओयू पैरामीटर	उपलब्धि
प्रचालनों से राजस्व	₹ 77,568.30 करोड़
कुल उपलब्ध निधियों में संवितरित ऋण	99.99%
कुल ऋणों के लिए अतिदेय ऋण	0.11%
कुल ऋण से एनपीए	1.07%
समान रेटिंग वाले सीपीएसई/संस्थाओं की तुलना में बॉण्डों के माध्यम से निधियां जुटाने की लागत (मार्जिन ओवर रॉटर्स)	-16.69 बीपीएस

7. सहायक कंपनियां

क. आरईसी लिमिटेड

31 मार्च, 2023 तक आरईसी की निम्नलिखित सहायक कंपनियां भी पीएफसी की सहायक कंपनियां हैं:

i. आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड
ii. बीदर ट्रांसमिशन लिमिटेड
iii. चांडिल ट्रांसमिशन लिमिटेड
iv. दुमका ट्रांसमिशन लिमिटेड
v. कोडरमा ट्रासंमिशन लिमिटेड
vi. मंदार ट्रांसमिशन लिमिटेड
vii. सीकर खेतड़ी ट्रांसमिशन लिमिटेड
viii. रामगढ़ II ट्रांसमिशन लिमिटेड
ix. ब्यावर ट्रांसमिशन लिमिटेड
x. मेरठ शामली पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड
xi. लुहरी पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड
xii. नेरेस XVI पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड
xiii. खावड़ा II-डी ट्रांसमिशन लिमिटेड
xiv. केपीएसआई ट्रांसमिशन लिमिटेड

आरईसी भी एक महत्वपूर्ण (गैर-जमा स्वीकारकर्ता या धारक) गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है, जो भारतीय रिजर्व बैंक से एक इंफ्रास्ट्रक्चर वित्तीय कंपनी के रूप में पंजीकृत है। इसकी व्यावसायिक गतिविधियों में विद्युत क्षेत्र की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में चाहे उत्पादन, पारेषण या वितरण हो, और साथ ही लॉजिस्टिक एवं इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों को परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। आरईसी राज्य विद्युत बोर्डों, राज्य सरकारों, केंद्रीय/राज्य विद्युत संस्थाओं, स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों, ग्रामीण विद्युत सहकारी और निजी क्षेत्र की एंटिटियों को भी वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, आरईसी की कुल आय ₹39,520 करोड़ थी और एकल (स्टैंडअलोन) आधार पर निवल लाभ ₹11,167 करोड़ था।

आरईसी के प्रचालनात्मक और वित्तीय कार्य-निष्पादन के बारे में अधिक ब्यौरा इसकी वेबसाइट www.recindia.nic.in. पर उपलब्ध है।

ख. पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड

आपकी कंपनी पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफसीसीएल) के माध्यम से विद्युत क्षेत्र को परामर्शी सेवा उपलब्ध करा रही है, जो इसकी पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी है। पीएफसीसीएल मुख्य रूप से निम्नलिखित क्षेत्रों में सेवाएं उपलब्ध कराती है:

- **लेनदेन संबंधी परामर्श:** विद्युत क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों में लेनदेन संबंधी परामर्श सेवाओं में शुरू से लेकर अंत तक (एंड-टू-एंड) समाधान (विक्रेताओं/ डेवलपरों का चयन, सुधार एवं पुनर्निर्माण, स्वतंत्र पारेषण परियोजनाएं, संघ राज्य क्षेत्रों में विद्युत वितरण का निजीकरण, समाधान योजना)
- **परियोजना विकास:** परियोजना विकास और भारत सरकार की विभिन्न पहलों का कार्यान्वयन (अल्ट्रा-मेगा पावर परियोजनाएं, अल्ट्रा मेगा नवीकरणीय ऊर्जा विद्युत पार्क, स्वामी का इंजीनियर, ऋणदाता का स्वतंत्र इंजीनियर, ऋणदाता का बीमा सलाहकार, विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण के लिए निर्माण जोन की स्थापना।)
- **पीएमए/ पीएमसी/ भारत सरकार की योजनाएं:** परियोजना प्रबंधन और परिवर्तन एजेंट, जिसमें संशोधित सुधारों और हानि को कम करने के लिए लक्षित सुधारों पर बल दिया गया (संशोधित वितरण क्षेत्र योजना, विद्युत

की खरीद, दीप पोर्टल, शक्ति योजना के तहत कोयला लिंकेज नीलामी, पायलट योजना, प्राप्ति पोर्टल, एकीकृत विद्युत विकास योजना)

- **स्मार्ट समाधान:** कार्य-निष्पादन और प्रक्रियाओं, उत्पादन और सक्रिय नियोजन (स्मार्ट मीटरिंग, ऊर्जा पोर्टफोलियों प्रबंधन) में सुधार के लिए स्मार्ट समाधान
- **नीति निर्माण सहायता:** नीतियों, विनियामक फ्रेमवर्क तथा दिशानिर्देशों एवं एसबीडी(यों) के निर्माण के लिए सरकार/विनियामकों को सहायता
- **अन्य सेवाएं:** कार्यनीति, विनियामक, टैरिफ सहायता, निधि जुटाव और विद्युत क्षेत्र के अन्य पहलु

पीएफसीसीएल ने अब तक पूरे देश में मौजूद ग्राहकों को परामर्शी सेवा उपलब्ध कराई है। अब तक पूरे किए गए कुल कार्यों की संख्या 200 से अधिक है।

इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, पीएफसीसीएल की कुल आय ₹139.66 करोड़ थी और अर्जित निवल लाभ ₹63.80 करोड़ था। 31 मार्च, 2023 तक पीएफसीसीएल का नेट वर्थ ₹163.09 करोड़ था।

आपकी कंपनी को विद्युत मंत्रालय द्वारा अल्ट्रा मेगा पावर परियोजनाओं के विकास के लिए 'नोडल एजेंसी' के रूप में नामित किया गया है और इसकी पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी अर्थात पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड को स्वतंत्र पारेषण परियोजनाओं के लिए 'निविदा प्रक्रिया समन्वयक' के रूप में नामित किया गया है। इसके अलावा विभिन्न राज्य सरकारों ने पीएफसीसीएल को अपनी अंतरा-राज्यीय पारेषण योजनाओं के लिए बोली प्रक्रिया समन्वयक के रूप में नियुक्त किया है।

31 मार्च, 2023 तक पीएफसीसीएल की सहायक कंपनियों के रूप में निम्नलिखित विशेष प्रयोजनीय वाहन (एसपीवी) शामिल किए गए हैं:

i. बिजावर-विदर्भ ट्रांसमिशन लिमिटेड (स्ट्राइक ऑफ की प्रक्रिया के तहत)
ii. अनंतपुरम कुरनूल ट्रांसमिशन लिमिटेड
iii. छतरपुर ट्रांसमिशन लिमिटेड
iv. फतेहगढ़ IV ट्रांसमिशन लिमिटेड
v. फतेहगढ़ III ट्रांसमिशन लिमिटेड
vi. भादला III ट्रांसमिशन लिमिटेड
vii. फतेहगढ़ III ब्यावर ट्रांसमिशन लिमिटेड
viii. ब्यावर दौसा ट्रांसमिशन लिमिटेड
ix. सियोट ट्रांसमिशन लिमिटेड

ग. पीएफसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड

पीएफसी लिमिटेड की एक पूर्ण स्वामित्वाधीन कंपनी, कोस्टल कर्नाटक पावर लिमिटेड (सीकेपीएल), की स्थापना भारत सरकार के अधिदेश के अनुसार, कर्नाटक राज्य में यूएमपीपी के विकास के लिए की गई थी। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, सीकेपीएल के करार-ज्ञापन (एमओए) में संशोधन किया गया है ताकि पीएफसी द्वारा ऋणदाता सहायता समाधान योजना में बोली लगाई जा सके और इसका नया नाम पीएफसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (पीपीएल) रखा गया है।

नई दिल्ली में ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड (बीएमपीएल) को लीज पर दिए गए यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की पहली खेप को हरी झंडी दिखाते हुए श्री आर.एस. ढिल्लों, पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पीएफसी और श्री अजय तिवारी, अपर सचिव, विद्युत मंत्रालय।

घ. यूएमपीपी के विकास के लिए स्थापित अन्य सहायक कंपनियां

i. कोस्टल तमिलनाडु पावर लिमिटेड
ii. उड़ीसा इंटीग्रेटेड पावर लिमिटेड
iii. सखीगोपाल इंटीग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड
iv. घोगरपल्ली इंटीग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड
v. देवघर मेगा पावर लिमिटेड
vi. चेय्यूर इंफ्रा लिमिटेड
vii. ओडिशा इंफ्रापावर लिमिटेड
viii. देवघर इंफ्रा लिमिटेड
ix. बिहार इंफ्रापावर लिमिटेड
x. बिहार मेगा पावर लिमिटेड
xi. झारखंड इंफ्रापावर लिमिटेड

8. एक बहु-आयामी जोखिम फ्रेमवर्क के माध्यम से सक्रिय जोखिम प्रबंधन

i. परिसंपत्ति देयता प्रबंधन

आपकी कंपनी ने पीएफसी में लिक्विडिटी और ब्याज दर जोखिम के प्रबंधन प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार तैयार परिसंपत्ति देयता प्रबंधन नीति के अनुरूप एक सशक्त एवं प्रभावी परिसंपत्ति देयता प्रबंधन प्रणाली लागू की है। लिक्विडिटी जोखिम का मापन और मॉनीटरिंग नकदी प्रवाह के माध्यम से तथा ब्याज दर जोखिम की मॉनीटरिंग पारंपरिक अंतराल विश्लेषण तकनीक के माध्यम से की जाती है, जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों में विस्तार से दिया गया है। यह विश्लेषण विभिन्न समयावधि (बकेट) में किया जाता है और इसका उपयोग ऋणों के समय,मात्रा और परिपक्वता तथा समयावधि (अल्प, मध्यम, दीर्घ) और निर्धारित एवं परिवर्तनीय (फ्लोटिंग) ब्याज दर के आधार पर परिसंपत्ति और देयताओं के मिलान संबंधी महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए किया जाता है। परिसंपत्ति देयता परिपक्वता पैटर्न का विवरण, इस वार्षिक रिपोर्ट में शामिल एकल वित्तीय विवरणों की लेखांकन टिप्पणियों की टिप्पणी सं. 53.1 में दिया गया है।

आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार की गई पीएफसी की परिसंपत्ति देयता प्रबंधन नीति के अनुसार फंक्शनल निदेशकों की एक एएलएम समिति गठित की गई है।

दिनांक 31 मार्च, 2023 तक, फंक्शनल निदेशकों की एएलएम समिति में श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, निदेशक (वित्त) को समिति के अध्यक्ष और श्री आर. आर. झा, निदेशक (परियोजना) को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

ii. विदेशी मुद्रा जोखिम प्रबंधन

विदेशी मुद्रा ऋणों से संबंधित जोखिम के प्रबंधन के लिए आपकी कंपनी ने विदेशी मुद्रा ऋण पर जोखिमों के प्रबंधन के लिए नीति लागू की है। कंपनी ने विनिमय दर और ब्याज दर जोखिम को कवर करने के लिए विभिन्न लिखतों के माध्यम से फॉरवर्ड, ऑप्शन और स्वैप जैसे कई हेजिंग लेन-देन किए हैं।

31 मार्च, 2023 तक, कुल बकाया विदेशी मुद्रा देयताएं 7,852 मिलियन अमेरिकी डॉलर हैं और मुद्रा-वार मूल्यवर्ग ऋण 5,841 मिलियन यूएस डॉलर, 1,32,381 मिलियन जेपीवाई और 932 मिलियन यूरो हैं। कुल विदेशी मुद्रा ऋण पोर्टफोलियों में से 4,959 मिलियन यूएस डॉलर अर्थात 63% हेज्ड हैं। इसके अतिरिक्त, 5 वर्ष तक की अवशिष्ट परिपक्वता के साथ विदेशी मुद्रा पोर्टफोलियों का 82% हेज किया गया है।

iii. एकीकृत उद्यम व्यापी जोखिम प्रबंधन

कंपनी में संभावित जोखिम का प्रबंधन करने के लिए, एकीकृत उद्यम व्यापी जोखिम प्रबंधन नीति (आईआरएम नीति) लागू की गई है। इस नीति के कार्यान्वयन के लिए, आपकी कंपनी ने जोखिम प्रबंधन समिति गठित की है। आईआरएम नीति के अंतर्गत, कंपनी को उन मुख्य जोखिमों की पहचान करनी होती है, जिसका असर कंपनी के लाभ/राजस्व पर पड़ सकता है। इस संदर्भ में, कंपनी ने 11 महत्वपूर्ण जोखिम पैरामीटरों की पहचान की है, जिनके उभरने की आशंका कंपनी के व्यापार मॉडल और वित्तीय लिखतों में संभव हो सकती है। इन जोखिम मापदंडों में कंपनी के समक्ष आने वाले बड़े प्रचालनात्मक जोखिम, वित्तीय जोखिम, बाजार जोखिम, विनियामक जोखिम आदि आते हैं तथा इनका मूल्यांकन जोखिम मूल्यांकन मानदंड पर नियमित रूप से किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, उपर्युक्त में कंपनी के लिए जोखिम प्रबंधन नीति के विकास और कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न पहलु शामिल होंगे जिसमें जोखिम के तत्वों की पहचान भी शामिल है जिसमें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(एन) के तहत अपेक्षाएं शामिल होंगी।

9. पीएफसी, विद्युत क्षेत्र में सुधार लाने में भारत सरकार का एक कार्यनीतिक भागीदार

i. संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) और एकीकृत विद्युत विकास योजना (पुनर्गठित त्वरित विद्युत विकास और सुधार कार्यक्रम (आर-एपीडीआरपी) के साथ इसमें सम्मिलित)

आपकी कंपनी जुलाई, 2021 में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई आईपीडीएस (आर-एपीडीआरपी सम्मिलित) और संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) हेतु एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करने सहित, विद्युत क्षेत्र हेतु भारत सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल है।

विद्युत मंत्रालय/भारत सरकार ने 20 जुलाई, 2021 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से प्रचालन क्षमता और डिस्कॉम की वित्तीय स्थिरता, वितरण इंफ्रास्ट्रक्चर के उन्नयन के लिए डिस्कॉम को वित्तीय सहायता प्रदान करने और पूर्व-योग्यता मानदंडों को पूरा करने और सुधारों में मूल न्यूनतम बेंचमार्क प्राप्त करने के आधार पर प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग और सिस्टम मीटरिंग में सुधार के लिए 'संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) - एक सुधार आधारित और परिणाम संबद्ध वितरण क्षेत्र योजना' के कार्यान्वयन के लिए भारत के राष्ट्रपति की मंजूरी के संबंध में सूचित किया है। पीएफसी और आरईसी (पीएफसी की सहायक कंपनी) समय-समय पर अंतर-मंत्रालयी मॉनीटरिंग समिति/विद्युत मंत्रालय के आरडीएसएस दिशानिर्देशों और निर्देशों के अनुसार योजना के प्रचालन के लिए नामित नोडल एजेंसियां हैं। नोडल एजेंसियां मॉनीटरिंग समिति द्वारा इसके शुल्क के रूप में अनुमोदित विभिन्न परियोजनाओं के सकल बजटीय समर्थन (जीबीएस) घटक के कुल योग के 0.50% के लिए पात्र हैं। पीएफसी योजना के अंतर्गत 17 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए नोडल एजेंसी है। आईपीडीएस/आर-एपीडीआरपी के अंतर्गत जारी अनुमोदित परियोजनाओं को आरडीएसएस में समाहित कर दिया गया है। निजी क्षेत्र की कंपनियों को छोड़कर सभी राज्य के स्वामित्व वाली वितरण कंपनियां और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विद्युत विभाग, योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता के लिए पात्र हैं। योजना की कार्यान्वयन अवधि 5 वर्ष (वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्तीय वर्ष 2025-26) है।

योजना के उद्देश्य

क) वित्तीय रूप से टिकाऊ और प्रचालन रूप से दक्ष वितरण क्षेत्र के माध्यम से उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और सामर्थ्य में सुधार करना।

ख) अखिल भारतीय स्तर पर एटी एंड सी हानि को 2024-25 तक 12-15% तक कम करना।

ग) एसीएस-एआरआर अंतर को 2024-25 तक शून्य करना।

योजना के कार्यक्षेत्र

योजना के दो भाग हैं:

- क) **भाग-क** में मीटरिंग कार्य (उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग और सिस्टम मीटरिंग) और वितरण इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य (हानि में कमी; आधुनिकीकरण और सिस्टम वृद्धि घटक) शामिल हैं।
- ख) **भाग-ख** में प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण और अन्य समर्थकारी और सहायक गतिविधियों को शामिल किया गया है।

परिव्यय और बजटीय सहायता

इस योजना का परिव्यय ₹3,03,758 करोड़ है जिसमें भारत सरकार से ₹97,931 करोड़ की अनुमानित सकल बजटीय सहायता शामिल है।

आरडीएसएस के अंतर्गत निधि की संस्वीकृति के आधार पर भारत के राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण का लक्ष्य:

- लगभग 500 नए सबस्टेशन
- 4,00,000 से अधिक वितरण ट्रांसफार्मर
- लगभग 7.5 लाख सीकेएम एबी और एक्सएलपीई केबल
- लगभग 7 लाख सीकेएम ओवरहेड लाइनें
- 20 करोड़ से अधिक स्मार्ट मीटर

पीएफसी को आबंटित राज्यों में आरडीएसएस के अंतर्गत वित्तीय सहायता (31 मार्च, 2023 तक)

(राशि ₹ करोड़ में)

योजना	वित्तीय वर्ष 2022-23		मार्च, 2023 तक संचित	
	अनुमोदित लागत	संवितरित भारत सरकार निधि	अनुमोदित लागत	संवितरित भारत सरकार निधि
आरडीएसएस	54,534	1,142	1,16,951	1,679

अन्य पहल

- आरडीएसएस के अंतर्गत ऑटोमेशन और ईआरपी परियोजनाओं के लिए मॉडल बोली दस्तावेज तैयार करके राज्यों की सहायता।
- आरडीएसएस के अंतर्गत एनपीटीआई, फरीदाबाद में राष्ट्रीय स्काडा संसाधन केंद्र (एनएसआरसी) के रूप में एक उत्कृष्टता केंद्र विकसित करने पर कार्य, ताकि विविध ओईएम द्वारा आपूर्ति की गई स्काडा/डीएमएस प्रणालियों में वितरण कार्यबल के तकनीकी और प्रचालनात्मक कौशल का विकास हो सके।
- पीएफसी (अपनी सहायक कंपनी अर्थात आरईसी के साथ) ने एक एकीकृत वेब पोर्टल विकसित किया है, जो विभिन्न सरकारी योजनाओं के साथ-साथ पीएफसी/आरईसी द्वारा प्रकाशित की जा रही विभिन्न महत्वपूर्ण रिपोर्टों, यथा आरडीएसएस योजना, डिस्कॉम एकीकृत रेटिंग (आईआर) रिपोर्ट, डिस्कॉम निष्पादन रिपोर्ट, डिस्कॉम की उपभोक्ता सेवा रेटिंग (सीएसआरडी), प्राप्ति पोर्टल, ऊर्जा लेखापरीक्षा रिपोर्ट आदि के लिए एकल संस्करण के रूप में काम करेंगे।
- पीएफसी द्वारा एनपीटीआई को अनुबंधित करके आरडीएसएस के अंतर्गत डिस्कॉम कार्मिकों के लिए क्षमता निर्माण/प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मार्च, 2023 तक 175 प्रशिक्षण कार्यक्रम एनपीटीआई के माध्यम से चलाए गए थे, जिसमें 6,490 डिस्कॉम कार्मिक शामिल थे।
- पीएफसी द्वारा विभिन्न पीएफसी सीएसआर कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न जॉब संबंधी भूमिकाओं पर 1,000 व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान करके आरडीएसएस स्मार्ट मीटरिंग कार्यक्रम चलाकर कार्यबल के कौशल विकास में सहायता की जा रही है।
- पीएफसी ने यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) की भागीदारी से क्षेत्र के सुधार और आधुनिकीकरण के लिए बंगलादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका में विद्युत वितरण संस्थाओं के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए एक क्षेत्रीय प्लेटफॉर्म, साउथ एशिया डिस्ट्रिब्यूशन यूटिलिटीज नेटवर्क (डीयूएन) शुरू किया है। पीएफसी दक्षिणी एशिया ऊर्जा भागीदारी (एसएआरईपी) कार्यक्रम के माध्यम से यूएसएआईडी से तकनीकी सहायता के साथ एंकर संस्थान के रूप में कार्य करेगा।
- पीएफसी ने विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से फोरन कॉमनवेल्थ एंड डवलपमेंट ऑफिस (एफसीडीओ), यूके सरकार की तकनीकी सहायता से डिजीटल यूटिलिटी मैनेजर (डीयूएम) प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया है। कार्यक्रम का लक्ष्य डिस्कॉमों में सक्रिय प्रौद्योगिकी अंगीकरण करना है, ताकि स्मार्ट ग्रिड, एएमआई, ईवी, ऊर्जा भंडारण, एआई/एमएल ब्लॉकचेन, रोबोटिक्स आदि जैसी फ्रंटियर टेक्नोलॉजी के साथ अधिकतम लचीलापन लाकर सीखने के माध्यम में बदलाव लाया जा सके।
- पीएफसी बेहतर निगमित शासन प्रक्रियाएं शामिल करने में भी डिस्कॉमों को सहायता दे रहा है।

आरडीएसएस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार/डिस्कॉमों द्वारा किए गए विभिन्न सुधारपरक उपायों के प्रभाव दिखाई दे रहे हैं क्योंकि अखिल भारतीय औसत एटी एंड सी हानियों में वित्तीय वर्ष 2022 में 16.5% का सुधार आया है (11वीं एकीकृत एकीकृत रेटिंग रिपोर्ट पर आधारित आंकड़े) जो कि वित्तीय वर्ष 2021 में 21.5% से काफी कमतर हैं। इसके अलावा, एसीएस-एआरआर अंतराल, जिसमें प्रति यूनिट नकदी-समायोजित राजस्व अंतराल प्रदर्शित होता है, में भी वित्तीय वर्ष 2021 में 89 पैसे प्रति यूनिट ऊर्जा की तुलना में वित्तीय वर्ष 2022 में 40 पैसे प्रति यूनिट ऊर्जा में काफी सुधार आया है। इसके अलावा, टैरिफ आदेश दायर करने और जारी करने, तिमाही और वार्षिक लेखा रिपोर्ट डिस्कॉम द्वारा प्रस्तुत करने की अनुपालना में काफी सुधार आया है।

आरडीएसएस योजना के तहत इंदौर, मध्य प्रदेश में 33/11 केवी जीआईएस सबस्टेशन चालू किया गया।

एकीकृत विद्युत विकास योजना (आईपीडीएस) (सम्मिलित आर-एपीडीआरपी सहित)

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में विद्युत वितरण क्षेत्र को सुदृढ़ करने, उपभोक्ता/प्रणाली मीटरिंग, आईटी समर्थित वितरण क्षेत्र, डिजिटल टेक्नोलॉजी पहल, नई और नवोन्मेषी टेक्नोलॉजी आदि को गति प्रदान करने के लिए शुरू की गई आईपीडीएस को पूर्ववर्ती योजनाएं शामिल की गई (आर-आरपीडीआरपी सहित) को आरडीएसएस योजना में मिला दिया गया था। योजनाएं मार्च, 2022 में पूरी हो गई हैं।

आईपीडीएस (सम्मिलित आर- एपीडीआर सहित) की उपलब्धियां:

- योजना से देश के ऐसे 3,600 कस्बों में रह रहे करीब 10 करोड़ शहरी विद्युत उपभोक्ताओं के जीवन में अंतर लाने में सहायता मिली है, जहां पर विद्युत वितरण इंफ्रास्ट्रक्चर को उन्नत किया गया है।
- आईटी और तकनीकी हस्तक्षेपों के साथ-साथ योजनाओं के तहत किए गए प्रशासनिक और अन्य उपायों से समग्र तकनीकी और वाणिज्यिक (एटी एंड सी) हानियों को कम करने के लिए बिलिंग/कलेक्शन क्षमता में सुधार लाने में सहायता मिली है।
- राष्ट्रीय विद्युत पोर्टल के अंतर्गत शहरी वितरण मॉनीटरिंग प्रणाली पर आईटी सक्षम शहरों में लगभग 36,000 शहरी फीडर (11 केवी) से डेटा कैप्चर करने के माध्यम से पारदर्शिता में वृद्धि हुई है।
- फीडर स्तर पर विश्वसनीयता सूचकांकों के संदर्भ में डेटा कैप्चर करने के लिए लगभग 15,000 फीडरों को कवर करते हुए वास्तविक समय डेटा एक्विजिशन सिस्टम स्थापित किया गया है।
- 92 गैस इंसुलेटेड सब स्टेशन (जीआईएस) और हाइब्रिड पीएसएस कमिशन/उन्नत किए गए हैं। बिहार, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और पूर्वोत्तर राज्यों में इस तरह के सब स्टेशन पहली बार स्थापित किए गए हैं।
- आईपीडीएस के अंतर्गत देश में लगभग 10 लाख स्मार्ट/प्रीपेड मीटर लगाए गए हैं।
- '1912' - 'विद्युत संबंधी शिकायतें' के लिए शॉर्ट-कोड अब सभी डिस्कॉम में चालू है।
- आईपीडीएस/आर-एपीडीआरपी के अंतर्गत डिजिटल साधनों का उपयोग करते हुए विद्युत संस्थाओं के कर्मियों का क्षमता निर्माण/प्रशिक्षण किया गया है ताकि एटी एंड सी हानि में कमी, स्मार्ट मीटरिंग, परियोजना प्रबंधन, दिशानिर्देश, सर्वोत्तम प्रथाओं आदि पर कार्यशालाओं/वेबिनार के माध्यम से उनके कौशल को बढ़ाया जा सके।

इस प्रकार, आपकी कंपनी भारत के लोगों को बेहतर विद्युत आपूर्ति प्रदान करने और वितरण संस्थाओं की प्रचालन दक्षता और वित्तीय स्वास्थ्य में सुधार लाने में योगदान दे रही है।

ii. विलंब भुगतान अधिभार नियमावली, 2022

विद्युत मंत्रालय ने दिनांक 3 जून, 2022 की राजपत्र अधिसूचना के तहत 'विद्युत (विलंब भुगतान अधिभार और संगत मामले) नियमावली, 2022' (एलपीएस नियमावली) अधिसूचित की है। इन नियमों के तहत उत्पादन कंपनियों, अंतर राज्य पारेषण लाइसेंसधारियों और विद्युत व्यापार लाइसेंसधारियों की बकाया देय राशियों का निपटान करने के लिए एक व्यवस्था प्रदान की गई है।

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) को विद्युत मंत्रालय द्वारा एलपीएस नियमावली, 2022 के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। पीएफसी की जिम्मेदारी नियमित समीक्षा और मॉनीटरिंग करने सहित इन नियमों के कार्यान्वयन के संबंध में सभी क्रियाकलापों की होगी।

नियमों के परिचालन के लिए, 'प्राप्ति' पोर्टल (पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड द्वारा विकसित और प्रबंधित) एक सूचना पोर्टल के रूप में कार्य करता है, जिसमें आपूर्तिकर्ता इनवॉइस का ब्यौरा डालते हैं और डिस्कॉम संबंधित भुगतान की राशि को अद्यतन करते हैं ताकि देश में विद्युत बिलों के इनवॉइस और भुगतान की जांच सुनिश्चित हो सके। 'प्राप्ति' पर उपलब्ध सूचना के आधार पर ग्रिड कंट्रोल ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा एलपीएस नियमावली, 2022 के तहत चूककर्ता डिस्कॉमों पर नियंत्रण रखा जाता है।

विद्युत (एलपीएस और संगत मामले) नियमावली, 2022 लागू होने के साथ ही, उत्पादन कंपनियों, पारेषण कंपनियों और व्यापारियों सहित आपूर्तिकर्ताओं की बकाया राशियों की वसूली में उल्लेखनीय सुधार देखने में आया है। दिनांक 03.06.2022 तक पुरानी बकाया ₹1,39,747 करोड़ की राशि में से 13 राज्यों/संघ राज्यों क्षेत्रों ने ₹69,790 करोड़ की किस्तों (12 ईएमआई) में भुगतान कर दिया है। इन 13 राज्यों में से 11 राज्यों के डिस्कॉमों में पीएफसी/आरईसी से ऋणों के लिए विकल्प दिया है (कुल ₹1,05,065 करोड़ का ऋण संस्वीकृत किया गया है)। इसके अलावा, 20 राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों ने दिनांक 03.06.2022 तक कोई भी बकाया राशि शेष नहीं होने की सूचना दी है।

एलपीसी नियम, 2022 के अंतर्गत विनियमों के आलोक में, वितरण कंपनियां समय पर अपनी देय राशियों का भुगतान कर रही हैं। नियम लागू होने के बाद से 24 जुलाई, 2023 तक, ₹4,85,041 करोड़ की कुल बकाया राशि का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि कुल बिल राशि ₹5,60,366 करोड़ है (विवादित इनवॉइस सहित पुरानी बकाया राशियों के लिए ईएमआई के भुगतान को छोड़कर)।

iii. स्वतंत्र पारेषण परियोजनाएं (आईटीपी)

विद्युत मंत्रालय ने निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से पारेषण प्रणाली के विकास और सुदृढ़ीकरण के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया भी शुरू की है।

इस पहल का उद्देश्य भारत में पारेषण क्षमता विकसित करना और ऐसी परियोजनाओं को विकसित करने के बाद प्रारंभिक सर्वेक्षण कार्य करने, मार्ग की पहचान करने, सर्वेक्षण रिपोर्टें तैयार करने, सब स्टेशनों, यदि कोई हो, के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू करने, यदि आवश्यक हो, तो वन मंजूरी की प्रक्रिया शुरू करने, आदि के चरण पर लाकर संभावित निवेशकों को आकर्षित करना है।

विद्युत मंत्रालय ने पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफसी की एक पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी) को स्वतंत्र पारेषण परियोजनाओं के लिए बोली प्रक्रिया समन्वयक के रूप में नामित किया है। दिनांक 31 मार्च, 2023 तक, पीएफसी/पीएफसीसीएल द्वारा आईटीपी के लिए 49 एसपीवी स्थापित किए गए हैं।

वर्ष के दौरान, निम्नलिखित 9 कंपनियों/आईटीपी-एसपीवी को निगमित किया गया था:

i. सियोट ट्रांसमिशन लिमिटेड
ii. फतेहगढ़ III ब्यावर ट्रांसमिशन लिमिटेड

iii. ब्यावर दौसा ट्रांसमिशन लिमिटेड
iv. खंदूखाल रामपुरा ट्रांसमिशन लिमिटेड - हस्तांतरित
v. फतेहगढ़ III ट्रांसमिशन लिमिटेड
vi. भादला III ट्रांसमिशन लिमिटेड
vii. फतेहगढ़ IV ट्रांसमिशन लिमिटेड
viii. रायपुर पूल धमत्री ट्रांसमिशन लिमिटेड - हस्तांतरित
ix. धर्मजयगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड - हस्तांतरित

इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, पारेषण परियोजनाओं के विकास के लिए स्थापित किए गए निम्नलिखित एसपीवी को टीबीसीबी के माध्यम से चुने गए सफल बोलीदाताओं को हस्तांतरित कर दिया गया है:

i. खेतड़ी-नरेला ट्रांसमिशन लिमिटेड
ii. खंदूखाल रामपुरा ट्रांसमिशन लिमिटेड
iii. किश्तवाड़ ट्रांसमिशन लिमिटेड
iv. भादला-सीकर ट्रांसमिशन लिमिटेड
v. रायपुरा पूल धमत्री ट्रांसमिशन लिमिटेड
vi. धर्मजयगढ़ ट्रांसमिशन लिमिटेड

दिनांक 31 मार्च, 2023 तक, 49 एसपीवी में से 36 एसपीवी सफल बोलीदाताओं को हस्तांतरित कर दिए गए थे और 8 एसपीवी के लिए बोली प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा, विद्युत मंत्रालय द्वारा योजनाओं का अधिसूचना रद्द किए जाने के कारण, 4 एसपीवी बंद कर दिए गए थे और 1 एसपीवी को बंद करने की प्रक्रिया चल रही है।

iv. अल्ट्रा मेगा पावर परियोजनाएं (यूएमपीपी)

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार की पहल के अंतर्गत सुपर क्रिटिकल प्रौद्योगिकी को अपनाते हुए लगभग 4,000 मेगावाट क्षमता वाली प्रत्येक अल्ट्रा मेगा पावर परियोजनाओं (यूएमपीपी) का विकास किया गया है, जिसके लिए मंत्रालय ने आपकी कंपनी को 'नोडल एजेंसी' और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) को तकनीकी भागीदार के रूप में नामित किया है।

बोली प्रक्रिया के प्रचालन के लिए आवश्यक समुचित विनियामक और भूमि, जल, कोयला ब्लॉक, पर्यावरण संबंधी अन्य मंजूरी हेतु पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफसी की पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी) विद्युत मंत्रालय और सीईए के साथ मिलकर आवश्यक आरंभिक साइट जांच और भूमि अधिग्रहण तथा स्थल अध्ययन गतिविधियां संचालित करती है। सफल बोलीदाता से इन परियोजनाओं के विकास और कार्यान्वयन की अपेक्षा की जाती है।

आपकी कंपनी ने 14 यूएमपीपी के लिए कुल 19 पूर्ण स्वामित्वाधीन विशेष प्रयोजनीय वाहन स्थापित किए हैं। इनमें से 4 यूएमपीपी सफल बोलीदाताओं को हस्तांतरित कर दिए गए हैं और 4 यूएमपीपी को बंद कर दिया गया है।

बंद यूएमपीपी के संदर्भ में, एसपीवी नामत: तातिया आंध्र मेगा पावर लिमिटेड (दूसरा आंध्र यूएमपीपी), कोस्टल महाराष्ट्र मेगा पावर लिमिटेड (मुंगे यूएमपीपी) और छत्तीसगढ़ सरगुजा पावर लिमिटेड (छत्तीसगढ़ यूएमपीपी) को वित्तीय वर्ष 2022-23 में आरओसी के अभिलेखों से स्ट्राइक ऑफ कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, पीएफसी द्वारा एसपीवी नामत: कोस्टल

विद्युत पारेषण क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी दबावग्रस्त परिसंपत्ति साउथ ईस्ट यूपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के सफलतापूर्वक समाधान के दस्तावेजों को निष्पादित करते हुए श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और उनके साथ श्री आर.एस. ढिल्लों, पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री राजीव रंजन झा, निदेशक (परियोजना) एवं श्री मनोज शर्मा, निदेशक (वाणिज्यिक)।

कर्नाटक पावर लिमिटेड (कर्नाटक यूएमपीपी) का उपयोग दबावग्रस्त परियोजनाओं की बोली के लिए किया जा रहा है (एसपीवी का नाम बदलकर पीएफसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड किया गया है)

चूंकि देश जीवाश्म से गैर-जीवाश्म ईंधन में ऊर्जा का परिवर्तन कर रहा है, अतः विद्युत मंत्रालय ने शेष यूएमपीपी को भी बंद करने का निर्णय लिया है और आपकी कंपनी को राज्य सरकार के परामर्श से यूएमपीपी को बंद करने के लिए आवश्यक उपाय करने की सलाह दी गई है।

10. अन्य प्रमुख निवेश

i. पीटीसी इंडिया लिमिटेड

पीटीसी इंडिया लिमिटेड (पीटीसी) को संयुक्त रूप से पावर ग्रिड, एनटीपीसी, एनएचपीसी और पीएफसी द्वारा प्रोमोट किया गया। पीएफसी ने पीटीसी में 120,00,000 इक्विटी शेयरों के लिए ₹12 करोड़ का निवेश किया था, जो पीटीसी की कुल इक्विटी शेयर पूंजी का 4.05% है। पीटीसी भारत में विद्युत व्यापार समाधान का अग्रणी प्रदाता है, जो भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी है, जिसका प्राथमिक फोकस देश में व्यावसायिक रूप से जीवंत विद्युत बाजार विकसित करने पर है। पीटीसी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए ₹425 करोड़ के कर पश्चात लाभ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ₹370 करोड़ का कर पश्चात लाभ अर्जित किया है। 31 मार्च, 2023 तक पीएफसी के पास ₹102.06 करोड़ मूल्य के 120,00,000 पीटीसी शेयर हैं।

ii. पावर एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड

पावर एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड ('पीएक्सआईएल') भारत का प्रथम संस्थागत रूप से प्रोन्नत विद्युत एक्सचेंज है, जो भारतीय विद्युत बाजारों के लिए नवोन्मेषी और भरोसेमंद समाधान प्रदान करता है। पीएक्सआईएल विद्युत की ट्रेडिंग के लिए राष्ट्रव्यापी, इलैक्ट्रॉनिक एक्सचेंज प्रदान करता है और पावर ट्रेडिंग तथा पारेषण क्लीयरेंस की व्यवस्था करता है, साथ ही यह पारदर्शी, निष्पक्ष और सक्षम इलैक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। पीएक्सआईएल विभिन्न उत्पाद प्रदान करता है जैसे डे अहेड, डे अहेड कंटिंजेंसी, एनी डे, इंट्रा डे और साप्ताहिक अनुबंध। पीएक्सआईएल नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण-पत्रों के लिए ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म प्रदान करती है। 31 मार्च, 2023 तक, पीएफसी का निवेश पीएक्सआईएल के 32,20,000 इक्विटी शेयरों में ₹3.59 करोड़ के मूल्य का है।

iii. एनर्जी एफिसिएंसी सर्विसेज लिमिटेड

एनर्जी एफिसिएंसी सर्विसेज लिमिटेड ('ईईएसएल') को कंपनी अधिनियम 1956 के अंतर्गत दिनांक 10 दिसंबर, 2009 को एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी के रूप में निगमित किया गया था। ईईएसएल में ऊर्जा दक्षता और जलवायु परिवर्तन पहलों पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयोजन किया गया है। कंपनी के साथ इसकी सहायक कंपनी आरईसीएल के पास एनर्जी एफिसिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) की इक्विटी शेयर पूंजी में 33.33% हिस्सा है। तथापि, इंड एएस 28 'सहयोगी कंपनी और संयुक्त उद्यम कंपनियों में निवेश' की अपेक्षा के अनुसार संगत क्रियाकलापों को निर्देशित करने के लिए किसी व्यावहारिक क्षमता के अभाव में कंपनी का कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं है। तदनुसार ईईएसएल पर एक सहयोगी कंपनी के रूप में विचार नहीं किया गया है।

सावधि ऋण प्रदान करने के लिए एसजेवीएन थर्मल (पी) लिमिटेड (एसटीपीएल) के साथ करार-ज्ञापन (एमओए) को निष्पादित करते हुए श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और उनके साथ श्री रविन्द्र सिंह ढिल्लों, पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री एन.एल. शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन, श्री राजीव रंजन झा, निदेशक (परियोजना), श्री मनोज शर्मा, निदेशक (वाणिज्यिक)।

31 मार्च, 2023 तक, कंपनी के साथ-साथ इनकी सहायक कंपनी, आरईसीएल के पास ईईएसएल की इक्विटी शेयर पूंजी में 33.13% हिस्सा है (17.65% प्रत्यक्ष रूप से और 15.68% इसकी सहायक कंपनी आरईसीएल के माध्यम से)। 31 मार्च, 2023 तक, पीएफसी के पास एनर्जी एफिसिएंसी सर्विसेज लिमिटेड के ₹10 प्रत्येक के अंकित मूल्य के 24,55,00,000 इक्विटी शेयर हैं, जिनका मूल्य ₹158.08 करोड़ है।

iv. एनएचपीसी लिमिटेड

पीएफसी ने शुरू में ₹21.78 प्रति शेयर की दर से (प्रतिभूति लेनदेन कर, ब्रॉक्रेज और अन्य शुल्कों सहित) एनएचपीसी लिमिटेड के 26,05,42,051 इक्विटी शेयरों का निवेश किया है, जिसका अप्रैल, 2016 में भारत सरकार द्वारा बिक्री माध्यम से प्रस्ताव करके विनिवेश के दौरान मूल्य ₹567.46 करोड़ है। पीएफसी ने 31 मार्च, 2023 तक 10,52,17,881 इक्विटी शेयरों की बिक्री की है। 31 मार्च, 2023 तक, पीएफसी के पास ₹624.40 करोड़ के मूल्य के एनएचपीसी लिमिटेड के 15,53,24,170 शेयर हैं।

एनएचपीसी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए ₹3,538 करोड़ के कर पश्चात लाभ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ₹3,834 करोड़ का कर पश्चात लाभ दर्शाया है।

v. कोल इंडिया लिमिटेड

पीएफसी ने बिक्री माध्यम से प्रस्ताव करके फरवरी, 2015 में ₹500.74 करोड़ की राशि के ₹358.58 प्रति शेयर मूल्य पर (प्रतिभूति लेनदेन कर ब्रॉक्रेज और अन्य शुल्कों सहित) कोल इंडिया लिमिटेड के 1,39,64,530 इक्विटी शेयर में निवेश किया है। 31 मार्च, 2023 तक, पीएफसी के पास ₹298.35 करोड़ मूल्य पर कोल इंडिया के 1,39,64,530 इक्विटी शेयर हैं। सीआईएल ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए ₹11,202 करोड़ पर कर पश्चात लाभ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ₹14,802 करोड़ का कर पश्चात लाभ दर्शाया है।

11. डिस्कॉम के कार्य-निष्पादन की मॉनीटरिंग के लिए पहलें

i. राज्य वितरण संस्थाओं की वार्षिक एकीकृत रेटिंग

विद्युत मंत्रालय ने राज्य वितरण क्षेत्र में सुधार लाने के लिए सुधार की विभिन्न पहल शुरू की हैं और राज्य वितरण संस्थाओं के कार्य-निष्पादन का उद्देश्यपरक मूल्यांकन करने के लिए एकीकृत रेटिंग विधि शुरू की है। एकीकृत रेटिंग का उद्देश्य विद्युत वितरण क्षेत्र में सभी विद्युत संस्थाओं को उनके वित्तीय निष्पादन और निष्पादन स्तर को बनाए रखने की उनकी क्षमता के आधार पर रेट करना है। संपूर्ण क्षेत्रीय कवरेज प्रदान करने के लिए निजी वितरण संस्थाओं और विद्युत विभागों को भी शामिल किया जा रहा है।

इस विधि में व्यापक रूप से i) वित्तीय स्थिरता मापदंड ii) निष्पादन उत्कृष्टता मापदंड और iii) बाहरी पर्यावरण मापदंडों के अंतर्गत वर्गीकृत विभिन्न मापदंडों के निमित्त वितरण संस्थाओं के निष्पादन को निष्पक्ष रूप से निर्धारित करने के प्रयासों को अपनाया। रेटिंग कार्रवाई में विद्युत विभागों की शुरूआत के लिए, समग्र विधि से संशोधित भारांक वाले मेट्रिक्स का एक सबसेट रेटिंग हेतु उपयोग किया गया है।

ये रेटिंग प्रतिष्ठित स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा की जाती हैं और इनका समन्वय आपकी कंपनी द्वारा किया जाता है। ये रेटिंग राज्य सरकारों के साथ-साथ विद्युत संस्थाओं के नियंत्रण में एक नैदानिक उपकरण के रूप में बेहद फायदेमंद हैं, ताकि वे अपनी दृढ़ता का निर्माण कर सकें और सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों पर काम कर सकें ताकि उनकी प्रचालन दक्षता और वित्तीय स्थिरता में सुधार हो सके। वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए ग्यारहवीं एकीकृत रेटिंग, जिसमें देश भर की 69 विद्युत संस्थाएं शामिल हैं और विद्युत संस्थाओं की परस्पर रैंकिंग 10 अप्रैल, 2023 को माननीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री द्वारा जारी की गई थी।

ii. विद्युत संस्थाओं की वार्षिक कार्य-निष्पादन रिपोर्ट

पीएफसी वार्षिक आधार पर राज्य विद्युत संस्थाओं के कार्य-निष्पादन पर रिपोर्ट प्रकाशित करता है। इस रिपोर्ट में प्रमुख वित्तीय और प्रचालन मापदंडों जैसे लाभप्रदता, आपूर्ति की औसत लागत एवं औसत राजस्व के बीच अंतर, नेट वर्थ, प्राप्य, देय, एटी एंड सी हानि और विद्युत संस्था, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का उपभोग पैटर्न आदि की एक श्रृंखला शामिल है। यह रिपोर्ट भारतीय विद्युत क्षेत्र के व्यापक परिदृश्य की झलकियों के साथ भारत के सभी राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों में वितरण संस्थाओं तथा सभी राज्य जेनको/ट्रांसको/ट्रेडिंग संस्थाओं को कवर करती है।

वर्ष 2018-19 से 2020-21 की अवधि के लिए रिपोर्ट अक्तूबर 2022 में राज्यों/संघ राज्यों के विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में माननीय विद्युत नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री द्वारा जारी की गई।

वर्ष 2019-20 से 2021-22 की रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

iii. विद्युत संस्थाओं का वर्गीकरण

वित्तपोषण के प्रयोजन से, आपकी कंपनी राज्य विद्युत उत्पादन और पारेषण संस्थाओं को ए++,ए+,ए, बी और सी श्रेणियों में वर्गीकृत करती है। राज्य विद्युत उत्पादन और पारेषण संस्थाओं का यह श्रेणीकरण (अर्द्धवार्षिक रूप से) पीएफसी की श्रेणीकरण नीति के अनुसार विशिष्ट पैरामीटरों की कसौटी पर कंपनी की विनियामक परिवेश, लेखापरीक्षित लेखाओं के उत्पादन सहित प्रचालनात्मक और वित्तीय कार्य-निष्पादन के आकलन पर होता है।

राज्य विद्युत वितरण संस्थाओं (एकीकृत प्रचालन के साथ पीडी/संस्थाओं सहित) के संबंध में आपकी कंपनी की श्रेणीकरण नीति में रेटिंग/ग्रेडिंग को पीएफसी की मानक श्रेणियों ए+,ए,बी, सी और डी से जोडकर विद्युत मंत्रालय की एकीकृत रेटिंग अपनाने का प्रावधान किया गया है।

इस वर्गीकरण से पीएफसी को राज्य विद्युत संस्थाओं के लिए ऋण के मूल्य निर्धारण और सुरक्षा नियम तय करने में सक्षमता हासिल होती है।

12. राष्ट्रपति जी के निर्देश

पिछले 3 वर्षों के दौरान, राष्ट्रपति का कोई निर्देश नहीं आया है।

13. सूचना का अधिकार: पारदर्शी संचार व्यवस्था के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाना

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 नागरिकों के जानने के अधिकार पर आधारित एक प्रगतिशील विधान है, जो भारत के संविधान में दिया गया एक मौलिक अधिकार है। सूचना का अधिकार अधिनियम का प्राथमिक लक्ष्य नागरिकों को सशक्त बनाना, सरकारी प्रचालनों में खुले पन और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना, भ्रष्टाचार का मुकाबला करना, और हमारे लोकतंत्र को वास्तव में लोगों के लिए कार्यशील बनाना है। एक जागरूक नागरिक को शासन व्यवस्था पर आवश्यक जानकारी रखने और सरकार को शक्तियों के प्रति जवाबदेह ठहरने के लिए बेहतर जानकारी होती है। यह अधिनियम सरकार की गतिविधियों के बारे में नागरिकों को जानकारी देने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

सभी सांविधिक प्राधिकरण, एजेंसियां, स्वामित्वाधीन और नियंत्रित, जो वस्तुत: सरकार द्वारा वित्तपोषित हैं, अधिनियम के दायरे में आते हैं। इस अधिनियम के तहत केंद्र सरकार या राज्य सरकारों के सार्वजिनिक प्राधिकरणों को सूचना के लिए नागरिकों के अनुरोध पर समय पर उत्तर देने का भी अधिदेश दिया गया है।

आरटीआई अधिनियम, 2005 के तहत प्राप्त अनुरोधों पर कार्रवाई के लिए पीएफसी में एक व्यापक तंत्र स्थापित किया गया है। पीएफसी ने भारत के नागरिकों को सूचना प्रदान करने के लिए और साथ ही, कंपनी की कार्यप्रणाली में जबावदेही और पारदर्शिता रखने के लिए सूचना का अधिकार, 2005 कार्यान्वित किया है। आरटीआई अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, पीएफसी ने अपने कंपनी सचिव को जन सूचना अधिकारी (पीआईओ) नामित किया है जो निगम के पंजीकृत कार्यालय में प्राप्त आरटीआई आवेदनों का निपटान करते हैं। इसके अलावा, कार्यपालक निदेशक स्तर के अधिकारी को आरटीआई अपीलों के निपटान के लिए पीएफसी में प्रथम अपील प्राधिकारी (आरटीआई) नामित किया गया है। कंपनी की वेबसाइट (www.pfcindia.com) पर संगत सूचना/प्रकटीकरण भी उपलब्ध है।

जहां तक आरटीआई आवेदनों के निपटान की प्रक्रिया का संबंध है, यह अवगत कराया जाता है कि पीआईओ द्वारा आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 5(5) के अंतर्गत पीआईओ के रूप में संबंधित यूनिटों के प्रमुख से सूचना एकत्रित की जाती है और वह सूचना 30 दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर आवेदक को उपलब्ध कराई जाती है।

यदि आरटीआई आवेदक पीआईओ के उत्तर से संतुष्ट नहीं है, तो वह पीएफसी के प्रथम अपील प्राधिकारी (आरटीआई) के पास, उत्तर प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर अपील दायर कर सकता है। प्रथम अपील प्राधिकारी (आरटीआई) 30 दिन की निर्धारित अवधि के भीतर अपीलों का निपटान करते हैं। दिनांक 1 अप्रैल, 2022 से 31 मार्च, 2023 तक की अवधि के दौरान आरटीआई अधिनियम के तहत प्राप्त सभी 140 आवेदनों और 13 आरटीआई अपीलों पर विधिवत कार्रवाई की गई और उत्तर दिया गया। पीएफसी ने इस अवधि के दौरान केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के पोर्टल पर ऑनलाइन आरटीआई तिमाही विवरणी दायर करने की अपेक्षा को भी पूरा किया है।

इसके अलावा, आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 4 में निहित प्रकटीकरणों के प्रावधानों की अनुपालना को सुदृढ़ करने के लिए, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने दिनांक 15.04.2013 के अपने का.ज्ञा. सं. 1/6/2011-आईआर के तहत निम्नलिखित पर दिशानिर्देश जारी किए:

क) धारा 4 के तहत अधिक मदों का स्वत: प्रकटीकरण;

ख) धारा 4 के तहत सकारात्मक प्रकटीकरण के डिजीटल प्रकाशन के लिए दिशानिर्देश;

ग) प्रकटीकरण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए धारा 4(1) (बी) की कतिपय क्लॉज के लिए दिशानिर्देश;

घ) आरटीआई अधिनियम, 2005 के तहत स्वत: प्रकटीकरण (सक्रिय प्रकटीकरण) के लिए अनुपालन व्यवस्था।

उपर्युक्त दिशानिर्देशों की अनुपालना में, पीएफसी ने कंपनी की वेबसाइट पर अपेक्षित सूचना प्रस्तुत की है।

उपर्युक्त के अलावा, पीएफसी को भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के ऑनलाइन पोर्टल (https://rtionline.gov.in), के साथ भी लिंक किया है, जिसके तहत भारत के नागरिक भुगतान गेटवे के साथ ऑनलाइन आरटीआई आवेदन/प्रथम अपील दायर कर सकते हैं। भुगतान एसबीआई एवं इसके सहायक बैंकों की इंटरनेट बैंकिंग, मास्टर/विजा और रुपे कार्ड के डेबिट/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किया जा सकता है।

सक्रिय/स्वत: प्रकटीकरण को सुदृढ़ बनाने के लिए डीओपीटी ने दिनांक 15 अप्रैल, 2013 के का.ज्ञा. सं. 1/6/2011-आईआर के तहत विस्तृत अनुदेश निकाले हैं। दिशा-निर्देशों में प्रति वर्ष अन्य पक्ष द्वारा अपनी सक्रिय प्रकटन लेखापरीक्षा कराने के संबंध में एक बहुत ही महत्वपूर्ण व्यवस्था के तहत दिशा-निर्देशों की प्रभावी अनुपालना सुनिश्चित की जाती है। उपर्युक्त के अनुसार, पीएफसी ने राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) के माध्यम से वर्ष 2022-23 के दौरान अपनी आरटीआई प्रकटीकरण लेखापरीक्षा सफलतापूर्वक कराई है। उक्त लेखापरीक्षा रिपोर्ट को सार्वजनिक सूचना के लिए पीएफसी की वेबसाइट पर भी रखा जाता है।

14. निगमित सामाजिक दायित्व

पीएफसी के निगमित सामाजिक दायित्व और संधारणीयता नीति (सीएसआर और संधारणीयता नीति) का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कंपनी सामाजिक रूप से एक उत्तरदायी निगमित कंपनी बने जो सतत विकास, मुख्य रूप से समाज की विद्युत और ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने पर ध्यान देकर लोगों के जीवन में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध हो।

नीति के तहत पर्यावरणीय, सामाजिक और शासन (ईएसजी) सिद्धांतों के प्रमुख सिद्धांतों के साथ कंपनी के प्रयासों के अनुरूप बनाते हुए एक समग्र संकल्पना प्रदान की गई है, जैसा कि पर्यावरणीयता, संधारणीयता, स्वास्थ्य, शिक्षा और आय के प्रसार के माध्यम व्यापक पहलों से स्पष्ट है।

पीएफसी ने अपनी सीएसआर और संधारणीयता नीति को प्रभावी रूप से और तत्परता के साथ कार्यान्वित किया है। सीएसआर गतिविधियों को देखने के लिए पीएफसी में स्वतंत्र निदेशक की अध्यक्षता में निदेशकों की एक बोर्ड स्तरीय सीएसआर और एसडी समिति है।

पीएफसी ने पर्यावरणीय संधारणीयता, पुनर्वास और निर्माण क्रियाकलापों, स्वास्थ्य देख-रेख, शिक्षा, खेल, स्वच्छता और पेयजल तथा कौशल विकास और आजीविका आदि क्षेत्रों में व्यापक गतिविधियों को कार्यान्वित किया है। इसके अतिरिक्त, डीपीई अधिदेश के अनुसार, पीएफसी ने आकांक्षी जिलों के प्रमुख क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए, 'स्वास्थ्य एवं पोषण' से संबंधित विषयों के लिए भी योगदान दिया है।

कंपनी (सीएसआर नीति), नियमावली के अंतर्गत निगमित सामाजिक दायित्व रिपोर्ट इसके साथ संलग्न है।

15. मानव संसाधन पहल

क्षमता निर्माण

आपकी कंपनी पूर्ण रूप से यह विश्वास करती है कि सेवा क्षेत्र में होने के कारण, मानव संसाधन संगठन की बहुत ही महत्वपूर्ण परिसंपत्ति है। बाजार में प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के लिए, आपकी कंपनी एक ऐसी उच्च निष्पादन कार्य संस्कृति तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो व्यक्तियों को कारोबारी लक्ष्यों के अनुसार निरंतर शिक्षित करने और भावी चुनौतियों के अनुसार अंगीकरण करने के लिए तैयार कर और सशक्त बनाकर उनकी पूर्ण क्षमता को प्रकट करती है। हमारा लक्ष्य ऐसी उच्च स्तरीय संगठनात्मक क्षमताओं को विकसित करना है, जो हमें प्रतिस्पर्धा से अलग करती हैं।

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने निगमित लक्ष्यों के अनुसार विभिन्न प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों का आयोजन किया है। प्रदान किए गए प्रशिक्षणों में नए नियुक्त कार्मिकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम, और अपने कार्मिकों के लिए व्यवहारिक व प्रबंधकीय, व्यवहारपरक और नेतृत्व संबंधी प्रशिक्षण शामिल है। इसके अलावा, व्यापक कार्यात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए गए, जिनमें दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016, एडवांस एक्सेल, जेम पोर्टल के माध्यम से सार्वजनिक खरीद, ऊर्जा दक्षता वित्तपोषण पर वित्तीय संस्थानों के लिए क्षमता निर्माण, एएमएल-केवाईसी-सीएफटी और ऋण परिसंपत्तियों की धोखाधड़ी की निगरानी एवं वसूली के पहलुओं, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनयम, 2013, आईएसओ 45001:2018 - ओएचएस मानक का कार्यान्वयन, एक्सपोजर मानक और एनबीएफसी के लिए पूंजीगत अपेक्षाएं एवं अन्य पर बल देना शामिल है।

इसके अलावा, पीएफसी के सभी नए नियुक्त कार्मिकों ने राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) के विद्युत क्षेत्र में व्यावसायिकों के लिए एक व्यापक 3-सप्ताह के व्यापक फाउंडेशन कोर्स में भाग लिया। इस कोर्स में विद्युत क्षेत्र की बुनियादी बातों, नवीकरणीय और सौर ऊर्जा, सरकारी योजनाओं, ऊर्जा परिवर्तन, ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता, एससीएडीए (स्काडा), परियोजना मूल्यांकन और अन्य जैसे आवश्यक विषयों को शामिल किया गया है।

दिनांक 31 मार्च, 2023 तक, आपकी कंपनी ने आवश्यकता आधारित अनुकूलित कार्यक्रमों का आयोजन करने और प्रतिष्ठित प्रशिक्षण एजेंसियों द्वारा आयोजित बाहरी कार्यक्रमों के लिए कार्मिकों को प्रायोजित करके अपने कार्मिकों को सफलतापूर्वक 2,608 कार्य दिवसों का प्रशिक्षण दिया।

कुल मिलाकर, इन पहलों से हमारे संगठनात्मक लक्ष्यों के अनुकूल हमारे कार्यक्रम के कौशल और ज्ञान में वृद्धि करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

कार्मिक सहभागी गतिविधियां

पीएफसी पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल क्लब (पीएससीबी) का संस्थापक सदस्य होने के नाते, पीएफसी कार्मिकों ने इस अवधि के दौरान पीएससीबी सदस्य संगठनों द्वारा आयोजित विभिन्न अंतर सीपीएसयू खेल टूर्नामेंटों, जैसे बैंडमिंटन, शतरंज, कैरम और टेबल टेनिस टूर्नामेंट में पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। पीएफसी शतरंज टीम ने एकल टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार जीता। पीएफसी ने पीएससीबी के तत्वावधान में दिनांक 27-29 अप्रैल, 2022 तक विश्व युवक केंद्र, नई दिल्ली में सीपीएसयू शतरंज टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक आयोजन किया। पीएफसी ने पावर कप टूर्नामेंट में भी भाग लिया, जो पावरग्रिड द्वारा माह जनवरी-फरवरी, 2023 के दौरान दिल्ली एनसीआर में स्थित सभी विद्युत क्षेत्र के सीपीएसई के सहयोग से आयोजित किया गया था और पीएफसी ने टूर्नामेंट में दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया।

इसके अलावा, पीएफसी ने दिनांक 16 जुलाई, 2022 को जेएलएन स्टेडियम, नई दिल्ली में अपने कार्मिकों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए पीएफसी स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजन किया। वर्ष के दौरान पीएफसी ने अपने कार्मिकों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों के लिए मार्च, 2023 में विशालगढ़ फार्म्स, गुरुग्राम में फेमिली पिकनिक का भी आयोजन किया।

एक अत्याधुनिक इंटरडिसिप्लिनरी सेंटर फॉर एनर्जी रिसर्च (आईसीईआर) भवन की स्थापना में वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर के अवसर पर श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के साथ श्री आर.एस. ढिल्लों, पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री राजीव रंजन झा, निदेशक (परियोजना), श्री मनोज शर्मा, निदेशक (वाणिज्यिक), श्री भास्कर भट्टाचार्य, स्वतंत्र निदेशक एवं श्रीमती उषा सजीव नायर, स्वतंत्र निदेशक।

प्रतिभा प्रबंधन

आपकी कंपनी ने प्रभावी मानव संसाधन अधिग्रहण और रखरखाव का कार्य किया है, जो संगठनात्मक जरूरतों को पूरा करने के लिए विकसित की गई श्रेष्ठ कॉर्पोरेट प्रथाओं के साथ एक बैंचमार्क है। यह अन्य कार्यनीतिक हस्तक्षेपों के अलावा, मानव संसाधनों का प्रभावी प्रबंधन करती है, जिससे उच्च स्तर की उत्पादकता सुनिश्चित होती है। पीएफसी के सभी भर्ती प्रयास विविध प्रतिभाओं को आकर्षित करने और पोषित करने पर केंद्रित होते हैं।

कंपनी के भीतर औद्योगिक संबंध बहुत ही सौहार्दपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण रहे हैं, जिनमें कार्मिक पूरी तरह से कंपनी के उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कोई भी मानव दिवस हानि नहीं हुई। दिनांक 1 अप्रैल, 2022 से 31 मार्च, 2023 तक की अवधि के दौरान पलायन 0.04% था।

कार्मिक कल्याणकारी उपाय

आपकी कंपनी उद्योग की श्रेष्ठ प्रबंधन प्रथाओं का पालन करने का प्रयास करती है।

कल्याणकारी उपायों के एक प्रभावकारी पैकेज के माध्यम से कार्यबल की प्रतिबद्धता सुनिश्चित की जाती है, जिसमें व्यापक बीमा, चिकित्सा सुविधाएं और ऐसी अन्य सुविधाएं शामिल हैं, जो कार्यबल को स्वस्थ बनाती हैं। इस अवधि के दौरान, कार्मिकों के कल्याण के लिए कई नई पहल की गई, जैसे एचओयू स्तर से नीचे के कार्मिकों के लिए फ्लेक्सी टाइमिंग शुरू करना, पेपरलेस मेडिकल क्लेम व्यवस्था लागू करना और टीए नियमों के तहत कुछ प्रावधानों की समीक्षा करना, कंपनी के पट्टा आवास नियम आदि।

विविधता और समावेशिता

कंपनी के समावेशी विकास के बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा जारी राष्ट्रपति के निर्देशों और दिशानिर्देशों का पालन किया जाता है। स्थिति नीचे दी गई है:

विभिन्न श्रेणियों के लिए पदों के आरक्षण की स्थिति

समूह	31 मार्च, 2023 तक कुल कार्मिक	एससी[1]	एससी%	एसटी[2]	एसटी%	ओबीसी[3]	ओबीसी%	ईडब्ल्यूएस[4]	ईडब्ल्यूएस%
क	500	89	17.80%	32	6.040%	100	20.00%	5	1.00%
ख	4	0	0.00%	1	25.00%	0	0.00%	0	0.00%
ग	15	2	13.33%	1	6.67%	3	20.00%	0	0.00%
घ	0	0	0.00%	0	0.00%	0	0.00%	0	0.00%
कुल	**519**	**91**	**17.53%**	**34**	**6.55%**	**103**	**19.84%**	**5**	**0.96%**

वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए 'सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाएं' श्रेणी में 'बेस्ट प्रेजेंटेड एकाउंट्स / एनुअल रिपोर्ट अवॉर्ड' (बीपीए) में प्रतिष्ठित साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ एकाउंटेंट्स (एसएएफए) गोल्ड अवॉर्ड प्राप्त करते हुए श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक।

पीएफसी एससी/एसटी/ओबीसी/ईएसएम[5]/पीडब्ल्यूडी[6] कार्मिकों के संबंध में भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों और दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास करता है। उठाए गए कदमों में सीधी भर्ती के साथ-साथ पदोन्नति के लिए विभिन्न निर्देशों के तहत यथा लागू समुचित आरक्षण और छूट शामिल हैं। आरक्षण के मामलों को देखने के लिए अलग से संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

[1] अनूसूचित जाति

[2] अनुसूचित जनजाति

[3] अन्य पिछड़ा वर्ग

[4] आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग

[5] भूतपूर्व सैनिक

[6] दिव्यांगजन

विविधता का सशक्तिकरण: कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी

आपकी कंपनी में महत्वपूर्ण कार्यात्मक क्षेत्रों में महिलाएं हैं। महिलाओं का प्रतिनिधित्व पदानुक्रमित स्तर पर आ गया है। कंपनी इस संबंध में भारत सरकार के सिद्धांतों के अनुरूप महिलाओं के लिए समान विकास का अवसर प्रदान करती है। महिलाओं का पर्याप्त प्रतिनिधित्व है, जो कुल कार्यबल का 21.00% है।

स्तर	31 मार्च, 2023 तक कुल कार्मिक	महिला कार्मिकों की संख्या	समग्र स्टाफ संख्या में प्रतिशत
क	500	107	21.40%
ख	4	1	25.00%
ग	15	1	6.67%
घ	0	0	0.00%
कुल	**519**	**109**	**21.00%**

पीएफसी अपने सामाजिक दायित्व के भाग के रूप में, महिला कार्मिकों के कल्याण के संबंध में समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी अनुदेशों और निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए हर प्रयास करता है।

एक सुरक्षित कार्यस्थल को बढ़ावा: लैंगिक उत्पीड़न निवारण की अनुपालना

कंपनी के महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के तहत आंतरिक शिकायत समिति के गठन से संबंधित प्रावधानों का अनुपालन किया है।

महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के संबंध में प्रकटीकरण:

क)	वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान दर्ज की गई शिकायतों की संख्या	शून्य
ख)	वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान निपटान की गई शिकायतों की संख्या	शून्य
ग)	वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	शून्य

16. पुरस्कार और सम्मान

पर्यावरण, सामाजिक, शासन (ईएसजी) के आधारों के अंतर्गत प्राप्त पुरस्कार: स्थायी प्रभाव के सृजन में पीएफसी के प्रयासों को दर्शाता है।

पर्यावरणीय

- पीएफसी को इलेट्स द्वारा आयोजित आत्म निर्भर भारत समिट में इस वर्ष श्रेष्ठ नवीकरणीय ऊर्जा वित्तपोषण संस्थान के लिए 'ग्रीन ऊर्जा एनर्जी एफिसिएंसी पुरस्कार' प्राप्त हुआ।

वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता हेतु प्रतिष्ठित इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) गोल्ड शील्ड प्राप्त करते हुए श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और श्री आर.एस. ढिल्लों, पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक।

- 11वें ग्रीन एनर्जी समिट में नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा क्षमता श्रेणी में सर्वोच्च वित्तपोषण संस्थानों के लिए इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) गोल्ड अवार्ड प्राप्त हुआ।

सामाजिक

- पीएफसी को एनडीएमसी क्षेत्र में कार्यालयों की श्रेणी में एनडीएमसी द्वारा 'स्वच्छता रैंकिंग' में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ।

- पीएफसी ने राजभाषा कीर्ति पुरस्कार जीता। पीएफसी को राजभाषा में श्रेष्ठ कार्य-निष्पादन के लिए उपक्रम 'क' क्षेत्र की श्रेणी में वर्ष 2021-22 के लिए सर्वोच्च और प्रतिष्ठित 'राजभाषा कीर्ति' का तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। पीएफसी की लगातार 9वीं बार यह पुरस्कार मिला है।

शासन

- पीएफसी को लोक उद्यम विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित सार्वजनिक उद्यम सर्वेक्षण 2021-22 के तहत सर्वोच्च 10 लाभ अर्जित सीपीएसई के बीच 9वां स्थान दिया गया।
- पीएफसी को फॉर्च्यून मेगजीन द्वारा 'सर्वोच्च 500' भारतीय कंपनियों में '34वां' स्थान मिला।
- वर्ष 2021-22 के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई पुरस्कारों की 'सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं' की श्रेणी में आईसीएआई गोल्ड शील्ड पुरस्कार मिला।
- पीएफसी को 'श्रेष्ठ प्रदर्शन (वित्तीय) एवं उभरती प्रौद्योगिकियों का उपयोग: क्लाउड' की श्रेणी में गवर्नेंस नाउ (सब टीवी ग्रुप) पुरस्कार मिला।
- पीएफसी को एक वर्चुअल फार्मेट में श्रेष्ठ नवरत्न की श्रेणी में भारत के श्रेष्ठ पीएसयू पुरस्कार डन एंड ब्रेडस्ट्रीट पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, वर्तमान सीएमडी, पीएफसी को द इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा 'आईकॉन ऑफ द ईयर' अवार्ड प्रदान किया गया।

अन्य

पीएफसी को श्रेष्ठ कॉर्पोरेट फिल्म (गोल्ड), श्रेष्ठ वार्षिक रिपोर्ट (सिल्वर), श्रेष्ठ गृह पत्रिका मुद्रण (क्षेत्रीय) और श्रेष्ठ सोशल मीडिया उपयोग की श्रेणी में पब्लिक रिलेशन्स काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 16वें वार्षिक ग्लोबल कम्यूनिकेशंस कॉनक्लेव में चार पुरस्कार प्राप्त हुए।

17. सतर्कता: जबावदेही और पारदर्शिता को बढ़ावा

सतर्कता यूनिट ने निगम के प्रभावी तंत्र के रूप में सक्रिय रूप से कार्य किया। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सतर्कता यूनिट ने विभिन्न यूनिटों के आवधिक और औचक निरीक्षण पर लगातार जोर देते हुए निवारक सतर्कता का कार्य किया है। इस अवधि में सतर्कता यूनिट ने आदेश/कारगर दिशा-निर्देश भी जारी किए ताकि रोजमर्रा के कार्यों में अंतराल दूर करने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रणालियों और प्रक्रियाओं को युक्तिसंगत बनाया जा सके। एक नई पहल के रूप में सतर्कता मैगजीन प्रहरी का उदघाटन किया गया, जिसमें सतर्कता, विद्युत एवं संबद्ध क्षेत्र और सतर्कता जागरूकता सप्ताह की विजेता प्रविष्टियों से जुड़े विभिन्न लेख शामिल किए गए हैं। सतर्कता यूनिट ने इस अवधि के दौरान पंजीकृत शिकायतों के संबंध में विस्तृत जांच की।

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने दिनांक 31.10.2022 से 06.11.2022 तक 'विकसित भारत के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत' विषय पर सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया और नैतिक प्रथाओं को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया। इस अवसर पर, कार्यालय परिसर के अंदर और बाहर प्रमुख स्थानों पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन के बैनर लगाए गए। निगम के सभी कार्मिकों के डेस्कटॉप पर सतर्कता जागरुकता सप्ताह-2022 की थीम प्रदर्शित की गई। इस आयोजन का प्रचार सोशल मीडिया, जैसे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम और समाचार पत्रों और उनके ऑनलाइन संस्करणों के माध्यम से भी किया गया। सत्यनिष्ठा और नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिए इंट्रानेट और पीएफसी की वेबसाइट के माध्यम से कार्मिकों द्वारा 'सत्यनिष्ठा पर ई-प्रतिज्ञा' ली गई।

सप्ताह के दौरान सतर्कता से संबंधित विषयों पर चित्राभिव्यक्ति, नारा लेखन, कविता लेखन पर केंद्रित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ये प्रतियोगिताएं क्षेत्रीय कार्यालयों में तैनात कार्मिकों सहित निगम के सभी नियमित कार्मिकों के लिए खुली थी। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य कार्मिकों की रचनात्मक, कल्पना और मौलिकता को प्रोत्साहित करना था ताकि वे सुशासन के संबंध में अभिनव विचारों के का सृजन हो सके। कार्मिकों के हितलाभ के लिए निगम द्वारा प्रतिष्ठित फैकल्टी के साथ पीएफसी के आचरण, अनुशासन और अपील नियम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित की गई, जिसमें नियमित कार्मिकों ने भाग लिया। श्री विजय कुमार त्यागी, सीवीओ, पीएनबी द्वारा पीएफसी के कार्मिकों के लिए एबीबीएफएफ एंड रोल ऑफ आईएसी विषय पर एक व्याख्यान भी किया गया। पीएफसीसीएल द्वारा पीएफसीसीएल के कार्मिकों के लिए निवारक सतर्कता पर श्री आर. एन. नायक, पूर्व निदेशक, सीवीसी द्वारा वार्ता सत्र का आयोजन किया गया। इसमें सार्वजनिक जीवन में निरंतर प्रणालीगत सुधार, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता पर बल दिया गया।

सीवीसी के निर्देशों के अनुपालन में, निगम में संवेदनशील पदों की पहचान की गई है और संबंधित अधिकारियों की नियमित आधार पर अदला-बदली की गई है। वर्ष 2023 के लिए सहमत सूची और संदिग्ध सत्यनिष्ठा वाले अधिकारियों की सूची सीबीआई के परामर्श से निगम कार्यालय, दिल्ली और क्षेत्रीय कार्यालय-मुंबई और चेन्नई के संबंध में तैयार की गई जो पारदर्शी और जबावदेह प्रथाओं के अनुरूप थी। निर्धारित आवधिक सांख्यिकी विवरणियां समय पर सीवीसी, सीबीआई, विद्युत मंत्रालय को भेजी गई।

सतर्कता यूनिट ने निगम के प्रचालनों में पारदर्शिता, वस्तुनिष्ठा और जबावदेही में सुधार लाने के लिए निरंतर प्रणालीगत सुधार किए। इस प्रकार इसने संगठन के कामकाज में योगदान दिया गया है।

18. राजभाषा

पीएफसी द्वारा अपने काम-काज में राजभाषा हिंदी को अत्यधिक प्राथमिकता दी जाती है। यह बड़े गौरव का विषय है कि आपकी कंपनी को राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में किए गए अपने समन्वित प्रयासों के लिए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए 'क' क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र के

उपक्रमों की श्रेणी में 'राजभाषा कीर्ति' तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पीएफसी द्वारा लगातार 9वीं बार पुरस्कार लिया गया है।

14 सितंबर, 2022 को हिंदी दिवस और 14 सितंबर, 2022 से 13 अक्तूबर, 2022 तक हिंदी माह मनाया गया ताकि हिंदीमय वातावरण सृजित किया जा सके। हिंदी माह के दौरान पांच (05) प्रतियोगिताएं, जैसे 'कथा विस्तारण', 'हिंदी टिप्पण एवं आलेखन' 'राजभाषा नीति' 'शब्द ज्ञान' और 'अनेक रंग एक प्रतियोगिता के संग' आयोजित की गई। हिंदी माह के दौरान दिनांक 07.10.2022 को सीरीफोर्ट ऑडिटोरियम कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली में पीएफसी कार्मिकों के लिए महाभारत-एक अमर कथा नाटक का आयोजन किया गया। यह नाटक प्रसिद्ध थिएटर कंपनी 'फेलिसिटी थिएटर' द्वारा प्रस्तुत किया गया था। नाटक को फिल्म, टेलिविजन के दिग्गज कलाकार पुनीत इस्सर द्वारा लिखा और निर्देशित किया गया। पुनीत इस्सर के साथ, कई दिग्गज कलाकारों, जैसे गुफी पेंटल, राहुल भूचर ने इस नाटक में अपना शानदार प्रदर्शन प्रस्तुत किया।

वर्ष के दौरान, 06 हिंदी कार्यशालाएं और 01 संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिनमें 336 कार्मिकों ने भाग लिया। हिंदी माह के दौरान हुई प्रतियोगिताओं के अलावा, कार्मिकों को प्रेरित करने के लिए 04 हिंदी प्रतियोगिताएं नामतः 'स्मरणशक्ति प्रतियोगिता' 'बूझों तो जानें प्रतियोगिता' 'शब्दों का ताना-बाना प्रतियोगिता' और 'विश्व हिंदी दिवस प्रतियोगिता' भी आयोजित की गई, जिनमें 205 कार्मिकों ने भाग लिया। इन यूनिटों और कार्मिकों द्वारा किए जा रहे राजभाषा कामकाज की समीक्षा के प्रयोजन के लिए विभिन्न यूनिटों के साथ समीक्षा बैठकें, आंतरिक निरीक्षण और निजी संपर्क कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्मिकों को हिंदी में काम करने के लिए प्रेरित करने के लिए, जय शंकर प्रसाद द्वारा लिखी गई पुस्तक 'कामायनी' सभी कार्मिकों को वितरित की गई।

हिंदी सलाहकार समिति, विद्युत मंत्रालय की बैठक दिनांक, 12 मई, 2022 को अशोका होटल, नई दिल्ली में आयोजित की गई। इस बैठक की व्यवस्था के संबंध में सभी समन्वय कार्य पीएफसी द्वारा किए गए थे। बैठक की अध्यक्षता श्री आर.के. सिंह, माननीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री द्वारा की गई।

पीएफसी की सतर्कता पत्रिका 'प्रहरी' के पहले संस्करण का विमोचन करते हुए श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और उनके साथ श्री आर.एस. ढिल्लों, पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री राजीव रंजन झा, निदेशक (परियोजना), श्री मनोज शर्मा, निदेशक (वाणिज्यिक) एवं श्रीमती सिम्मी आर. नाकरा।

'ऊर्जा दीप्ति' गृह पत्रिका के 'अतुल्य भारत विशेषांक' सहित चार (04) अंक भी प्रकाशित किए गए और राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए।

ये सभी प्रयास निगम में राजभाषा हिंदी के बेहतर और प्रगतिशील उपयोग की संभावनाएं उत्पन्न करने के लिए प्रेरक उपकरण थे।

19. निदेशकों के दायित्व संबंधी विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) की अपेक्षा के अनुसार पुष्टि की जाती है कि:

(क) वार्षिक लेखाओं की तैयारी में, लागू लेखांकन मानकों का अनुपालन किया गया और महत्वपूर्ण विचलन से संबंधित उचित स्पष्टीकरण दिया गया;

(ख) निदेशकों ने ऐसी लेखा नीतियों का चयन किया था और उन्हें दृढ़तापूर्वक लागू किया गया और ऐसे निर्णय और अनुमान लगाए गए जो उचित एवं सार्थक थे, ताकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर कंपनी के

कार्यकलापों की स्थिति और उस अवधि के लिए कंपनी के लाभ और हानि लेखा की स्पष्ट और सही तस्वीर प्रस्तुत की जा सके;

(ग) निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्ति की सुरक्षा के लिए और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और पता लगाने के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त देखभाल की थी;

(घ) निदेशकों ने वार्षिक लेखाओं को अनवरत सतत सरोकार के आधार पर तैयार किया था; तथा

(ड़) निदेशकों ने आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित किया है, जिसका कंपनी द्वारा अनुपालन किया जाना अनिवार्य है और ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं तथा प्रभावशाली तरीके से प्रचालनरत हैं;

(च) निदेशकों ने सभी लागू विधियों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियां तैयार की हैं और इस प्रकार तैयार की गई प्रणालियां पर्याप्त हैं तथा प्रभावशाली तरीके से प्रचालनरत हैं।

20. लेखापरीक्षक

i. सांविधिक लेखापरीक्षक

भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक कार्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए दास गुप्ता एंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और प्रेम गुप्ता एंड कंपनी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को कंपनी के संयुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया।

संयुक्त सांविधिक लेखापरीक्षकों ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कंपनी के लेखाओं की लेखापरीक्षा की है और किसी अर्हता, संदेह, प्रतिकूल टिप्पणी अथवा अस्वीकरण (डिसक्लेमर) के बिना अपनी रिपोर्ट दी है। लेखापरीक्षा रिपोर्ट की प्रतिलिपि इसके साथ अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

ii. सचिवालयी लेखापरीक्षा

आपकी कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए मेहता एंड मेहता, कंपनी सचिव को कंपनी के सचिवालयी लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। सचिवालयी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट इसके साथ संलग्न है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए लेखापरीक्षक की रिपोर्ट के साथ सचिवालयी लेखापरीक्षक की टिप्पणियों और उन टिप्पणियों पर प्रबंधन के उत्तर की प्रति इसके साथ अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

iii. भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां

भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (सी एंड एजी) ने यह उल्लेख किया है कि लेखापरीक्षा के आधार पर ऐसा कोई भी मामला उनकी जानकारी में नहीं आया है जिस पर कोई टिप्पणी दी जा सके या जिस पर सांविधिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट के तौर पर पूरक दी जा सके। भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (सी एंड एजी) की रिपोर्ट की प्रतिलिपि इसके साथ अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

21. प्रौद्योगिक का उपयोग करके शासन प्रक्रियाओं को डिजिटाइज करना

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसरण में, कंपनियों को इलैक्ट्रॉनिक माध्यमों से वार्षिक आम बैठक की सूचना, वार्षिक रिपोर्ट आदि जैसे दस्तावेज अपने सदस्यों को उनकी पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेजने की अनुमति दी गई है। चूंकि पीएफसी एक सामाजिक रूप से जिम्मेदार कंपनी है, अतः कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) की ग्रीन पहल के कार्यान्वयन में सक्रिय सहायता प्रदान करती है। आपकी कंपनी ने ऐसे शेयरधारकों, जिनके ई-मेल पते पंजीकृत हैं, बैठक की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट इलैक्ट्रॉनिक रूप से भेजने का बदलाव किया है। लाभांश (अंतरिम/अंतिम) की सूचना भी ऐसे शेयरधारकों को इलैक्ट्रॉनिक रूप में भेजी जा रही हैं। इसके अलावा, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 के अनुसार, कंपनी सभी सदस्यों को ई-वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है, ताकि वे पोस्टल बैलेट और वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में निर्धारित संकल्पों के संबंध में अपने वोट इलैक्ट्रॉनिक रूप से दे सकें। कंपनी इस वर्ष भी वीडियो कांफ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम से एजीएम आयोजित करेगी। सदस्यगण एजीएम की सूचना में उल्लिखित अनुसार एजीएम में ई-वोटिंग और इलैक्ट्रॉनिक रूप से भाग लेने के लिए विस्तृत अनुदेशों को देख सकते हैं।

22. सांविधिक प्रकटीकरण

i. आपकी कंपनी एक जमा राशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी है और इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, कोई सार्वजनिक जमा स्वीकार नहीं किया गया है। इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान आपकी कंपनी द्वारा कोई निरंतर ऋण लिखित (पीडीआई) जारी नहीं किया गया था। कंपनी के निदेशक मंडल ने भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में इस संबंध में अपेक्षित संकल्प पारित किया है।

ii. किसी भी विनियामक अथवा न्यायालय या अधिकरण द्वारा ऐसे कोई भी महत्वपूर्ण और जरूरी आदेश जारी नहीं किए गए, जिनसे वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कंपनी का लाभकारी संस्था का दर्जा और कंपनी का प्रचालन प्रभावित हुआ हो।

iii. कंपनी के पास आंतरिक नियंत्रण की एक पर्याप्त प्रणाली है, जिसमें विभिन्न लेन-देन की स्टीक और समय पर वित्तीय रिपोर्टिंग, संचालन की दक्षता और सांविधिक कानूनों, विनियमों तथा कंपनी प्रक्रियाओं, नीतियों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त मॉनीटरिंग प्रक्रियाएं शामिल हैं। विवरण के लिए, कृपया इस रिपोर्ट के साथ संलग्न 'प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट' देखें।

iv. वर्ष के दौरान बोर्ड और इसकी समितियों की संरचना, विचारार्थ विषय और बैठकों की संरचना, व्हिसल ब्लोअर नीति, पूर्णकालिक निदेशकों के पारिश्रमिक, स्वतंत्र निदेशकों के लिए बैठक शुल्क और निदेशकों के परिचय कार्यक्रमों के लिए आईपीईएफ और वेब लिंक का ब्यौरा, संबद्ध पक्षकार लेनदेन की भौतिकता पर नीति और संबद्ध पक्षकार के साथ कार्य-व्यवहार, सारवान सहायक कंपनियों के निर्धारण संबंधी नीति, आदि को समय-समय पर यथासंशोधित सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 तथा निगमित शासन पर डीपीई दिशानिर्देश, 2010

के प्रावधानों के अनुपालन में तैयार की गई 'निगमित शासन पर रिपोर्ट' में प्रदान किया गया है, जो इस रिपोर्ट का एक भाग है।

v. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 (11) के अनुसरण में, कंपनियों के वित्तपोषण के कारोबार में शामिल किसी कंपनी द्वारा दिए गए ऋण, दी गई गारंटी, प्रदान की गई प्रतिभूतियां या कंपनियों के वित्तपोषण या अपने व्यवसाय के सामान्य पाठ्यक्रम में अवसंरचना सुविधाएं प्रदान करने के लिए किए गए निवेश पर लागू नहीं होते हैं। अतः कोई प्रकटीकरण करने की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा, निवेशों का ब्यौरा एकल वित्तीय विवरणों के लेखों की टिप्पणी संख्या 11 में दिया गया है।

vi. प्रबंधकीय पारिश्रमिक के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 के प्रावधान और उसके अंतर्गत निर्मित नियम एक सरकारी कंपनी होने के कारण आपकी कंपनी के लिए लागू नहीं है।

vii. कंपनी ने निदेशक अथवा किसी कार्मिक को कोई स्टॉक विकल्प जारी नहीं किया है।

viii. केंद्र सरकार ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के तहत केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित, कंपनी (लागत रिकॉर्ड और लेखापरीक्षा) संशोधन नियमावली, 2014 के साथ पठित कंपनी (लागत रिकॉर्ड और लेखापरीक्षा) नियमावली, 2014 के तहत कंपनी के उत्पादों/सेवाओं के लिए लागत रिकॉर्ड के रखरखाव को निर्धारित नहीं किया है। तदनुसार, कंपनी द्वारा लागत लेखों और रिकॉर्ड रखने की जरूरत नहीं है।

ix. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, न तो सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा और न ही सचिवालयी लेखापरीक्षकों द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(12) के अंतर्गत लेखापरीक्षा समिति को कंपनी के अधिकारियों अथवा कार्मिकों द्वारा कंपनी के विरुद्ध कोई धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट नहीं की गई।

x. कंपनी द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज द्वारा जारी किए गए लागू सचिवीय मानकों का अनुपालन करती है।

xi. कंपनी के स्वतंत्र निदेशकों को प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात विद्युत मंत्रालय के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति द्वारा नामित/नियुक्त किया जाता है। तदनुसार, नियुक्त प्राधिकारी नामित/नियुक्त किए जाने वाले व्यक्ति की सत्यनिष्ठा, विशेषज्ञता और अनुभव पर विचार करते हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 में पीएफसी के बोर्ड में कोई नया स्वतंत्र निदेशक नियुक्त नहीं किया गया।

xii. ऊर्जा के संरक्षण और प्रौद्योगिकी आमेलन के संबंध में कोई महत्पूर्ण विवरण नहीं है, क्योंकि कंपनी के पास कोई विनिर्माण सुविधा नहीं है।

xiii. वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए विदेशी मुद्रा व्यय कुल मिलाकर ₹10,226.94 करोड़ हो गया। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए विदेशी विनिमय अर्जन शून्य था। भुगतान मुख्य रूप से विदेशी मुद्रा के मूलधन और ब्याज घटक को चुकाने के प्रयोजन से किया जाता है।

xiv. वित्तीय वर्ष 2021-22 में ₹26,363.52 करोड़ के कुल व्यय की तुलना में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल व्यय ₹25,495.01 करोड़ है। इसमें से वित्तीय वर्ष 2021-22 में ₹22,671.30 करोड़ की वित्त लागत की तुलना में वित्तीय वर्ष 2022-23 में ₹23,282.57 करोड़ वित्त लागत है। इसमें वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल व्यय का 91.52% शामिल है। विगत वर्ष में कार्मिक हितलाभ व्यय और अन्य व्यय क्रमशः ₹213.11 करोड़ और 122.71 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान ₹219.01 करोड़ और ₹128.55 करोड़ है।

xv. वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और प्रचालन प्रभावकारिता की जांच के लिए नियुक्त, मेसर्स एएसए एंड एसोसिएट्स एलएलपी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने यह प्रमाणित किया है कि कंपनी ने आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की एक पर्याप्त प्रणाली स्थापित की है जो कंपनी अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं को पूरा करने में इसकी पर्याप्तता और प्रभावकारिता का एक संतोषपरक ढंग से नियंत्रण, मूल्यांकन और आकलन करती है।

पीएफसी द्वारा वित्तपोषित नई दिल्ली में 25 मेगावाट तेहखंड अपशिष्ट से ऊर्जा परियोजना।

कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षक अर्थात दास गुप्ता एंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और प्रेम गुप्ता एंड कंपनी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने भी आतंरिक वित्तीय नियंत्रणों पर अपनी रिपोर्ट दी है और उसमें इस बात का उल्लेख किया है कि कंपनी के पास सभी वास्तविक संदर्भों में पर्याप्त आतंरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली उपलब्ध है और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आतंरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शी टिप्पणी में उल्लिखित आतंरिक नियंत्रण के सभी अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों पर आतंरिक नियंत्रण के आधार पर 31 मार्च, 2023 तक वित्तीय रिपोर्टिंग पर नियंत्रण प्रभावशाली तरीके से प्रचालनरत थे।

xvi. पीएफसी की वित्तीय वर्ष 2021-22 की वार्षिक विवरणी chrome-extension://efaidnbmnnnibpcajpcglclefindmkaj/https://www.pfcindia.com/DocumentRepository/ckfinder/files/Investors/Annual_Return/Annual_Report_21_22.pdf लिंक पर उपलब्ध है और वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए यह आपकी कंपनी की वेबसाइट www.pfcindia.com पर उपलब्ध कराई जाएगी।

xvii. आपकी कंपनी द्वारा बॉण्डों की विभिन्न श्रृंखलाओं के लिए नियुक्त किए गए डिबेंचर ट्रस्टियों के विवरण इसके साथ संलग्न हैं।

xviii. वर्ष के दौरान दिवाला और शोधन अक्षमता कोड, 2016 के अंतर्गत पीएफसी के विरुद्ध कोई भी आवेदन नहीं किया गया अथवा कोई भी कार्रवाई लंबित नहीं है। इसके अतिरिक्त, एक बारगी निपटान समय किए गए मूल्यांकन व बैंकों अथवा वित्तीय संस्थानों के ऋण लेते समय किए गए मूल्यांकन की राशि के बीच अंतर का ब्यौरा लागू नहीं है।

xix. सूक्ष्म और लघु उद्यमों से खरीद:

भारत सरकार ने सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए सार्वजनिक खरीद नीति आदेश, 2012 अधिसूचित किया है, ताकि उनके द्वारा उत्पादित उत्पादों और सेवाओं के विपणन में सहायता की जा सके। नीति की अनुपालना में, सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) से खरीद की जाने वाली मदों सहित वार्षिक खरीद योजना को एमएसई के लाभ के लिए पीएफसी वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

एमएसई के लाभ, जैसे निविदा शुल्कों से छूट और बयाना जमा राशि, खरीद वरीयता, विलंब भुगतानों पर ब्याज और पूर्व अनुभव से छूट-टर्नओवर पूर्व मानदंड को गुणवत्ता और तकनीकी विनिर्देशों की पूर्ति के अध्यधीन, इन उद्यमों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदान किया गया हैं।

वित्तीय वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने एमएसई से उत्पादों और सेवाओं की प्राप्ति की है, जो कुल वार्षिक खरीद मूल्य का 66.09% है, जबकि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित 25% की अनिवार्यता है। वर्ष के दौरान 309 एमएसई लाभान्वित हुए हैं, जिनमें से 19 एमएसई एससी/एसटी श्रेणी से संबंधित है और 48 एमएसई का स्वामित्व महिलाओं के पास है।

पीएफसी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के व्यापार प्राप्य के वित्तपोषण के लिए व्यापार प्राप्य छूट प्रणाली (ट्रेड्स) पर भी पंजीकृत है। ट्रेड्स प्लेटफार्म में एमएसएमई के इनवॉइस की छूट की सुविधा दी गई है, ताकि उनके नियमित व्यापार प्रचालनों के लिए कार्यशील पूंजी शीघ्र उत्पन्न हो सके।

आपकी कंपनी ने सूक्ष्म औल लघु उद्यमों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के समन्वय से 03 वेंडर विकास कार्यक्रमों का भी आयोजन/भागीदारी की थी।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के साथ-साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसई) आदेश, 2012 के लिए सार्वजनिक खरीद नीति के अंतर्गत यथावश्यक प्रकटीकरण के अंतर्गत वर्ष 2022-23 के दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसई) से की गई खरीद के विवरण तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए लक्ष्य निम्नानुसार हैं:-

क्र.सं.	विवरण	वित्तीय वर्ष 2022-23 (₹ करोड़ में)	वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए लक्ष्य (₹ करोड़ में)
I.	कुल वार्षिक खरीद (मूल्य में)	46.81	169.2 (135*+34.2)
II.	एमएसई से प्राप्त की गई वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल मूल्य (अ.जा./अ.ज.जा. उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई सहित)	30.93	42.3
III.	केवल अ.जा./अ.ज.जा. के स्वामित्व वाले एमएसई से खरीदी गई वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य	3.90	6.768
IV.	कुल खरीद में एमएसई (अ.जा./अ.ज.जा. उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई सहित) से खरीद का प्रतिशत	66.09	25
V.	कुल खरीद में से अ.जा./अ.ज.जा. उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई से खरीद का प्रतिशत	8.33	4
VI.	एमएसई हेतु विक्रेता विकास कार्यक्रम की कुल संख्या	3	2
VII.	समान हाइपरलिंक द्वारा आपकी वेबसाइट पर वार्षिक एमएसई खरीद प्रोफाइल को अपलोड करने की पुष्टि	https://www.pfcindia.com/DocumentRepository/ckfinder/files/Statutory_Requirements/Codes_and_Policies/Public_Procurement_Policy_for_MSME/Procurement%20Target%20%20and%20Profile%202023-24%20V0_0.pdf	

* वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए एक बारगी आईटी अवसंरचना नए व्यय की योजना

23. सूचना प्रौद्योगिकी

पीएफसी ने सतत व्यापार विकास, समग्र उत्पादकता सुधार, डेटा की सत्यनिष्ठा और डेटा की निजता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सूचना प्रौद्योगिकी पहलें शुरू की हैं। पीएफसी ने सभी कारोबारी कार्यों के एकीकरण, प्रचालनात्मक उत्कृष्टता के लिए पीएफसी की प्रतिबद्धता दर्शाते हुए सभी कारोबारी कार्यों को एकीकृत करने के लिए विभिन्न आईटी सेवाएं और आवासीय ईआरपी अनुप्रयोग प्रणाली प्रदान करते हुए अत्याधुनिक डेटा सेंटर कार्यान्वित किया है।

डिजिटल परिवर्तन और ईआरपी कार्यान्वयन

एमएस यूनिट ने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए निर्धारित आईटी रोडमैप के अनुसार एक पूर्ण डिजिटल परिवर्तन लाने के लिए पहल की है, जो कि महारत्न होने के मानकों को दर्शाने के लिए पीएफसी के लिए सहायक हो सके। इसके भाग के रूप में, सर्वाधिक महत्वकांक्षी परियोजना एक व्यापक आईटी ईआरपी प्लेटफार्म को कार्यान्वित करने के लिए है, जिससे कि एक सत्यता के स्रोत के रूप में यह प्रक्रियाओं और सेवाओं का पूर्ण एकीकरण और डिजिटलाइजेशन सुनिश्चित हो सके। वर्तमान में ईआरपी प्लेटफार्म कार्यान्वयन की अवस्था में है और कुछ मॉड्यूलों को यूजर के अनुभव के लिए जारी किया गया है।

डिजिटल पहुंच में वृद्धि - ऑनलाइन ऋणदाता सेवाएं

डिजिटल युग में, सूचना प्रौद्योगिकी को यह सुनिश्चिय करने के लिए उपयोग में लाया गया है कि ऋणदाताओं के ग्राहक अनुभव में वृद्धि के लिए समय पर सूचना साझा हो सके। पीएफसी ने ऑनलाइन ऋणदाता पोर्टल कार्यान्वित किया है, जिसके माध्यम से वितरण ब्यौरे, ऋण लेजर, बकाया प्राप्ति, बकाया ब्यौरे और वापसी ब्यौरे आदि ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराए जाते हैं, जिन्हें तुरंत सूचना प्रसार के लिए प्राप्त किया जा सकता है। इस पोर्टल के माध्यम से, ऋणदाता के पास तुरंत अपने ऋण डेटा प्राप्त करने की सुविधा होती है बल्कि उससे उन्हें आगे की कार्रवाई समय पर करने के लिए योजना मिल सकती है।

कारोबारी स्वचलन और पेपरलेस कार्यालय

पीएफसी अपने कार्मिकों को प्रभावी कारोबारी कार्यों की पूर्ति के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए निरंतर अग्रसर कर रहा है। ऑनलाइन बैठकों के लिए सहयोगकारी उपायों के कार्यान्वयन, सक्षम फाइल प्रस्तुत करने का ई-ऑफिस समाधान, बोर्ड पैक के माध्यम से पेपरलेस डिजिटल बोर्ड बैठकें और पेपरलेस कार्मिक दावे पीएफसी के हरित बनने के प्रयासों को दर्शाने वाली कुछ पहलें हैं।

मजबूत साइबर सुरक्षा उपायों का अंगीकरण

पीएफसी ने अपनी आईटी परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए एक व्यापक साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क विकसित किया है। पीएफसी ने साइबर सुरक्षा व्यवस्थाओं में वृद्धि के लिए पर्याप्त पहल की है। पीएफसी ने एंटी-एपीटी उपकरण, नेक्सट जनरेशन फायरवाल, आईपीवी 6 को साइबर सुरक्षा व्यवस्था में वृद्धि के लिए कार्यान्वित किया है और साथ ही, सक्रिय साइबर सुरक्षा संरक्षण के लिए मैनेज्ड डिटेक्सन एंड रेस्पोंस सर्विसेज भी प्रदान की है। विद्युत मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार, एक जागरुक साइबर सुरक्षा वातावरण बनाने के लिए पीएफसी में माह के हर पहले बुधवार को साइबर जारूकता दिवस आयोजित किया जा रहा है।

पीएफसी द्वारा वित्तपोषित कवलधारा, महाराष्ट्र में 76 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजना

कारोबार में निरंतरता सुनिश्चित करना

कारोबार में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए पीएफसी के कारोबार संचालन की सुरक्षा करना महत्वपूर्ण है। एक लक्ष्य की उपलब्धि के रूप में, पीएफसी ने एक निजी क्लाउड पर एक आपदा वसूली साइट स्थापित की है, जिसे एक अलग भूकंपीय क्षेत्रों में मौजूदा डेटा सेंटर सेट-अप को दोहराने के लिए अत्यधिक सुरक्षित माना जाता है। इससे पीएफसी द्वारा किसी भी आपदा या साइबर सुरक्षा घटनाओं के दौरान अपना कारोबारी प्रचालन जारी रखा जा सकता है। यह महत्वपूर्ण उपाय पीएफसी की संधारणीयता और लचीलेपन के लिए प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

पीएफसी वेबसाइट और ज्ञान साझाकरण

पीएफसी की द्विभाषी वेबसाइट का भारत सरकार की वेबसाइटों के लिए दिशानिर्देश के अनुसार अद्यतन सूचना के साथ रखरखाव किया जाता है। बाहरी हितधारकों की सूचना आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूर्णतः उन्नत वेबसाइट को और अधिक जानकारीपूर्ण बनाया गया है।

कारोबारी विश्लेषण

कारोबारी आसूचना और रिपोर्टिंग आवश्यकताओं के लिए एमआईएस पोर्टल निर्णय लेने में सहायता के लिए मौजूद है। पोर्टल को अधिक कारोबारी मैट्रिक्स के साथ नियमित रूप से समृद्ध किया गया है।

ज्ञान साझाकरण पोर्टल

पीएफसी में विभिन्न कार्यों को देखने वाले कार्मिकों के बीच अपने डोमेन की जानकारी साझा करने के लिए एक सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है, जिसे ज्ञान साझाकरण, पारस्परिक प्रशंसा और कार्मिकों के बीच सकारात्मक संबंधों के निर्माण के लिए पीपल नाम दिया गया है।

सांविधिक निकायों द्वारा जारी दिशानिर्देशों की अनुपालना

पीएफसी में विभिन्न सांविधिक एवं नियामक निकायों द्वारा जारी अनुपालना दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन और कार्यान्वयन किया गया है। एनबीएफसी के लिए मास्टर निर्देशों के तहत आरबीआई द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार आईटी रणनीति समिति का गठन किया गया है, आईटी नीति को लागू किया गया है और वार्षिक आधार पर नियमित रूप से आईटी लेखापरीक्षा की जा रही है। विभिन्न सांविधिक और नियामक निकायों जैसे मंत्रालय, आरबीआई, विद्युत मंत्रालय, एनसीसीसी, एनसीआईआईपीसी आदि द्वारा जारी सूचना प्रौद्योगिकी के संबंध में किए गए सभी दिशानिर्देशों और विनियमों को लागू किया गया है और पीएफसी द्वारा उनका कड़ाई से पालन किया गया है।

इन कार्यनीतिक आईटी पहलों के माध्यम से पीएफसी निरंतर ईएसजी सिद्धांतों के प्रति अपना अटूट समर्पण जारी रखता है। सतत विकास, प्रचालनात्मक क्षमता और जिम्मेदार निगमित प्रथाओं के लिए योगदान देता है।

24. सतर्कता तंत्र की स्थापना

एक मजबूत सतर्कता तंत्र की स्थापना पर्यावरण, सामाजिक और शासन (एएसजी) सिद्धांतों के लिए आपकी कंपनी की प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण पहलु है। इस तंत्र में उचित प्रथाओं, आचार संहिता, आंतरिक लेनदेन की रोकथाम, धोखाधड़ी की रोकथाम, संबंधित पक्षकार लेनदेन, सार्वजनिक खरीद और एक व्यापक व्हिसल ब्लोअर नीति सहित कई कोड और नीतियां शामिल हैं। ये उपाय पारदर्शी, जबावदेह और नैतिक कारोबारी प्रथाओं की ओर संगठन का ध्यान आकर्षित करते हैं।

सतर्कता तंत्र की प्रभावकारिता को इसकी पहुंच और स्पष्टता के द्वारा दर्शाया जाता है। प्रासंगिक सूचना के साथ इन कोडों और नीतियों का विवरण निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर आसानी से उपलब्ध है। यह न केवल मुक्त संचार के लिए आपकी कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि हितधारकों को संगठन को नियंत्रित करने वाले सिद्धांतों को समझने और आकर्षित करने के लिए सशक्त बनाता है।

25. शिकायत निवारण

पीएफसी में व्यापक पैमाने पर जनता की शिकायतों का निपटान करने के लिए एक शिकायत निवारण प्रणाली है और भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, कंपनी ने अपने कार्मिकों की शिकायतों की निवारण करने के लिए एक शिकायत निवारण समिति भी गठित की है।

इस प्रणाली की पारदर्शिता और सुलभता पीएफसी के जिम्मेदार शासन दृष्टिकोण के प्रमुख सिद्धान्त हैं। जन शिकायतों की स्थिति पीएफसी वेब पोर्टल पर खुले तौर पर उपलब्ध हैं, जो सभी हितधारकों के लिए सुलभ है।

इसकी सुलभता के लिए लिंक इस प्रकार है:

https://pfcindia.com/DocumentRepository/ckfinder/files/Statutory_Requirements/Status_of_Public_Grievances/PFC%20CPGRAMS%20Report.pdf

प्रणालियों को विधिवत अधिसूचित किया जाता है और नोडल अधिकारी अनुमत सीमा के भीतर शिकायतों का तेजी से निपटान सुनिश्चित करते हैं। पारदर्शिता के लिए पीएफसी की प्रतिबद्धता के अपनी कारोबारी प्रथाओं का स्पष्ट संचार सुनिश्चित करते हुए अपने नागरिक चार्टर के माध्यम से और भी विस्तार प्रदान किया गया है। यह चार्टर पीएफसी की वेबसाइट पर आसानी से सुलभता के साथ उपलब्ध है।

26. सांविधिक और अन्य सूचना

कपंनी अधिनियम, 2013, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 और सीपीएसई के लिए निगमित शासन पर डीपीई के दिशा-निर्देश और अन्य लागू सांविधिक/प्रावधान के अनुसार प्रस्तुत की जाने वाली आवश्यक सूचना इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है जो निम्नानुसार दी गई हैं:

विवरण	अनुलग्नक
प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट	क
एकीकृत रिपोर्टिंग	ख
निगमित शासन पर रिपोर्ट	ग
व्यवसाय दायित्व और संधारणीयता रिपोर्ट	घ
सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट	ङ.
सीएसआर गतिविधियों से संबंधित वार्षिक रिपोर्ट	च
संबंधित पक्षकार (एओसी-2) के साथ कंपनी द्वारा की गई संविदाओं/व्यवस्थाओं के विवरण का प्रकटीकरण	छ
डिबेंचर ट्रस्टियों का ब्यौरा	ज

ऊर्जा संरक्षण 2022 पर राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार समारोह में श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के साथ श्री आर.एस. ढिल्लों, पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री राजीव रंजन झा, निदेशक (परियोजना)।

27. आभार

निदेशक मंडल, भारत सरकार विशेष रूप से विद्युत मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, राज्य सरकारों, भारतीय रिजर्व बैंक, लोक उद्यम विभाग, नीति आयोग, दीपम, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय और केंद्र तथा राज्य स्तर पर अन्य संबंधित सरकारी विभागों/एजेंसियों इत्यादि द्वारा कंपनी को दिए गए मार्गदर्शन, सहयोग और प्रोत्साहन के लिए हार्दिक आभार करता है।

कंपनी, भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक और सांविधिक लेखापरीक्षकों, आरबीआई लेखापरीक्षकों और सचिवीय लेखापरीक्षकों तथा बैंकरों का भी उनके सृजनात्मक सुझावों और सहयोग के लिए धन्यवाद करती है।

निदेशक मंडल शेयरधारकों, निवेशकों और ग्राहकों के प्रति उनके द्वारा पीएफसी पर लगातार व्यक्त किए गए विश्वास और भरोसे के लिए अपना आभार व्यक्त करता है। अंत में आपका निदेशक मंडल कार्मिकों को उनके निरंतर समर्थन और उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन सुनिश्चित करने में योगदान के लिए धन्यवाद देना चाहता है।

परमिंदर चोपड़ा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 08530587

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 21 अगस्त, 2023

प्रबंधन के साथ विचार-विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुलग्नक-क

पिछला वर्ष पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) के लिए सुदृढ़ कार्य-निष्पादन का रहा है। आर्थिक माहौल पहले की तुलना मे अधिक आशाजनक दिखाई देता है और यह माना जाता है कि यह विद्युत क्षेत्र में पूंजीगत व्यय में वृद्धि जारी रहेगी।

कंपनी (पीएफसी) के प्रबंधन को वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कंपनी के कार्य-निष्पादन सहित उद्योग परिदृश्य पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है।

(क)उद्योग संरचना और विकास

भारत वैश्विक ऊर्जा अर्थव्यवस्थाओं में एक बड़ी ताकत के रूप में उभर कर आया है। चूंकि दुनिया जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना कर रही है और भारत इस चुनौती से निपटने के लिए वैश्विक प्रतिक्रिया के अनुरूप अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए विद्युत क्षेत्र में विकास के प्रति भारत का दृष्टिकोण हरित उत्पादन की ओर बदलाव की वैश्विक मांग के अनुरूप है। इस संबंध में भारत वर्ष 2005 के स्तर से 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करने और वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित संसाधनों से लगभग 50 प्रतिशत संचयी विद्युत शक्ति स्थापित क्षमता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

वर्ष 2005 और 2022 के बीच, प्रति व्यक्ति विद्युत की खपत भारत में 631 यूनिट से दोगुनी होकर 1255 यूनिट हो गई है, जिससे यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा विद्युत बाजार बन गया। कोविड-19 महामारी की शुरुआत होने से देश के ऊर्जा विकास की गति अस्थायी रूप से धीमी हो गई है। तथापि, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान यह देखने में आया कि वास्तविक विद्युत परिदृश्य कोविड महामारी से सामान्य स्थिति में लौटने का संकेत दे रहा है, क्योंकि विद्युत की खपत हाल के दिनों में सामने आए रुझानों की तुलना में अधिक है। स्थायी आर्थिक विकास होने की संभावना के साथ ही मांग बढ़ने की भी संभावना है।

भारत सरकार ने सतत औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए विद्युत क्षेत्र की एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में पहचान की है। भारतीय विद्युत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा की गई कुछ पहलें इस प्रकार हैं:

- केंद्रीय बजट 2022-23 में सरकार ने उच्च दक्षता के सौर मॉड्यूलों के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक पीएलआई योजना के लिए ₹19,500 करोड़ का आबंटन किया था। सरकार ने सोवरन ग्रीन बॉण्ड जारी करने और साथ ही ग्रिड स्तरीय बैटरी प्रणालियों सहित ऊर्जा भंडारण प्रणालियों को इंफ्रास्ट्रक्चर का दर्जा प्रदान करने की घोषणा की।
- देश में विद्युतीकरण दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजेवाई), उज्जवल डिस्कॉम आश्वासन योजना (उदय) और एकीकृत विद्युत विकास योजना (आईपीडीएस) जैसी योजनाओं से सहायता के साथ बढ़ रहा है।
- भारत के 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को पूरा करने के लिए और कोयले की मांग-आपूर्ति अंतर की वार्षिक समस्या से निपटने के लिए, विद्युत मंत्रालय ने 81 थर्मल यूनिटों की पहचान की है, जिनमें वर्ष 2026 तक कोयले के स्थान पर नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना सौभाग्य को भारत सरकार द्वारा सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण का लक्ष्य हासिल करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।

वर्ष 2022-2027 तक की अवधि के लिए कुल निधिगत आवश्यकता ₹14,54,188 करोड़ होने का अनुमान है, जिसमें वर्ष 2027-2032 तक के दौरान चालू की जाने वाली संभावित परियोजनाओं के लिए अग्रिम कार्रवाई हेतु वर्ष 2022-27 के दौरान होने वाला संभावित व्यय भी शामिल है। वर्ष 2027-2032 तक की अवधि के लिए कुल निधि की आवश्यकता अनुमानित ₹19,06,406 करोड़ है। इस निधिगत आवश्यकता में दिनांक 31.03.2032 के बाद चालू होने वाली परियोजनाओं के लिए अग्रिम कार्रवाई शामिल नहीं है।

वर्ष 2022-2027 तक की अवधि के लिए निधिगत आवश्यकता के अनुमान के आधार पर और क्षेत्र-वार इक्विटी अंशदान पर विचार करते हुए, अनुमान है कि डेवलपर को कुल ₹10,90,641 करोड़ के ऋण की व्यवस्था करनी होगी।

उत्पादन

संस्थापित क्षमता

31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार, कुल संस्थापित क्षमता 416059 मेगावाट थी। तापीय स्रोतों का एक प्रमुख हिस्सा करीब 57% (237268.91 मेगावाट), हाइड्रो का करीब 11% (46850.17 मेगावाट), नवीकरणीय ऊर्जा करीब का 30% (125159.81 मेगावाट), और नाभिकीय का हिस्सा करीब 2% (6780.00 मेगावाट) जारी रहा है। संस्थापित क्षमता राज्य क्षेत्र में करीब 25% (105726.43 मेगावाट), निजी क्षेत्र में करीब 51% (210278 मेगावाट) और केंद्रीय क्षेत्र में करीब 24% (100054.93 मेगावाट) रही है।

देश में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से उत्पादन की महत्वपूर्ण संभाव्यता है। भारत सरकार द्वारा इस संभाव्यता का उपयोग करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में पर्याप्त वृद्धि होने और पवन फार्मों से अधिक आउटपुट (पवन गति में सुधार होने के कारण) के साथ ही कोयला/लिग्नाइट आधारित संयंत्रों का योगदान वर्तमान स्तरों से कम होने की संभावना है। राष्ट्रीय विद्युत योजना 2023 के तहत, गैर-जीवाश्म आधारित क्षमता का हिस्सा, 2026-27 के अंत तक 57.4% तक बढ़ने की संभावना है और वर्ष 2031-32 तक आगे 68.4% तक बढ़ने की संभावना है।

देश में समग्र उत्पादन (ग्रिड कनेक्टेड नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से उत्पादन सहित) वर्ष 2021-22 के दौरान 1491.859 बीयू से 8.89% तक बढ़कर

वर्ष 2022-23 के दौरान 1624.465 बीयू हो गया। वर्ष 2022-23 के दौरान श्रेणी-वार उत्पादन का कार्य-निष्पादन निम्नानुसार है:

तापीय ऊर्जा वृद्धि	8.21%
नाभिकीय ऊर्जा वृद्धि	2.66%
जल विद्युत वृद्धि	6.91%
भूटान से आयात में कमी	10.02%
सौर, पवन और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत में वृद्धि	19.10%

भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में वृद्धि भारतीय सरकार से मजबूत नीतिगत सहायता के साथ-साथ पर्यावरणीय, सामाजिक और शासन (ईएसजी) कारकों पर अधिक बल के साथ और परिसंपत्तियों पर आकर्षक प्रतिफल से निवेशक हित बढ़ने के कारण हो सकती है। बाजार में पेंशन फंड, सोवरन वेल्थ फंड, प्राइवेट इक्विटी फंड जैस व्यापक श्रेणी के वैश्विक निवेशकों और समूहों को आकर्षित किया है, जिन्होंने भारत में उपस्थिति स्थापित की है।

पिछले कुछ वर्षों से नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भागीदारों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तरों से ऋण जुटाने के लिए अपेक्षाकृत आसानी हुई है। यह भागीदारों की ऋण साख में सुधार आने और मध्यावधि के दौरान ब्याज दरों में एक सामान्य कमी आने के कारण है। भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा भागीदारों द्वारा घरेलू ऋणों, घरेलू बॉण्डों, विदेशी वाणिज्यिक ऋणों (ईसीबी) और ग्रीन बॉण्डों सहित निधि जुटाव के लिए विभिन्न अवसरों की तलाश की गई है।

नवीन और नवोन्मेषी वित्तपोषण संरचनाओं के आने से ऋणदाताओं की आकांक्षाओं में सहायता मिली है। इनमें अनेक परियोजनाओं, नकदी जुटाव और सह-बाध्यकारी संरचनाओं के बीच क्रॉस-कोलेटराइजेशन शामिल है। इसके अतिरिक्त, मजबूत संस्थाओं अथवा संस्थानों द्वारा प्रदान की गई आंशिक अथवा पूर्ण गारंटियों के माध्यम से ऋण वृद्धि की गई है।

पारेषण

पारेषण प्रणाली उत्पादन स्टेशनों और वितरण प्रणाली के बीच महत्वपूर्ण लिंक के माध्यम से उपभोक्ताओं को विद्युत की आपूर्ति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कोयला, हाइड्रो और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे ऊर्जा संसाधनों का भारत में असमान रूप से वितरण है। संसाधनों के इस असमान वितरण से विद्युत के अधिशेष से कमी के क्षेत्रों की ओर आसान अंतरण के लिए अंतर-क्षेत्रीय कॉरिडोरों की स्थापना सहित मजबूत पारेषण प्रणाली का विकास आवश्यक हो गया है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, 14625 सीकेएम (सर्किट किलोमीटर) की पारेषण लाइनें जोड़ी गई हैं जिसमें 765 केवी की 1655 सीकेएम, 400 केवी की 3772 सीकेएम और 220 केवी की 9198 सीकेएम लाइनें शामिल हैं।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान क्षेत्र-वार पारेषण लाइनों की उपलब्धि इस प्रकार है:

(सीकेएम) में

केंद्रीय क्षेत्र	3926
राज्य क्षेत्र	6816
संयुक्त उद्यम/निजी क्षेत्र	3883

आपकी कंपनी ने अपनी सहायक कंपनी, पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड के माध्यम से निजी क्षेत्र भागीदारी के माध्यम से पारेषण प्रणाली के विकास और सुदृढ़ीकरण के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया (टीबीसीबी) शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य भारत में पारेषण क्षमताएं विकसित करना और ऐसी परियोजनाएं विकसित करने के बाद संभावित निवेशकों को प्रारंभिक सर्वेक्षण कार्य की अवस्था में लाना, मार्ग की पहचान करना, सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करना, सब-स्टेशनों के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया, यदि कोई हो, शुरू करना, यदि आवश्यक हो तो वन मंजूरी की प्रक्रिया शुरू करना आदि है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, पारेषण परियोजनाओं के विकास के लिए स्थापित किए गए 6 एसपीवी को टीबीसीबी के माध्यम से चुने गए सफल बोलीदाताओं को अंतरित किया गया है।

वितरण

वितरण क्षेत्र विद्युत क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है, जो क्षेत्र को समग्र स्थायित्व प्रदान करने के लिए राजस्व प्राप्ति को व्यवस्थित करता है। डिस्कॉमों की प्रचालनात्मक और वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए, सरकार ने वर्ष 2021 में संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) और 2022 में विलंब भुगतान अधिभार (एलपीएस) योजना शुरू की है।

संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस)

विद्युत मंत्रालय द्वारा एक सुधार आधारित और परिणाम संबद्ध वितरण क्षेत्र योजना शुरू की गई है ताकि डिस्कॉमों की प्रचालनात्मक क्षमताओं और वित्तीय स्थायित्व में सुधार लाया जा सके।

योजना के उद्देश्य इस प्रकार हैं:

- एक वित्तीय रूप से सुस्थिर और प्रचालनात्मक क्षमता के वितरण क्षेत्र के माध्यम से उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और किफायतता में सुधार लाना;
- वर्ष 2024-25 तक 12-15% के अखिल भारत स्तरों तक एटी एंड सी हानियां कम करना और वर्ष 2024-25 तक एसीएस-एआरआर अंतर को शून्य तक कम करना।

पीएफसी और इसकी सहायक कंपनी आरईसी लिमिटेड उक्त योजना के प्रचालन के लिए निर्दिष्ट नोडल एजेंसियां हैं। योजना के कार्यान्वयन की अवधि 5 वर्षों (वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्तीय वर्ष 2025-26) तक की है।

आरडीएसएस में केंद्र सरकार से ₹97,631 करोड़ की अनुमानित सकल बजटीय सहायता के साथ ₹3,03,758 करोड़ का परिव्यय है।

विलंब भुगतान अधिभार नियमावली, 2022

विद्युत मंत्रालय ने 3 जून, 2022 की राजपत्र अधिसूचना के तहत विद्युत (विलंब भुगतान अधिभार और संगत मामले) नियमावली, 2022 (एलपीएस नियमावली) अधिसूचित की है। इन नियमों के तहत उत्पादन कंपनियों, अंतर राज्य पारेषण लाइसेंसधारकों और विद्युत व्यापार लाइसेंसधारकों की बकाया देय राशियों के निपटान के लिए एक व्यवस्था प्रदान की गई है।

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) को विद्युत मंत्रालय द्वारा एलपीएस नियमावली, 2022 के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। पीएफसी नियमित समीक्षा और मॉनीटरिंग सहित उक्त नियमों के कार्यान्वयन से संबंधित सभी गतिविधियों के लिए जिम्मेदार होगी।

नियमों के प्रचालन के लिए, प्राप्ति पोर्टल (पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड द्वारा विकसित और प्रबंधित) एक सूचना पोर्टल के रूप में काम करता है, जिसमें कि सप्लायर इनवॉइस का ब्यौरा डालते हैं और डिस्कॉम द्वारा उससे संबंधित भुगतान राशि अपडेट की जाती है ताकि देश में विद्युत बिलों की इनवाइस और भुगतान ट्रेकिंग सुनिश्चित हो सके। प्राप्ति पर उपलब्ध सूचना के आधार पर, एलपीएस नियमावली, 2022 के तहत ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा चूककर्ता डिस्कॉम पर नियंत्रण लगाए जाते हैं।

विद्युत (एलपीएस और संगत योजना) नियमावली, 2022 के कार्यान्वयन के साथ ही, उत्पादन कंपनियों, पारेषण कंपनियों और व्यापारियों सहित सप्लायरों की बकाया राशि की वसूली के लिए उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। दिनाकं 03.06.2022 तक, ₹1,39,747 करोड़ की बकाया पुरानी देय राशि में से, 13 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने ₹69,790 करोड़ (12 ईएमआई) की किस्त का भुगतान किया है। इन 13 राज्यों में से 11 राज्यों के डिस्कॉमों ने पीएफसी/आरईसी से ऋणों (₹1,05,065 करोड़ का कुल ऋण संस्वीकृत) का विकल्प दिया है। इसके अलावा, 20 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने दिनांक 03.06.2022 तक, कोई बकाया नहीं होने की सूचना दी है।

एलपीएस नियम, 2022 के तहत विनियमों को देखते हुए, वितरण कंपनियां समय पर अपनी वर्तमान बकाया राशि का भुगतान कर रही हैं। नियम के कार्यान्वयन के बाद से, दिनांक 24 जुलाई, 2023 तक, ₹4,85,041 करोड़ राशि के कुल बिलों का निपटान हो गया है, जबकि कुल बिल राशि ₹5,60,366 करोड़ की थी (पुरानी बकाया राशि में ईएमआई भुगतान को छोड़कर और विवादित इनवॉइस सहित)।

इंफ्रास्ट्रक्चर वित्तपोषण

चूंकि इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र आगे बढ़ रहा है, अतः उसका वित्तपोषण भारत में एक मजबूत क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। भारत की जी20 अध्यक्षता के कारण देश के लिए अपने इंफ्रास्ट्रक्चर एजेंडा को आकार देने और वैश्विक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में आगे बढ़ने का अवसर मिला है। वर्ष 2025 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करने के उद्देश्य से, भारत अपनी उच्च विकास दर को बनाए रखने में इंफ्रास्ट्रक्चर की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानता है। अपनी युवा आबादी, बढ़ते मध्यम वर्ग और विशाल घरेलू बाजार को देखते हुए वैश्विक निवेशक इंफ्रास्ट्रक्चर निवेशों के लिए एक पसंदीदा स्थान के रूप में भारत की ओर खिंचते चले आ रहे हैं। भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर वित्तपोषण परिदृश्य, प्राइवेट इक्विटी की उपलब्धता, मजबूत विनियामक व्यवस्था, प्रतिस्पर्धी ऋण वित्तपोषण और नवोन्मेषी वित्तपोषण संरचना जैसे इनविट्स (इंफ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट्स) के साथ परिपक्व हो रहा है।

बदलते कारोबारी परिवेश में उभरते अवसरों में संभावित तालमेल रखने के लिए और अपनी वित्तपोषण एवं विकास जरूरतों को पूरा करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की सुविधा हेतु भारत सरकार ने अपनी कंपनी का लॉजिस्टिक और इंफ्रास्ट्राक्चर क्षेत्रों को ऋण देने के लिए अपनी सहमति प्रदान कर दी है। 31 मार्च, 2023 तक पीएफसी ने करीब ₹16,647 करोड़ संस्वीकृत किए हैं और विलवणीकरण संयंत्रों, बंदरगाहों, मेट्रो रेल आदि के नए क्षेत्रों को करीब ₹1,016 करोड़ का ऋण संवितरित किया है।

(ख) अवसर और जोखिम

अवसर

आपकी कंपनी ने महारत्न का दर्जा मिलने के साथ ही, अधिक प्रचालनीय और वित्तीय स्वायत्ता अर्जित की है और पीएफसी बोर्ड को वित्तीय संयुक्त उद्यमों और पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनियों को अधिग्रहित करने, विलय करने और भारत व भारत से बाहर अधिग्रहण करने के लिए इक्विटी निवेश करने जैसे विभिन्न वित्तीय निर्णय लेने हेतु अधिक शक्तियां प्रदान की हैं। बोर्ड कार्मिक और मानव संसाधन प्रबंधन तथा ट्रेडिंग के संबंध में भी योजनाएं बना सकता है और कार्यान्वित कर सकता है। वे प्रौद्योगिकी संयुक्त उद्यमों अथवा अन्यों के साथ अन्य कार्यनीतिक गठबंधन भी कर सकते हैं।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, पीएफसी ने अपने कारोबारी क्षेत्र में लॉजिस्टिक और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों के लिए भी वित्तपोषण को शामिल किया है। यह एक महत्वपूर्ण निर्णय था, जो पीएफसी के दीर्घावधि कारोबारी विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। यह विचार न केवल विद्युत से इंफ्रास्ट्रक्चर की ओर रुख करने के लिए है, बल्कि इससे धीरे-धीरे समय के साथ-साथ, विद्युत क्षेत्र के परिपक्व होने पर एक अलग कारोबारी क्षेत्र तैयार होगा।

भारत की बढ़ती आबादी और आर्थिक विकास की मांगों को पूरा करने के लिए, परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर में पर्याप्त निवेश आवश्यक है। वर्ष 2023-24 में समग्र कैपेक्स के लिए बजट में 33% की महत्वपूर्ण वृद्धि के साथ यह ₹10 लाख करोड़ (122 बिलियन यूएस डॉलर) हो गया है, जो जीडीपी का करीब 3.3% है। इसके अतिरिक्त, इंफ्रास्ट्रक्चर वित्त सचिवालय की स्थापना का उद्देश्य रेलवे, सड़कों, शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर और विद्युत सहित विभिन्न क्षेत्रों में निजी निवेश के अवसरों में सुविधा प्रदान करना है।

नीतिगत सुधारों, केंद्रीय और राज्य प्राधिकरणों द्वारा परियोजना अवार्ड करने में वृद्धि होने और पूर्ण हुई परियोजनाओं की हिस्सेदारी की बिक्रियों के माध्यम से पूंजीगत पुनर्चक्रण के कारण भारत में अधिकांश इंफ्रास्ट्रक्चर संस्थाओं के बावजूद पिछले वर्षों में सुधार देखा गया है। दुनिया भर में बढ़ती आर्थिक और राजनैतिक अनिश्चितता की पृष्ठभूमि में, इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की स्थिरता और लचिलापन जलवायु लक्ष्यों में योगदान करते हुए और अधिक मजबूत व समावेशी इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए दीर्घकालिक पूंजी के लिए आशा की एक किरण लाई है।

अनुमोदन मिलने के बाद से, पीएफसी ने पहले ही करीब ₹16,650 करोड़ संस्वीकृत किए हैं और करीब ₹1,000 करोड़ का संवितरण किया है। ये निधियां बंदरगाहों, सिंचाई और फाइबरनेट जैसी परियोजनाओं के लिए निर्धारित की गई है।

पीएफसी की दीर्घावधि कारोबारी कार्यनीति

- पारंपरिक क्षेत्रों में हिस्सेदारी बनाए रखकर और उभरते विद्युत क्षेत्रों के साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों में पोर्टफोलियों का विस्तार करके ऋण वृद्धि करना।
- बदलते ग्राहक मिश्रण को पूरा करने के लिए अलग-अलग सेवक, नवोन्मेषी उत्पादक और मौजूदा प्रक्रियाओं को पुनः तैयार करके लेखा प्रबंधन और ग्राहक अनुभव सिद्धांतों में आमूल परिवर्तन लाना।
- 54 ईसी बॉण्डों का हिस्सा बढ़ाकर एमडीबी ऋणों को प्राप्त करने के लिए एक समर्पित टीम शुरू करना, हेजिंग कार्यनीति को पुनः तैयार करना और संसाधन जुटाने की प्रक्रिया को ठीक करके निधियों की लागत को अनुकूल करना।
- नेट जीरो हासिल करने के लिए नोडल एजेंसी बनने की स्थिति, निधियों की लागत कम करने के लिए अंतरिम रूप से तत्काल वितरण करना।
- पीएफसीसीएल को नेट जीरो/नए ऊर्जा क्षेत्रों में एक विचारशील नेतृत्व प्रदान करने और इन क्षेत्रों में बाजार गतिविधियों में पीएफसी की सहायता करने का उद्देश्य पुनः तय करना।
- पीएफसी को अपने प्रमुख उद्देश्यों के अनुसार पुनः अनुकूल बनाना।
- नए प्रतिभावान संसाधनों का दोहन करना और कार्य-निष्पादन प्रबंधन प्रणाली में सुधार लाना।

आशंका, जोखिम और चिंताएं

इस तथ्य के बावजूद कि पीएफसी विद्युत क्षेत्र में एक मजबूत वित्तीय भागीदार है, इसका कारोबार जोखिमों से रहित नहीं है। कंपनी अपने प्रचालनों की प्रकृति को देखते हुए सक्रिय रूप से जोखिम की पहचान करती है और उनका सामना करने के लिए तथा उनका प्रबंधन करने के लिए समय पर कार्रवाई करती है। आपकी कंपनी के समक्ष आने वाले जोखिम और चिंताए इस प्रकार हैं

क्रेडिट जोखिम

क्रेडिट जोखिम में ऋणकर्ता की ऋण गुणवत्ता में कमी से होने वाली हानि के जोखिम के साथ-साथ यह जोखिम भी शामिल रहता है कि ऋणकर्ता ऋण या अग्रिम के तहत अनुबंध के संबंध में सभी चूक करेगा। आपकी कंपनी क्रेडिट जोखिम का आकलन करने और कम करने की एक सुव्यवस्थित संस्थागत और परियोजना मूल्यांकन प्रक्रिया का अनुसरण करती है। इन प्रक्रियाओं में एक विस्तृत मूल्यांकन प्रणाली, जोखिमों की पहचान और क्रेडिट जोखिम कम करने के उपायों की उचित संरचना तैयार करना शामिल है।

लिक्विडिटी जोखिम

लिक्विडिटी जोखिम मुख्यतः कंपनी की परिसंपत्तियों और देयताओं से संबद्ध परिपक्वता असंतुलन से संबंधित होते हैं। लिक्विडिटी जोखिम में परिसंपत्तियों के लिए निधि और वित्तीय स्रोतों के अनियोजित परिवर्तन का प्रावधान करना और जरूरत पड़ने पर दायित्वों की पूर्ति करना शामिल है। इसमें हमें अनुकूल शर्तों पर निधि जुटाने अथवा परिसंपत्तियों का परिसमापन करने की जरूरत पड़ सकेगी। हम अनुमानित वितरणों और परिपक्वता दायित्वों के आधार पर दूरदर्शी संसाधन जुटाने सहित मिश्रित कार्यनीतियों के माध्यम से लिक्विडिटी जोखिम का प्रबंधन करते हैं।

विदेशी मुद्रा विनिमय जोखिम

विदेशी मुद्रा विनिमय जोखिम में मुद्राओं में विनिमय दरों में बदलाव शामिल होता है, जिसमें विदेशी मुद्रा में अंकित परिसंपत्तियों के मूल्य, देयताओं और ऑफ बैलेंस शीट व्यवस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। हमारे विदेशी मुद्रा ऋण हमारी विदेशी मुद्रा विनिमय दर जोखिम में आ सकती हैं। विदेशी मुद्रा जोखिमों का प्रबंधन विदेशी मुद्रा में ऋण देकर और बैंकों, जो अधिकृत डीलर हैं, द्वारा प्रस्तावित डेरिवेटिव उत्पादों (जैसे करेंसी फॉरवर्ड, विकल्प, केवल मूलधन की अदला-बदली, ब्याज दर परिवर्तन और फॉरवर्ड दर करार) के माध्यम से किया जाता है।

कानूनी जोखिम

हमारे ऋणदाताओं की बाध्यता के संबंध में अनुबंधों को लागू करने में अनिश्चितता होने से कानूनी जोखिम उत्पन्न होते हैं। यह संविदा संबंधी बाध्यताओं को लागू करने की प्रक्रिया में विलंब अथवा लागू करने में कठिनाई के कारण हो सकती है। हम ऐसे कानूनी दस्तावेज के माध्यम से कानूनी जोखिम को न्यूनतम करने का प्रयास करते हैं, जिन्हें हमारे अधिकाधिक संभव हितों के संरक्षण के लिए तैयार किया जाता है।

ब्याज दर जोखिम

ब्याज दरें परिवर्तनीय होती हैं और ऋण की लागत, बाजार में लिक्विडिटी, प्रतिस्पर्धी की दरों, बैंचमार्क में बदलाव, जैसे एए बॉण्ड/जीएसईसी प्राप्ति और आरबीआई नीति परिवर्तन सहित विभिन्न आंतरिक और बाहरी कारकों पर निर्भर करती है। बाजार की ब्याज दरों में बदलाव होने से कंपनी की वित्तीय स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कंपनी के समक्ष आ रहे प्राथमिक ब्याज दर संबंधी जोखिम समय संबंधी भिन्नताओं से होते हैं। ब्याज दर के जोखिमों को ब्याज पर संवेदनशीलता अंतराल विवरणों के विश्लेषण द्वारा और नियत व अनियत ब्याज दरों के मिश्रण से साथ परिसंपत्तियों और देयताओं के निर्माण का विश्लेषण करके प्रबंधन किया जाता है।

कानून में परिवर्तन

पीएफसी एक सूचीबद्ध सरकारी कंपनी है और कंपनी अधिनियम के तहत एक सार्वजनिक वित्तीय संस्थान है। यह आरबीआई के साथ एक जमा राशि न लेने वाली प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण एनबीएफसी के रूप में पंजीकृत है और जुलाई, 2010 में आईएफसी के रूप में पंजीकृत की गई है। इसके परिणामस्वरूप, पीएफसी पर कंपनी अधिनियम, 2013, भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड विनियम, सीपीएसई के लिए डीपीई दिशानिर्देशों, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम और दिशानिर्देश, कर विनियम, आदि जैसे विभिन्न कानून लागू होते हैं। इन कानूनों में परिवर्तन, हमारी कंपनी के परिणामों/संचालनों का प्रभावित कर सकते हैं।

(ग) खंड-वार अथवा उत्पाद-वार कार्य-निष्पादन

कंपनी का मुख्य व्यवसाय विद्युत तथा इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र को वित्तीय सहायता प्रदान करना है और कंपनी के पास अलग से कोई रिपोर्टयोग्य खंड नहीं है।

(घ) दृष्टिकोण

आपकी कंपनी एक अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) और महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (सीपीएसई) है। 1986

में स्थापित इस कंपनी ने भारत में प्रमुख विद्युत संबंधी इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसे विद्युत क्षेत्र के साथ-साथ बड़े ऋण पोर्टफोलियों और बड़े पैमाने पर संसाधन जुटाने के प्रबंधन में मजबूत विशेषज्ञता हासिल की है।

पीएफसी विद्युत क्षेत्र में नीति/योजना को कार्यान्वित करने के लिए सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम है और विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे यूएमपीपी, आरडीएसएस/ आईपीडीएस/ (आरएपीडीआरपी सहित), लिक्विडिटी इंफ्यूजन योजना (एलआईएस) और विलंब भुगतान अधिभार योजना (एलपीएस) के लिए नोडल एजेंसी और आईटीपी योजना के लिए अपनी पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी, पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड के माध्यम से बोली प्रक्रिया समन्वयक के रूप में रही है।

पीएफसी विद्युत क्षेत्र में हमारे ग्राहकों को उत्पादन (पारंपरिक और नवीकरणीय), पारेषण और वितरण परियोजनाओं के साथ-साथ संबंधित नवीकरण और आधुनिकीकरण परियोजनाओं सहित परियोजना की अवधारणा से लेकर चालू किए जाने के चरण तक वित्तीय उत्पादों और संबंधित परामर्शी तथा अन्य सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। पीएफसी विभिन्न निर्णय आधारित वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जिसमें दीर्घावधि परियोजना वित्त, अल्पकालिक ऋण, क्रेता के विभिन्न ऋण और ऋण पुनर्वित्तपोषण योजनाओं की अंडरराइटिंग के साथ-साथ ऋण वृद्धि गारंटी और चुकौती आश्वासन-पत्र सहित गैर-निधि आधारित सहायता शामिल है। आपकी कंपनी हमारी पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी के माध्यम से विद्युत क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए विभिन्न शुल्क आधारित तकनीकी सलाहकार और परामर्श सेवाएं भी प्रदान करती है।

पिछले वर्षों से पीएफसी हमेशा नवोन्मेष में आगे रही है, चाहे यह सौर, पवन, ईवी आदि जैसे उभरते क्षेत्रों में विद्युत में हो। अथवा ग्रीन बॉण्ड के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय बाजारों का उपयोग करना हो। अब इस कंपनी ने अपने काराबारों में लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर को भी शामिल कर लिया है, जो आगे चलकर हमारे भावी ऋणों के व्यवसाय का हिस्सा होगा।

(ड.) आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और इसकी पर्याप्तता

कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों अर्थात दास गुप्ता एवं एसोसिएट, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर अपनी रिपोर्ट दी है, जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि कंपनी में सभी महत्वपूर्ण मामलों में वित्तीय रिपोर्टिंग पर एक आंतरिक नियंत्रण प्रणाली मौजूद है और वित्तीय रिपोर्टिंग पर इस तरह का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन नोट में यथा उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर दिनांक 31 मार्च, 2023 तक प्रभावी ढंग से काम कर रहा था।

पीएफसी एक आईएसओ प्रमाणित कंपनी है। इन सशक्त आंतरिक नियंत्रण प्रक्रियाओं और ऋण समीक्षा तंत्रों के कारण चूकों की संख्या में कमी आई है और अंततः सभी हितधारकों का भरोसा हासिल करने में योगदान मिला है।

(च) प्रचालनात्मक कार्य-निष्पादन के संबंध में वित्तीय कार्य-निष्पादन पर चर्चा

आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान एक स्वस्थ विकास हासिल करना जारी रखा। कंपनी की कुल आय ₹39,666 करोड़ और अर्जित निवल लाभ ₹11,605 करोड़ रहा।

इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2021-22 में ₹59,350 करोड़ की नेट वर्थ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कंपनी की नेट वर्थ (शेयर पूंजी और समस्त रिजर्व) 15% बढ़कर ₹68,202 करोड़ हो गई और दिनांक 31 मार्च, 2023 तक सकल ऋण परिसंपत्तियां बढ़कर ₹4,22,498 करोड़ हो गई, जो 31 मार्च, 2022 तक ₹3,73,135 करोड़ थी।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में अर्जित परिसंपत्तियों पर ब्याज प्रसार 2.53% था और निवल ऋण इक्विटी अनुपात 5.32 गुना था, जो वित्तीय वर्ष 2021-22 में 5.38 गुणा था। प्रचालनीय मार्जिन % वित्तीय वर्ष 2021-22 में 31.60% से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 35.70% हो गया है और निवल लाभ मार्जिन % वित्तीय वर्ष 2021-22 में 25.97% था, जो बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 29.26% हो गया है।

कंपनी ने वित्तीय विवरणों को तैयार करने में, 1 अप्रैल, 2018 से, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 (यथासंशोधित) के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों ('इंड एएस') जहां तक वे लागू हैं, का पालन किया है।

(छ) मानव संसाधनों/औद्योगिक संबंधों के क्षेत्र में वास्तविक विकास

आपकी कंपनी निर्माण पर केंद्रित है और हमारे संगठनात्मक लक्ष्यों के साथ अनुकूलता के लिए हमारे कार्यबल के कौशल और ज्ञान में वृद्धि करने में महत्वपूर्ण योगदान करने हेतु निभिन्न पहल की है। कल्याणकारी उपायों के प्रभावी पैकेज के माध्यम से कार्यबल की प्रतिबद्धता सुनिश्चित की जाती है, जिसमें व्यापक बीमा, चिकित्सा सुविधाएं और अन्य सुविधाएं शामिल हैं, जो एक स्वस्थ कार्यबल का नेतृत्व करती हैं। इस अवधि के दौरान, कार्मिकों के कल्याण के लिए कई नई पहलें की गई हैं, जैसे एचओयू स्तर से नीचे के स्तर के कर्मचारियों के लिए चिकित्सा दावा प्रणाली लागू करना और कुछ कर्मचारी संबंधी प्रावधानों की समीक्षा करना शामिल है।

कंपनी में औद्योगिक संबंध बहुत ही सौहार्दपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण रहे हैं, जिसमें कार्मिक पूरी तरह से कंपनी के उद्देश्यों के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान किसी मानव दिवस की हानि नहीं हुई। 1 अप्रैल, 2022 से 31 मार्च, 2023 तक कंपनी की नामावली पर कार्मिकों की कुल संख्या 519 थी।

(ज) निगमित सामाजिक दायित्व और संधारणीय विकास (सीएसआर एंड एसडी)

आपकी कंपनी अपनी निगमित सामाजिक दायित्व और संधारणीयता विकास पहल के माध्यम से एक सामाजिक रूप से जिम्मेदार निगमित इकाई बनना चाहती है, जो सतत विकास के लिए परियोजनाएं शुरू करके बड़े पैमाने

पर समाज के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें मु ख्य रूप से समाज की विद्युत और ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

पीएफसी ने अपनी सीएसआर और संधारणीय नीति को पूरी ईमानदारी और उत्साह के साथ लागू किया है। कंपनी ने पर्यावरण संधारणीयता, पुनर्वास और पुनर्निर्माण गतिविधियों, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, खेल, स्वच्छता और पेय जल तथा कौशल विकास और आजीविका आदि के क्षेत्र में गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला लागू की है। इसके अलावा, डीपीई के अधिदेश के अनुसार, पीएफसी ने आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता देने के साथ ही संबंधित क्षेत्रों अर्थात स्वास्थ्य आदि और पारेषण में भी योगदान दिया है।

(झ) नवीकरणीय और स्वच्छ विकास तंत्र

नवीकरणीय ऊर्जा सामाजिक और आर्थिक विकास, ऊर्जा पहुंच, सुरक्षित ऊर्जा आपूर्ति, जलवायु परिवर्तन में शमन और नकारात्मक पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के प्रभावों को कम करने में योगदान करने का अवसर प्रदान करती है।

विद्युत मंत्रालय तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने हरित और टिकाऊ ऊर्जा स्रोतों से ऊर्जा को मुख्य धारा में लाने और 500 गीगावाट के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कई सुधार किए हैं। इस दिशा में, तापीय विद्युत उत्पादकों को स्वयं या समर्पित डवलपर्स के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता की स्थापना करने और मौजूदा पीपीए के तहत उपभोक्ताओं को इसकी आपूर्ति करने की अनुमति दी गई है।

पीएफसी ने भारत सरकार की विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा पहलों का लाभ लेने के लिए सौर, पवन, बायोमास और लघु पन विद्युत परियोजनाओं सहित नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं पर कार्यनीतिक रूप से अपना ध्यान केंद्रित किया है। इन पहलों में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से राज्य वितरण यूटिलिटीज की कुल विद्युत आवश्यकताओं का कुल न्यूनतम निर्दिष्ट प्रतिशत और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए विशेष टैरिफ शामिल है।

पीएफसी स्वच्छ/नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण पर अधिक से अधिक ध्यान केंद्रित कर रही है। 31 मार्च, 2023 तक, पीएफसी की सकल ऋण परिसंपत्तियों में नवीकरणीय ऊर्जा में ₹48,198 करोड़ शामिल थे, जिसमें ₹16,251 करोड़ की बड़ी जल विद्युत परियोजनाएं (25 मेगावाट) और ₹31,647 करोड़ की बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं के अलावा, अन्य परियोजनाएं शामिल थी।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, पीएफसी ने जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल को-ऑपरेशन (जेबीआईसी) के साथ 30 बिलियन जेपीवाई के ऋण करार पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा, पीएफसी और जेबीआईसी के बीच 2.65 बिलियन जेपीवाई के लिए एक परियोजना ऋण करार (पीएलए) पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं। जेबीआईसी ने 'आर्थिक विकास और पर्यावरणीय संरक्षण में सामंजस्य के लिए वैश्विक कार्रवाई' (ग्रीन) नामक अपनी पहल के तहत यह दीर्घावधि सुविधा प्रदान की है। इस प्रकार, इस सुविधा के तहत, पीएफसी द्वारा निधि का उपयोग अपने नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।

कार्बन उत्सर्जनों को कम करने के लिए नई-नई प्रौद्योगिकियों की खोज के साथ ही भारत का ऊर्जा परिवर्तन परिदृश्य काफी उत्साहजनक हो गया है। कुछ उभरती हुई प्रौद्योगिकियों, जिनके लिए अब वाणिज्यिक विस्तार की तलाश की जा रहा है, उनमें ग्रीन हाइड्रोजन, बैटरी भंडारण, पंप भंडारण और अपतटीय पवन हैं। आने वाले वर्षों में पीएफसी का लक्ष्य इन प्रौद्योगिकों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करना और भारत को एक हरित राष्ट्र बनाने में योगदान देना है।

सचेतक टिप्पणी

'प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण' खंड में कुछ विवरण अग्रगामी हो सकते हैं और लागू कानूनों और विनियमों द्वारा अपेक्षित बताए गए हैं। कई कारक वास्तविक परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं, जो भविष्य में कार्य-निष्पादन और दृष्टिकोण के संदर्भ में प्रबंधन की कल्पना से अलग हो सकते हैं। पाठकों को सचेत किया जाता है कि वे इन अग्रगामी विवरणों पर आवश्यक भरोसा न करें।

एकीकृत रिपोर्टिंग

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुलग्नक-ख

एकीकृत रिपोर्टिंग (आईआर) कंपनी की कार्यनीति, शासन, कार्य-निष्पादन और संभावनाओं के बारे में भौतिक जानकारी को इस तरह से एक साथ लाती है, जो वाणिज्यिक, सामाजिक और पर्यावरणीय संदर्भ को दर्शाती है, जिसके भीतर कि यह संचालित होती है। यह आपकी मूल्य निर्माण व्यवस्था को एक स्पष्ट और संक्षिप्त रूप से प्रस्तुत करती है, जो सभी हितधारकों के लिए उपयोगी और प्रासंगिक है।

आईआर व्यवस्था आपकी कंपनी को वित्तीय पूंजी से हटकर आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय प्रणाली में योगदान देते हुए बनाए गए मूल्य के समग्र दृष्टिकोण का प्रकटन करने में सक्षम बनाता है। यह प्रकटीकरण अंतरराष्ट्रीय फ्रेमवर्क में इंटरनेशनल इंटीग्रेटेड रिपोर्टिंग काउंसिल (आईआईआरसी) द्वारा अपनाए गए मूल्य निर्माण के पूंजी मॉडल का उपयोग करके तैयार किया गया है और पूंजी के तरीकों पर हमारी निर्भरता और प्रभाव को स्पष्ट करता है, जो दीर्घावधि मूल्य निर्माण की हमारी क्षमता के लिए मौलिक अपेक्षाएं हैं।

उपर्युक्त व्यवस्था में पूंजी का वर्गीकरण वित्तीय निर्माण, बौद्धिक, मानव, सामाजिक एवं संबंध तथा प्राकृतिक के रूप में किया गया है।

छह पूंजियां

वित्तीय पूंजी

वित्तीय पूंजी किसी संगठन के पास उपलब्ध निधियों के रूप में मानी जाती हैं, जिनमें बैंक में नकदी, निवेश की गई पूंजी, देयताओं, ओपेक्स (प्रचालनात्मक व्यय), कैपेक्स (पूंजी व्यय), एनबीवाई (निवल बही मूल्य) और वास्तविक परिसंपत्ति मूल्य तथा अन्य शामिल है। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण पूंजी है क्योंकि यह विनियम के माध्यम के रूप में भी कार्य करती हैं, जो निर्मित प्राकृतिक, मानव, सामाजिक और बौद्धिक पूंजियों जैसे अन्य पूंजीगत तरीकों में परिवर्तित करके मूल्य प्राप्त कर सकती है।

अर्जित पूंजी ऋण लिखतों पर शेयरधारकों को लाभांश और ब्याज के रूप में दी जाती है। सरकार को विभिन्न प्रकार का भुगतान किया जाता है, इस प्रकार देश के समग्र विकास को बढ़ावा मिलता है। अपनी कंपनी की मुख्य वित्तीय पूंजियां नीचे दी गई हैं:



ऊपर दिए गए आंकड़े अपने आप ही स्थिति को स्पष्ट करते हैं। पीएफसी अपनी वित्तीय पूंजी के माध्यम से, विशेष रूप से विद्युत क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते हुए अपने हितधारकों के लिए बेहतर मूल्य का निर्माण करने में योगदान दे रही है और परिणामस्वरूप देश के विद्युत क्षेत्र के विकास में योगदान हो रहा है।

विनिर्माण पूंजी

विनिर्मित पूंजी में भौतिक इंफ्रास्ट्रक्चर या इससे संबद्ध प्रौद्योगिकी शामिल है, जिसमें भवन, उपस्कर, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि शामिल है। पीएफसी एक विनिर्माण कंपनी नहीं है और मुख्य रूप से केवल विद्युत क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए सहायता प्रदान करती है। तथापि, पीएफसी अपनी मूर्त और अमूर्त इंफ्रास्ट्रक्चर के द्वारा विनिर्मित पूंजी के लिए योगदान करती है।

पीएफसी का मुख्यालय नई दिल्ली में है और इसके कारोबारी प्रचालनों में सुविधा के लिए क्षेत्रीय कार्यालय भी हैं।

पीएफसी में सभी व्यावसायिक कार्यों को एकीकृत करने के लिए विभिन्न आईटी सेवाएं प्रदान करने और ईआरपी आवेदन प्रणाली रखने के लिए अत्याधुनिक डेटा सेंटर हैं। पीएफसी भौतिक परिसंपत्तियों में निवेश करती है, जिनमें भौतिक इंफ्रास्ट्रक्चर, सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली और इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल है, जिनमें सभी संबंधित हितधारकों के लिए बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं।

मौजूदा विनिर्मित पूंजी पीएफसी को बाजार की जरूरतों के प्रति उत्तरदायी होने में सक्षम बनती है ताकि कार्मिक दूर रहते हुए, सक्षम और निर्बाध तरीके से कार्य कर सकें और कारोबार में निरंतरता सुनिश्चित हो सके।

विनिर्मित पूंजी से पीएफसी को अन्य प्रकार की पूंजियों के सृजन में, विशेष रूप से मानव पूंजी और बौद्धिक पूंजी के सृजन पर ध्यान केंद्रित करने में भी सहायता मिल रहा है।

बौद्धिक पूंजी

बौद्धिक पूंजी में अमूर्त पूंजी शामिल हैं, जो कंपनी के लिए प्रतिस्पर्धी लाभ प्रदान करती हैं और यह पेटेंट, कॉपीराइट, संगठनात्मक प्रणालियों और संगत प्रक्रियाओं, जिन्हें एक संगठन ने विकसित किया है, के अतिरिक्त ब्रांड और प्रतिष्ठा से संबद्ध है।

आपकी कंपनी भारत में विद्युत क्षेत्र के विकास के लिए भारत सरकार की पहल में एक कार्यनीतिक भूमिका निभाती है और भारत सरकार की एजेंसियों, राज्य सरकारों, विद्युत क्षेत्र की यूटिलिटीज, अन्य विद्युत क्षेत्र मध्यस्थों और निजी क्षेत्र के ग्राहकों के साथ नीतियों के विकास और कार्यान्वयन तथा भारत में विद्युत क्षेत्र में संरचनात्मक और प्रक्रियात्मक सुधारों के लिए काम करती है। यह विद्युत क्षेत्र से संबंधित भारत सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल है, जिनमें संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस), अल्ट्रा मेगा विद्युत परियोजना (यूएमपीपी), एकीकृत विद्युत विकास योजना (आईपीडीएस) के लिए नोडल एजेंसी, स्वतंत्र पारेषण परियोजनाओं (आईपीएस), आत्मनिर्भर भारत के तहत डिस्कॉम लिक्विडिटी

पैकेज और विलंब भुगतान अधिभार (एलपीएस) नियमावली, 2022 के लिए बोली प्रक्रिया समन्वयक के रूप में कार्य करना शामिल है।

भारतीय विद्युत क्षेत्र के विकास में पीएफसी की भूमिका को ध्यान में रखते हे, पीएफसी ने ठोस संगठनात्मक प्रणालियां, प्रक्रियाएं, सॉफ्टवेयर और प्रोटोकॉल विकसित किए है, जो पीएफसी के लिए प्रतिस्पर्धी योगदान के रूप में सिद्ध हो रहे हैं और बाजार में ब्रांड व प्रतिष्ठा के विकास में सहायक हो रहे हैं।

चूंकि बौद्धिक पूंजी मुख्यतः मानव संसाधन से संबंधित होती है, अतः पीएफसी ने प्रभावी मानव संसाधन अधिग्रहण और रखरखाव प्रणाली स्थापित की है, जो संगठनात्मक जरूरतों की पूर्ति करने के लिए तैयार की गई श्रेष्ठ निगमित प्रथाओं के साथ निर्दिष्ट की गई है।

इन संगठनात्मक प्रणालियों, प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल अर्थात बौद्धिक पूंजी के माध्यम से पीएफसी ने अपने प्रचालनों और प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक जानकारी और बौद्धिक क्षमता विकसित की है। अपने गतिशील कारोबारी वातावरण की बनाए रखने के लिए पीएफसी ने अपने प्रतिभा भंडार और बौद्धिक क्षमताओं में लगाकर वृद्धि की है और व्यवधानों का सामना करने, नवाचार और परिवर्तित कारोबारी मॉडल के कारण होने वाले परिवर्तनों के साथ समयोजित होने के लिए बौद्धिक पूंजी सृजित कर रहा है।

मानव पूंजी

मानव पूंजी कंपनी के कार्मिकों की दक्षताओं, क्षमताओं और प्रतिभाओं से संबंधित है, जो उनकी प्रतिबद्धता और प्रेरणा के अलावा, उनकी भूमिकाओं को पूरा करने के लिए उनकी क्षमता को प्रभावित करती है।

पीएफसी के पास उक्त कौशल प्राप्त, पेशेवर रूप से दक्ष और अनुभवी कार्यबल है। कंपनी उद्योग की सर्वोत्तम पेशेवर पद्धतियों को अपनाती है। कार्यबल की प्रतिबद्धता कल्याणकारी उपायों के एक प्रभावकारी पैकेज के माध्यम से सुनिश्चित की जाती है, जिसमें व्यापक बीमा, चिकित्सा सुविधाएं और अन्य सुविधाएं शामिल हैं, जो एक स्वस्थ कार्यबल का नेतृत्व करती है। इस अवधि के दौरान, कार्मिकों के कल्याण के लिए नई पहल की गई है, जैसे एचओयू स्तर से नीचे के कार्मिकों के लिए फ्लेक्सी टाइम शुरू करना, कागज रहित चिकित्सा दावा प्रणाली को कार्यान्वित करना आदि शामिल है।

कंपनी के भीतर संबंध सौहार्दपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण रहे हैं और कार्मिक पूरी तरह से कंपनी के उद्देश्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसका कारण यह है कि पीएफसी जिमनेजियम जैसी सुविधाओं, विभिन्न खेल, सांस्कृतिक और साहित्यिक क्रियाकलापों में कार्मिकों की भागीदारी के माध्यम से अपने कार्मिकों का समग्र व्यक्तिगत विकास कर रही है।

ऐसा करते हुए पीएफसी एक सशक्त मानव पूंजी तैयार करने में सक्षम रही है और इस अत्यधिक प्रेरित कार्यबल के कारण, पीएफसी हर वर्ष उत्कृष्ट वृद्धि हासिल कर सकती है। पीएफसी के विकास से देश के विकास में योगदान हो रहा है और इसके हितधारकों के लिए मूल्यों का सृजन हो रहा है। इस अत्यधिक प्रेरित कार्यबल से समाज में बड़े पैमाने पर बदलाव आ रहा है।

सामाजिक और संबंध की पूंजी

सामाजिक और संबंध की पूंजी बाहरी हितधारक समूहों, यथा ग्राहकों, निवेशकों, सप्लायरों, समुदायों, सरकार और विनियमाकों के साथ किसी संगठन की व्यस्तताओं और संबंधों को दर्शाती है।

पीएफसी ने सीएसआर और संधारणीय नीति लागू की है। इस नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कंपनी बड़े पैमाने पर समाज के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध सामाजिक रूप से जिम्मेदार निगमित इकाई बने। पीएफसी ने पर्यावरण, स्थिरता, पुनर्वास और पुनर्निर्माण क्रियाकलापों, स्वस्थ्य देखरेख, शिक्षा, खेल, स्वच्छता और पेय जल तथा कौशल विकास व आजीविका आदि के क्षेत्रों में विस्तृत क्रियाकलापों की श्रृंखला लागू की है। इसके अलावा, डीपीई के अधिदेश के अनुसार पीएफसी आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता देते हुए संबंधित क्षेत्रों यथा स्वास्थ्य और पोषण में भी योगदान दे रही है।

पीएफसी न अपने सामाजिक दायित्वों के एक भाग के रूप में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ पीडब्ल्यूडी कार्मिकों के कल्याण के संबंध में भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों और दिशानिर्दे शों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए हैं। किए गए उपायों में सीधी भर्ती के साथ-साथ पदोन्नति के लिए विभिन्न निर्देशों के तहत यथालागू आरक्षण और छूट शामिल है।

पीएफसी हमेशा लोगों और समाज के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने के लिए प्रयासरत है। पीएफसी समाज की अपेक्षाओं की पूर्ति करने के लिए निरंतर प्रयासरत है ताकि सामाजिक और आर्थिक विषमताओं को वास्तविक और स्थायी तरीके से कम करने के साथ ही पर्यावरण के संरक्षण में सहायता मिल सके। पीएफसी में उन गतिविधियों का समर्थन जारी रखा गया है, जिनका उद्देश्य वर्तमान और भावी पीढ़ियों, दोनों के जीवन में गुणवत्ता में सुधार लाना है और साथ ही साथ, पृथ्वी की सभी विविधताओं में जीवन का समर्थन करने की क्षमता की भी रक्षा करना है।

प्राकृतिक पूंजी

प्राकृतिक पूंजी उन सभी प्राकृतिक संसाधनों का प्रतिनिधित्व करती है, जिनका उपयोग किया जाता है और परिणामात्मक एक संगठन के प्रचालनों द्वारा प्रभावित होती है।

पीएफसी द्वारा हमेशा प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को कम करके और उनकी बर्बादी में कमी लाकर पर्यावरण की रक्षा करने का प्रयास किया जाता है। पीएफसी यथासंभव, प्रक्रियाओं को डिजिटल करके आईटीआर समाधानों के माध्यम से अपना कागज का प्रयोग कम करने का प्रयोग करती है। पीएफसी, एक वित्तीय संस्थान होने के कारण इसमें उत्पादों और अपशिष्ट को रिसाइकल करने की व्यवस्था करने की सीमित प्रयोज्यता है। यद्यपि कंपनी ने कार्यलय भवन की किचन/पेंट्री आदि से नियमित रूप से उत्पन्न होने वाले जैविक कचरे का पुनर्चक्रण करने के लिए कार्यालय परिसर में एक जैविक खाद मशीन लगाई है।

पीएफसी यथासंभव, कागज रहित हो गई है, जिसमें वह अपने कार्मिकों को कम कार्बन फुटप्रिंट के साथ काम करने के लिए सशक्त बना रही है।

देश को स्वच्छ और हरित बनाने में सहायता के लिए पीएफसी ने जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड (जीईएल) को 5000 यात्री इलैक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और 1,000 कार्गो ईवी की खरीद के लिए ₹633 करोड़ का ऋण संस्वीकृत किया है। यात्री इलैक्ट्रिक वाहन ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड (बीएसपीएल) को पट्टे पर दिए जाएंगे ताकि राइडहेलिंग केब के फ्लीट में विस्तार हो सके। ऋण की प्रथम किस्त का वितरण कर दिया गया है और ईवी कैब की प्रथम खेप सड़कों पर आ गई है। पीएफसी द्वारा वित्तपोषित 5,000 ईवी का यह भारत में सबसे बड़ा ईवी असेट फाइनेंसिंग सौदा माना जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप 1,00,000 टन से अधिक कार्बन डाईऑक्सइड के समकक्ष उत्सर्जन की बचत होगी। यह एक वर्ष में 5 मिलियन से अधिक पूर्ण रूप से विकसित पेड़ों द्वारा अवशोषित कार्बन डाईआक्साइड की मात्रा के समान है।

भारत में नेट जीरो के लक्ष्य में तेजी लाने के दृष्टिकोण के साथ, पीएफसी द्वारा बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा के वित्तपोषण के अलावा, ईवी (ओईएम और फ्लीट अधिग्रहण), बैटरी ओईएम और ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के ऋण वित्तपोषण में अवसरों की तलाश की जा रही है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, आपकी कंपनी को इलेट्स द्वारा आयोजित आत्मनिर्भर भारत शिखर सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ नवीकरणीय ऊर्जा वित्तपोषण संस्थान होने का ग्रीन ऊर्जा दक्षता पुरस्कार मिला। इसे 11वें ग्रीन शिखर सम्मेलन में नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता श्रेणी में शीर्ष वित्तपोषण संस्थान होने के लिए इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) गोल्ड अवार्ड भी प्राप्त हुआ।

आपकी कंपनी ऐसे उपायों के माध्यम से प्राकृतिक पूंजी के संरक्षण और वृद्धि में योगदान देती है। नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादों में निवेश के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और व्यापार में सकारात्मक पर्यावरणीय कार्रवाई को एकीकृत करने की दिशा में काम करते हुए पीएफसी प्राकृतिक पूंजी तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

निगमित शासन पर रिपोर्ट

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुलग्नक-ग

निगमित शासन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य कंपनी के संसाधनों का इस तरह से वितरण करना है कि सभी हितधारकों-शेयरधारकों, निवेशकों, कार्मिकों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, पर्यावरण और समुदाय के लिए मूल्य को बढ़ाना है। यह प्रक्रियाओं, नीतियों और कानूनों का एक ऐसा सेट है, जिसके द्वारा एक कंपनी को निर्देशित, प्रशासित या नियंत्रित किया जाता है। निगमित शासन के मापदंडों पर अपने निर्णयों का मूल्यांकन करके अपने हितधारकों के प्रति जिम्मेदारी प्रदान करता है। पीएफसी श्रेष्ठ मान्यता प्राप्त निगमित शासन प्रथाओं का पालन कर रही है और हितधारकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के हमारे प्रयास में ऐसे प्रत्येक अभ्यास के निमित्त स्वयं की निरंतर बैंचमार्किंग कर रही है।

आपकी कंपनी ने हितधारकों के मूल्य को अधिकतम करते हुए कंपनी के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए हमेशा अच्छे निगमित शासन मानकों के लिए हमेशा प्रयास किया है।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 की आवश्यकताओं के अनुभव और सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा जारी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए निगमित शासन पर दिशानिर्देश, निदेशकों की रिपोर्ट के एक भाग के रूप में नीचे दिए गए हैं।

1. निगमित शासन पर पीएफसी की धारणा

निगमित शासन पर पीएफसी की धारणा दो सिद्धांतों पर आधारित है। वे इस प्रकार हैं:

i. प्रबंधन को अनुचित प्रतिबंधों के बिना सतत विकास के लिए उद्यम को आगे बढ़ाने के लिए कार्यकारी स्वतंत्रता होनी चाहिए; और

ii. प्रबंधन की इस स्वतंत्रता का उपयोग नियामक वातावरण और प्रभावी जवाबदेही संरचना के भीतर किया जाना चाहिए।

आपकी कंपनी की निगमित संरचना, व्यवसाय का संचालन और प्रकटीकरण प्रक्रियाओं को तदनुसार अपनी निगमित शासन धारणाओं के अनुसार अनुकूल बनाया गया है।

कंपनी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 में मार्गदर्शक बल के रूप में प्रदान किए गए प्रकटीकरण और दायित्वों को नियंत्रित करने के सिद्धांतों का दृढ़ता से समर्थन करती है। कंपनी ने सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 और कंपनी के आंतरिक कोड/प्रक्रियाओं आदि के अंतर्गत उल्लिखित 'निगमित शासन के सिद्धांतों' के उद्देश्यों का अनुपालन सुनिश्चित किया है।

2. निदेशक मंडल

आपकी कंपनी का निदेशक मंडल कंपनी को नेतृत्व/उद्देश्यपरक निर्णय और कार्यनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करता है। बोर्ड चार्टर के लिए कहा जा सकता है कि कंपनी अधिनियम, संगम ज्ञापन, संगम अनुच्छेद, भारतीय प्रतिभूति और विनियमन बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 तथा कंपनी की आंतरिक संहिता कोड/प्रक्रियाओं आदि में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार शासित होती है।

यह निगमित नीतियों, समग्र कार्य-निष्पादन, लेखांकन और रिपोर्टिंग मानक तथा प्रबंधन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों, निगमित शासन और नियामक अनुपालना की समीक्षा करती है। आपकी कंपनी के बोर्ड में विविध अनुभव और विशेषज्ञता वाले प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल हैं।

संरचना

पीएफसी कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(45) के तात्पर्य से सरकारी कंपनी है क्योंकि 31 मार्च, 2023 तक भारत के राष्ट्रपति, कंपनी की कुल प्रदत्त शेयर पूंजी के 55.99% के धारक हैं और कंपनी के संगम अनुच्छेदों के अनुसार निदेशकों की नियुक्ति का अधिकार भारत के राष्ट्रपति को प्राप्त है। कंपनी के निदेशकों की संख्या तीन से कम और पंद्रह से अधिक नहीं होगी।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, कंपनी के निदेशक मंडल की संरचना में निम्नलिखित परिवर्तन किए गए हैं:

i. श्री अजय तिवारी, अपर सचिव, विद्युत मंत्रालय को विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 9 जून, 2022 से श्री विशाल कपूर, संयुक्त सचिव, जिन्हें पीएफसी के बोर्ड में पहले नामित किया गया था, के स्थान पर बोर्ड में सरकारी नामिती निदेशक के रूप में नामित किया गया है।

ii. श्री आर. सी. मिश्रा, स्वतंत्र निदेशक का कार्यकाल पूरा होने के परिणामस्वरूप वे 11 जुलाई, 2022 से बोर्ड के सदस्य नहीं रहे।

iii. विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा श्री मनोज शर्मा की नियुक्ति किए जाने के परिणामस्वरूप, उन्होंने 29 अगस्त, 2022 से निदेशक (वाणिज्यिक) का कार्यभार ग्रहण किया।

31 मार्च, 2023 तक, कंपनी के बोर्ड में आठ निदेशक शामिल थे, जिनमें से चार पूर्णकालिक फंक्शनल निदेशक, एक अंशकालिक सरकारी नामिती निदेशक और एक महिला स्वतंत्र निदेशक सहित तीन गैर-सरकारी अंशकालिक (स्वतंत्र) निदेशक शामिल थे और इस प्रकार कंपनी अधिनियम, 2013, भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015 के प्रावधानों और डीपीई द्वारा जारी, सीपीएसई के लिए निगमित शासन संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसरण में आवश्यक संरचना की अनुपालना की जा रही है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, दिनांक 11 जुलाई, 2022 से निदेशक मंडल की संख्या कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों, भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं)

विनियम, 2015 तथा डीपीई द्वारा जारी किए गए सीपीएसई हेतु निगमित शासन संबंधी दिशानिर्देशों के अनुरूप नहीं थी। कंपनी नियुक्ति प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय कंपनी के बोर्ड में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की यथाशीघ्र नियुक्ति करने के लिए अनुरोध करती रही ताकि कंपनी लागू प्रावधानों का अनुपालन कर सके।

31 मार्च, 2023 तक, निदेशक मंडल की संरचना निम्नानुसार थी:

पूर्णकालिक निदेशकगण		
i)	श्री रविन्द्र सिंह ढिल्लों*	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक
ii)	श्रीमती परमिंदर चोपड़ा	निदेशक (वित्त), मुख्य वित्त अधिकारी एवं प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक
iii)	श्री राजीव रंजन झा	निदेशक (परियोजना) एवं प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक
iv)	श्री मनोज शर्मा	निदेशक (वाणिज्यिक) एवं प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक
सरकारी नामिती निदेशक		
v)	श्री अजय तिवारी	निदेशक (सरकारी नामिती)
गैर-सरकारी अंशकालिक (स्वतंत्र) निदेशक		
vi)	श्री भास्कर भट्टाचार्य	स्वतंत्र निदेशक
vii)	श्री उषा सजीव नायर	स्वतंत्र निदेशक
viii)	श्री प्रसन्ना तंत्री	स्वतंत्र निदेशक

*श्री रविन्द्र सिंह ढिल्लों की अधिवार्षिता के परिणामस्वरूप वे 1 जून, 2023 से पीएफसी के बोर्ड में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद पर नहीं रहे।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की नियुक्ति

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 31.05.2023 के आदेश सं.24-8/1/2022-पीएफसी(एमओपी) के अनुसरण में श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, निदेशक (वित्त), पीएफसी ने दिनांक 01.06.2023 से अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पीएफसी का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया।

तद्दोपरांत, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने 14 अगस्त, 2023 के आदेश सं.24-8/1/2022-पीएफसी(पार्ट-3)(एमओपी) के तहत उन्हें पीएफसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद पर नियुक्त किया और तदनुसार श्रीमती परमिंदर चोपड़ा ने 14 अगस्त, 2023 से पीएफसी के अध्यक्ष एवं प्रबंधन निदेशक का कार्यभार ग्रहण किया।

आपकी कंपनी ने भारतीय रिजर्व बैंक के मास्टर अनुदेश - गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - व्यवस्थित रूप से महत्वपूर्ण गैर-जमा लेने वाली कंपनी और जमा लेनी वाली कंपनी (रिजर्व बैंक) अनुदेश, 2016 के तहत कंपनी के निदेशकों की उपयुक्त और उचित स्थिति निर्धारित करने के लिए एक उपयुक्त और उचित नीति तैयार की। कंपनी की नामांकन और पारिश्रमिक समिति ने उक्त नीति के अनुसार, कंपनी के बोर्ड के सभी सदस्यों को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए उपयुक्त और उचित माना है।

इसके अतिरिक्त, भारतीय विनियम और प्रतिभूति बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 की अपेक्षानुसार, आपकी कंपनी ने एक पेशेवर कंपनी सचिव से एक प्रमाण-पत्र प्राप्त किया है कि कंपनी के बोर्ड में किसी भी निदेशक को बोर्ड/कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा या किसी ऐसे सांविधिक प्राधिकरण द्वारा कंपनी के निदेशकों के रूप में नियुक्ति किए जाने अथवा जारी रहने से वंचित अथवा अयोग्य नहीं ठहराया गया है। इसकी एक प्रतिलिपि इसके साथ संलग्न है।

चूंकि पीएफसी सरकारी कंपनी है, अतः कंपनी के बोर्ड के निदेशकों की नियुक्ति विद्युत मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार द्वारा की जाती है। इसके अतिरिक्त, चूंकि पीएफसी विद्युत क्षेत्र के वित्तपोषण के व्यवसाय में शामिल एनबीएफसी है, अतः विद्युत मंत्रालय यह सुनिश्चित करता है कि कंपनी के बोर्ड में नियुक्त निदेशकों के पास कंपनी के कार्यों का संचालन करने के लिए अपेक्षित क्षेत्रों, अर्थात वित्त और तकनीकी आदि क्षेत्रों में अपेक्षित कौशल एवं विशेषज्ञता है। बोर्ड के सदस्यों के प्रमुख कौशलों, विषेषज्ञता और वित्तीय प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, निगमित नियोजन और कार्यनीतिक कारोबारी विकास आदि सहित योग्यताओं और अनुभव का ब्यौरा यहां रिपोर्ट में विस्तार से दिया गया है। साथ ही, निदेशकों की रिपोर्ट की तारीख की स्थिति के अनुसार निदेशकों की एक संक्षिप्त प्रोफाइल भी इस रिपोर्ट में प्रदान की गई है।

बोर्ड की बैठकें

बोर्ड की बैठकें सामान्य तौर पर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में होती हैं और समय पूर्व उसकी तैयारी की जाती है। पीएफसी के बोर्ड की बैठकें नियमित रूप से की जाती है। बोर्ड की बैठकें निर्धारित कार्यसूची के अनुसार संचालित होती हैं और बोर्ड का प्रत्येक सदस्य विचारार्थ विषयों की सूची में किसी विषय को शामिल किए जाने की सिफारिश कर सकता/सकती है। सभी मुद्दों पर कारणात्मक टिप्पणियों सहित विस्तृत कार्यसूची दस्तावेज अग्रिम रूप से परिचालित किए जाते हैं ताकि बोर्ड तथ्यपरक एवं स्वतंत्र निर्णय ले सके। आपकी कंपनी इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सैक्रेट्रीज ऑफ इंडिया द्वारा निदेशक मंडल की बैठकों पर सचिवीय मानक-1 का पूर्ण रूप से अनुसरण करती है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निम्नलिखित तारीखों को बोर्ड की 14 बैठकें हुई:

(i) 9 अप्रैल, 2022 (ii) 25 मई, 2022 (iii) 29 जून, 2022 (iv) 18 जुलाई, 2022 (v) 12 अगस्त, 2022 (vi) 5 सितंबर, 2022 (vii) 28 सितंबर, 2022 (viii) 10 नवंबर, 2022 (ix) 22 नवंबर, 2022 (x) 17 दिसंबर, 2022 (xi) 13 जनवरी, 2023 और 21 जनवरी, 2023 (स्थगित) (xii) 13 फरवरी, 2023 और 16 फरवरी, 2023 (स्थगित) (xiii) 21 मार्च, 2023 और (xiv) 23 मार्च, 2023.

वार्षिक आम बैठक

कंपनी की पिछली वार्षिक आम बैठक 21 सितंबर, 2022 को आयोजित की गई थी।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान आयोजित बोर्ड बैठकों तथा पिछली वार्षिक आम बैठक में निदेशकों की उपस्थिति (वास्तविक उपस्थिति/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) अन्य कंपनियों में निदेशकों की संख्या तथा अन्य कंपनियों की समितियों में सदस्यता/अध्यक्षता, बोर्ड के सदस्यों के मुख्य कौशल, विशेषज्ञता एवं दक्षता आदि निम्नानुसार हैं:

नाम और पदनाम	बोर्ड की बैठकें		31 मार्च, 2023* तक अन्य निदेशकों की संख्या	31 मार्च, 2023 तक अन्य कंपनियों की समितियों में अध्यक्षता/सदस्यता*		21 सितंबर, 2022 को आयोजित पिछली वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति	मुख्य कौशल, विशेषज्ञता एवं दक्षता
	कार्यकाल के दैरान आयोजित	उपस्थिति		सदस्य	अध्यक्ष		
श्री आर. एस. ढिल्लों अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	14	14	1	शून्य	शून्य	उपस्थित	• बीई (इलेक्ट्रिकल)- थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पटियाला • एम.टेक (विद्युत प्रणाली) - भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली (आईआईटी) • विद्युत क्षेत्र में 37 वर्षों से अधिक का अनुभव
श्रीमती परमिंदर चोपड़ा निदेशक (वित्त)	14	14	7#क	2	0	उपस्थित	• दिल्ली विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक • अर्हता प्राप्त कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटेंट तथा एमबीए • बिजेनेस मैनेजमेंट में स्नाकोत्तर डिप्लोमा • विश्व के प्रतिष्ठित संस्थानों, अर्थात हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, यूएसए और यूरोपियन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से जोखिम प्रबंधन एवं वैश्विक प्रबंधन पर एडवांस प्रोग्राम • विद्युत क्षेत्र में 35 वर्षों से अधिक का अनुभव
श्री राजीव रंजन झा निदेशक (परियोजना)	14	14	2	शून्य	शून्य	उपस्थित	• इन्होंने रांची विश्वविद्यालय के एनआईटी जमशेदपुर से विज्ञान (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है • इग्नू से प्रबंधन में डिप्लोमा • विद्युत क्षेत्र में 35 वर्षों से अधिक का अनुभव।
श्री मनोज शर्मा निदेशक (वाणिज्यिक) (29 अगस्त, 2022 से प्रभावी)	9	9	3	शून्य	शून्य	उपस्थित	• चार्टर्ड एकाउंटेंट • विधि में डिग्री (एलएलबी) • विद्युत क्षेत्र में 31 वर्षों से अधिक का अनुभव
श्री अजय तिवारी निदेशक (सरकारी नामिती) (9 जून, 2022 से प्रभावी)	12	9	2	शून्य	शून्य	उपस्थित नहीं	• इनके पास आईआईटी, कानपुर से बीटेक (इलेक्ट्रिक इंजीनियर) की डिग्री है। • इग्नू, नई दिल्ली से वित्तीय प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा • ये असम मेघालय संवर्ग के 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। • इन्होंने गेल और आयुध निर्माणी में भी सेवाएं दी हैं।
श्री विशाल कपूर निदेशक (सरकारी नामिती) (8 जून, 2022 तक)	2	2	8 जून, 2022 को कार्यकाल समाप्त			लागू नहीं	-
श्री आर. सी. मिश्रा स्वतंत्र निदेशक (11 जुलाई, 2022 तक)	3	3	कार्यकाल 11 जुलाई, 2022 को कार्यकाल समाप्त			लागू नहीं	-

नाम और पदनाम	बोर्ड की बैठकें		31 मार्च, 2023✲ तक अन्य निदेशकों की संख्या	31 मार्च, 2023 तक अन्य कंपनियों की समितियों में अध्यक्षता/सदस्यता*		21 सिंतबर, 2022 को आयोजित पिछली वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति	मुख्य कौशल, विशेषज्ञता एवं दक्षता
	कार्यकाल के दैरान आयोजित	उपस्थिति		सदस्य	अध्यक्ष		
श्री भास्कर भट्टाचार्य स्वतंत्र निदेशक	14	14	शून्य	1	0	उपस्थित	• बी.कॉम (ऑनर्स) • एलएलबी, बिजनेस मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर डिप्लोमा • 28 वर्षों से अधिक का कार्य
श्रीमती उषा सजीव नायर स्वतंत्र निदेशक	14	14	शून्य	0	1	उपस्थित	• बी.ए. • सामाजिक कार्यकर्ता
श्री प्रसन्ना तंत्री स्वतंत्र निदेशक	14	13	शून्य	0	1	उपस्थित	• बी.कॉम, मैंगलोर विश्वविद्यालय • आईसीडब्ल्यूए, इंस्टीट्यूट ऑफ कोस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया • एफपीएम, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस • पीजीपी, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस • पीएचडी, डीकीन विश्वविद्यालय

* निजी कंपनियों, कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत धारा 8 की कंपनियों तथा विदेशी कंपनियों में निदेशक पद शामिल नहीं है।

** लेखापरीक्षा समिति तथा शेयरधारक/निवेशक शिकायत निवारण समिति को छोड़कर बोर्ड की समितियों में अध्यक्षता/सदस्यता शामिल नहीं है।

सूचीबद्ध एंटिटियों में निदेशक पद का विवरण

#क आरईसी लिमिटेड और पीटीसी इंडिया लिमिटेड में पीएफसी के नामिती निदेशक

बोर्ड के निदेशकों में से कोई भी निदेशक, सभी कंपनियों को मिलाकर, जिनमें वे निदेशक हैं, 10 से अधिक समितियों के सदस्य और 5 से अधिक समितियों के अध्यक्ष नहीं हैं। कंपनी का कोई भी निदेशक किसी भी रूप में एक दूसरे का रिश्तेदार नहीं हैं।

स्वतंत्र निदेशकों की अलग बैठक

सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV और गैर-सरकारी निदेशक (स्वतंत्र निदेशक) की भूमिका और जिम्मेदारियों पर डीपीई द्वारा जारी दिशानिर्देशों के तहत दिनांक 10 मार्च, 2023 को स्वतंत्र निदेशकों की अलग बैठक हुई। सभी निदेशकों ने बैठक में भाग लिया।

स्वतंत्र निदेशक द्वारा घोषणा

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 9 अप्रैल, 2022 को आयोजित बोर्ड की पहली बैठक में सभी स्वतंत्र निदेशकों ने इस आशय की घोषणा प्रदान की कि वे कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 149(6), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के प्रावधान और सीपीएसई के लिए निगमित शासन पर डीपीई के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्वतंत्रत के मानदंडों को पूरा करते हैं।

इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 9 मई, 2023 को आयोजित की गई बोर्ड की पहली बैठक में सभी स्वतंत्र निदेशकों ने इस आशय की घोषणा प्रदान की कि वे कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 149(6), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के प्रावधान और सीपीएसई के लिए निगमित शासन पर डीपीई के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्वतंत्र के मानदंडों को पूरा करते हैं। उक्त बैठक में निदेशक मंडल ने पुष्टि की कि कंपनी के स्वतंत्र निदेशक कंपनी अधिनियम, 2013, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 और सीपीएसई के लिए निगमित शासन पर डीपीई के दिशा-निर्देशों में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं तथा प्रबंधन स्वतंत्र हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान किसी स्वतंत्र निदेशक ने त्याग-पत्र नहीं दिया है।

स्वतंत्र निदेशकों के लिए परिचय कार्यक्रम

निदेशकों के लिए किए गए परिचय कार्यक्रम का ब्यौरा कार्यक्रम की समाप्ति के बाद कंपनी की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाता है। निम्नलिखित वेब लिंक के माध्यम से वेबसाइट पर अपलोड किए गए ब्यौरे देखे जा सकते हैं:

https://pfcindia.com/DocumentRepository/ckfinder/files/Investors/Equities/Disclosure/Details%20of%20Familiarisation%20Programs%20Imparted%20to%20Independent%20Directors.pdf

3. निदेशक मंडल की समितियां

विनियामक आवश्यकताओं के अनुसरण में तथा कंपनी के कार्यों पर तेजी से विचार-विमर्श और संकेंद्रित निर्णय लेने को सुगम बनाने के उद्देश्य से बोर्ड ने अलग-अलग भूमिका, जवाबदेही एवं प्राधिकार के साथ बोर्ड स्तरीय समितियों का गठन किया है। बोर्ड ने संगत वित्तीय वर्ष में बोर्ड की समितियों की सिफारिशों को स्वीकार किया, जो अनिवार्य रूप से अपेक्षित हैं। बोर्ड स्तरीय समितियां निम्नानुसार हैं:

i) निदेशकों की लेखापरीक्षा समिति

ii) नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति

iii) हितधारक संबंध एवं शेयरधारक/निवेशक शिकायत समिति

iv) बोर्ड स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति

v) निदेशकों की सीएसआर एवं संधारणीय विकास समिति

vi) निदेशकों की निवेश समिति

vii) मानव संसाधन समिति

viii) फंक्शनल निदेशकों की एएलएम समिति

i. निदेशकों की लेखापरीक्षा समिति

कंपनी अधिनियम, सीपीएसई के लिए निगमित शासन पर डीपीई के दिशा-निर्देशों तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 और निगमित शासन पर आरबीआई के मानदंडों के अंतर्गत आवश्यकताओं के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल ने निदेशकों की लेखापरीक्षा समिति का गठन किया है।

31 मार्च, 2023 तक, लेखापरीक्षा समिति की संरचना निम्नानुसार है:

सदस्यों के नाम	पदनाम
श्री प्रसन्ना तंत्री, स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष
श्री भास्कर भट्टाचार्य, स्वतंत्र निदेशक	सदस्य
श्री राजीव रंजन झा, निदेशक (परियोजना)	सदस्य

कंपनी सचिव ने समिति के सचिव के रूप में कार्य करना जारी रखा। लेखापरीक्षा समिति की भूमिका, विचारार्थ विषय, कार्यक्षेत्र तथा प्राधिकार कंपनी अधिनियम के संगत प्रावधानों, सीपीएसई के लिए निगमित शासन पर डीपीई के दिशा-निर्देशों तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 और निगमित शासन पर आरबीआई के मानदंडों के अंतर्गत प्रावधान के अनुसार है। वर्ष के दौरान समिति की बैठकों की अध्यक्षता एक स्वतंत्र निदेशक द्वारा की गई।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, लेखापरीक्षा समिति की 7 बैठकें हुई, जो इस प्रकार है, अर्थात (i) 25 मई, 2022 (ii) 12 अगस्त, 2022 (iii) 26 सितंबर, 2022 (iv) 9 नवंबर, 2022 एवं 10 नवंबर, 2022 (स्थगित) (v) 22 नवंबर, 2022 (vi) 13 जनवरी, 2023 और (vii) 13 फरवरी, 2023।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सदस्यों द्वारा बैठक में उपस्थिति (वास्तविक उपस्थिति/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) का ब्यौरा निम्नानुसार है:

सदस्यों के नाम	पदनाम	बैठकों की संख्या	
		कार्यकाल के दौरान हुई बैठक	उपस्थिति
श्री प्रसन्ना तंत्री	अध्यक्ष	6	6
	सदस्य	1	1
श्री भास्कर भट्टाचार्य	सदस्य	6	6
श्री राजीव रंजन झा	सदस्य	7	7
श्री आर.सी. मिश्रा (11 जुलाई, 2022 तक)	अध्यक्ष	1	1

निदेशक (वित्त) और निदेशक (वाणिज्यिक) उक्त समिति की बैठकों के लिए स्थायी आमंत्रिति है।

इसके अतिरिक्त, समिति के सदस्यों के साथ चर्चा करने के लिए आंतरिक लेखापरीक्षा के अध्यक्ष, स्वतंत्र आंतरिक लेखापरीक्षकों तथा सांविधिक लेखापरीक्षक(ओं) के प्रतिनिधि को आवश्यकता के अनुसार, लेखापरीक्षा समिति की बैठकों में आमंत्रित किया गया।

ii. नामांकन और पारिश्रमिक समिति

आपकी कंपनी एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है और तदनुसार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और निदेशकों की नियुक्ति और उनके पारिश्रमिक का निर्धारण भारत के राष्ट्रपति द्वारा कंपनी के संगत अंतर्नियमों की शर्तों के अनुसार किया जाता है। तथापि, आपकी कंपनी ने कंपनी अधिनियम 2013, सीपीएसई के लिए निगमित शासन पर डीपीई के प्रावधानों, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 और निगमित शासन पर आरबीआई के मानदंडों के प्रावधानों के अनुसरण में एक नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का गठन किया है।

31 मार्च, 2023 तक नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की संरचना निम्नानुसार है:

सदस्यों के नाम	पदनाम
श्रीमती उषा सजीव नायर, स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष
श्री भास्कर भट्टाचार्य, स्वतंत्र निदेशक	सदस्य
श्री प्रसन्ना तंत्री, स्वतंत्र निदेशक	सदस्य

निदेशक (वित्त), निदेशक (परियोजना) और निदेशक (वाणिज्यिक) उक्त समिति की बैठकों के लिए स्थायी आमंत्रिति हैं।

नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की भूमिका और विचारार्थ विषय कंपनी अधिनियम के संबद्ध प्रावधानों, सीपीएसई के लिए निगमित शासन संबंधी डीपीई के दिशा-निर्देशों, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 और निगमित शासन संबंधी आरबीआई के मानदंडों के अनुरूप हैं।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की 5 बैठकें हुईं जो निम्नानुसार हैं अर्थात (i) 8 अप्रैल, 2022 (ii) 29 जून, 2022 (iii) 5 सितंबर, 2022 (iv) 23 सितंबर, 2022 एवं 26 सितंबर, 2022 (स्थगित) और (v) 16 दिसंबर, 2022।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सदस्यों द्वारा बैठक में उपस्थिति (वास्तविक/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) का विवरण निम्नानुसार है:

सदस्यों के नाम	पदनाम	बैठकों की संख्या	
		कार्यकाल के दौरान हुई बैठक	उपस्थिति
श्रीमती उषा संजीव नायर	अध्यक्ष	3	3
	सदस्य	2	2
श्री प्रसन्ना तंत्री	सदस्य	3	3
	अध्यक्ष	2	2
श्री भास्कर भट्टाचार्य	सदस्य	5	5

पारिश्रमिक नीति

आपकी कंपनी एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम है जिसमें प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति द्वारा बोर्ड के सभी सदस्यों की नियुक्ति की जाती है, जो अन्य बातों के साथ ऐसे पूर्णकालिक निदेशकों के नियुक्ति आदेश/वेतन निर्धारण आदेश के माध्यम से उनका पारिश्रमिक निर्धारित करते हैं। डीपीई के दिशा-निर्देशों के अनुसार कंपनी के अन्य कार्मिकों की नियुक्ति की जाती है तथा पारिश्रमिक निर्धारित किए जाते हैं। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा पूर्णकालिक निदेशकों के मामले में निदेशकों का पारिश्रमिक प्राप्त करने के अतिरिक्त, बोर्ड के सदस्यों का कंपनी, इसके प्रोमोटरों या इसकी सहायक

कंपनियों के साथ कोई महत्वपूर्ण मौद्रिक संबंध या लेन-देन नहीं है, जो बोर्ड के निर्णय में निदेशकों के निर्णय की स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता है। चूंकि पीएफसी एक सरकारी कंपनी है, इसलिए स्वतंत्र निदेशकों सहित बोर्ड के सभी सदस्यों के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जाता है।

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ने अपनी 5 जून, 2015 की अधिसूचना के माध्यम से अन्य बातों के साथ सरकारी कंपनियों को छूट प्रदान की है। यदि केंद्र सरकार के मंत्रालय या विभाग द्वारा अपनी स्वयं की मूल्यांकन विधि के अनुसार निदेशकों का मूल्यांकन किया जाता है, जिसके पास कंपनी का प्रशासनिक रूप से नियंत्रण है। तद्नुसार, सरकारी कंपनी होने के कारण पीएफसी को उपयुक्त अधिसूचना के अनुसार छूट प्राप्त है क्योंकि स्वतंत्र निदेशकों सहित बोर्ड के सभी सदस्यों के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ने 5 जुलाई, 2017 की अधिसूचना के माध्यम से निर्धारित किया कि कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची खत में निर्धारित स्वतंत्र निदेशकों के कार्य-निष्पादन की समीक्षा से संबंधित प्रावधान तथा मूल्यांकन तंत्र भी सरकारी कंपनियों पर लागू नहीं है।

पूर्णकालिक निदेशकों का पारिश्रमिक

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सहित पूर्णकालिक निदेशकों को भुगतान किया गया पारिश्रमिक उनकी नियुक्ति की निबंधन एवं शर्तों के अनुसार था।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कंपनी के पूर्णकालिक निदेशकों के पारिश्रमिक का विवरण निम्नानुसार है:

निदेशक का नाम	वेतन (₹)	हितलाभ (₹)	बोनस/अनुग्रह कमीशन (₹)	कार्य-निष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (₹)	स्टॉक विकल्प (₹)	कुल (₹)	31 मार्च, 2023 तक धारित शेयरों की संख्या
श्री आर. एस. ढिल्लों	47,52,130	13,98,132	0	28,48,040	0	89,98,302	27,050
श्रीमती परमिंदर चोपड़ा	43,66,854	16,29,134	0	26,03,151	0	85,99,139	2,000
श्री राजीव रंजन झा	47,47,192	17,07,290	0	25,92,908	0	90,47,390	16,004
श्री मनोज शर्मा (29 अगस्त, 2022 से)	26,89,336	791,124	0	6,29,256	0	41,09,716	शून्य

टिप्पणियां:

1. निदेशक के पद पर कार्य अवधि के लिए वेतन और भत्तों पर भुगतान के आधार पर विचार किया गया है।
2. उपयुक्त जानकारी में पट्टा किराया, गैर-कर योग्य भत्ता एवं परिलब्धियां, गैर-कर योग्य चिकित्सा प्रतिपूर्ति, अधिवार्षिता हितलाभों आदि के लिए अंशदान, शामिल नहीं है।
3. कंपनी की कार्य-निष्पादन संबद्ध वेतन (पीआरपी) प्रणाली के अनुसार कार्य-निष्पादन संबंधी प्रोत्साहनों का भुगतान किया जाता है।
4. निदेशकों की नियुक्ति तथा पारिश्रमिक सहित नियुक्ति की शर्तों, नोटिस अवधि, विभाजन शुल्क, यदि कोई हो, आदि का निर्धारण भारत के राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है।

गैर-कार्यकारी निदेशकों/स्वतंत्र तथा सरकारी नामिती निदेशकों का पारिश्रमिक

स्वतंत्र तथा सरकारी नामिती निदेशकों का कंपनी के साथ कोई महत्वपूर्ण मौद्रिक संबंध या लेन-देन नहीं होता है। तथापि, स्वतंत्र निदेशकों को निदेशक मंडल की प्रत्येक बैठक में उपस्थिति के लिए ₹40,000 के बैठक शुल्क का भुगतान और निदेशकों की समिति की प्रत्येक बैठक में उपस्थिति के लिए ₹30,000 का भुगतान किया जाता है।

सरकारी नामिती निदेशक कंपनी से किसी पारिश्रमिक या बैठक शुल्क के लिए हकदार नहीं हैं।

31 मार्च, 2023 तक श्री प्रसन्ना तंत्री, स्वतंत्र निदेशक, श्री भास्कर भट्टाचार्य, स्वतंत्र निदेशक, श्रीमती उषा सजीव नायर, स्वतंत्र निदेशक और श्री अजय तिवारी, सरकारी नामिती निदेशक की कंपनी में शेयरधारिता शून्य थी।

वरिष्ठ प्रबंधन

क) 31 मार्च, 2023 तक कार्यपालक निदेशक अर्थात बोर्ड से एक स्तर नीचे तथा केएमपी (पूर्णकालिक निदेशकों के अलावा) का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र. सं.	कार्मिक का नाम	पदनाम
1	संदीप कुमार	कार्यपालक निदेशक
2	संजय शर्मा	कार्यपालक निदेशक
3	राज कुमार मल्होत्रा	कार्यपालक निदेशक
4	राजेश कुमार भारद्वाज	कार्यपालक निदेशक
5	प्रणव कुमार सिन्हा	कार्यपालक निदेशक
6	पवन कुमार	कार्यपालक निदेशक
7	शनमुगा सुंदरम पलनीवेल	कार्यपालक निदेशक
8	अली शाह	कार्यपालक निदेशक
9	पकरीसामी वी.	कार्यपालक निदेशक
10	मनोज कुमार राणा	कार्यपालक निदेशक
11	हेमंत कुमार दास	कार्यपालक निदेशक
12	राजीव कुमार चतुर्वेदी	कार्यपालक निदेशक
13	संजय मेहरोत्रा	कार्यपालक निदेशक
14	राजेश कुमार शाही	कार्यपालक निदेशक
15	सौरव कुमार शाह	कार्यपालक निदेशक
16	मनोहर बलवानी	कंपनी सचिव

ख) वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कार्यपालक निदेशकों, अर्थात बोर्ड से एक स्तर नीचे तथा केएमपी (पूर्णकालिक निदेशकों के अलावा) में परिवर्तनों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	कार्मिक का नाम	पदनाम	टिप्पणियां
1	राजीव कुमार चतुर्वेदी	कार्यपालक निदेशक	पदोन्नति
2	पकरीसामी वी.	कार्यपालक निदेशक	पदोन्नति
3	पवन कुमार	कार्यपालक निदेशक	पदोन्नति
4	हेमंत कुमार दास	कार्यपालक निदेशक	पदोन्नति
5	अली शाह	कार्यपालक निदेशक	पदोन्नति
6	संजय मेहरोत्रा	कार्यपालक निदेशक	पदोन्नति
7	राजेश कुमार शाही	कार्यपालक निदेशक	पदोन्नति
8	संजय शर्मा	कार्यपालक निदेशक	पदोन्नति
9	शनमुगा सुंदरम पलनीवेल	कार्यपालक निदेशक	पदोन्नति
10	संजय कुमार राय	कार्यपालक निदेशक	सेवानिवृत्त
11	अमर जीत सिंह नंदा	कार्यपालक निदेशक	सेवानिवृत्त
12	सुबीर साह	कार्यपालक निदेशक	सेवानिवृत्त
13	राम किशोर तल्लूरी	कार्यपालक निदेशक	सेवानिवृत्त
14	पवन मलिक	कार्यपालक निदेशक	सेवानिवृत्त
15	रिजवानुर रहमान	कार्यपालक निदेशक	सेवानिवृत्त
16	डेविड गद्दम	कार्यपालक निदेशक	सेवानिवृत्त

iii. हितधारक संबंध एवं शेयरधारक/निवेशक शिकायत समिति

कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 तथा सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 की अपेक्षा के अनुसार निवेशकों की शिकायतों के निवारण की जांच करने के लिए कंपनी ने हितधारक संबंध एवं शेयरधारक/निवेशक शिकायत समिति का गठन किया है।

31 मार्च, 2023 तक हितधारक संबंध एवं शेयरधारक/ निवेशक शिकायत समिति की संरचना निम्नानुसार है:

नाम	पदनाम
श्रीमती उषा सजीव नायर, स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष
श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, निदेशक (वित्त)	सदस्य
श्री राजीव रंजन झा, निदेशक (परियोजना)	सदस्य

श्री मनोहर बलवानी, कंपनी सचिव ने 30 अप्रैल, 2023 तक कंपनी के अनुपालन अधिकारी के रूप में कार्य किया।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, हितधारक संबंध एवं शेयरधारक/ निवेशक शिकायत समिति की चार बैठकें हुईं, जो निम्नानुसार हैं (i) 24 मई, 2022 (ii) 12 अगस्त, 2022 (iii) 9 नवंबर, 2022 और (iv) 13 फरवरी, 2023।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सदस्यों द्वारा बैठक में (वास्तविक उपस्थिति/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) उपस्थिति का ब्यौरा निम्नानुसार है:

सदस्यों के नाम	पदनाम	बैठकों की संख्या	
		कार्यकाल के दौरान हुई बैठक	उपस्थिति
श्रीमती उषा सजीव नायर	अध्यक्ष	4	4
श्रीमती परमिंदर चोपड़ा	सदस्य	4	4
श्री राजीव रंजन झा	सदस्य	4	4
श्री प्रसन्ना तंत्री (11 जुलाई, 2022 तक)	सदस्य	1	1

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए निवेशकों की शिकायतों पर सूचना निम्नानुसार है:

विवरण	इक्विटी	बॉण्ड
वर्ष के प्रारंभ में लंबित	0	0
वर्ष के दौरान प्राप्त	2624	5651
वर्ष के दौरान निपटान की गई	2616	5651
वर्ष के अंत में निपटान न की गई शिकायतें	8*	0

*वर्ष के अंत में प्राप्त शिकायतों का निपटान बाद में 4 अप्रैल, 2023 तक किया गया।

iv. बोर्ड स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति

निदेशक मंडल द्वारा कंपनी की जोखिम प्रबंधन योजना की मॉनीटरिंग और उसकी समीक्षा करने तथा विभिन्न जोखिम प्रबंधन क्रियाकलाप के लिए निदेशक मंडल को सिफारिश करने हेतु बोर्ड स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया गया है।

31 मार्च, 2023 तक बोर्ड स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति की संरचना निम्नानुसार है:

नाम	पदनाम
श्री आर. एस. ढिल्लों, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (17 जून, 2022 से)	अध्यक्ष
श्री भास्कर भट्टाचार्य, स्वतंत्र निदेशक	सदस्य
श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, निदेशक (वित्त)	सदस्य
श्री राजीव रंजन झा, निदेशक (परियोजना)	सदस्य
श्री मनोज शर्मा, निदेशक (वाणिज्यिक) (29 अगस्त, 2022 से)	सदस्य

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान बोर्ड स्तरीय जोखिम समिति की 4 बैठकें हुईं, जो निम्नानुसार हैं (i) 28 जुलाई, 2022 (ii) 22 सितंबर, 2022 (iii) 16 दिसंबर, 2022 और (iv) 21 मार्च, 2023।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सदस्यों द्वारा बैठक में उपस्थिति (वास्तविक उपस्थिति/वीडियों कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से) का विवरण निम्नानुसार है:

सदस्यों के नाम	पदनाम	बैठकों की संख्या	
		कार्यकाल के दौरान हुई बैठकें	उपस्थिति
श्री आर. एस. ढिल्लों (17 दिसंबर, 2022 से)	अध्यक्ष	1	1
श्री भास्कर भट्टाचार्य	सदस्य	1	1
	अध्यक्ष	3	3
श्रीमती परमिंदर चोपड़ा	सदस्य	4	3
श्री राजीव रंजन झा	सदस्य	4	4
श्री मनोज शर्मा (29 अगस्त, 2022 से)	सदस्य	3	3

मुख्य जोखिम अधिकारी बोर्ड स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति की सभी बैठकों के लिए एक स्थायी आमंत्रिती है।

v. निदेशकों की सीएसआर एवं संधारणीय विकास समिति

कंपनी की निगमित सामाजिक दायित्व एवं संधारणीय विकास गतिविधियों को दिशा प्रदान करने तथा सीएसआर एवं एसडी की विभिन्न परियोजनाएं शुरू करने के लिए निदेशक मंडल को सिफारिश करने हेतु सीएसआर एवं संधारणीयता विकास समिति का गठन किया गया है।

31 मार्च, 2023 तक सीएसआर एवं संधारणीय विकास समिति की संरचना निम्नानुसार है:

नाम	पदनाम
श्री प्रसन्ना तंत्री, स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष
श्रीमती उषा सजीव नायर, स्वतंत्र निदेशक	सदस्य
श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, निदेशक (वित्त)	सदस्य
श्री राजीव रंजन झा, निदेशक (परियोजना) (18 जुलाई, 2022 से)	सदस्य
श्री मनोज शर्मा, निदेशक (वाणिज्यिक) (29 अगस्त, 2022 से)	सदस्य

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान निदेशकों की सीएसआर एवं संधारणीय विकास समिति की 7 बैठकें हुई, जो निम्नानुसार हैं (i) 8 अप्रैल, 2022 (ii) 28 जून, 2022 (iii) 23 सितंबर, 2022 (iv) 28 अक्तूबर, 2022 (v) 9 नवंबर, 2022 (vi) 13 जनवरी, 2023 और (vii) 21 मार्च, 2023।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सदस्यों द्वारा बैठक में (वास्तविक उपस्थिति/वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से) उपस्थिति का ब्यौरा निम्नानुसार है:

सदस्यों के नाम	पदनाम	बैठकों की संख्या	
		कार्यकाल के दौरान हुई बैठकें	उपस्थिति
श्री प्रसन्ना तंत्री (18 जुलाई, 2022 से)	अध्यक्ष	5	5
श्रीमती उषा सजीव नायर	सदस्य	7	7
श्रीमती परमिंदर चोपड़ा	सदस्य	7	6
श्री राजीव रंजन झा (18 जुलाई, 2022 से)	सदस्य	5	5
श्री मनोज शर्मा (29 अगस्त, 2022 से)	सदस्य	5	5
श्री आर. सी. मिश्रा (11 जुलाई, 2022 तक)	अध्यक्ष	2	2
श्री आर. एस. ढिल्लों* (28 अगस्त, 2022 तक)	सदस्य	2	उपस्थित नहीं

* निदेशक (वाणिज्यिक) का अतिरिक्त प्रभार धारण करने के आधार पर

vi. निदेशकों की निवेश समिति

केंद्रीय विद्युत क्षेत्र उपक्रमों के आईपीओ में इक्विटी निवेश अनुमोदित करने तथा अन्य संबद्ध मामलों जैसे कि निकास/बिक्री के निर्णयों, आईपीओ के माध्यम से आवेदित किए जाने वाले शेयरों की संख्या, मामला-दर-मामला आधार पर प्रत्येक कंपनी में व्यक्तिगत निवेश की सीमा आदि के लिए भी निदेशकों की निवेश समिति का गठन किया गया है।

31 मार्च, 2023 तक निदेशकों की निवेश समिति की संरचना निम्नानुसार है:

नाम	पदनाम
श्री आर. एस. ढिल्लों, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	अध्यक्ष
श्रीमती उषा सजीव नायर, स्वतंत्र निदेशक (18 जुलाई, 2022 से)	सदस्य
श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, निदेशक (वित्त)	सदस्य
श्री राजीव रंजन झा, निदेशक (परियोजना)	सदस्य
श्री मनोज शर्मा, निदेशक (वाणिज्यिक) (29 अगस्त, 2022 से)	सदस्य

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, निदेशकों की निवेश समिति की (i) 28 जून, 2022 (ii) 18 जुलाई, 2022 और (iii) 18 दिसंबर, 2022 को तीन बैठकें हुई।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सदस्यों द्वारा बैठक में उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है:

सदस्यों के नाम	पदनाम	बैठकों की संख्या	
		कार्यकाल के दौरान हुई बैठकें	उपस्थिति
श्री आर. एस. ढिल्लों	अध्यक्ष	3	3
श्रीमती उषा सजीव नायर (18 जलाई, 2022 से)	सदस्य	1	1
श्रीमती परमिंदर चोपड़ा	सदस्य	3	2
श्री राजीव रंजन झा	सदस्य	3	3
श्री मनोज शर्मा (29 अगस्त, 2022 से)	सदस्य	1	1
श्री भास्कर भट्टाचार्य (18 जुलाई, 2022 तक)	सदस्य	2	2

vii. मानव संसाधन समिति

मानव संसाधन से संबंधित सभी मामलों पर विचार करने तथा अनुमोदन हेतु बोर्ड को प्रस्तुत करने से पूर्व, उन पर निदेशक मंडल को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करने के लिए मानव संसाधन समिति का गठन किया गया है।

31 मार्च, 2023 तक मानव संसाधन समिति की संरचना निम्नानुसार है:

नाम	पदनाम
श्री मनोज शर्मा, निदेशक (वाणिज्यिक) (29 अगस्त, 2022 से)	अध्यक्ष
श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, निदेशक (वित्त)	सदस्य
श्री राजीव रंजन झा, निदेशक (परियोजना)	सदस्य

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान मानव संसाधन समिति की कोई भी बैठक नहीं हुई।

viii. फंक्शनल निदेशकों की एएलएम समिति

आरबीआई के मास्टर दिशानिर्देश - गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - प्रणालीबद्ध महत्वपूर्ण गैर-जमा स्वीकारकर्ता कंपनी और जमा स्वीकारकर्ता कंपनी (रिजर्व बैंक) निर्देश, 2016 के अनुपालन में फंक्शनल निदेशकों की एएलएम समिति का गठन किया गया है।

31 मार्च, 2023 तक फंक्शनल निदेशकों की एएलएम समिति की संरचना निम्नानुसार है:

नाम	पदनाम
श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, निदेशक (वित्त)	अध्यक्ष
श्री राजीव रंजन झा, निदेशक (परियोजना)	सदस्य

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, फंक्शनल निदेशकों की एएलएम समिति की 28 मार्च, 2023 को एक बैठक हुई।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सदस्यों द्वारा बैठक में उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है:

सदस्यों के नाम	पदनाम	बैठकों की संख्या	
		कार्यकाल के दौरान हुई बैठक	उपस्थिति
श्रीमती परमिंदर चोपड़ा	अध्यक्ष	1	1
श्री राजीव रंजन झा	सदस्य	1	1

4. अन्य समितियां

आईटी कार्यनीति समिति

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी फ्रेमवर्क संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रमुख दिशा-निर्देशों के अनुपालन में, कंपनी के निदेशक मंडल ने आईटी कार्यनीति समिति का गठन किया। 31 मार्च, 2023 तक, श्री भास्कर भट्टाचार्य, स्वतंत्र निदेशक, कंपनी के मुख्य सूचना अधिकारी/मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी और मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी को शामिल किया गया। उक्त आईटी कार्यनीति समिति के विचारणीय विषयों और भूमिका एवं दायित्वों के अंतर्गत आईटी कार्यनीति और नीति दस्तावेज का अनुमोदन करना, प्रबंधन द्वारा कार्यनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु अपेक्षित आईटी संसाधनों का निर्धारण करने के लिए प्रयुक्त विधि पर मॉनीटरिंग रखना और आईटी संसाधन जुटाने और उनके इस्तेमाल के लिए उच्च स्तरीय दिशानिर्देश प्रदान करना; पीएफसी की वृद्धि स्थायी बनाए रखने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी निवेश में समुचित संतुलन सुनिश्चित करना और आईटी जोखिमों के प्रति जागरूकता और जानकारी के साथ उन पर नियंत्रण करना आदि शामिल है।

5. वार्षिक आम बैठक

कंपनी की पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

एजीएम	दिनांक	दिन	समय	स्थान	विशेष संकल्प
34वीं	29 सितंबर, 2020	मंगलवार	दोपहर 12:30 बजे	वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निगम के पंजीकृत कार्यालय में	• कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 180 (1) (ग) के अंतर्गत ऋण सीमा बढ़ाने का अनुमोदन और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 180(1) (क) के अंतर्गत संशोधन करने के लिए • कंपनी के एमओए के उद्देश्य खंड को बदलना
35वीं	21 सितंबर, 2021	मंगलवार	दोपहर 12:30 बजे	वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निगम के पंजीकृत कार्यालय में	शून्य
36वीं	21 सितंबर, 2022	बुधवार	पूर्वाह्न 11:30 बजे	वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निगम के पंजीकृत कार्यालय में	• श्री भास्कर भट्टाचार्य (डीआईएन: 09406292), की कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए • श्रीमती उषा सजीव नायर (डीआईएन: 09408454), की कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए • श्री प्रसन्ना तंत्री (डीआईएन: 06471864), की कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए • कंपनी के एमओए के उद्देश्य खंड को बदलने के लिए

पोस्टल बैलट

पिछले वर्ष पोस्टल बैलट के माध्यम से कोई विशेष संकल्प पारित नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त, आगामी एजीएम तक पोस्टल बैलट के माध्यम से कोई विशेष संकल्प संचालित करने का प्रस्ताव नहीं है।

6. प्रकटीकरण

कंपनी ने ऐसा कोई वास्तविक रूप से महत्वपूर्ण संबंधित पक्षकार लेनदेन नहीं किया है जिससे कंपनी के हित के साथ कोई संभावित टकराव की आशंका हो। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने बोर्ड के सदस्यों के साथ कोई महत्वपूर्ण संबंधित पक्षकार लेन-देन नहीं किया जहां उनका निजी हित था। इसके अतिरिक्त, सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुपालन में कंपनी ने ङ्गसंबंधित पक्षकार लेन-देन पर नीतियांफतैयार की हैं और संगत पक्षकार लेनेदेन और उनका ब्यौरा https://www.pfcindia.com/Default/ViewFile/?id=1679572235694šPOLICY%20ON%20M-TERI-LITY%20OF%20RPT13012023.pdfpath=Page लिंक पर उपलब्ध है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान सेबी, स्टॉक एक्सचेंज या किसी अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा पूंजी बाजार से संबंधित किसी मामले पर न तो कोई जुर्माना लगाया गया है और न ही कोई निंदा की गई है। तथापि, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, कंपनी को बोर्ड और इसकी समितियों की संरचना की आवश्यकता के गैर-अनुपालन के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज से जुर्माने के नोटिस प्राप्त हुए थे। चूंकि उक्त अनुपालन पीएफसी के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं, अत: कंपनी उक्त जुर्माने की छूट के लिए स्टॉक एक्सचेंजों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई कर रही है। 31 मार्च, 2023 तक पीएफसी द्वारा अपने बोर्ड और उसकी समितियों की संरचना के संदर्भ में इसका पालन किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान पीएफसी 11 जुलाई, 2022 से 31 मार्च, 2023 तक बोर्ड की संरचना के संदर्भ में अनुपालन नहीं कर सकी थी। एनएसई ने चार तिमाहियों की अवधि के दौरान अनुपालन न होने के कारण पीएफसी पर जुर्माना लगाया था और बीएसई ने पहली तीन तिमाहियों की अवधि के अनुपालन न होने पर जुर्माना लगाया था।

कंपनी ने 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडन (रोकथाम,प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013' के अंतर्गत यौन उत्पीड़न से संबंधित मामलों की जांच के लिए एक आंतरिक शिकायत समिति स्थापित की है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, उक्त अधिनियम के अंतर्गत कोई भी शिकायतें दर्ज नहीं कराई गई।

संबंधित नियमों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 तथा सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अंतर्गत अपेक्षाओं के अनुसरण में कंपनी से अन्य बातों के साथ-साथ निदेशकों एवं कार्मिकों के लिए एक सतर्कता तंत्र/व्हिसल ब्लोवर नीति स्थापित करने की अपेक्षा है ताकि वे अनैतिक आचरण, वास्तविक या संदिग्ध धोखाधड़ी या कंपनी की आचार संहिता या नैतिकता की नीति के उल्लंघन के बारे में अपने वास्तविक सरोकारों या शिकायतों को दर्ज करा सकें। ऐसे सतर्कता तंत्र के अभिन्न अंग के रूप में, पीएफसी की व्हिसल ब्लोवर नीति स्थापित की गई है और इस बात की पुष्टि की जाती है कि किसी भी कार्मिक को लेखापरीक्षा समिति तक पहुंचने से रोका न जाए। यह निम्नांकित लिंक पर उपलब्ध है:-

https://www.pfcindia.com/Default/ViewFile/?id=1490188785276_WBP.pdf&path=Page

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अंतर्गत अपेक्षाओं के अनुसरण में कंपनी ने 'महत्वपूर्ण सहायक कंपनी पर नीति' तैयार की है और यह निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है:

https://www.pfcindia.com/Default/ViewFile/?id=1561552854274_Final%20Policy%20for%20Material%20Subsidiary17052019.pdf&path=Page

लेखा बहियों में व्यय की ऐसी किसी मद को डेबिट नहीं किया गया, जो व्यवसाय के प्रयोजनार्थ नहीं थी। इसके अतिरिक्त, ऐसा कोई व्यय नहीं किया गया, जो निजी प्रकृति का हो और निदेशक मंडल एवं शीर्ष प्रबंधन के लिए किया गया हो।

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कोई स्टॉक विकल्प/ईएसओपी जारी नहीं किया है।

आपकी कंपनी ने अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति संबंधी अनुपालन को छोड़कर वर्ष के उस भाग के लिए व्यापक रूप से सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 तथा भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के लिए निगमित शासन पर जारी किए गए समय-समय पर यथा संशोधित दिशा-निर्देशों की सभी अपेक्षाओं का पालन किया। गैर-अनिवार्य अपेक्षाओं को अपनाने की स्थिति निम्नानुसार है:

1. **बोर्ड:** कंपनी का नेतृत्व एक कार्यपालक अध्यक्ष द्वारा किया जाता है।
2. **शेयरधारक के अधिकार:** कंपनी के तिमाही/ अर्धवार्षिक/ वार्षिक वित्तीय परिणाम, निगमित शासन रिपोर्ट के 'साधन और संचार' शीर्ष के अंतर्गत उल्लिखित अनुसार प्रमुख समाचार-पत्रों में प्रकाशित किए किए जाते हैं और कंपनी की वेबसाइट पर भी दर्शाए जाते हैं।
3. **लेखापरीक्षा रिपोर्ट में संशोधित विचार:** कंपनी का हमेशा यह प्रयास रहता है कि असंशोधित लेखापरीक्षा विकल्प के साथ वित्तीय विवरणों को रखा जाए। कंपनी को वित्तीय वर्ष 2022-23 में अपने सांविधिक लेखापरीक्षकों से असंशोधित रिपोर्ट प्राप्त हुई है।
4. **आंतरिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट:** कंपनी के आंतरिक लेखापरीक्षकों को लेखापरीक्षा समिति की बैठकों के लिए आमंत्रित किया जाता है और लेखापरीक्षा समिति के सदस्यों के साथ नियमित रूप से बातचीत की जाती है।

कंपनी ने जोखिम मूल्यांकन एवं न्यूनीकरण के बारे में बोर्ड को सूचित करने के लिए प्रक्रियाएं निर्धारित की है। कंपनी का निदेशक मंडल इन प्रक्रियाओं की आवधिक आधार पर समीक्षा करता है ताकि सुनिश्चित हो कि समुचित रूप से परिभाषित फ्रेमवर्क के माध्यम से जोखिमों का प्रबंधन किया जाता है।

आपकी कंपनी द्वारा सांविधिक लेखापरीक्षकों को भुगतान किया गया कुल शुल्क ₹1.29 करोड़ है।

वित्तीय विवरण तैयार करने में कंपनी ने लागू सीमा तक कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 (यथा संशोधित) के अंतर्गत अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानकों (इंड एएस) का 1 अप्रैल, 2018 से अनुसरण किया है।

7. संचार के साधन

कंपनी संचार को निगमित शासन की समग्र फ्रेमवर्क के मुख्य घटक के रूप में मानती है और इसलिए व्यापक रूप से जनता से निरंतर, दक्ष एवं संगत संचार पर बल देती है। कंपनी अपनी वार्षिक रिपोर्ट, आम बैठक, समाचार पत्रों तथा वेबसाइट के माध्यम से प्रकटीकरण द्वारा अपने शेयरधारकों के साथ संचार करती है। कंपनी निवेशक सम्मेलनों, सम्मेलन कॉल आदि के माध्यम से भी अपने संस्थागत शेयरधारकों के साथ संचार करती है। यद्यपि तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणाम राष्ट्रीय समाचार पत्रों जैसे कि द इकॉनोमिक टाइम्स, द नवभारत टाइम्स, द हिंदुस्तान टाइम्स, बिजनेस स्टैंडर्ड, बिजनेस स्टैंडर्ड (हिंदी), द फाइनेंशियल एक्सप्रेस, दैनिक भास्कर, दैनिक जागरण (हिंदी), अमर उजाला, द इंडियन एक्सप्रेस आदि में प्रकाशित किए जाते हैं, ये कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.pfcindia.com पर भी उपलब्ध हैं और व्यापक प्रसार के लिए स्टॉक एक्सचेंज को भी प्रस्तुत किए जाते हैं।

कंपनी से संबंधित सभी महत्वपूर्ण सूचना कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में प्रदान की जाती है जिसमें अन्य बातों के साथ लेखापरीक्षित लेखा, समेकित वित्तीय विवरण, निदेशक रिपोर्ट, लेखापरीक्षक रिपोर्ट, निगमित शासन पर रिपोर्ट शामिल है जो प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए सदस्यों तथा अन्य पात्र व्यक्तियों को भेजी जाती है।

8. सीईओ/सीएफओ प्रमाणन

सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 की आवश्यकता के अनुसार, सीईओ अर्थात अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा सीएफओ अर्थात निदेशक (वित्त) द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र 27 मई, 2023 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल के समक्ष रखा गया (इस रिपोर्ट के **अनुलग्नक-I** के रूप में प्रतिलिपि संलग्न है)।

9. लागू कानूनों का अनुपालन

कंपनी ने सुदृढ़ अनुपालन मॉनीटरिंग प्रणाली स्थापित की है। बोर्ड कंपनी पर लागू सभी कानूनों का समुचित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अनुपालन की स्थिति का आवधिक आधार पर समीक्षा करता है।

10. आचार संहिता

बोर्ड के सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबंधन के लिए व्यवसाय आचरण एवं नैतिकता संहिता आपकी कंपनी के सभी निदेशकों तथा वरिष्ठ प्रबंधन के सदस्यों पर लागू एक व्यापक संहिता है। यह मिशन एवं उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कंपनी के विजन एवं मूल्यों के अनुरूप है तथा इसका उद्देश्य कंपनी के कार्यों के प्रबंधन में नैतिक एवं पारदर्शी प्रक्रिया को बढ़ावा देना है। संहिता की प्रतिलिपि कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.pfcindia.com पर उपलब्ध है।

बोर्ड के सदस्यों तथा प्रबंधन के वरिष्ठ कार्मिकों से प्राप्त पुष्टि के आधार पर आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा की गई घोषणा इस रिपोर्ट के अनुलग्नक-**II** के रूप में संलग्न है।

11. इनसाइडर ट्रेडिंग की रोकथाम के लिए संहिता

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (इनसाइडर ट्रेडिंग की रोकथाम) (संशोधन) विनियम, 2018 के अनुपालन में आपकी कंपनी ने अप्रकाशित मूल्य संवेदी सूचना की गोपनीयता बनाए रखने के लिए और इसका दुरुपयोग रोकने हेतु व्यापक संहिता अर्थात पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रतिभूतियों में व्यापार के विनियमन, मॉनीटरिंग एवं रिपोर्टिंग के लिए आचरण तथा अप्रकाशित कीमत संवेदी सूचना के उचित प्रकटीकरण के लिए पद्धति एवं प्रक्रिया संहिता तैयार की है। कंपनी में अपने आबंटन के दौरान प्राप्त सभी ऐसी सूचना की गोपनीयता की रक्षा करना और निजी लाभ प्राप्त करने या किसी तृतीय पक्षकार को लाभ प्रदान करने के लिए अपने पद या सूचना का दुरुपयोग न करना संहिता में उल्लिखित सभी नामित कार्मिकों तथा अन्य संबद्ध व्यक्तियों का दायित्व है। संहिता कंपनी की प्रतिभूतियों में संव्यवहार करते समय अपनाई जाने वाली प्रक्रियाएं एवं दिशानिर्देश तथा किए जाने वाले प्रकटीकरण और गैर-अनुपालन के परिणाम विहित करती है। कंपनी सचिव को अनुपालन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है और वह उक्त संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु जिम्मेदार हैं।

उक्त संहिता की आवश्यकता के अनुसरण में, जब भी बोर्ड को कुछ मूल्यवान संवेदी सूचना प्रस्तुत की गई, तो ट्रेडिंग विंडो को समय-समय पर बंद किया गया। अनुपालन अधिकारी ने ट्रेडिंग विंडो के बंद होने के दौरान कंपनी की प्रतिभूतियों में संव्यवहार न करने के लिए सभी कार्मिकों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों को रोकते हुए अग्रिम में कंपनी की वेबसाइट पर ट्रेडिंग विंडो के बंद होने के बारे में सूचना प्रदान की।

'पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रतिभूतियों में ट्रेडिंग के विनियमन, मॉनीटरिंग एवं रिपोर्टिंग के लिए आचार संहिता तथा अप्रकाशित मूल्यवान संवेदी सूचना के निष्पक्ष प्रकटीकरण के लिए पद्धति एवं प्रक्रिया संहिता' की प्रतिलिपि कंपनी की निम्नलिखित वेबसाइट पर भी उपलब्ध है:

https://www.pfcindia.com/Default/ViewFile/?id=1614952208955_Insider_Trading_Code_Amended05032021.pdf&path=Page

12. शेयरधारक की सूचना

क) वार्षिक आम बैठक

दिनांक	समय	स्थान
12 सितंबर, 2023	प्रातः 11:30 बजे	वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से

37वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन वीडियो कांफ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों द्वारा किया जाएगा। कंपनी द्वारा उक्त एजीएम में उपस्थित होने के लिए शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में भाग लेने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी तथा साथ ही, उक्त एजीएम में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोट देने के उनके अधिकार का उपयोग करने का विकल्प भी शेयरधारकों को दिया जाएगा। कंपनी की 37वीं एजीएम की सूचना में उक्त एजीएम में भागीदारी और अन्य संबंधित जानकारी का विवरण दिया गया है।

ख) वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वित्तीय कैलेंडर (अनंतिम)

विवरण	तिथि
वित्तीय वर्ष	1 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024
पहली तीन तीमाहियों के लिए गैर-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम	प्रत्येक तिमाही की समाप्ति से 45 दिनों के भीतर घोषित किए जाएंगे। लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम वित्तीय वर्ष की समाप्ति से 60 दिनों में या इससे पहले घोषित किए जाएंगें।
एजीएम (अगले वर्ष)	अगस्त/सितंबर, 2024

ग) बही बंद करने की तिथि

कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर अंतरण का रजिस्टर मंगलवार 5 सितंबर, 2023 से मंगलवार, 12 सितंबर, 2023 तक दोनों दिनों बंद रहेगा।

घ) लाभांश का भुगतान

लाभांश वितरण नीति

कंपनी ने सेबी (एलओडीआर) विनियम के विनियम 43ए के अनुपालन में एक लाभांश वितरण नीति बनाई है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ ऐसे वित्तीय पैरामीटरों सहित बाहरी और आंतरिक विनिमय विनिर्दिष्ट किए गए हैं, जिन पर लाभांश की घोषणा करते समय विचार किया जाएगा और जिन परिस्थितियों के अंतर्गत कंपनी के शेयरधारक लाभांश की आशा रख सकते हैं अथवा नहीं रख सकते हैं, उन पर विचार किया जाएगा।

यह नीति पीएफसी की वेबसाइट के निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है।

https://www.pfcindia.com/Default/ViewFile/?id=1546009180778_DividendDistribution.pdf&path=Page

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए लाभांश का विवरण

कंपनी के निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी पर ₹4.5 प्रति शेयर का अंतिम लाभांश भुगतान करने की सिफारिश की है, जिसका भुगतान वार्षिक आम बैठक में अनुमोदन के बाद किया जाएगा। यह ₹8.75 प्रति इक्विटी शेयर (टीडीएस की कटौती के अध्यधीन) के अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है जिसे कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी पर वर्ष के दौरान तीन चरणों में पहले ही घोषित और भुगतान किया गया है। इस प्रकार, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कुल लाभांश ₹13.25 प्रति इक्विटी शेयर (टीडीएस की कटौती के अध्यधीन) के बराबर है।

कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अध्यधीन, निदेशक मंडल द्वारा सिफारिश किए गए इक्विटी शेयर पर अंतिम लाभांश को यदि वार्षिक आम बैठक में सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया जाता है, तो कंपनी के सदस्यों अथवा उनके अधिकृत व्यक्तियों को भुगतान किया जाएगा, जिनके नाम भौतिक शेयरों के संबंध में 16 जून, 2023 को कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज हैं। डिमेटिरियलाइज शेयरों के संबंध में, लाभांश का भुगतान शेयरों के लाभार्थी स्वामीफको किया जाएगा, जिनके नाम 16 जून, 2023 को कार्य घंटे समाप्त होने पर नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसिज (इंडिया) लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत किए गए लाभार्थी स्वामित्व विवरण में दर्ज है। यदि वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में लाभांश की घोषणा की जाती है, तो इसका भुगतान स्टेकधारकों को एजीएम में उसकी घोषणा की तारीख से 30 दिन के अंदर किया जाएगा।

लाभांश का इतिहास

वर्ष	कुल प्रदत्त पूंजी (₹ करोड़ में)	कुल लाभांश भुगतान राशि (₹ करोड़ में)	लाभांश दर (%)	भुगतान की तिथि (अंतरिम और अंतिम)
2017-18	2,640.08 (प्रथम अंतरिम)	1,584.05	60	23 नवंबर, 2017
	2,640.08 (द्वितीय अंतरिम)	475.21	18	19 मार्च, 2018
	कुल	**2,059.26**	**78**	**-**
2018-19	2,640.08	-	-	-
2019-20	2,640.08 (अंतरिम)	2,508.07	95	12 मार्च, 2020
	कुल	**2,508.07**	**95**	**-**
2020-21	2,640.08 (अंतरिम)	2,112.06	80	31 मार्च, 2021
	2,640.08 (अंतिम)	528.02	20	12 अक्तूबर, 2021
	कुल	**2,640.08**	**100**	
2021-22	2,640.08 (प्रथम अंतरिम)	594.02	22.5	10 सितंबर, 2021
	2,640.08 (द्वितीय अंतरिम)	660.00	25	10 दिसंबर, 2021
	2,640.08 (तृतीय अंतरिम)	1,584.05	60	11 मार्च, 2022
	2,640.08 (अंतिम)	330.00	12.5	11 अक्तूबर, 2022
	कुल	**3,168.07**	**120**	

आईईपीएफ खाता बॉण्डों को अंतरित की गई अदावी राशि और शेयर/ लाभांश/ बॉण्डों की स्थिति:

बॉण्ड

31 मार्च, 2023 तक कुल अदावी राशि और अदत्त राशि ₹72,69,89,007.18 (मूलधन प्लस ब्याज)थी। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान आईईपीएफ को अंतरित की गई अदत्त/अदावी बॉण्डों की राशि ₹12,39,576/- है।

अदावी लाभांश-इक्विटी

31 मार्च, 2023 तक लाभांश (इक्विटी) की अदावी शेष राशि ₹5,63,28,327.30 (राउण्ड ऑफ) थी। 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के दौरान ₹63,17,068 की अदावी लाभांश राशि अंतरण किए जाने के लिए देय थी और तदनुसार निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण निधि (आईईपीएफ) को अंतरित कर दी गई थी।

आईईपीएफ को अंतरित इक्विटी शेयर

आईईपीएफ प्राधिकरण (लेखांकन, लेखापरीक्षा, अंतरण और प्रतिदाय) नियमावली, 2016 (आईईपीएफ नियमावली) के नियम 6 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6) के प्रावधानों के अंतर्गत ऐसे सभी शेयर, जिनके संबंध में लाभांश का दावा लगातार सात वर्ष के लिए नहीं किया गया है, कंपनी द्वारा आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते को अंतरित किया जाना अपेक्षित है। तदनुसार, कंपनी ने जून, 2022 में 7,394 इक्विटी शेयर (प्रत्येक ₹10), नवंबर, 2022 में 5100 इक्विटी शेयर (प्रत्येक ₹10) और फरवरी, 2023 में 6680 इक्विटी शेयर (प्रत्येक ₹10) अंतरित कर दिए हैं। 31 मार्च, 2023 तक आईईपीएफ प्राधिकारी के डीमैट खाते में रखे इक्विटी शेयरों की संख्या 1,07,486 थी। तद्दोपरांत 2117 इक्विटी शेयर (प्रत्येक ₹10) थे जिन्हें जून, 2023 में आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खातों में अंतरित कर दिया गया।

जिन सदस्यों के पास उपयुक्त लाभांश और शेयरों पर कोई दावा है, वे आईईपीएफ प्राधिकरण से उनके लिए निर्धारित फॉर्म सं. आईईपीएफ-5 में, जो वेबसाइट www.iepf.gov.in पर उपलब्ध है, ऑनलाइन आवेदन करके दावा कर सकते हैं और उसकी एक भौतिक प्रतिलिपि विधिवत हस्ताक्षर के साथ कंपनी को भेजकर, फॉर्म सं. आईईपीएफ-5 में उल्लिखित अपेक्षित दस्तावेजों के साथ भेज सकते हैं। आईईपीएफ प्राधिकरण को अंतरित लाभांश/ शेयरों के संबंध में कंपनी पर कोई दावा नहीं होगा।

नोडल अधिकारी

आईईपीएफ नियमावली के नियम 7(2क) के अनुसरण में, निम्नलिखित व्यक्ति कंपनी के नोडल अधिकारी हैं:

नोडल अधिकारी	श्री मनीष कुमार अग्रवाल
बॉण्डों/डिबेंचरों के संबंध में नोडल अधिकारी	श्री ईश्वर सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (आरएमडी-II)

श्री मनोहर बलवानी दिनांक 30.04.2023 तक कंपनी में कंपनी सचिव थे, अधिवर्षिता की आयु पूरी होने पर, वह दिनांक 01.05.2023 से कंपनी के कंपनी सचिव के पद पर नहीं रहे।

ड.) स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्धता

पीएफसी के शेयर निम्नलिखित स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध हैं:

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई)
एक्सचेंज प्लाजा,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
बांद्रा (ईस्ट),
मुंबई - 400 051
स्क्रिप कोड : पीएफसी ईक्यू

बीएसई लिमिटेड
25वां तल, पीजे टावर्स,
दलाल स्ट्रीट,
मुंबई - 400 001
स्क्रिप कोड : 532810

स्टॉक कोड (आईएसआईएन): INE134E01011

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए एनएसई और बीएसई को वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान किया गया है।

च) बाजार कीमत डेटा

माह	उच्च (₹)		निम्न (₹)		अंतिम (₹)	
	एनएसई	बीएसई	एनएसई	बीएसई	एनएसई	बीएसई
अप्रैल, 22	124.80	124.80	112.50	112.45	117.75	117.75
मई, 22	117.75	117.90	104.25	104.30	111.35	111.60
जून, 22	113.80	114.40	97.10	97.15	104.45	104.60
जुलाई, 22	116.40	116.35	103.20	103.30	115.95	109.8
अगस्त, 22	122.45	122.35	115.90	115.95	119.60	104.95
सितंबर, 22	118.95	119.00	103.65	103.65	104.60	99.25
अक्तूबर, 22	115.50	115.50	100.85	100.85	115.25	109.1
नवबर, 22	139.15	139.10	114.50	114.50	135.90	135.95
दिसंबर, 22	147.80	147.80	130.50	130.20	141.15	141.05
जनवरी, 23	161.80	161.90	133.05	133.05	141.45	141.50
फरवरी, 23	151.90	151.90	134.20	134.35	145.40	145.35
मार्च, 23	170.60	170.55	144.40	144.45	151.75	151.75

छ) सूचकांकों की तुलना में कार्य निष्पादन

पीएफसी शेयर कीमत और निफ्टी 50



पीएफसी शेयर कीमत और बीएसई सेंसेक्स



ज) इक्विटी शेयरों के लिए रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट

संचार का पता

केफिन टेक्नोलॉजिज प्राइवेट लिमिटेड
सेलेनियम बिल्डिंग, टावर-बी,
प्लॉट नं. 31 एवं 32,
फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरीलिंगमपल्ली,
हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना - 500 032, भारत
टेलीफोन: +91 40 67162222
ई-मेल: einward.riskfintech.com
वेबसाइट: www.kfintech.com

झ) शेयर अंतरण प्रणाली

डिपॉजिटरी के माध्यम से इक्विटी शेयरों का इलेक्ट्रॉनिक रूप में अंतरण किया जाता है जिसमें कंपनी की कोई भागीदारी नहीं होती है। इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयरों का लेन-देन सरल एवं त्वरित है। दलाल से बिक्री/क्रय लेन-देन की पुष्टि के बाद शेयरधारकों को लेन-देन के लिए खाते को डेबिट या क्रेडिट करने के अनुरोध के साथ प्रतिभागी डिपॉजिटरी से संपर्क करना चाहिए। प्रतिभागी डिपॉजिटरी खाते को अपडेट करके लेन-देन को पूर्ण करने की तुरंत व्यवस्था करेगा। अंतरण को पंजीकृत कराने के लिए कंपनी के साथ अलग से पत्राचार करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

1 अप्रैल, 2019 से सेबी ने सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों के भौतिक अंतरण पर रोक लगा दी है तथा केवल डीमैट के माध्यम से अंतरण को अनिवार्य कर दिया है। तथापि, निवेशकों को भौतिक रूप में शेयर रखने से प्रतिबंधित नहीं किया गया है।

ञ) डीमेट सस्पेंस खाते का विवरण

31 मार्च, 2023 तक डीमेट सस्पेंस खाते में शेयरों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

विवरण	मामलों की संख्या	शेयरों की संख्या
वर्ष के शुरू में, अर्थात 1 अप्रैल, 2022 तक सस्पेंस खाते में शेयरधारकों तथा बकाया शेयरों की कुल संख्या	3	1432
ऐसे शेयरधारकों की संख्या जिन्होंने वर्ष 2022-23 के दौरान सस्पेंस खाते से शेयरों के अंतरण के लिए कंपनी से संपर्क किया	0	0
घटाएं : ऐसे शेयरधारकों की संख्या जिनको वर्ष 2022-23 के दौरान सस्पेंस खाते से शेयर अंतरित किए गए	0	0
घटाएं: ऐसे शेयरों की संख्या जो वर्ष 2022-23 के दौरान आईईपीएफ खाते में अंतरित किए गए	0	0
वर्ष के अंत में अर्थात 31 मार्च, 2023 तक सस्पेंस खाते में शेयरधारकों तथा बकाया शेयरों की कुल संख्या	3	1432

ऐसे शेयरों के उचित स्वामित्व दावे किए जाने तक उक्त शेयरों के संबंध में मतदान के अधिकार बंद रहेंगे।

ट) शेयरधारिता का वितरण

- 31 मार्च, 2023 तक शेयरधारिता का वितरण

क्र. सं.	मूल्य	शेयरधारकों की संख्या	शेयरधारकों का %	राशि (₹)	शेयरों का %
1	1-5000	4,01,843	88.06	43,52,22,910	1.65
2	5001-10000	29,495	6.47	23,54,32,700	0.9
3	10001-20000	12,982	2.84	19,46,63,430	0.73
4	20001-30000	3,803	0.83	9,78,69,340	0.37
5	30001-40000	1,849	0.40	6,68,66,740	0.25
6	40001-50000	1,432	0.31	6,75,60,730	0.26
7	50001-100000	2,503	0.55	18,37,59,190	0.70
8	1000001 और अधिक	2,439	0.54	25,11,94,39,040	95.14
	कुल	**4,56,346**	**100**	**26,40,08,14,080**	**100**

- 31 मार्च, 2023 तक शेयरधारिता पैटर्न

श्रेणी	शेयरों की कुल संख्या	इक्विटी का %
भारत के राष्ट्रपति	1,47,82,91,778	55.99
विदेशी पोर्टफोलियो - सीओआरपी	43,53,23,990	16.49
म्यूचुअल फंड	32,27,61,944	12.22
निवासी व्यक्ति	17,88,93,387	6.78
अर्हता प्राप्त संस्थागत क्रेता	15,66,77,837	5.93
निगमित निकाय	3,35,64,432	1.28
बीमा कंपनियां	98,60,610	0.38
एचयूएफ	97,87,415	0.37
अनिवासी भारतीय गैर-प्रत्यावर्तनीय	44,83,987	0.17
अनिवासी भारतीय	38,39,627	0.15
बैंक	18,36,233	0.07
ट्रस्ट	17,06,688	0.06
एनबीएफसी	11,38,206	0.04
कार्मिक	9,34,329	0.04
वैकल्पिक निवेश निधि	5,01,356	0.02
समाशोधन सदस्य	2,69,903	0.01
आईईपीएफ	1,07,486	0.00
भारतीय वित्तीय संस्थान	1,00,000	0.00
विदेशी नागरिक	2,200	0.00
कुल	**2,64,00,81,408**	**100**

ठ) शेयरों का डिमैटीरियलाइजेशन

31 मार्च, 2023 तक डीमैट रूप में और भौतिक रूप में एनएसडीएल, सीडीएसएल के पास रखे गए शेयरों की संख्या।

विवरण	शेयरों की संख्या	जारी कुल पूंजी का %
एनएसडीएल	2,536,580,836	96.08
सीडीएसएल	103,478,065	3.92
भौतिक	22,507	0.00
कुल	**2,64,00,81,408**	**100**

ड) बकाया जीडीआर और एडीआर वारंट या कोई परिवर्तनीय लिखत, परिवर्तन की तारीख तथा इक्विटी पर संभावित प्रभाव

कंपनी द्वारा कोई जीडीआर और एडीआर वारंट/परिवर्तनीय लिखत जारी नहीं की गई है।

ढ) वस्तु कीमत जोखिम या विदेशी मुद्रा जोखिम तथा हेजिंग गतिविधियां

विदेशी मुद्रा ऋणों से संबद्ध जोखिमों के प्रबंधन के लिए आपकी कंपनी ने मुद्रा जोखिम प्रबंधन (सीआरएम) नीति स्थापित की है। कंपनी ने विभिन्न लिखतों जैसे फॉर्वर्ड, विकल्प, और स्वैप के माध्यम से विनिमय दर एवं ब्याज दर जोखिम को कवर करने के लिए हेजिंग लिखत शुरू की है।

ण) पत्राचार के लिए पता

पंजीकृत कार्यालय
'ऊर्जानिधि', 1, बाराखंबा लेन,
कनॉट प्लेस,
नई दिल्ली - 110 001

कंपनी सचिव
श्री मनीष कुमार अग्रवाल
टेलीफोन: +91 11 23456020
फैक्स: +91 11 23456786
ई-मेल: investorsgrievance@pfcindia.com

त) क्रेडिट रेटिंग

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, दीर्घावधि और अल्पावधि, दोनों ही ऋणों के मामले में कंपनी की घरेलू रेटिंग (बैंक ऋणों सहित) सर्वोच्च बनी रही।

क्रिसिल, आईसीआरए और केयर द्वारा प्रदान की गई घरेलू रेटिंग

- दीर्घावधि घरेलू ऋण कार्यक्रम की रेटिंग - क्रिसिल एएए, आईसीआरए एएए और केयर एएए
- अल्पावधि घरेलू ऋण कार्यक्रम की रेटिंग- क्रिसिल ए1+, आईसीआरए ए1+, और केयर ए1+

अंतरराष्ट्रीय रेटिंग

- कंपनी की अंतरराष्ट्रीय क्रेटिड रेटिंग बीएए3 और बीबीबी- जारी है, जो क्रमशः अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज और फिच द्वारा प्रदान की गई है।

थ) अधिमानी आबंटन/अर्हक संस्थान नियोजन

वर्ष के दौरान, कंपनी ने शेयरों या अन्य परिवर्तनीय प्रतिभूतियों के अधिमानी आबंटन/अर्हक संस्थान नियोजन के रूप में कोई निधि नहीं जुटाई है।

निगमित शासन पर रिपोर्ट का अनुलग्नक I

सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 17(8) के अंतर्गत निदेशक मंडल के लिए प्रमाण-पत्र

हम एतदद्वारा निदेशक मंडल को यह प्रमाणित करते हैं कि:

हमने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों तथा नकदी प्रवाह विवरण की समीक्षा की है और यह कि हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार:

i. इन विवरणों में कोई वास्तविक रूप से असत्य विवरण नहीं है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया नहीं गया है या ऐसे विवरण नहीं हैं जो भ्रामक हो सकते हैं;

ii. ये विवरण एक साथ कंपनी के कार्यों का सच्चा एवं उचित परिदृश्य प्रस्तुत करते हैं तथा इनमें लेखांकन के मौजूदा मानकों, प्रयोज्य कानूनों एवं विनियमों का पालन किया गया है।

हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा ऐसा कोई लेन-देन नहीं किया गया है जो कपटपूर्ण, अवैध या कंपनी की आचार संहिता का उल्लंघन करने वाला है।

हम वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए आंतरिक नियंत्रण स्थापित एवं अनुरक्षित करने की जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं और यह कि हमने वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की कारगरता का मूल्यांकन किया है और हमने ऐसे आंतरिक नियंत्रणों की डिजाइन या प्रचालन में खामियों, यदि कोई हो, जिसकी हमें जानकारी है, और हमने इन खामियों को दूर करने के लिए जो कदम उठाया है या उठाने का प्रस्ताव किया है, उसके बारे में लेखापरीक्षकों तथा लेखापरीक्षा समिति को जानकारी प्रदान की है।

हमने लेखापरीक्षकों और लेखापरीक्षा समिति को इंगित किया है:

i) वर्ष के दौरान वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण में महत्वपूर्ण परिवर्तन;

ii) वर्ष के दौरान लेखांकन नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन की जानकारी दी है और वित्तीय विवरण संबंधी टिप्पणियों में उनका प्रकटीकरण किया गया है; तथा

iii) महत्वपूर्ण धोखाधड़ी के मामले, जिनके बारे में हमें जानकारी हो गई है और उसमें प्रबंधन अथवा वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में किसी महत्वपूर्ण भूमिका रखने वाले कार्मिक की संलिप्तता, यदि कोई हो।

ह/-
(परमिंदर चोपड़ा)
निदेशक (वित्त)/सीएफओ
डीआईएन: 08530587

ह/-
(आर. एस. ढिल्लों)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/सीईओ
डीआईएन: 00278074

निगमित शासन पर रिपोर्ट का अनुलग्नक-II

सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 और निगमित शासन पर डीपीई के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत आवश्यकता के अनुसार घोषणा:

'बोर्ड के सभी सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबंधकीय कार्मिकों ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए व्यवसाय आचार तथा बोर्ड के सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंधन के लिए नैतिकता संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है।'

ह/-
(परमिंदर चोपड़ा)
निदेशक (वित्त)/सीएफओ
डीआईएन: 08530587

निदेशकों के अयोग्य न होने का प्रमाण-पत्र

निगमित शासन संबंधी रिपोर्ट का अनुलग्नक-III

[सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 34(3) और अनुसूची V पैरा सी खंड (10)(i) के अनुसरण में]

सेवा में,
पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
'ऊर्जानिधि' बाराखंबा लेन,
कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110 001

हमने भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं), विनियम, 2015 की अनूसूची V पैरा सी उपखंड (10)(i) के साथ पठित विनियम 34(3) के अनुसार, **पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, L65910DL1986GOI024862** और पंजीकृत कार्यालय 'ऊर्जानिधि' बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110 001, (इसके बाद इसे कंपनी के रूप में कहा जाएगा) से यह प्रमाण-पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए कंपनी द्वारा हमारे पास प्रस्तुत किए गए संगत रजिस्टरों, रिकॉर्ड, फार्मों, विवरणियों और प्रकटीकरणों की जांच की है।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम सूचना के अनुसार तथा ्.ाlर.सीं.ळप पोर्टल पर यथा आवश्यक सत्यापनों (निदेशकों की पहचान संख्या (डीआईएन) सहित) और कंपनी एवं इसके अधिकारियों द्वारा हमें/मुझे प्रस्तुत किए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार हम यह प्रमाणित करते हैं कि 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए, कंपनी के बोर्ड में नीचे दिए गए किसी भी निदेशक को भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय अथवा किसी अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्ति करने/ जारी रहने से वंचित अथवा अयोग्य नहीं किया गया है:

क्र. सं.	निदेशक का नाम	डीआईएन	कंपनी में नियुक्ति की तारीख
1.	श्री रविन्द्र सिंह ढिल्लों	00278074	12.06.2019
2.	श्री भास्कर भट्टाचार्य	09406292	23.12.2021
3.	श्रीमती उषा सजीव नायर	09408454	23.12.2021
4.	श्री प्रसन्ना तंत्री	06471864	23.12.2021
5.	श्रीमती परमिंदर चोपड़ा	08530587	01.07.2020
6.	श्री राजव रंजन झा	03523954	28.10.2021
7.	श्री अजय तिवारी	09633300	09.06.2022
8.	श्री मनोज शर्मा	06822395	29.08.2022

कंपनी के बोर्ड में प्रत्येक निदेशक की नियुक्ति करने/ जारी रखने के लिए योजना सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी कंपनी के प्रबंधन की है। हमारी जिम्मेदारी हमारे सत्यापन के आधार इस संबंध में एक राय व्यक्त करने की है। यह प्रमाण-पत्र न तो कंपनी की भावी व्यवहार्यता के लिए कोई आश्वासन है और न ही उस दक्षता अथवा प्रभावकारिता का आश्वासन है, जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के कार्यों को संचालित किया है।

कृते मेहता एंड मेहता
कंपनी सेक्रेटरीज
(आईसीएसआई यूनीक कोड P1996MH007500)

ह/-
सीएस नयन हांडा
भागीदार
एफसीएस सं.:11993
सीपी सं.:18686

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 30 मई, 2023
यूडीआईएन: F011993E000422911

निगमित शासन संबंधी प्रमाण-पत्र

सेवा में,
सदस्यगण,
पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
'ऊर्जानिधि' बाराखंबा लेन,
कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110 001

हमने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 (इसके बाद इसे सूचीकरण विनियम के रूप में कहा गया है) के विनियम 17 से 27, विनियम 46 के उप विनियम (2) के खंड (I) से (झ) और अनुसूची V के पैरा ग, घ और ड. और लोक उद्यम विभाग, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी केंद्रीय सार्वजनकि उद्यमों के लिए निगमित शासन संबंधी दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित किए अनुसार, दिनांक 31 मार्च, 2023 को समाप्त अवधि के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जिसे इसके बाद कंपनी के रूप में कहा गया है) द्वारा निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन की जांच की है।

हम यह उल्लेख करते हैं कि निगमित शासन की स्थितियों का अनुपालना करना प्रबंधन की जिम्मेदारी है और हमारी जांच निगमित शासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाओं और उनके कार्यान्वयन तक सीमित थी। यह न तो कोई लेखापरीक्षा है और न ही कंपनी के वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करना है।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और सूचना के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, हम यह प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने सूचीकरण विनियमों के तहत और लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी किए गए निगमित शासन संबंधी दिशानिर्देशों में निर्धारित निगमित शासन संबंधी शर्तों की निम्नलिखित को छोड़कर, अनुपालन किया है:

i. कंपनी ने निदेशक मंडल में कम-से-कम आधे स्वतंत्र निदेशक होने की अपेक्षा के संबंध में दिनांक 11.07.2022 से सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम, 17(1)(ख) के प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया है।

ii. कंपनी ने निदेशक के निष्पादन मूल्यांकन के संदर्भ में 31 मार्च, 2023 तक सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम, 17(10) और 25(4) (क) और (ख) के प्रावधान का अनुपालन नहीं किया है।

iii. समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कंपनी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई), दोनों से 30 सितंबर, 2022 एवं 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाहियों के लिए और एनएसई से 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं, 2015 के विनियम 17(1) के तहत अनुपालन के संबंध में कारण बताओ नोटिस प्राप्त हुआ है।

हम यह भी उल्लेख करते हैं कि यह अनुपालन न तो कंपनी भावी व्यवहार्यता के लिए कोई आश्वासन है और न ही उस दक्षता या प्रभावकारिता का आश्वासन है, जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के कार्यों को संचालित किया है।

यह प्रमाण-पत्र केवल सूचीकरण विनियमों के अनुपालन के प्रयोजन के लिए जारी किया गया है और यह किसी अन्य प्रयोजन के लिए उचित नहीं होगा।

कृते **मेहता एंड मेहता**
कंपनी सेक्रेटरीज
(आईसीएसआई यूनीक कोड P1996MH007500)

ह/-
सीएस नयन हांडा
भागीदार
एफएससी सं.: 11993
सीपी सं.: 18686
यूडीआईएन:F011993E000832111

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 21 अगस्त, 2023

व्यवसाय जिम्मेदारी और संधारणीयता रिपोर्ट

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुलग्नक-घ

भाग क: सामान्य प्रकटीकरण

I. सूचीबद्ध कंपनी का ब्यौरा

1.	सूचीबद्ध कंपनी की कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन)	L65910DL1986GOI024862
2.	सूचीबद्ध कंपनी का नाम	पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
3.	निगमन का वर्ष	16 जुलाई, 1986
4.	पंजीकृत कार्यालय का पता	'ऊर्जानिधि' बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110 001
5.	कॉर्पोरेट पता	उपर्युक्तानुसार
6.	ई-मेल	investorsgrievance@pfcindia.com
7.	टेलीफोन	011-23456000
8.	वेबसाइट	www.pfcindia.com
9.	वित्तीय वर्ष, जिसकी रिपोर्टिंग की जा रही है	वित्तीय वर्ष 2022-23
10.	स्टॉक एक्सचेंज का नाम, जहां शेयर सूचीबद्ध है	नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा बीएसई लिमिटेड
11.	प्रदत्त पूंजी	₹2640.08 करोड़ (31 मार्च, 2023 तक)
12.	बीआरएसआर रिपोर्ट के संबंध में किसी भी शंका के लिए जिस व्यक्ति से संपर्क किया जा सकता है उसका नाम और संपर्क का ब्यौरा (टेलीफोन, ई-मेल पता)	श्री मनीष कुमार अग्रवाल कंपनी सचिव 011-23456740 mk_agarwal@pfcindia.com
13.	रिपोर्टिंग सीमा: क्या इस रिपोर्ट के तहत किए गए प्रकटीकरण एकल आधार पर हैं (अर्थात केवल कंपनी के लिए) अथवा समेकित आधार पर हैं (अर्थात कंपनी और ऐसी सूचीबद्ध कंपनियों के लिए एक साथ हैं, जो इसके समेकित वित्तीय विवरणों का भाग हैं)	इस रिपोर्ट में किए गए प्रकटीकरण एकल आधार पर हैं

II. उत्पाद/सेवाएं

14. व्यवसाय गतिविधियों का ब्यौरा (टर्नओवर के 90% का लेखांकन)

क्र. सं.	मुख्य गतिविधि का विवरण	व्यवसाय गतिविधि का विवरण	कंपनी के टर्नओवर का %
1.	वित्तीय और बीमा सेवाएं	वित्तीय और क्रेडिट लीज गतिविधि	99.97

15. कंपनी द्वारा विक्रय किए गए उत्पाद/सेवाएं (कंपनी के टर्नओवर के 90% का लेखांकन):

क्र. सं.	उत्पाद/सेवाएं	एनआईसी कोड	कुल टर्नओवर हिस्से का %
1.	अन्य वित्तीय सेवाएं और क्रियाकलाप - अन्य ऋण प्रदान करना	64920	99.97

III. प्रचालन

16. जिस स्थानों पर कंपनी के संयंत्र और/ अथवा प्रचालन/ कार्यालय स्थित हैं, उनकी संख्या

स्थान	संयंत्रों की संख्या	कार्यालयों की संख्या	कुल
राष्ट्रीय	-	3	3
अंतरराष्ट्रीय	-	0	0

17. कंपनी द्वारा सेवारत बाजार

क) स्थानों की संख्या

स्थान	संख्या
राष्ट्रीय (राज्यों की संख्या)	36*
अंतरराष्ट्रीय (देशों की संख्या)	-

*पीएफसी देश भर (28 राज्यों और 8 संघ राज्य क्षेत्रों) में भारतीय बाजारों और उनके विस्तार क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करती है। संसाधन जुटाव के प्रयोजन के लिए, कंपनी घरेलू बाजारों के अलावा, अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाजारों में भी सेवाएं प्रदान करती है।

ख) कंपनी के कुल टर्नओवर के प्रतिशत के रूप में निर्यातों का क्या योगदान है?

यह कंपनी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर वित्त कंपनी (आईएफसी) के रूप में वर्गीकृत एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कंपनी के टर्नओवर में निर्यातों का योगदान शून्य था।

ग) ग्राहकों के प्रकार का संक्षिप्त ब्यौरा

पीएफसी के प्रमुख उत्पाद राज्य यूटिलिटियों, निजी क्षेत्र के ऋणकर्ता आदि के लिए सब्याज ऋण हैं। कंपनी के व्यवसाय गतिविधियों में, विद्युत उत्पादन (पारंपरिक और नवीकरणीय ऊर्जा दोनों), पारेषण, वितरण, ई-मोबिलिटी, विनिर्माण, विद्युत क्षेत्र के लिए वित्तपोषण, उपकरण और विद्युत परियोजनाओं के फॉरवर्ड/बैकवर्ड लिंकेज वाली गतिविधियों के साथ समग्र विद्युत क्षेत्र की मूल्य श्रृंखला के वित्तपोषण परियोजनाएं शामिल हैं। कंपनी के प्रमुख उत्पादों में समग्र विद्युत क्षेत्र की मूल्य श्रृंखला के लिए दीर्घावधि ऋण, मध्यावधि ऋण, अल्पावधि ऋण आदि शामिल हैं। कंपनी के ग्राहकों में राज्य सरकारें, केंद्रीय/राज्य विद्युत यूटिलिटीज, राज्य विद्युत बोर्ड, स्वतंत्र विद्युत उत्पादक और निजी क्षेत्र की यूटिलिटीज आदि शामिल हैं।

IV. कार्मिक

18. वित्तीय वर्ष के अंत तक ब्यौरा

क) कार्मिक और वर्कर (दिव्यांगजन सहित):

क्र. सं.	विवरण	कुल (क)	पुरुष		महिला	
			संख्या (ख)	% (ख/क)	संख्या (ग)	% (ग/क)
कार्मिक						
1.	स्थायी (घ)	500	393	78.6	107	21.4
2.	स्थायी के अलावा (ड.)	0	0	0	0	0
3.	कुल कार्मिक (घ+ड.)	500	393	78.6	107	21.4
वर्कर						
4.	स्थायी (च)	19	17	89.4	2	10.52
5.	स्थायी के अलावा (छ)	0	0	0	0	0
6.	कुल वर्कर (च+छ)	19	17	89.4	2	10.52

ख) दिव्यांगजन कार्मिक और वर्कर:

क्र. सं.	विवरण	कुल (क)	पुरुष		महिला	
			संख्या (ख)	% (ख/क)	संख्या (ग)	% (ग/क)
दिव्यांगजन कार्मिक						
1.	स्थायी (घ)	17	16	94.11	1	5.8
2.	स्थायी के अलावा (ड.)	0	0	0	0	0
3.	कुल कार्मिक (घ+ड.)	17	16	94.11	1	5.8
दिव्यांगजन वर्कर						
4.	स्थायी (च)	1	1	100	0	0
5.	स्थायी के अलावा अन्य (छ)	0	0	0	0	0
6.	कुल वर्कर (च+छ)	1	1	100	0	0

19. महिलाओं की भागीदारी/ समावेशन/ प्रतिनिधित्व

	कुल (क)	महिलाओं की संख्या और प्रतिशत	
		संख्या (ख)	% (ख/क)
निदेशक मंडल	8	2	25
प्रमुख प्रबंधन कार्मिक	5	1	20

20. स्थायी कार्मिकों और वर्कर के लिए टर्नओवर की दर (विगत 3 वर्षों के लिए प्रवृत्ति का प्रकटीकरण करें)

	वित्तीय वर्ष 2022-23			वित्तीय वर्ष 2021-22			वित्तीय वर्ष 2020-21		
	पुरुष	महिला	कुल	पुरुष	महिला	कुल	पुरुष	महिला	कुल
कार्मिक	1.7	0.9	2.6	0.5	1.05	1.55	0.8	1.02	1.82
वर्कर	0	0	0	0	0	0	0.05	0	0.05

V. धारक, सहायक कंपनी और सहयोगी कंपनियां (संयुक्त उद्यमों सहित)

21. (क) धारक/ सहायक कंपनियों/ सहयोगी कंपनियों/ संयुक्त उद्यमों के नाम

क्र. सं.	धारक/ सहायक कंपनियों/ सहयोगी कंपनियों/ संयुक्त उद्यमों के नाम (क)	बताएं कि क्या धारक/ सहायक कंपनी/ सहयोगी कंपनी/ संयुक्त उद्यम है	सूचीबद्ध कंपनी द्वारा धारित शेयरों का %	क्या कॉलम (क) में उल्लिखित कंपनी सूचीबद्ध कंपनी की कारोबारी दायित्व पहलों में भाग लेती हैं? (हां/नहीं)
1	पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड	सहायक कंपनी	100	नहीं
2	कोस्टल तमिलनाडु पावर लिमिटेड	सहायक कंपनी	100	नहीं
3	ओडिसा इंटीग्रेटेड पावर लिमिटेड	सहायक कंपनी	100	नहीं
4	सखीगोपाल इंटीग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड	सहायक कंपनी	100	नहीं
5	घोगरपल्ली इंटीग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड	सहायक कंपनी	100	नहीं
6	देवघर मेगा पावर लिमिटेड	सहायक कंपनी	100	नहीं
7	चय्यूर इंफ्रा लिमिटेड	सहायक कंपनी	100	नहीं
8	ओडिशा इंफ्रापावर लिमिटेड	सहायक कंपनी	100	नहीं
9	देवघर इंफ्रा लिमिटेड	सहायक कंपनी	100	नहीं
10	बिहार इंफ्रापावर लिमिटेड	सहायक कंपनी	100	नहीं
11	बिहार मेगा पावर लिमिटेड	सहायक कंपनी	100	नहीं
12	झारखंड इंफ्रापावर लिमिटेड	सहायक कंपनी	100	नहीं
13	बिजावर-विदर्भ ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी	पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनियां	नहीं
14	अनंतपुरम कुरनूल ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
15	छतरपुर ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
16	फतेहगढ़ IV ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
17	फतेहगढ़ III ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
18	भाडला III ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
19	फतेहगढ़ III ब्यावर ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
20	ब्यावर दौसा ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
21	सियोट ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
22	पीएफसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड	सहायक कंपनी	100	नहीं
23	आरईसी लिमिटेड	सहायक कंपनी	52.63	नहीं
24	आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड	सहायक कंपनी	आरईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनियां	नहीं
25	बीदर ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
26	चांडिल ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
27	दुमका ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
28	कोडरमा ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
29	मंदार ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
30	सीकर खेतड़ी ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
31	रामगढ़ II ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
32	ब्यावर ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
33	मेरठ शामली पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
34	लुहरी पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
35	नरेश XVI पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
36	खावडा II-डी ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं
37	केपीएसआई ट्रांसमिशन लिमिटेड	सहायक कंपनी		नहीं

VI. सीएसआर का ब्यौरा

22. (i) क्या कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुसार सीएसआर लागू है (हां/नहीं): हां

(ii) टर्नओवर: ₹39,665.63 करोड़

(iii) नेट वर्थ: ₹68,202 करोड़

VII. पारदर्शिता और प्रकटीकरण अनुपालन

23. जिम्मेदार व्यवसाय संचालन संबंधी राष्ट्रीय दिशानिर्देशों के तहत किसी भी सिद्धांत (सिद्धांत 1 से 9) के संबंध में शिकायतें/समस्याएं

हितधारक समूह जिससे शिकायत प्राप्त हुई है	लागू शिकायत निवारण तंत्र (हां/नहीं) (यदि हां, तो शिकायत निवारण नीति के लिए वेब लिंक प्रदान करें)	वित्तीय वर्ष 2022-23			वित्तीय वर्ष 2021-22		
		वर्ष के दौरान दायर की गई शिकायतों की संख्या	वर्ष के अंत में समाधान के लिए लंबित शिकायतों की संख्या	टिप्पणी	वर्ष के दौरान दायर की गई शिकायतों की संख्या	वर्ष के अंत में समाधान के लिए लंबित शिकायतों की संख्या	टिप्पणी
ग्राहक	www.pfcindia.com	0			0		
लोक शिकायत	--	0			1		
शेयरधारक (इक्विटी)		8*			0		
कार्मिक एवं वर्कर		0			0		
बॉण्डधारक		0			0		

*तिमाही के अंत में प्राप्त शिकायतों का निपटान बाद में 4 अप्रैल, 2023 तक कर दिया गया।

24. कंपनी के वास्तविक जिम्मेदार व्यवसाय संचालन संबंधी मामलों का अवलोकन

क्र. सं.	चिन्हित वास्तविक मामले	बताएं कि क्या जोखिम है या अवसर (आर/ओ)	जोखिम/अवसर की पहचान के लिए औचित्य	यदि जोखिम है तो स्वीकार अथवा कम करने की संकल्पना	जोखिम या अवसर के वित्तीय प्रभाव (सकारात्मक अथवा नकारात्मक प्रभाव बताएं)
1.	पारंपरिक विद्युत स्रोतों से नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में धीरे-धीरे परिवर्तन	अवसर	स्वच्छ विद्युत के लिए ट्रस्टों से कॉर्पोरेशन के लिए अतिरिक्त वित्तपोषण के अवसर प्राप्त होंगे		पीएफसी को स्वच्छ विद्युत के लिए वित्तपोषण से अतिरिक्त राजस्व के कारण सकारात्मक वित्तीय प्रभावों का अनुभव होगा
2.	संधारणीयता के लिए आगे कागज रहित व्यवस्था की ओर परिवर्तन	अवसर	संचार के डिजीटल माध्यमों और रिकॉर्ड प्रबंधन की ओर रुख करने, गति में तेजी, सटीकता, दक्षता, लागत बचत उत्तरदायित्व और रिकॉर्ड का संरक्षण होगा।		पीएफसी को लागत, बचत और प्रचालनों की तेजी में वृद्धि होने के कारण सकारात्मक वित्तीय प्रभाव का अनुभव होगा

भाग ख: प्रबंधन और प्रक्रिया प्रकटीकरण

इस खंड का उद्देश्य व्यवसाय कार्य-निष्पादन संरचनाओं, नीतियों और प्रक्रियाओं को एनजीआरबीसी सिद्धांतों और प्रमुख घटकों में अंगीकरण के लिए सहायता करना है।

	प्रकटीकरण प्रश्न	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
	नीति और प्रबंधन प्रक्रियाएं									
1.	**क. क्या आपकी संस्था की नीति/नीतियों में एनजीआरबीसी के प्रत्येक सिद्धांतों और इसके प्रमुख घटकों को शामिल किया गया है (हां/नहीं)**	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
	ख. क्या नीति बोर्ड द्वारा अनुमोदित की गई है (हां/नहीं)	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
	ग. नीतियों का वेबलिंक, यदि उपलब्ध हो	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
2.	**क्या कंपनी ने नीति को प्रक्रिया में बदला है (हां/नहीं)**	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
3.	**क्या सूचीबद्ध नीतियों का आपके मूल्य श्रृंखला भागीदारों तक विस्तार किया गया है। (हां/नहीं)**	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
4.	**राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कोडों/ प्रमाण-पत्रों/ लेबलों/ मानकों के नाम (अर्थात फॉरेस्ट स्टीबार्डशिप काउंसिल, फेयरट्रेड रेनफॉरेस्ट, एलायंस, ट्रस्टिया) मानक (अर्थात एसए 8000, ओएचएसएएस, आईएसओ, बीआईएस) जो आपकी संस्था द्वारा अपनाए गए हैं और मैप किए गए है।**	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
5.	**कंपनी द्वारा परिभाषित समय-सीमा, यदि कोई हो, के साथ स्थापित विशिष्ट प्रतिबद्धताएं, लक्ष्य और उद्देश्य**	पीएफसी अपने प्रशासनिक मंत्रालय, अर्थात विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के साथ लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा जारी एमओयू दिशानिर्देशों में निर्धारित फ्रेमवर्क के तहत समझौता-ज्ञापन (एमओयू) करती है। एमओयू में कंपनी के प्रमुख कार्य-निष्पादन मापदंडों का उल्लेख है। वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए आपकी कंपनी को 'उत्कृष्ट' रेटिंग प्रदान की गई है।								
6.	**विशिष्ट प्रतिबद्धताओं, लक्ष्यों और उद्दश्यों के लिए कंपनी का कार्य-निष्पादन और जिनको पूरा नहीं किया गया, उसके कारण**									
	शासन, नेतृत्व और दृष्टिकोण									
7.	**व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट के लिए जिम्मेदार निदेशक द्वारा विवरण जिसमें ईएसजी संबंधी चुनौतियों, लक्ष्यों और उपलब्धियों का उल्लेख किया गया हो (प्रकटीकरण के संबंध में सूचीबद्ध कंपनी के पास फ्लेक्सिबिलिटी है)**									

प्रकटीकरण प्रश्न	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
8. व्यवसाय दायित्व नीति के कार्यान्वयन और मॉनीटरिंग के लिए जिम्मेदार उच्चतम प्राधिकारी का ब्यौरा	निदेशक मंडल								
9. क्या कंपनी में एक विशिष्ट बोर्ड समिति/निदेशक है, जो संधारणीयता संबंधी मामलों पर निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार है? (हां/नहीं)। यदि हां तो कृपया ब्यौरा दें।	वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान आयोजित, बोर्ड और सांविधिक बोर्ड स्तरीय समिति द्वारा की गई बैठकों का ब्यौरा निगमित शासन रिपोर्ट में दिया गया है। पीएफसी में सीएसआर और संधारणीय विकास संबंधी एक बोर्ड समिति है, जो कंपनी के सीएसआर और एसडी क्रियाकलापों पर निर्देश देती है और विभिन्न सीएसआर एवं एसडी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए निदेशक मंडल को सिफारिश करती है।								

10. कंपनी द्वारा एनजीआरबीसी की समीक्षा का ब्यौरा:

समीक्षा के लिए विषय	बताएं कि क्या निदेशक/ बोर्ड समिति/ किसी अन्य समिति द्वारा समीक्षा की गई थी									आवृत्ती (वार्षिक/ अर्धवार्षिक/ तिमाही/ कोई अन्य - कृपया बताएं)								
	पी 1	पी 2	पी 3	पी 4	पी 5	पी 6	पी 7	पी 8	पी 9	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी 8	पी 9
उपर्युक्त नीतियों और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए कार्य-निष्पादन	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	तिमाही और वार्षिक आधार पर								
सिद्धांतों के संबंध में सांविधिक अपेक्षाओं का अनुपालन और किसी भी गैर-अनुपालन की पुष्टि	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	तिमाही और वार्षिक आधार पर								

11. क्या कंपनी ने किसी बाहरी एजेंसी द्वारा अपनी नीतियों के कार्य का स्वतंत्र आकलन/मूल्यांकन कराया है? (हां/नहीं), यदि हां, तो कृपया एजेंसी का नाम बताएं।

	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां

नोट: संबंधित स्पष्टीकरण/ सूचना/ लिंक इस रिपोर्ट के अनुलग्नक में दिए गए हैं।

12. यदि उपर्युक्त प्रश्न (1) का उत्तर नहीं है, अर्थात नीति द्वारा सभी सिद्धांतों को शामिल नहीं किया गया है, तो उसके कारण बताएं।

लागू नहीं।

भाग ग: सिद्धांत-वार कार्य-निष्पादन प्रकटीकरण

सद्धांत 1: व्यवसाय को अपनी ईमानदारी से और ऐसे ढंस से संचालित और शामिल किया जाना चाहिए, जो नैतिक पारदर्शी और जवाबदेह हो।

अनिवार्य संकेतक

1. वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी सिद्धांत पर प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों द्वारा कवरेज का प्रतिशत:

खंड	प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों की कुल संख्या	प्रशिक्षण और उसके प्रभाव के अंतर्गत शामिल विषय/ सिद्धांत	जागरूकता कार्यक्रमों द्वारा शामिल संगत श्रेणी में व्यक्तियों का %
निदेशक मंडल	2	स्वतंत्र निदेशक (आईडी) के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम	38%
मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक (उक्त निदेशक मंडल में पहले से शामिल केएमपी के अलावा)	1	नेशनल कंवेंशन ऑफ कंपनी सेक्रेट्रीज	100%
निदेशक मंडल और केएमपी के अलावा अन्य कार्मिक	3	1. संपत्ति विवरणी दाखिल करना 2. पीएफसी की आचरण, अनुशासन और अपील (सीडीए) नियमावली 3. शासन में नैतिकता और निवारक सतर्कता 15%	15%
वर्कर (वर्कमेन)	1	पीएफसी की आचरण, अनुशासन और अपील (सीडीए) नियमावली	16%

2. वित्तीय वर्ष में विनियामकों/ कानून प्रवर्तन एजेंसियों/ न्यायिक संस्थानों के साथ कार्यवाहियों में (कंपनी अथवा निदेशकों/केएमपी द्वारा) भुगतान किए गए जुर्मानों/ शास्तियों/ दंड/ अवार्ड/ कंपाउंडिंग फीस/ समाधान राशि का ब्यौरा निम्नलिखित प्रारूप में प्रदान करें (नोट: कंपनी द्वारा सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 30 में यथा निर्दिष्ट वास्तविकता के आधार पर और वेबसाइट पर किए गए प्रकटीकरण के अनुसार प्रकटीकरण किया जाएगा:

			आर्थिक		
	एनजीआरबीसी सिद्धांत	**विनियामक/ प्रवर्तन एजेंसियों/ न्यायिक संस्थाओं का नाम**	**राशि (आईएनआर में)**	**मामले का संक्षिप्त विवरण**	**क्या कोई अपील की गई? (हां/नहीं)**
जुर्माना/शास्ती	सिद्धांत 1	नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड बीएसई लिमिटेड		वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कंपनी ने दिनांक 11.07.2022 से स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या की नियुक्ति के संबंध में अनुपालन को छोड़कर, सेबी (एलोडीआर) विनियम की सभी अपेक्षाओं को पूरा किया है।	हां*
निपटान	-	-	-	-	-
कंपाउंडिंग फीस	-	-	-	-	-

			गैर-आर्थिक	
	एनजीआरबीसी सिद्धांत	**विनियामक/ प्रवर्तन/ एजेंसियों/ न्यायिक संस्थाओं का नाम**	**मामले का संक्षिप्त विवरण**	**क्या कोई अपील की गई है? (हां/नहीं)**
जेल	-	-	-	-
सजा	-	-	-	-

*पीएफसी पर जुर्माना लगाने वाले स्टॉक एक्सचेंज से पत्र/ई-मेल प्राप्त होने पर, आपकी कंपनी ने एक्सचेंज से अनुरोध किया कि अपने पत्रों (जुर्माना लगाने के संबंध में) को वापस ले लें, क्योंकि पीएफसी विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक सीपीएसई है और पीएफसी के निदेशक मंडल की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से की जाती है।

3. उपर्युक्त प्रश्न 2 में प्रकट किए गए मामलों में से, जहां आर्थिक और गैर-आर्थिक कार्रवाई की अपील की गई है, वहां की गई अपली/संशोधन का ब्यौरा:

मामले का ब्यौरा	विनियामक/ प्रवर्तन एजेंसियों/ न्यायिक संस्थानों का नाम
एनएसई और बीएसई द्वारा, जैसा कि विगत प्रश्न में उल्लेख किया गया है, स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति न किए जाने के लिए लगाए गए जुर्माने के संबंध में, चूंकि कंपनी के बोर्ड में निदेशकों की नियुक्ति की शक्ति भारत के राष्ट्रपति को है, जो प्रशासनिक मंत्रालय, अर्थात विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से कार्रवाई करते हैं, अतः कंपनी स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या में नियुक्ति के लिए नियुक्ति प्राधिकरण अर्थात विद्युत मंत्रालय से अनुरोध करती रही है। इसे देखते हुए, कंपनी ने उक्त जुर्माने को माफ किए जाने के लिए स्टॉक एक्सचेंज से अनुरोध किया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि बीएसई ने 1 जुलाई, 2018 से 31 दिसंबर, 2020 तक की पिछली तिमाहियों के लिए कंपनी पर लगाए गए जुर्माने को पहले ही माफ कर दिया है।	नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड बीएसई लिमिटेड

4. क्या कंपनी में एक भ्रष्टाचार विरोधी अथवा घूस विरोधी नीति है? यदि हां, तो कृपया संक्षेप में ब्यौरा प्रदान करें और यदि उपलब्ध है, तो कृपया नीति के लिए एक वेबलिंक प्रदान करें।

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) एक अग्रणी पावर क्षेत्र सार्वजनिक वित्तीय संस्थान और एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, जो भारतीय विद्युत क्षेत्र के विकास के लिए निधि और गैर-निधि आधारित सहायता प्रदान कर रही है। यह विद्युत क्षेत्र में निवेश के लिए मार्ग प्रशस्त करने में एक प्रमुख भूमिका निभाती है और इस क्षेत्र में विकास के लिए एक माध्यम के रूप में कार्य करती है। इसके ग्राहकों में राज्य विद्युत यूटिलीटीज, केंद्रीय क्षेत्र की यूटिलिटीज, विद्युत विभाग, निजी विद्युत क्षेत्र यूटिलिटीज (स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों सहित), संयुक्त क्षेत्र विद्युत यूटिलिटीज आदि शामिल हैं। पीएफसी ने आरबीआई के दिशानिर्देशों के आधार पर अपने ऋण प्रचालनों के लिए उचित प्रक्रिया संहिता (एफपीएल) विकसित की है, जिसका उद्देश्य कंपनी के सभी ऋणकर्ताओं को कंपनी की अपने व्यवसाय लेनदेनों में निष्पक्ष व्यवहार करने के लिए प्रतिबद्धता के लिए आश्वासन प्रदान करना है।

पीएफसी, निगमित शासन को अच्छे प्रबंधन का एक अभिन्न भाग मानती है और अपने सभी व्यवहारों में पेशेवर, निष्पक्ष और ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए व्यवसाय आचरण और नैतिक संहिता एक व्यापक संहिता है, जो कंपनी के सभी निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन के सदस्यों पर लागू है। इसे कंपनी के विजन और मूल्यों के अनुसार बनाया गया है ताकि मिशन एवं उद्देश्यों और लक्ष्यों को कंपनी के कार्यों के प्रबंधन में नैतिकता और पारदर्शिता की प्रक्रिया में वृद्धि करके हासिल किया जा सके।

पीएफसी में एक धोखाधड़ी-रोधी नीति भी लागू है, ताकि कंपनी में धोखाधड़ी की रोकथाम करने और उसका पता लगाने के लिए नियंत्रण और सहायता की जा सके। इसमें कार्मिकों, अनुबंध कार्मिकों (सहित) तथा हितधारकों, परामर्शदाताओं, वेंडरों, आपूर्तिकर्ताओं, सेवा प्रदाताओं, ठेकेदारों, ऋणदाताओं, ऋणकर्ताओं, बाहरी एजेंसियों और किसी अन्य पक्षकारों, जिनका पीएफसी के साथ व्यवसाय संबंध है, को शामिल किया गया है।

इसके अलावा, कंपनी की आचरण, अनुशासन और अपील (सीडीए) नियमावली में सभी कार्मिकों के लिए आचरण संहिता को परिभाषित किया गया है और रिश्वत, भ्रष्टाचार आदि को दुराचरण के रूप में माना गया है।

उपर्युक्त नीतियों के वेबलिंक इसके साथ संलग्न हैं।

5. ऐसे निदेशकों/ केएमपी/ कार्मिकों/ वर्कर की संख्या, जिनके खिलाफ किसी कानूनी प्रवर्तन एजेंसी द्वारा रिश्वत/भ्रष्टाचार के आरोपों के लिए अनुशासनिक कार्रवाई की गई थी।

	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2021-22
निदेशक	-	-
केएमपी	-	-
कार्मिक	-	-
वर्कर	-	-

6. हितों के टकराव के संबंध में शिकायतों की ब्यौरा

	वित्तीय वर्ष 2022-23		वित्तीय वर्ष 2021-22	
	संख्या	टिप्पणियां	संख्या	टिप्पणियां
निदेशकों के हितों के टकराव के संबंध में प्राप्त शिकायतों की संख्या	-	-	-	-
केएमपी के हितों के टकराव के संबंध में प्राप्त शिकायतों की संख्या	-	-	-	-

7. कृपया भ्रष्टाचार और हितों के टकराव के मामलों के संबंध में विनियामकों/ कानून प्रवर्तन एजेंसियों/ न्यायिक संस्थानों द्वारा जुर्माने/ शास्ति लगाने/ कार्रवाई करने के संबंधित मामलों पर की गई या चल रही किसी निवारक कार्रवाई का ब्यौरा प्रदान करें।

लागू नहीं।

नेतृत्व संकेतक

1. वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी सिद्धांत के संबंध में मूल्य श्रृंखला भागीदारों के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम:

आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों की कुल संख्या	प्रशिक्षण के दौरान शामिल विषय/ सिद्धांत	जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत शामिल मूल्य श्रृंखला भागीदारों की प्रतिशतता (ऐसे भागीदारों के साथ किए गए व्यवसाय के मूल्य द्वारा)
	शून्य	

2. क्या बोर्ड के सदस्यों के हितों के टकराव से बचने/प्रबंधित करने के लिए कंपनी में प्रक्रियाएं हैं? (हां/नहीं)। यदी हां, तो कृपया उसका ब्यौरा प्रदान करें।

कंपनी में बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए व्यावसायिक आचरण और नैतिकता संहिता है, जिसमें अन्य के साथ-साथ, हितों के टकराव से संबंधित प्रक्रिया शामिल है। यह नीति https://www.pfcindia.com/Home/VS/63 पर उपलब्ध है।

सिद्धांत 2: व्यवसाय में स्थायी और सुरक्षित ढंग से वस्तुएं और सेवाएं प्रदान की जानी चाहिए।

अनिवार्य संकेतक

1. कंपनी द्वारा किए गए कुल अनुसंधान एवं विकास और कैपेक्स निवेश में उत्पादन और प्रक्रियाओं के पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रभावों को बेहतर बनाने के लिए विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान एवं विकास तथा पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) निवेशों की प्रतिशतता।

चूंकि पीएफसी कोई विनिर्माण कंपनी नहीं है और केवल वित्तीय उत्पाद प्रस्तुत करती है, अतः यह प्रश्न कंपनी के लिए लागू नहीं है।

2. (क) क्या कंपनी में सतत स्रोतों के लिए प्रक्रियाएं लागू हैं? (हां/नहीं)

चूंकि पीएफसी एक वित्तीय संस्थान है, अतः मेटिरियल इनपुट के संदर्भ में अपेक्षाकृत कम संसाधन आवश्यक होते हैं। हम भारत सरकार द्वारा खरीद के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए आरक्षण के संबंध में समय-समय पर जारी अनुदेशों का भी अनुसरण कर रहे हैं। कंपनी अपनी खरीद में जेम पोर्टल (गवर्नमेंट ई- मार्केटप्लेस) को भी बढ़ावा देती और एमएसएमई वेंडरों से खरीद को भी बढ़ावा देती है। सामग्री और सेवाओं की सभी खरीद/प्राप्ति भी कंपनी के खरीद संबंधी दिशानिर्देशों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जाती है।

(ख) यदि हां, तो कितने प्रतिशत इनपुट स्थायी रूप से प्राप्त किए गए?

सामग्री की जरूरतों के संदर्भ में, पीएफसी ने सरकार के निर्देशों के अनुसार एमआईआई/एमएसएमई से खरीद को तरजीह देने के साथ ही जेम पोर्टल (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) पर उपलब्ध वस्तुओं और सेवाओं का सामान्यतः उपयोग करना अनिवार्य किया है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, सामग्री एवं सेवाओं की कुल खरीद का 86.04% जेम पोर्टल के माध्यम से और 66.09% एमएसएमई से की है।

3. **अपने उत्पादों का उपयोगी समय पूरा होने पर (क) प्लास्टिक (पैकेजिंग सहित) (ख) ई-अपशिष्ट (ग) खतरनाक अपशिष्ट और (घ) अन्य अपशिष्ट के लिए पुनः उपयोग करने, पुनर्चक्रण करने और निपटान के लिए सुरक्षित वापसी की प्रक्रियाओं का विवरण दें।**

चूकि कंपनी एक वित्तीय संस्थान है, अतः पुनः उपयोग करने, पुनर्चक्रण करने और निपटान करने के लिए व्यवस्था लागू करने की सीमित प्रयोज्यता है। तथापि, कंपनी ने 50 कि.ग्रा. क्षमता की एक कंपोस्टर मशीन पीएफसी परिसर में लगाई है। यह गीली सामग्री को 24 घंटे में 10% को रीसाइकल कर सकती है और 90% को जैव खाद में परिवर्तित कर सकती है। उत्पादित जैव खाद का उपयोग पीएफसी द्वारा परिसर में और आस-पास के पौधों में किया गया है।

कारोबार और प्रचालनों की प्रकृति को देखते हुए, कंपनी के पास प्लास्टिक अपशिष्ट, ई-अपशिष्ट और अन्य अपशिष्ट नहीं होता। इसके अलावा, कंपनी के पास कोई खतरनाक अपशिष्ट नहीं होता।

पुराने, अप्रयोज्य और खराब आईटी उपकरणों के निपटान को जिन्हें ई-अपशिष्ट के रूप में पहचाना गया है, पंजीकृत रिसाइकलर/ रीप्रोसेसर के माध्यम से केंद्रीय नियंत्रण बोर्ड, भारत सरकार और राज्य प्रदूषण नियंत्रण समिति/ बोर्ड इलैक्ट्रोनिक अपशिष्ट के जरिए, कंपनी की खरीद नीति से संबंधित दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है।

कंपनी ने प्लास्टिक का उपयोग भी बहुत ही कम कर दिया है और उसके विकल्पों जैसे जूट बैग, क्लॉथ बैग, पेपर फोल्डर आदि के उपयोग को प्रोत्साहित किया है।

4. **क्या विस्तारित उत्पादक दायित्व (ईपीआर) कंपनी के क्रियाकलापों पर लागू है (हां/नहीं)। यदी हां, तो क्या अपशिष्ट एकत्रण की योजना प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को प्रस्तुत विस्तारित उत्पादक दायित्व (ईपीआर) योजना के अनुसार है? यदि नहीं, तो इसके लिए किए गए उपायों का ब्यौरा दें।**

लागू नहीं।

नेतृत्व संकेतक

1. **क्या कंपनी ने अपने किसी उत्पाद (निर्माण उद्योग के लिए) अथवा इसकी सेवाओं के लिए (सेवा उद्योग के लिए) जीवन चक्र परिप्रेक्ष्य/आकलन (एलसीए) किया है? यदि हां, तो निम्नलिखित फार्मेट में ब्यौरा प्रदान करें।**

(ii)	**डेरिवेटिव वित्तीय लिखतों का उचित मूल्यांकन** कंपनी ने बोर्ड द्वारा अनुमोदित मुद्रा जोखिम प्रबंधन नीति के अनुसार अपनी मुद्रा तथा ब्याज दर जोखिम के प्रबंधन के लिए आरबीआई के दिशा-निर्देशों के अनुसरण में डेरिवेटिव संविदाएं की हैं। इन डेरिवेटिव संविदाओं को या तो एफवीटीपीएल अथवा कुछ डेरिवेटिव संविदाओं को नकदी प्रवाह हेज (हेज लेखांकन) के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है। एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत डेरिवेटिव्स पर बाजार लाभ/हानि को लाभ एवं हानि खाते में मान्यता दी जाती है और हेज लेखांकन को अन्य व्यापक आय के रूप में मान्यता दी जाती है। महत्वपूर्ण प्रकटीकरण और इस तथ्य को देखते हुए कि इन अपेक्षाओं/ परिकल्पनाओं/ आकलन की संविदा से संबद्ध बैंक द्वारा अनुचित प्रयोग करने से आय के विवरण में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है, हमने डेरिवेटिव वित्तीय लिखतों के मूल्यांकन तथा हेज लेखांकन को लेखापरीक्षा का महत्वपूर्ण मामला समझा है।	**हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रिया में निम्नलिखित शामिल है:** प्रबंधन की धारणा पर विमर्श और समझ तथा कंपनी की जोखिम प्रबंधन नीति का अध्ययन। इंड एएस 109 के संदर्भ में डेरिवेटिव के उचित मूल्य का सत्यापन। डेरिवेटिव लिखतों के वर्गीकरण पर प्रमुख आंतरिक नियंत्रण का मूल्यांकन। कंपनी ने प्रतिपक्षी बैंकों से डेरिवेटिव का उचित मूल्यांकन प्राप्त किया। हमारी प्रक्रिया में 31 मार्च, 2023 तक बकाया विभिन्न वित्तीय डेरिवेटिव संविदाओं के ब्यौरे और उनके उचित मूल्य का मूल्यांकन शामिल है। इसके अतिरिक्त, हम डेरिवेटिव अनुबंधों के बाजार आधारित लाभ अथवा हानि की गणना को सत्यापित करते हैं, जो डेरिवेटिव अनुबंधों के मामले में लाभ एवं हानि खाते में और हेज नकदी प्रवाह के अंतर्गत डेरिवेटिव अनुबंधों के मामले में अन्य व्यापक आय के तहत मान्य है। हमें प्रतिपक्षी बैंकों से प्राप्त डेरिवेटिव अनुबंधों के उचित मूल्यांकन में कोई महत्वपूर्ण गलत बयानी नहीं मिली।

5. एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों और तत्संबंधी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट के अतिरिक्त अन्य जानकारी

कंपनी का निदेशक मंडल अन्य जानकारी तैयार करने के लिए जिम्मेदार है। अन्य जानकारी के अंतर्गत संबद्ध अनुबंधों सहित निदेशक मंडल की रिपोर्ट, प्रबंधन विमर्श और विश्लेषण, व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट और निगमित शासन संबंधी रिपोर्ट शामिल है, लेकिन उसमें एकल वित्तीय विवरण और हमारी लेखापरीक्षा रिपोर्ट शामिल नहीं है। ऊपर वर्णित जानकारी इस लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तारीख के बाद हमें उपलब्ध कराए जाने की संभावना है।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों के बारे में हमारी राय के अंतर्गत अन्य जानकारी शामिल नहीं है और हम उस पर निष्कर्ष के रूप में कोई आश्वासन व्यक्त नहीं कर रहे हैं।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी यह है कि ऊपर पहचान की गई अन्य जानकारी उपलब्ध होने पर हम उसे पढ़ें और ऐसा करते समय यह विचार करें कि क्या अन्य जानकारी एकल वित्तीय विवरणों या हमारी लेखापरीक्षा के साथ महत्वपूर्ण रूप से असंगत है अथवा अन्यथा भौतिक रूप से गलत प्रतीत होती है।

अन्य जानकारी पढ़ने के बाद यदि हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि इसमें कोई महत्वपूर्ण गलत बयानी हुई है, तो हमें ऐसे मामले की जानकारी प्रशासनिक रूप से प्रभारी अधिकारियों को देनी होगी और आवश्यकतानुसार समुचित कार्रवाई करनी होगी।

6. एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन और शासन से संबद्ध प्रभारी अधिकारियों का दायित्व

कंपनी का निदेशक मंडल भारत में भारतीय लेखा मानक और अन्य सामान्यतया स्वीकृत लेखांकन के सिद्धांतों के अनुसरण में कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्य-निष्पादन, इक्विटी में परिवर्तन तथा नकदी प्रवाह की सही एवं निष्पक्ष तस्वीर प्रदान करने वाले इन एकल (स्टैंडअलोन) कंपनी वित्तीय विवरणों को तैयार करने के संबंध में कंपनी अधिनियम की धारा 134(5) में उल्लिखित मामलों के लिए जिम्मेदार है। इस जिम्मेदारी में कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं का निवारण करने एवं पता लगाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसरण में समुचित लेखांकन रिकॉर्ड रखना, समुचित लेखांकन नीतियों का चयन करना और लागू करना, युक्तिसंगत एवं विवेकपूर्ण निर्णय करना और अनुमान लगाना तथा ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन तैयार करना, लागू करना और बनाए रखना भी शामिल है, जो एकल इंड एएस वित्तीय विवरण

तैयार करने एवं प्रस्तुत करने के लिए संगत लेखा रिकॉर्डों की परिशुद्धता एवं पूर्णता सुनिश्चित करने में लागू किए गए जो धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण होने वाली किसी बड़ी गलत बयानी से मुक्त सही एवं निष्पक्ष चित्र प्रस्तुत करते हैं।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरण तैयार करने में, प्रबंधन और निदेशक मंडल सतत सरोकार के रूप में जारी रखने की कंपनी की सामर्थ्यता का मूल्यांकन करने, सतत सरोकार के संबंध में यथालागू प्रकटीकरण करने तथा लेखांकन के सतत सरोकार आधार का प्रयोग करने के लिए जिम्मेदार है जब तक कि प्रबंधन कंपनी का परिसमापन नहीं करना चाहता है या प्रचालन बंद नहीं करना चाहता है अथवा ऐसा करने के अतिरिक्त कोई वास्तविक विकल्प न हो।

निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग की प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए भी जिम्मेदार है।

7. एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के संबंध में लेखापरीक्षक के दायित्व

हमारा उद्देश्य इस बारे में तर्कसंगत आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या कुल मिलाकर एकल वित्तीय विवरण महत्वपूर्ण मिथ्या वर्णन से मुक्त हैं, क्या जालसाजी या त्रुटि के कारण लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में कोई मुद्दा है जिसमें हमारी राय शामिल है। तर्कसंगत आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है, परंतु यह इस बात की गारंटी नहीं है कि एसए के अनुसरण में संचालित लेखापरीक्षा में हमेशा किसी महत्वपूर्ण मिथ्या वर्णन का पता लगाया जाएगा, जब यह मौजूद होगा। मिथ्या वर्णन धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकता है तथा तब महत्वपूर्ण माना जाता है, जब व्यक्तिगत रूप से या सकल रूप में उनसे तर्कसंगत रूप से इन एकल वित्तीय विवरणों के आधार पर प्रयोक्ता द्वारा लिए गए आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करने की उम्मीद हो सकती है।

एसए के अनुसरण में लेखापरीक्षा के अंग के रूप में हम पूरी लेखापरीक्षा के दौरान व्यावसायिक निर्णय का प्रयोग करते हैं और व्यावसायिक संशयवाद का पालन करते हैं। साथ ही हम:

- एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण मिथ्या वर्णन के जोखिमों की पहचान एवं इस बात का मूल्यांकन करते हैं कि क्या धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण डिजाइन तथा लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं इन जोखिमों के लिए जिम्मेदार हैं और ऐसे लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते हैं जो हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त एवं उपयुक्त है। धोखाधड़ी से उत्पन्न किसी महत्वपूर्ण मिथ्या वर्णन का पता न लगाने का जोखिम त्रुटि से उत्पन्न जोखिम से बड़ा है क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, इरादतन भूल, गलत प्रस्तुति या आंतरिक नियंत्रण का उल्लंघन शामिल हो सकता है।

- परिस्थितियों के अनुसार उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं डिजाइन करने के उद्देश्य से लेखापरीक्षा से संगत आंतरिक नियंत्रण की समझ प्राप्त करते हैं। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(3)(i) के अंतर्गत हम इस बारे में अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी जिम्मेदार हैं कि क्या कंपनी ने पर्याप्त आंतरिक वित्तीय प्रणाली स्थापित की है और ऐसे नियंत्रणों का कारगर तरीके से प्रचालन किया जा रहा है।

- प्रयुक्त लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता तथा प्रबंधन द्वारा व्यक्त किए गए लेखांकन के अनुमानों एवं संबद्ध प्रकटनों की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करते हैं।

- लेखांकन के सतत सरोकार आधार के प्रबंधन के प्रयोग की उपयुक्तता तथा प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा साक्ष्य के आधार पर निष्कर्ष प्रस्तुत करते हैं कि क्या घटनाओं या परिस्थितियों से संबंधित कोई महत्वपूर्ण अनिश्चितता मौजूद है जिससे सतत सरोकार के रूप में जारी रखने के लिए कंपनी के सामर्थ्य पर महत्वपूर्ण संदेह उत्पन्न हो सकता है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई महत्वपूर्ण अनिश्चितता मौजूद है, तो एकल वित्तीय विवरणों में संबद्ध प्रकटीकरण पर हमें अपनी लेखापरीक्षक रिपोर्ट में ध्यान आकृष्ट करना होता है अथवा यदि ऐसा प्रकटीकरण पर्याप्त नहीं होता है, तो हमें अपनी राय में संशोधन करना होता है। हमारे निष्कर्ष हमारी लेखापरीक्षक रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं। तथापि, भावी घटनाओं या परिस्थितियों के कारण कंपनी का लाभकारी प्रतिष्ठान के रूप में काम करना बंद हो सकता है।

- प्रकटनों सहित एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना एवं विषय-वस्तु का मूल्यांकन करते हैं और यह भी मूल्यांकन करते हैं कि क्या एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेन-देन एवं घटनाओं को ऐसे तरीके से दर्शाते हैं जिससे उचित प्रस्तुति प्राप्त होती है।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों में गलत बयानी की मात्रात्मक अहमियत होती है जो व्यक्तिगत रूप से या सकल रूप में यह संभव बनाती है कि वित्तीय विवरणों का तर्कसंगत ज्ञान रखने वाले प्रयोक्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। हम (i) अपने कार्य के परिणामों के मूल्यांकन में तथा लेखापरीक्षा के अपने कार्यक्षेत्र की आयोजना में और (ii) वित्तीय विवरणों में किसी चिह्नित मिथ्या कथन के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए मात्रात्मक अहमियत तथा गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं।

हम शासन की जिम्मेदारी वहन करने वाले अधिकारियों को अन्य बातों के अतिरिक्त, लेखापरीक्षा के नियोजित कार्यक्षेत्र एवं समय तथा आंतरिक नियंत्रण में किसी महत्वपूर्ण कमी, जिसकी हम अपनी लेखापरीक्षा के दौरान पहचान करते हैं, सहित लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण निष्कर्षों के संबंध में जानकारी देते हैं।

हम अभिशासन की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारियों को यह विवरण भी प्रदान करते हैं कि हमने स्वतंत्रता और उनके साथ सभी संबंधों एवं अन्य मामलों और जहां लागू है, संबंधित सुरक्षा उपायों के बारे में संचार करने के संबंध में नैतिकता की संगत आवश्यकताओं का पालन किया है, जिनके बारे में तर्कसंगत रूप से विचार किया जा सकता है कि उनका हमारी स्वतंत्रता से सरोकार है।

अभिशासन की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारियों के साथ संप्रेषित मामलों से हम ऐसे मामलों का निर्धारण करते हैं जो वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे और इसलिए लेखापरीक्षा के प्रमुख मामले हैं। हम अपनी लेखापरीक्षक रिपोर्ट में इन मामलों का वर्णन करते

हैं, जब तक कि कानून या विनियम मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण पर रोक न लगाए या जब अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में हम निर्धारण करते हैं कि हमारी रिपोर्ट में कोई मामला संप्रेषित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने के प्रतिकूल परिणामों से तर्कसंगत रूप से ऐसे संचार के जनहित में लाभों पर भारी पड़ने की आशंका हो।

8. अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं के संबंध में रिपोर्ट

I. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उप-धारा (11) के अनुसार और जैसा हमने उपयुक्त समझा, कंपनी की बहियों और रिकॉर्ड की जांच के आधार पर तथा हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार, भारत सरकार द्वारा जारी किए गए कंपनी (लेखापरीक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2020 (आदेश) की अपेक्षा के अनुसार, हमने लागू सीमा तक आदेश के पैरा 3 और 4 में निर्दिष्ट मामलों पर "अनुलग्नक-क" में विवरण प्रदान किया है।

II. भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक ने अधिनियम की धारा 143 की उप-धारा 5 के अनुसार जांच किए जाने वाले क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए निर्देश जारी किए हैं जिसके अनुपालन का उल्लेख "अनुलग्नक-ख" में किया गया है।

III. अधिनियम की धारा 143(3) की अपेक्षा के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि:

(क) हमने ऐसी समस्त जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं, जो हमारे पूर्ण ज्ञान और विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजन के लिए अनिवार्य थे;

(ख) हमारी राय में, कंपनी द्वारा कानून की अपेक्षा के अनुसार समुचित लेखा बहियां रखी गई हैं, जैसा कि इन बहियों की हमारी जांच से प्रतीत होता है;

(ग) इस रिपोर्ट में उल्लिखित एकल तुलन-पत्र, लाभ एवं हानि के एकल विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), इक्विटी में परिवर्तन संबंधी एकल विवरण तथा एकल नकदी प्रवाह विवरण लेखा बहियों के अनुसार हैं;

(घ) हमारी राय में और हमारी सर्वश्रेष्ठ जानकारी तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार उपर्युक्त एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरण संगत नियमों के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 में निर्दिष्ट इंड एएस मानकों का अनुपालन करते हैं;

(ङ) कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 5 जून, 2015 को जारी की गई अधिसूचना संख्या जीएसआर 463 (ई) के अनुसार, अधिनियम की धारा 164 (2) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं हैं क्योंकि यह सरकारी कंपनी है;

(च) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता तथा ऐसे नियंत्रणों के प्रचालन की कारगरता के संबंध में "अनुलग्नक-ग" में हमारी अलग रिपोर्ट देखें;

(छ) कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 5 जून, 2015 की अधिसूचना संख्या जीएसआर 463 (ई) के अनुसार, निदेशकों के पारिश्रमिक संबंधी अधिनियम की धारा 197 कंपनी पर लागू नहीं है क्योंकि यह सरकारी कंपनी है।

(ज) कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षक) नियमावली, 2014 यथा संशोधित के नियम 11 के अनुसरण में लेखापरीक्षक रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संदर्भ में, हमारी राय में और हमारी पूर्ण जानकारी के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार:

i. कंपनी ने अपने वित्तीय विवरणों में अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव का खुलासा किया है - एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों की टिप्पणी संख्या 46 देखें,

ii. कंपनी ने व्युत्पन्न अनुबंधों सहित दीर्घावधि के अनुबंधों पर, लागू कानून या लेखा मानकों के तहत, सामग्री के लिए संभावित नुकसानों, यदि कोई हों, के लिए प्रावधान किया है।

iii. निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि में अंतरित की जाने वाली अपेक्षित निधि के अंतरण में कंपनी ने कोई देरी नहीं की है।

iv. (क) प्रबंधन ने अभिवेदन किया है (टिप्पणी 10.3 देखें) कि अपने सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार कोई भी निधि (जो अलग-अलग रूप से या कुल समग्र रूप से महत्वपूर्ण है) को अग्रिम या ऋण के तौर पर नहीं दिया गया अथवा निवेश नहीं किया गया है (या तो ऋण ली गई निधि या शेयर से कंपनी द्वारा या किसी अन्य व्यक्ति (व्यक्तियों) या इकाई (संस्थाओं) में, विदेशी संस्थाओं (मध्यस्थ) सहित, इस समझ के साथ चाहे लिखित रूप में दर्ज किया गया हो या अन्यथा, कि मध्यस्थ प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कंपनी द्वारा या उसकी ओर से (वास्तविक लाभार्थी) किसी भी तरह से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं में ऋण या निवेश करेगा या वास्तविक लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इसी तरह की कोई गारंटी प्रदान करेगा।

(ख) प्रबंधन ने अभिवेदन किया है, कि (टिप्पणी 18.16 देखें), अपने सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार, कंपनी द्वारा विदेशी संस्थाओं (निधिकृत पक्षों) सहित किसी भी व्यक्ति (व्यक्तियों) या इकाई (संस्थाओं) से कोई निधि (जो अलग-अलग रूप से या समग्र रूप से महत्वपूर्ण है) प्राप्त नहीं की गई है, चाहे लिखित रूप में दर्ज किया गया हो या अन्यथा, कि कंपनी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, निधिकृत पक्ष (वास्तविक लाभार्थी) द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरह से चुने गए अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं में ऋण या निवेश करेगी या या वास्तविक लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा प्रदान करेगी।

(ग) लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर हमने परिस्थितियों में उचित और उपयुक्त माना है, हमारे सामने ऐसा कुछ भी नहीं आया है जिससे हमें विश्वास हो गया है कि नियम 11 (ई) के उप-खंड (i) और (ii) के तहत अभिवेदन, जैसा कि ऊपर (क) और (ख) के तहत प्रदान किया गया है, में कोई महत्वपूर्ण गलत विवरण नहीं है।

v. जैसा कि एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों के नोट 24.2(iii) में कहा गया है:

(क) पिछले वर्ष के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 123 के अनुपालन में है। कंपनी द्वारा प्रस्तावित अंतिम लाभांश, कंपनी वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा घोषित और अंतिम लाभांश भुगतान किया गया, जैसा लागू हो।

(ख) वर्ष के दौरान और इस रिपोर्ट की तारीख तक कंपनी द्वारा घोषित और भुगतान किया गया अंतरिम लाभांश कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 123 के अनुपालन में है।

(ग) कंपनी के निदेशक मंडल ने वर्ष के लिए अंतिम लाभांश का प्रस्ताव दिया है जो आगामी वार्षिक आम बैठक में सदस्यों के अनुमोदन के अध्यधीन है। प्रस्तावित लाभांश की राशि अधिनियम की धारा 123 के अनुसार लागू है।

vi. कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 3(1) के परंतुक के अनुसार, जो कंपनी द्वारा लेखा बहियों के रखरखाव के लिए लेखांकन सॉफ्टवेयर का उपयोग करने के संबंध में है, जिनमें ऐडिट लॉग जैसी कतिपय विशेषताएं हैं, जैसा कि उपर्युक्त परंतुक में दिया गया है, कंपनी के लिए दिनांक 1 अप्रैल, 2023 से लागू है। अतः 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी (लेखापरीक्षा एवं लेखा परीक्षक) नियमावली, 2014 के नियम 11(छ) के अंतर्गत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

कृते दास गुप्ता एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 000112N

ह/-

सीए नरेश कुमार
भागीदार
सदस्यता सं.: 082069
यूडीआईएन: 23082069BGZGVN9763

दिनांक: 27.05.2023
स्थान: नई दिल्ली

कृते प्रेम गुप्ता एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 000425N

ह/-

सीए मीनाक्षी बंसल
भागीदार
सदस्यता सं.: 520318
यूडीआईएन: 23520318BGWIZQ6574

अनुलग्नक - क

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

(31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सदस्यों हेतु हमारी समदिनांकित रिपोर्ट के 'अन्य विधिक एवं विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट' शीर्षक के अंतर्गत पैरा 1 के संदर्भ में)

हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और कंपनी द्वारा हमें प्रदान किए गए स्पष्टीकरणों और लेखा बहियों और अभिलेखों की सामान्य लेखापरीक्षा में हमारे द्वारा की गई जांच के अनुसार, हम कहते हैं कि:

(i) कंपनी की संपत्ति, संयंत्र और उपकरण और अमूर्त परिसंपत्तियों के संबंध में:

(क) क) कंपनी ने पूर्ण विवरण दिखाते हुए उचित रिकॉर्ड रखा है, जिसमें मात्रात्मक विवरण और संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की स्थिति और राइट-ऑफ-यूज परिसंपत्ति के संगत विवरण शामिल हैं।

ख) कंपनी ने अमूर्त परिसंपत्ति का पूरा विवरण दिखाते हुए उचित रिकॉर्ड बनाए रखा है।

(ख) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के आधार पर, कंपनी प्रबंधन वर्ष में एक बार संपत्ति, संयंत्र और उपकरण का भौतिक सत्यापन करता है। हमारी राय में, कंपनी के आकार और उसकी परिसंपत्तियों की प्रकृति को देखते हुए भौतिक सत्यापन की आवृत्ति उचित है। जैसा कि हमें बताया गया है, इस तरह के भौतिक सत्यापन पर प्रबंधन द्वारा कोई भौतिक विसंगतियां नहीं देखी गईं।

(ग) कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, हम रिपोर्ट करते हैं कि, स्वामित्व विलेख, जिसमें भूमि और भवनों की सभी अचल संपत्तियां शामिल हैं, जो फ्री होल्ड हैं, तुलन-पत्र की तारीख में कंपनी के नाम पर रखी गई हैं। इसके अतिरिक्त, पट्टे पर ली गई भूमि और भवन की अचल परिसंपत्तियों के संबंध में पट्टा करार कंपनी के नाम पर हैं।

(घ) कंपनी ने वर्ष के दौरान अपनी किसी भी संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (राइट-ऑफ-यूज परिसंपत्तियों सहित) और अमूर्त परिसंपत्ति का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया है।

(ड.) जैसा कि हमें सूचित किया गया है, बेनामी लेनदेन (निषेध) अधिनियम, 1988 (2016 में यथा संशोधित) और बनाए गए नियमों के तहत किसी भी बेनामी संपत्ति को रखने के लिए तुलन-पत्र की तारीख तक कंपनी के खिलाफ कोई कार्यवाही शुरू नहीं की गई है या लंबित नहीं है।

(ii) (क) कंपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है और तद्नुसार यह किसी मालसूची (इन्वेंट्री) की धारक नहीं है। इस प्रकार कंपनी (लेखापरीक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2020 का खंड 3(ii)(क) लागू नहीं होता है।

(ख) कंपनी को वर्ष के दौरान, बैंकों या वित्तीय संस्थानों से कुल मिलाकर पांच करोड़ रुपए से अधिक की कार्यशील पूंजी सीमा संस्वीकृत की गई है, जो अप्रतिभूत रूप में है, जिनके लिए कंपनी द्वारा बैंकों के साथ तिमाही रिटर्न या विवरण दाखिल करने की आवश्यकता नहीं है।

(iii) वर्ष के दौरान कंपनी ने कंपनियों, फर्मों, सीमित देयता भागीदारी और अन्य पार्टियों में निवेश किया है और गारंटी प्रदान की है और ऋण की प्रकृति में प्रतिभूति/ अप्रतिभूत ऋण/अग्रिम प्रदान किया है। इस संबंध में, हम यह रिपोर्ट करते हैं:

(क) कंपनी भारतीय रिजर्व बैंक के साथ एक पंजीकृत एनबीएफसी है जिसका प्रमुख व्यवसाय ऋण देने का है इसलिए आदेश का खंड 3(iii)(क) लागू नहीं है।

(ख) हमारी राय में, वर्ष के दौरान किए गए निवेश, प्रदान की गई गारंटी, यदि कोई हो और ऋण की प्रकृति में सभी ऋणों और अग्रिमों के अनुदान की निबंधन एवं शर्तें, प्रथम दृष्टया, कंपनी के हित के प्रतिकूल नहीं हैं।

(ग) एक पंजीकृत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) होने के नाते, कंपनी मूलधन और ब्याज के पुनर्भुगतान के लिए निर्धारित निबंधन एवं शर्तों पर अपने ऋण देती है। ऋणग्रस्त परिसंपत्तियों को छोड़कर ऋण परिसंपत्तियों के संबंध में, मूलधन की चुकौती और ब्याज की प्राप्तियां आमतौर पर नियमानुसार नियमित होती हैं।

(घ) ऋणों और ऋणों की प्रकृति के अग्रिमों के संबंध में, नब्बे दिनों से अधिक के लिए बकाया कुल राशि निम्नानुसार है। कंपनी अपनी परिभाषित प्रक्रियाओं के अनुसार मूलधन और ब्याज की वसूली के लिए कदम उठाती है, जो हमारी राय में उचित है।

ऋणकर्ताओं की संख्या	अतिदेय मूलधन राशि (₹ करोड़ में)	अतिदेय ब्याज* (₹ करोड़ में)	कुल अतिदेय (₹ करोड़ में)
22	9,977.63	12,548.55	22,526.18

*इसे कंपनी की प्रथाओं के अनुसार विवेक के मामले में आय के रूप में मान्यता नहीं दी गई है।

(ङ.) आदेश के खंड 3(iii)(ई) के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं है, क्योंकि कंपनी का मुख्य व्यवसाय ऋण देना है।

(च) हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने कोई भी ऋण या ऋण की प्रकृति में अग्रिम नहीं दिया है जो या तो मांग पर या बिना किसी शर्त या चुकौती की अवधि को निर्दिष्ट किए बिना चुकाया जा सकता है। इसलिए खंड 3(iii)(एफ) के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

(iv) हमारी राय में और हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 185 के उल्लंघन में कंपनी पर लागू सीमा तक ऐसा कोई ऋण, या कोई गारंटी या प्रतिभूति प्रदान नहीं की है।

इसके अतिरिक्त, हमारी राय में और हमें दी गई सूचना व स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है, अत: कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 और ऋणों व गारंटियों के संबंध में कंपनी को संबंधित नियमों से छूट प्राप्त है। निवेशों के संबंध में, कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186(1) के प्रावधानों का अनुपालन किया है।

(v) हमें प्रदान की गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने जनता से कोई जमा स्वीकार नहीं किया है जिस पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी निर्देश और धारा 73 से 76 के प्रावधान या कंपनी अधिनियम, 2013 के अन्य संगत प्रावधान और उसके तहत बनाए गए नियम लागू होते हैं।

(vi) केंद्र सरकार ने कंपनी द्वारा प्रदान की जाने वाली किसी सेवा के लिए अधिनियम की धारा 148 की उप-धारा 1 के अंतर्गत लागत रिकॉर्डों के अनुरक्षण का प्रावधान नहीं किया है। तदनुसार, कंपनी (लेखापरीक्षक रिपोर्ट) आदेश 2020 का खंड 3(vi) कंपनी पर लागू नहीं होता है।

(vii) सांविधिक देय राशियों के संबंध में हमें प्रदान की गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के आधार पर तथा कंपनी के रिकॉर्डों की हमारी जांच के आधार पर हम रिपोर्ट करते हैं कि:

(क) कंपनी वस्तु एवं सेवा कर, भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, सेवा कर तथा इस पर यथा लागू अन्य महत्वपूर्ण सांविधिक देय राशि सहित अविवादित सांविधिक देय राशियों को उपयुक्त प्राधिकारियों के पास नियमित रूप से जमा कर रही है तथा कंपनी के लेखों के अनुसार 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार देय होने की तारीख से 6 माह से अधिक अवधि के लिए उपर्युक्त देय राशियों के संबंध में कोई अविवादित राशि बकाया नहीं है।

(ख) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरणों के अनुसार तथा प्रबंधन द्वारा प्रमाणित जानकारी के अनुसार उपयुक्त प्राधिकारियों के समक्ष मामले लंबित होने के कारण ₹108.66 करोड़ की सांविधिक बकाया राशि विवाद के कारण जमा नहीं कराई गई है/विरोध के साथ जमा कराई है, जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है:

सांविधि का नाम	बकाया राशि की प्रकृति	कुल विवादित राशि (₹ करोड़ में)	विरोध के अधीन भुगतान की गई/आईटी प्राधिकारियों द्वारा समायोजित राशि (₹ करोड़ में)	लंबित राशि (₹ करोड़ में)	अवधि जिससे राशि संबंधित है	फोरम, जहां विवाद लंबित है
आयकर अधिनियम, 1961	आयकर	71.91	71.91	-	निर्धारण वर्ष 2016-17	सीआईटी (अपील), दिल्ली
		20.30	20.30	-	निर्धारण वर्ष 2018-19	
		16.45	16.45	-	निर्धारण वर्ष 2020-21	

(viii) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) के तहत कर निर्धारण वर्ष के दौरान आय के रूप में अभ्यर्पित या प्रकट की गई पूर्व की अलिखित आय से संबंधित कोई लेनदेन नहीं था।

(ix) क) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने किसी ऋणदाता को ऋण या अन्य ऋण या उस पर ब्याज के भुगतान में चूक नहीं की है।

ख) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी को किसी भी बैंक या वित्तीय संस्थान या सरकार या किसी सरकारी प्राधिकरण द्वारा जानबूझकर चूककर्ता घोषित नहीं किया गया है।

(ग) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, सावधि ऋण उसी उद्देश्य के लिए लागू किए गए थे जिसके लिए ऋण प्राप्त किए गए थे।

(घ) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरणों और हमारे द्वारा निष्पादित प्रक्रियाओं के अनुसार, अल्पावधि आधार पर जुटाई गई किसी भी धनराशि का कंपनी द्वारा दीर्घावधि उद्देश्यों के लिए उपयोग नहीं किया गया है, इसके अतिरिक्त अस्थायी उपयोग के अतिरिक्त दीर्घावधि स्रोतों से प्राप्तियां लंबित हैं।

(ड.) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के वित्तीय विवरणों की समग्र जांच पर, कंपनी ने अपनी सहायक कंपनियों, सहयोगी कंपनियों या संयुक्त उद्यमों के दायित्वों को पूरा करने के लिए किसी भी इकाई या व्यक्ति से कोई धन नहीं लिया है।

(च) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी ने वर्ष के दौरान अपनी सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों या सहयोगी कंपनियों में रखी प्रतिभूतियों को गिरवी रखकर ऋण नहीं लिया है।

(x) (क) कंपनी ने वर्ष के दौरान आरंभिक सार्वजनिक पेशकश या आगे सार्वजनिक पेशकश (ऋण लिखतों सहित) के माध्यम से निधि नहीं जुटाई है।

(ख) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी ने वर्ष के दौरान शेयरों या परिवर्तनीय डिबेंचर का कोई अधिमान्य आबंटन या निजी प्लेसमेंट नहीं किया है।

(xi) (क) हमारे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा कोई धोखाधड़ी या कंपनी पर कोई धोखाधड़ी नहीं देखी गई है या रिपोर्ट की गई है।

(ख) जैसा कि हमें सूचित किया गया है, कंपनी अधिनियम की धारा 143 की उप-धारा (12) के तहत लेखापरीक्षकों द्वारा वर्ष के दौरान और इस रिपोर्ट की तारीख तक केंद्र सरकार के साथ कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 13 के तहत निर्धारित प्रपत्र एडीटी-4 में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

(ग) हमें प्रबंधन द्वारा सूचित किया गया है कि वर्ष के दौरान कंपनी को कोई व्हिसल ब्लोअर शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

(xii) हमें प्रदान की गई सूचना एवं स्पष्टीकरणों के अनुसार, कंपनी कोई निधि कंपनी नहीं है। अतः कंपनी पर निधि नियमावली, 2014 लागू नहीं होती है। तदनुसार, कंपनी (लेखापरीक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2016 का खंड 3(xii) लागू नहीं होता है।

(xiii) हमें प्रदान की गई सूचना एवं स्पष्टीकरणों के अनुसार तथा कंपनी के रिकॉर्डों की हमारी जांच के आधार पर, संबद्ध पक्षकारों के साथ सभी लेन-देन कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 और 188 के अनुपालन में हैं। जहां भी लागू हो, लेखांकन मानक की आवश्यकता के अनुसार वित्तीय विवरणों में ब्यौरों का प्रकटीकरण किया गया है।

(xiv) (क) हमारी राय में और हमारी जांच के आधार पर, कंपनी के पास अपने व्यवसाय के आकार और प्रकृति के अनुरूप एक आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली है।

(ख) हमने अपनी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं की प्रकृति, समय और सीमा का निर्धारण करने में, वर्ष के दौरान और अब तक कंपनी को जारी किए गए लेखापरीक्षा के तहत वर्ष के लिए आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट पर विचार किया है।

(xv) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, वर्ष के दौरान हमारी राय में कंपनी ने अपने निदेशकों या अपने निदेशकों से जुड़े व्यक्तियों के साथ कोई गैर-नकद लेनदेन नहीं किया है और इसलिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 192 के प्रावधान लागू नहीं हैं।

(xvi) (क) कंपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है और भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-आईए के अंतर्गत पंजीकरण प्राप्त किया है। कंपनी को जारी की गई पंजीकरण संख्या बी-14.00004 दिनांक 28.07.2010 है।

(ख) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक से वैध पंजीकरण प्रमाण-पत्र के बिना कोई गैर-बैंकिंग वित्तीय या गृह ऋण गतिविधियों का संचालन नहीं किया है।

(ग) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी एक कोर निवेश कंपनी (सीआईसी) नहीं है जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बनाए गए नियमों में परिभाषित किया गया है, इसलिए धारा 3(xvi) (सी) के तहत रिपोर्टिंग आदेश लागू नहीं है।

(घ) हमारी राय में, समूह के भीतर कोई कोर निवेश कंपनी नहीं है (जैसा कि कोर निवेश कंपनियों (रिज़र्व बैंक) निर्देश, 2016 में परिभाषित किया गया है) और तदनुसार आदेश के खंड 3 (xvi) (घ) के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

(xvii) कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी को वित्तीय वर्ष में और तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में कोई नकदी हानि नहीं हुई है।

(xviii) वर्ष के दौरान कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों का कोई त्याग-पत्र नहीं दिया गया है।

(xix) वित्तीय अनुपात, एजिंग और वित्तीय परिसंपत्तियों की वसूली और वित्तीय देयताओं के भुगतान की अपेक्षित तिथियों के आधार पर, वित्तीय विवरणों के साथ अन्य जानकारी, निदेशक मंडल और प्रबंधन योजनाओं के बारे में हमारे ज्ञान और धारणाओं का समर्थन करने वाले साक्ष्य की हमारी जांच के आधार पर हमारे ध्यान में ऐसा कुछ भी नहीं आया है, जिससे हमें विश्वास होता हो कि लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तारीख को ऐसी कोई भौतिक अनिश्चितता मौजूद है कि कंपनी तुलन-पत्र की तारीख में विद्यमान अपनी देयताओं को पूरा करने में सक्षम नहीं है, जो तुलन-पत्र की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर देय हों। हम आगे कहते हैं कि हमारी रिपोर्टिंग लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तारीख तक के तथ्यों पर आधारित है और हम न तो कोई गारंटी देते हैं और न ही कोई आश्वासन देते हैं कि तुलन-पत्र की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर देय होने वाली सभी देयताएं, कंपनी द्वारा देय होने पर और जब वे देय होंगी, तो उनका निर्वहन किया जाएगा।

(xx) (क) उक्त अधिनियम की धारा 135 की उप-धारा (5) के दूसरे प्रावधान के अनुपालन में कंपनी अधिनियम की अनुसूची VII में निर्दिष्ट निधि के अंतरण की आवश्यकता वाली चल रही परियोजनाओं के अतिरिक्त अन्य पर निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के लिए कोई अव्ययित राशि नहीं है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(xx)(ए) के तहत रिपोर्टिंग वर्ष के लिए लागू नहीं है।

(ख) चल रही परियोजनाओं के संबंध में, कंपनी ने कंपनी अधिनियम की धारा 135 (6) के अनुपालन में वित्तीय वर्ष के अंत से तीस दिनों की अवधि के भीतर, तुलन-पत्र की तारीख के अनुसार अव्ययित निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) राशि को एक विशेष खाते में अंतरित कर दिया है।

कृते दास गुप्ता एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 000112N

ह/-

सीए नरेश कुमार
भागीदार
सदस्यता सं.: 082069
यूडीआईएन: 23082069BGZGVN9763

दिनांक: 27.05.2023
स्थान: नई दिल्ली

कृते प्रेम गुप्ता एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 000425N

ह/-

सीए मीनाक्षी बंसल
भागीदार
सदस्यता सं.: 520318
यूडीआईएन: 23520318BGWIZQ6574

अनुलग्नक - ख

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

(31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए एकल (स्टैंडअलोन) कंपनी वित्तीय विवरणों पर पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सदस्यों के लिए हमारी समदिनांकित रिपोर्ट के 'अन्य विधिक एवं विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट' शीर्षक के अंतर्गत पैरा II के संदर्भ में)

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(5) के अंतर्गत आवश्यकता के अनुसार, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा जारी किए गए निदेशों के संबंध में, हम रिपोर्ट करते हैं कि:

निर्देश	उत्तर
क्या कंपनी ने ऐसी प्रणाली लागू की है, जिसके द्वारा सभी लेखांकन लेनदेन आईटी प्रणाली के माध्यम से कार्रवाई की जा सके? यदि हां, तो कृपया बताएं कि आईटी प्रणाली के बाहर लेखांकन लेनदेन कार्रवाई करने के लेखाओं की सत्यता पर क्या प्रभाव पड़ेगा।	हां, कंपनी ने सभी लेखांकन लेनदेन आईटी प्रणाली के माध्यम से कार्रवाई करने की योजना बनाई है। अपनी लेखापरीक्षा के दौरान हमारे द्वारा किए गए सत्यापन के आधार पर और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरणों के अनुसार हमें कोई ऐसा उदाहरण नहीं मिला, जिसका लेखाओं की सत्यनिष्ठा पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका हो।
क्या ऋण को चुकता करने में कंपनी की असमर्थता के कारण ऋणदाता द्वारा कंपनी को प्रदान किए गए किसी मौजूदा ऋण या ऋणों/ ब्याज आदि के छूट/ बट्टे खाते के मामलों का कोई पुनर्गठन किया गया है? यदि हां, तो वित्तीय प्रभाव के बारे में बताएं। क्या ऐसे मामलों का उचित लेखा शामिल किया जाता है? (यदि ऋणदाता एक सरकारी कंपनी है, तो यह निर्देश ऋणदाता कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षक के लिए भी लागू होता है)	ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया और कंपनी ने अपने ऋणों और ऋण राशियों का भुगतान नियमित रूप से किया है।
क्या केंद्र सरकार/ राज्य सरकार की एजेंसियों से विशिष्ट स्कीमों के लिए प्राप्त/ प्राप्य निधियों को निबंधन एवं शर्तों के अनुसार समुचित रूप से लेखांकित/ प्रयुक्त किए गए? विचलन के मामलों को सूचीबद्ध करें।	विभिन्न योजनाओं के तहत संस्वीकृत परियोजनाओं के लिए विद्युत मंत्रालय द्वारा कंपनी को जारी भारत सरकार की निधियों का उचित हिसाब रखा गया है और संबंधित लाभार्थी को परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए निर्दिष्ट योजना दिशानिर्देशों और संस्वीकृति की निबंधन एवं शर्तों के अनुसार जारी किया गया है।

कृते दास गुप्ता एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 000112N

ह/-

सीए नरेश कुमार
भागीदार
सदस्यता सं.: 082069
यूडीआईएन: 23082069BGZGVN9763

दिनांक: 27.05.2023
स्थान: नई दिल्ली

कृते प्रेम गुप्ता एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 000425N

ह/-

सीए मीनाक्षी बंसल
भागीदार
सदस्यता सं.: 520318
यूडीआईएन: 23520318BGWIZQ6574

अनुलग्नक - ग

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

(31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित वित्तीय विवरणों पर पावर फाइनेंस कॉर्पोशन लिमिटेड के सदस्यों के लिए हमारी समदिनांकित रिपोर्ट के 'अन्य विधिक एवं विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट' शीर्षक के अंतर्गत पैरा III(एफ) के संदर्भ में)

कंपनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') की धारा 143 की उप-धारा 3 के खंड (i) के अंतर्गत एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर रिपोर्ट

हमने 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों की अपनी लेखापरीक्षा के साथ इस तारीख को समाप्त हुए वर्ष के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एकल वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियत्रंणों की लेखापरीक्षा की है।

1. आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के संबंध में प्रबंधन का दायित्व

कंपनी का प्रबंधन आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की स्थापना एवं अनुरक्षण के लिए जिम्मेदार है जो इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ('आईसीएआई') द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा के बारे में जारी की गई मार्गदर्शन टिप्पणियों में वर्णित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण के लिए स्थापित मानदंड पर आधारित थे। इन दायित्वों में वित्तीय विवरणों के संदर्भ में ऐसे समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन तैयार करना, उनका कार्यान्वयन और रखरखाव करना शामिल है, जो इसके व्यवसाय का सुचारू और सक्षम संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी तरीके से लागू किए गए। इनमें कंपनियों की नीतियों का अनुसरण, उसकी परिसंपत्तियों का संरक्षण, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और पहचान, लेखांकन के रिकॉर्डों की परिशुद्धता और पूर्णता और अधिनियम के अंतर्गत यथा अपेक्षित विश्वसनीय वित्तीय सूचना समय पर तैयार करना भी शामिल है।

2. लेखापरीक्षकों का दायित्व

हमारा दायित्व अपनी लेखापरीक्षा के आधार पर एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों के संबंध में कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर राय व्यक्त करना है। हमने इन वित्तीय विवरणों पर अपनी लेखापरीक्षा इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा के बारे में जारी और कंपनी अधिनियम, की धारा 143 की उप-धारा 10 के अंतर्गत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा के लिए प्रयोज्य सीमा तक निर्धारित समझी गई ममार्गदर्शन टिप्पणीफऔर लेखांकन मानकों के अनुसार की है। इन मानकों एवं मार्गदर्शन टिप्पणियों के अंतर्गत यह अपेक्षित है कि हम नैतिकता की आवश्यकताओं का पालन करें तथा लेखापरीक्षा की योजना इस तरह बनाएं और इस तरह लेखापरीक्षा करें, जिससे इस बात का युक्तिसंगत आश्वासन मिले कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग के संदर्भ में वित्तीय विवरण स्थापित एवं अनुरक्षित हैं और क्या ऐसे नियंत्रण सभी महत्वपूर्ण मामलों में प्रभावी तरीके से काम कर रहे हैं।

हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग और उनकी प्रचालन की प्रभावशीलता पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली के बारे में लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए निष्पादन प्रक्रियाएं शामिल हैं। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना, जोखिम का आकलन करना कि एक भौतिक कमजोरी मौजूद है और मूल्यांकन किए गए जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रण के डिजाइन और संचालन प्रभावशीलता का परीक्षण और मूल्यांकन करना शामिल है। चुनी गई प्रक्रियाएं लेखापरीक्षक के निर्णय पर निर्भर करती हैं, जिनमें एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण गलत विवरण के जोखिमों का आकलन शामिल है, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो।

हमारा यह विश्वास है कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किया है वह वित्तीय विवरणों के संदर्भ में कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी लेखापरीक्षा राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त एवं उपयुक्त है।

3. वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का अर्थ

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में किसी कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली एक ऐसी प्रक्रिया है जो वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के बारे में युक्तिसंगत आश्वासन प्रदान करने और आमतौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसरण में बाहरी प्रयोजनों के लिए वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए डिजाइन की जाती है। वित्तीय विवरणों के संदर्भ में किसी कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं, जो (1) ऐसे रिकॉर्ड रखने से सबंधित हों, जो कंपनी की परिसंपत्तियों के लेनदेन और उनकी स्थिति को युक्तिसंगत, सही-सही और निष्पक्ष रूप से दर्शाती हों; (2) इस आशय का युक्तिसंगत आश्वासन प्रदान करती हों, कि

उनके लेनदेन का रिकॉर्ड आमतौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरणों की तैयारी की अनुमति की अपेक्षा के अनुसार रखा गया है और यह कि कंपनी की प्राप्तियां और व्यय कंपनी के प्रबंधन तथा निदेशकों के प्राधिकारों के अनुसार किए जा रहे हैं; और (3) कंपनी की परिसंपत्तियों के ऐसे अनाधिकृत अर्जन, इस्तेमाल या निपटान की रोकथाम या समय पर पता लगाने के बारे में उपयुक्त आश्वासन प्रदान किया जा सके, जिनका एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने वाला हो।

4. वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाएं

प्रबंधन की मिलीभगत अथवा उसके द्वारा नियंत्रणों के अनुचित प्रबंधन की आशंका सहित वित्तीय विवरणों पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण त्रुटि या धोखाधड़ी की वजह से ऐसी महत्वपूर्ण गलत बयानी हो सकती है जिसका पता न लग पाए। इसके अतिरिक्त, भावी अवधियों से संबंधित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के किसी मूल्यांकन के निष्कर्ष इस जोखिम के अधीन होते हैं कि स्थितियों में परिवर्तन के कारण वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अपर्याप्त हो सकते हैं अथवा यह कि नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन का स्तर बिगड़ सकता है।

5. हमारी राय

हमारी राय में कंपनी में सभी महत्वपूर्ण संदर्भों में वित्तीय विवरणों पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है तथा इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर जारी किए गए मार्गदर्शन नोट में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग के मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार वित्तीय विवरणों के संदर्भ में ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रभावी तरीके से काम कर रहे थे।

कृते दास गुप्ता एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 000112N

ह/-

सीए नरेश कुमार
भागीदार
सदस्यता सं.: 082069
यूडीआईएन: 23082069BGZGVN9763

दिनांक: 27.05.2023
स्थान: नई दिल्ली

कृते प्रेम गुप्ता एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 000425N

ह/-

सीए मीनाक्षी बंसल
भागीदार
सदस्यता सं.: 520318
यूडीआईएन: 23520318BGWIZQ6574

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

निदेशक मंडल
पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड,
ऊर्जानिधि, 1 बाराखंबा लेन,
कनॉट प्लेस, नई दिल्ली -110 001

हमने पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (कंपनी) के एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है जिसमें 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार तुलन-पत्र तथा उस समय समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), इक्विटी में परिवर्तन विवरण तथा नकदी प्रवाह विवरण और लेखांकन की महत्वपूर्ण नीतियों का सारांश एवं अन्य व्याख्यात्मक सूचना (इसे यहां बाद में एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरण) सहित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां शामिल हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के लेखापरीक्षक की रिपोर्ट (रिजर्व बैंक) निर्देश 2016 की अपेक्षा के अनुसार, कंपनी पर लागू सीमा तक उक्त निदेशों के अध्याय खख में निर्दिष्ट मामलों पर और लेखापरीक्षा के प्रयोजन हेतु हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि:

1. कंपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्था के व्यवसाय में लगी है, जिसके पास दिनांक 10.02.1998 के पिछले प्रमाण-पत्र सं. 14.00004 के बदले में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संख्या बी-14.00004 के माध्यम से जारी किए गए दिनांक 28-07-2010 के प्रमाण-पत्र के माध्यम से इंफ्रास्ट्रक्चर वित्त कंपनी के रूप में पंजीकरण का वैध प्रमाण-पत्र है। इसके अतिरिक्त, कंपनी 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार अपनी परिसंपत्ति/आय के पैटर्न के अनुसार ऐसे पंजीकरण का धारण जारी रखने के लिए हकदार है।

2. कंपनी मास्टर निर्देश - गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - व्यवस्थित तरीके से महत्वपूर्ण गैर-जमा स्वीकार करने वाली कंपनी और जमा स्वीकार करने वाली कंपनी (रिजर्व बैंक) निर्देश 2016 में निहित निर्देशों के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर वित्त कंपनी पर लागू निवल स्वामित्व निधियों की आवश्यकता को पूरा कर रही है।

3. कंपनी गैर-जमा स्वीकार करने वाली इंफ्रास्ट्रक्चर वित्त कंपनी के रूप में आरबीआई के पास पंजीकृत है। निदेशक मंडल ने 21.03.2023 को आयोजित अपनी बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक की लिखित अनुमति के बिना भविष्य में जनता से कोई जमा राशि स्वीकार न करने के लिए संकल्प पारित किया है।

4. कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान जनता से कोई जमा राशि स्वीकार नहीं की है।

5. वर्ष 2022-23 के लिए कंपनी के वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के साथ पठित इस अधिनियम के अंतर्गत बनाए गए संबद्ध नियमों के अनुसार तैयार किए गए हैं। तदनुरूप कंपनी ऋण परिसंपत्तियों और उनके वर्गीकरण में क्षतिग्रस्तता हानियों की गणना और तत्संबंधी प्रावधान की अनुमति के लिए अपने बोर्ड द्वारा अनुमोदित पद्धति का अनुपालन कर रही है। वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए कंपनी अधिनियम 2013 के विनियामक अनुपालन को देखते हुए कंपनी को इंड एएस 109 के अनुसार हानियों के लिए प्रावधान करना होता है और आय मान्यता, परिसंपत्ति वर्गीकरण और अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों आदि से संबंधित प्रूडेंशियल मानदंडों के लिए प्रावधान (आईआरएसीपी मानदंड) के संदर्भ में दिशानिर्देश-2016 का अनुपालन करने की आवश्यकता नहीं है। तथापि, इस बारे में आरबीआई अधिसूचना संख्या डीओआर(एनबीएफसी).सीसी. पीडी.सं.109/22.10.106/2019-20 दिनांक 13 मार्च, 2020 के अनुपालन में कंपनी ने आईआरएसीपी मानदंड (मानक परिसंपत्तियों के लिए प्रावधान सहित) के अंतर्गत प्रावधान की गणना की है और कंपनी को क्षतिग्रस्तता रिजर्व के अंतर्गत कोई राशि समायोजित करने की आवश्यकता नहीं है।

6. हमें प्रदान की गई सूचना तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, पूंजी निधि, जोखिम परिसंपत्ति/एक्सपोजर तथा जोखिम परिसंपत्ति अनुपात का विवरण (डीएनबीएस 03 विवरणी) कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 की सभी तिमाहियों के लिए संबंधित तिमाहियों के वित्तीय परिणामों के आधार पर दाखिल किया गया है जिसे आरबीआई के मानदंडों के अनुपालन में सीआरएआर सहित निर्धारित अवधि के भीतर दाखिल करने की तारीख को तैयार किया गया है। इसके अतिरिक्त, दिनांक 31.03.2023 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों पर आधारित सीआरएआर ठीक से तैयार किया गया है तथा यह आरबीआई द्वारा न्यूनतम निर्धारित सीआरएआर के अनुपालन में है।

कृते दास गुप्ता एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 000112N

ह/-

सीए नरेश कुमार
भागीदार
सदस्यता सं.: 082069
यूडीआईएन: 23082069BGZGVN9763

दिनांक: 27.05.2023
स्थान: नई दिल्ली

कृते प्रेम गुप्ता एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं.: 000425N

ह/-

सीए मीनाक्षी बंसल
भागीदार
सदस्यता सं.: 520318
यूडीआईएन: 23520318BGWIZQ6574

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वित्तीय विवरणों पर कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6)(बी) के अंतर्गत

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के अंतर्गत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग रूपरेखा के अनुसरण में 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड का वित्तीय विवरण तैयार करना कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। अधिनियम की धारा 139 (5) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक, अधिनियम की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्धारित लेखापरीक्षा मानकों के अनुसरण में स्वतंत्र लेखापरीक्षा के आधार पर अधिनियम की धारा 143 के अंतर्गत वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करने के लिए जिम्मेदार हैं। यह बताया गया है कि उन्होंने अपनी 27 मई, 2023 की लेखापरीक्षा रिपोर्ट के माध्यम से ऐसा कर लिया है।

मैंने, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की ओर से, अधिनियम की धारा 143(6)(ए) के अंतर्गत 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वित्तीय विवरणों की पूरक लेखापरीक्षा की है। यह पूरक लेखापरीक्षा सांविधिक, लेखापरीक्षक के कार्यकारी कागजातों तक पहुंच के बगैर स्वतंत्र रूप से की गई है तथा यह प्राथमिक रूप से सांविधिक लेखापरीक्षक एवं कंपनी के कार्मिकों से पूछताछ और कुछ लेखांकन रिकॉर्डों की वर्णनात्मक जांच तक सीमित है।

मेरी पूरक लेखापरीक्षा के आधार पर, मेरी जानकारी में ऐसा कुछ महत्वपूर्ण सामने नहीं आया है, जिससे अधिनियम की धारा 143(6)(बी) के अंतर्गत सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी की जा सके या उसमें कुछ जोड़ा जा सके।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
के लिए एवं उनकी ओर से

ह/-

(संजय के. झा)
लेखापरीक्षा महानिदेशक (ऊर्जा)

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 28 जुलाई, 2023

एकल (स्टैंडअलोन) तुलन-पत्र

31 मार्च, 2023 तक

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	टिप्पणी सं.	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
परिसंपत्तियां				
1	**वित्तीय परिसंपत्तियां**			
(क)	नकदी और नकदी समतुल्य	7	22.14	720.91
(ख)	नकदी और नकदी समतुल्य में शामिल से इतर अन्य कुल बैंक शेष	8	1,595.96	3,240.31
(ग)	डेरिवेटिव वित्तीय लिखत	9	4,803.40	3,080.56
(घ)	ऋण	10	4,10,829.15	3,60,929.74
(ङ)	निवेश	11	17,304.14	16,084.27
(च)	अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां	12	5,389.03	5,382.67
	कुल वित्तीय परिसंपत्तियां (1)		**4,39,943.82**	**3,89,438.46**
2	**गैर-वित्तीय परिसंपत्तियां**			
(क)	वर्तमान कर परिसंपत्तियां (निवल)	13	210.28	273.65
(ख)	आस्थगित कर परिसंपत्तियां (निवल)	37	4,033.31	4,151.82
(ग)	संपत्ति, संयंत्र और उपकरण	14	44.00	44.72
(घ)	अमूर्त परिसंपत्तियां	14	0.04	0.13
(ङ)	विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्तियां	14	11.20	-
(च)	राइट-ऑफ-यूज परिसंपत्तियां	15	34.40	34.85
(छ)	अन्य गैर-वित्तीय परिसंपत्तियां	16	556.01	466.38
	कुल गैर-वित्तीय परिसंपत्तियां (2)		**4,889.24**	**4,971.55**
	कुल परिसंपत्तियां (1+2)		**4,44,833.06**	**3,94,410.01**
देयताएं और इक्विटी				
देयताएं				
1	**वित्तीय देयताएं**			
(क)	डेरिवेटिव वित्तीय लिखत	9	24.32	103.25
(ख)	ऋण प्रतिभूतियां	17	2,59,827.05	2,30,156.95
(ग)	ऋण राशियां (ऋण प्रतिभूतियों से अन्य)	18	1,01,228.89	87,965.42
(घ)	अधीनस्थ देयताएं	19	9,311.84	9,311.27
(ङ)	अन्य वित्तीय देयताएं	20	5,537.68	6,803.99
	कुल वित्तीय देयताएं (1)		**3,75,929.78**	**3,34,340.88**
2	**गैर-वित्तीय देयताएं**			
(क)	वर्तमान कर देयताएं (निवल)	13	105.02	194.92
(ख)	प्रावधान	21	323.65	247.00
(ग)	अन्य गैर-वित्तीय देयताएं	22	272.38	276.93
	कुल गैर-वित्तीय देयताएं (2)		**701.05**	**718.85**
	कुल देयताएं (1+2)		**3,76,630.83**	**3,35,059.73**
3	**इक्विटी**			
(क)	इक्विटी शेयर पूंजी	23	2,640.08	2,640.08
(ख)	अन्य इक्विटी	24	65,562.15	56,710.20
	कुल इक्विटी (3)		**68,202.23**	**59,350.28**
	कुल देयताएं और इक्विटी (1+2+3)		**4,44,833.06**	**3,94,410.01**

संलग्न टिप्पणियां 1 से 61 एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग हैं।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

ह/-
(मनीष कुमार अग्रवाल)
महाप्रबंधक एवं कंपनी सचिव

ह/-
(परमिंदर चोपड़ा)
निदेशक (वित्त)
डीआईएन: 08530587

ह/-
(आर. एस. ढिल्लों)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 00278074

हमारी संलग्न समदिनांकित रिपोर्ट के संदर्भ में हस्ताक्षरित

कृते दास गुप्ता एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं. 000112N

कृते प्रेम गुप्ता एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं. 000425N

ह/-
सीए नरेश कुमार
भागीदार
सदस्यता सं. 082069

ह/-
सीए मीनाक्षी बंसल
भागीदार
सदस्यता सं. 520318

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 27 मई, 2023

लाभ और हानि का एकल (स्टैंडअलोन) विवरण

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	टिप्पणी सं.	31.03.2023 को समाप्त वर्ष	31.03.2022 को समाप्त वर्ष
प्रचालनों से राजस्व				
(i)	ब्याज आय	25	37,645.31	36,701.22
(ii)	लाभांश आय	26	1,744.81	1,347.42
(iii)	शुल्क और कमीशन आय	27	261.63	496.76
I.	**प्रचालनों से कुल राजस्व**		**39,651.75**	**38,545.40**
II.	अन्य आय	28	13.88	45.77
III.	**कुल आय** (I+II)		**39,665.63**	**38,591.17**
व्यय				
(i)	वित्त लागत	29	23,282.57	22,671.30
(ii)	निवल परिवर्तन/अंतरण विनिमय हानि/(अभिलाभ)	30	1,975.23	905.58
(iii)	शुल्क और कमीशन व्यय	31	12.06	10.18
(iv)	उचित मूल्य परिवर्तन पर निवल हानि/(अभिलाभ)	32	(70.56)	(9.42)
(v)	वित्तीय लिखतों पर क्षतिग्रस्तता	33	(296.21)	2,222.14
(vi)	कार्मिक हितलाभ व्यय	34	219.01	213.11
(vii)	मूल्यह्रास, परिशोधन और क्षतिग्रस्तता	14/15	19.06	13.20
(viii)	निगमित सामाजिक दायित्व व्यय	35	225.30	214.72
(ix)	अन्य व्यय	36	128.55	122.71
IV.	**कुल व्यय**		**25,495.01**	**26,363.52**
V.	**आपवादिक मदें और कर-पूर्व लाभ/(हानि) (III-IV)**		**14,170.62**	**12,227.65**
VI.	**आपवादिक मदें**		-	-
VII.	**कर पूर्व लाभ/(हानि) (V-VI)**		**14,170.62**	**12,227.65**
	कर व्यय:	37		
	(1) वर्तमान कर:			
	- वर्तमान वर्ष		2,381.18	2,418.91
	- पूर्ववर्ती वर्ष		(50.94)	(36.05)
	(2) आस्थगित कर व्यय/(आय)		234.91	(177.11)
VIII.	**कुल कर व्यय**		**2,565.15**	**2,205.75**
IX.	**सतत प्रचालनों से लाभ/(हानि) (VII-VIII)**		**11,605.47**	**10,021.90**
X.	**बंद प्रचालनों से लाभ/(हानि) (कर पश्चात)**		**-**	**-**
XI.	**लाभ/(हानि) (सतत और बंद प्रचालनों से) (IX+X)**		**11,605.47**	**10,021.90**
XII.	**अन्य व्यापक आय**			
(क)	(i) ऐसी मदें जिन्हें लाभ या हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगा			
	- परिभाषित हितलाभ योजनाओं का पुन:मापन		(3.62)	(5.07)
	- इक्विटी लिखतों के उचित मूल्य पर निवल अभिलाभ/(हानि)		145.74	151.94
	(ii) ऐसी मदों से संबंधित आयकर जिन्हें लाभ या हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगा			
	- परिभाषित हितलाभ योजनाओं का पुन:मापन		0.94	1.37
	- इक्विटी लिखतों के उचित मूल्य पर निवल अभिलाभ/(हानि)		10.16	(9.58)
	उप योग (क)		**153.22**	**138.66**
(ख)	(i) ऐसी मदें जिन्हें लाभ या हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत किया जाएगा			
	- नकदी प्रवाह हेज में अभिलाभ/(हानि) का प्रभावी हिस्सा		390.02	419.18
	- हेजिंग रिजर्व की लागत		(808.14)	(362.82)
	(ii) - ऐसी मदों से संबंधित आयकर जिन्हें लाभ या हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत किया जाएगा			
	- नकदी प्रवाह हेज में अभिलाभ/(हानि) का प्रभावी हिस्सा		(98.16)	(105.50)
	- हेजिंग रिजर्व की लागत		203.39	91.31
	उप योग (ख)		**(312.89)**	**42.17**
	अन्य व्यापक आय (क+ख)		**(159.67)**	**180.83**
XIII.	**कुल व्यापक आय (XI+XII)**		**11,445.80**	**10,202.73**
XIV.	**प्रति इक्विटी शेयर (अंकित मूल्य ₹10/- प्रत्येक) पर मूल और मिश्रित अर्जन**	38		
	(1) - सतत प्रचालनों के लिए (₹ में)		43.96	37.96
	(2) - बंद प्रचालनों के लिए (₹ में)		-	-
	(3) - सतत और बंद प्रचालनों के लिए (₹ में)		43.96	37.96

संलग्न टिप्पणियां 1 से 61 एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग हैं।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

ह/-
(मनीष कुमार अग्रवाल)
महाप्रबंधक एवं कंपनी सचिव

ह/-
(परमिंदर चोपड़ा)
निदेशक (वित्त)
डीआईएन: 08530587

ह/-
(आर. एस. ढिल्लों)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 00278074

हमारी संलग्न समदिनांकित रिपोर्ट के संदर्भ में हस्ताक्षरित

कृते दास गुप्ता एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं. 000112N

ह/-
सीए नरेश कुमार
भागीदार
सदस्यता सं. 082069

कृते प्रेम गुप्ता एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं. 000425N

ह/-
सीए मीनाक्षी बंसल
भागीदार
सदस्यता सं. 520318

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 27 मई, 2023

इक्विटी में परिवर्तनों का एकल (स्टैंडअलोन) विवरण

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

क. इक्विटी शेयर पूंजी

(₹ करोड़ में)

विवरण	आरंभिक शेष	अवधि के दौरान परिवर्तन	अंतिम शेष
जारी, अभिदत्त, पूर्णतः प्रदत्त			
31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष	2,640.08	-	2,640.08
31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष	2,640.08	-	2,640.08

विवरण के लिए टिप्पणी 23 देखें

ख. अन्य इक्विटी

(₹ करोड़ में)

विवरण	रिजर्व और अधिशेष									अन्य व्यापक आय			कुल
	भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-आईसी के अंतर्गत सृजित विशेष रिजर्व निधि	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii)(सी) के अंतर्गत अशोध्य और संदिग्ध ऋणों के लिए रिजर्व निधि	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 1996-97 तक सृजित विशेष रिजर्व निधि	वित्तीय वर्ष 1997-98 से आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अंतर्गत सृजित और अनुरक्षित विशेष रिजर्व निधि	प्रतिभूति प्रीमियम	विदेशी मुद्रा मौद्रिक मद अंतरण अंतर लेखा	ब्याज विभेद रिजर्व निधि-केएफडब्ल्यू ऋण	सामान्य रिजर्व निधि	प्रतिधारित अर्जन	अन्य व्यापक आय के माध्यम से इक्विटी लिखत	अभिलाभ/(हानि) नकदी प्रवाह हेज का प्रभावी अंश	हेजिंग रिजर्व की लागत	
31.03.2022 तक शेष	**6,238.14**	**576.44**	**599.85**	**24,139.00**	**2,776.54**	**(513.80)**	**64.07**	**14,115.11**	**8,863.49**	**(54.23)**	**200.34**	**(294.75)**	**56,710.20**
लेखांकन नीति/पूर्वावधि त्रुटियों में परिवर्तन	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
वर्ष के लिए लाभ	-	-	-	-	-	-	-	-	11,605.47	-	-	-	11,605.47
परिभाषित हितलाभ योजनाओं का पुन:मापन (कर का निवल)	-	-	-	-	-	-	-	-	(2.68)	-	-	-	(2.68)
अन्य व्यापक आय/(व्यय)	-	-	-	-	-	-	-	-	-	155.90	291.86	(604.75)	(156.99)
वर्ष के लिए कुल व्यापक आय	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**11,602.79**	**155.90**	**291.86**	**(604.75)**	**11,445.80**
लाभांश	-	-	-	-	-	-	-	-	(2,640.08)	-	-	-	(2,640.08)
प्रतिधारित अर्जन में/से अंतरण	2,321.09	590.10	-	2,363.47	-	-	-	-	(5,274.66)	-	-	-	-
बट्टे खाते में डाले गए अशोध्य ऋण के निमित्त रिजर्व निधि का उपयोग	-	(576.44)	-	-	-	-	-	576.44	-	-	-	-	-
एफवीटीओसीआई इक्विटी लिखतों की बिक्री/समाप्ति पर लाभ/(हानि) का पुनर्वर्गीकरण	-	-	-	-	-	-	-	-	46.13	(46.13)	-	-	-
वर्ष के दौरान परिवर्धन/विलोपन (निवल)	-	(60.71)	-	8.84	-	46.23	0.90	-	50.97	-	-	-	46.23
31.03.2023 तक शेष	**8,559.23**	**529.39**	**599.85**	**26,511.31**	**2,776.54**	**(467.57)**	**64.97**	**14,691.55**	**12,648.64**	**55.54**	**492.20**	**(899.50)**	**65,562.15**

(₹ करोड़ में)

विवरण	रिजर्व और अधिशेष									अन्य व्यापक आय			कुल
	भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-आईसी के अंतर्गत सृजित विशेष रिजर्व निधि	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1) (viiए)(सी) के अंतर्गत अशोध्य और संदिग्ध ऋणों के लिए रिजर्व निधि	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 1996-97 तक सृजित विशेष रिजर्व निधि	वित्तीय वर्ष 1997-98 से आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1) (viii) के अंतर्गत सृजित और अनुरक्षित विशेष रिजर्व निधि	प्रतिभूति प्रीमियम	विदेशी मुद्रा मौद्रिक मद अंतरण अंतर लेखा	ब्याज विभेद रिजर्व निधि- केएफडब्ल्यू ऋण	सामान्य रिजर्व निधि	प्रतिधारित अर्जन	अन्य व्यापक आय के माध्यम से इक्विटी लिखत	अभिलाभ/ (हानि) नकदी प्रवाह हेज का प्रभावी अंश	हेजिंग रिजर्व की लागत	
31.03.2021 तक शेष	**4,233.76**	**287.25**	**599.85**	**21,715.55**	**2,776.54**	**(634.33)**	**62.65**	**13,827.86**	**7,203.86**	**(183.37)**	**(113.34)**	**(23.24)**	**49,753.04**
लेखांकन नीति/पूर्वावधि त्रुटियों में परिवर्तन	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
वर्ष के लिए लाभ	-	-	-	-	-	-	-	-	10,021.90	-	-	-	10,021.90
परिभाषित हितलाभ योजनाओं का पुन:मापन (कर का निवल)	-	-	-	-	-	-	-	-	(3.70)	-	-	-	(3.70)
अन्य व्यापक आय/(व्यय)	-	-	-	-	-	-	-	-	-	142.36	313.68	(271.51)	184.53
वर्ष के लिए कुल व्यापक आय	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**10,018.20**	**142.36**	**313.68**	**(271.51)**	**10,202.73**
लाभांश	-	-	-	-	-	-	-	-	(3,366.10)	-	-	-	(3,366.10)
प्रतिधारित अर्जन में/से अंतरण	2,004.38	576.44	-	2,423.45	-	-	-	-	(5,004.27)	-	-	-	-
बट्टे खाते डाले गए अशोध्य ऋण के निमित्त रिजर्व निधि का उपयोग	-	(287.25)	-	-	-	-	-	287.25	-	-	-	-	-
एफवीटीओसीआई इक्विटी लिखतों की बिक्री/समाप्ति पर अभिलाभ/(हानि) का पुनर्वर्गीकरण	-	-	-	-	-	-	-	-	13.22	(13.22)	-	-	-
अवधि के दौरान परिवर्धन/ विलोपन (निवल)	-	-	-	-	-	120.53	1.42	-	(1.42)	-	-	-	120.53
31.03.2022 तक शेष	**6,238.14**	**576.44**	**599.85**	**24,139.00**	**2,776.54**	**(513.80)**	**64.07**	**14,115.11**	**8,863.49**	**(54.23)**	**200.34**	**(294.75)**	**56,710.20**

संलग्न टिप्पणियां 1 से 61 एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग हैं।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

ह/-
(मनीष कुमार अग्रवाल)
महाप्रबंधक एवं कंपनी सचिव

ह/-
(परमिंदर चोपड़ा)
निदेशक (वित्त)
डीआईएन: 08530587

ह/-
(आर. एस. ढिल्लों)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 00278074

हमारी संलग्न समदिनांकित रिपोर्ट के संदर्भ में हस्ताक्षरित

कृते दास गुप्ता एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं. 000112N

कृते प्रेम गुप्ता एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं. 000425N

ह/-
सीए नरेश कुमार
भागीदार
सदस्यता सं. 082069

ह/-
सीए मीनाक्षी बंसल
भागीदार
सदस्यता सं. 520318

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 27 मई, 2023

एकल (स्टैंडअलोन) नकदी प्रवाह विवरण

31, मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	31.03.2023 को समाप्त वर्ष		31.03.2022 को समाप्त वर्ष	
I.	**प्रचालनरत गतिविधियों से नकदी प्रवाह:**				
	कर पूर्व लाभ	**14,170.62**		**12,227.65**	
	निम्नलिखित के लिए समायोजन:				
	संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की विमान्यता पर हानि/(अभिलाभ)	2.88		2.91	
	संयुक्त उद्यम से संयुक्त नियंत्रण की समाप्ति पर हानि/(अभिलाभ)	-		(32.66)	
	उचित मूल्य परिवर्तन पर हानि/अभिलाभ(निवल)	(70.56)		(9.42)	
	अप्राप्त विदेशी मुद्रा परिवर्तन हानि/(अभिलाभ)	4,099.52		1,343.15	
	मूल्यह्रास और परिशोधन	19.06		13.20	
	वित्तीय लिखतों पर क्षतिग्रस्तता	(296.21)		2,222.14	
	ऋण परिसंपत्तियों और ऋण राशियों/ऋण के संबंध में प्रभावी ब्याज दर	(22.40)		8.23	
	जीरो कूपन बॉण्ड और कमर्शियल पेपर पर ब्याज व्यय				
	अन्य ब्याज व्यय	42.06		92.79	
	निवेशों पर अर्जित ब्याज	0.87		3.04	
	अवधि के दौरान सृजित प्रावधान	(0.42)		(22.00)	
	आधिक्य देयता का राइट बैक	162.74		167.36	
		-		(2.38)	
	कार्यशील पूंजी परिवर्तन से पूर्व प्रचालनरत लाभ:	**18,108.16**		**16,014.01**	
	वृद्धि/कमी:				
	ऋण (निवल)	(50,181.78)		(2,936.88)	
	अन्य वित्तीय और गैर-वित्तीय परिसंपत्तियां	1,666.92		(2,221.27)	
	डेरीवेटिव	(2,096.53)		(2,123.78)	
	अन्य वित्तीय व गैर-वित्तीय देयताएं और प्रावधान	(823.39)		433.65	
	आपवादिक मदों से पूर्व नकदी प्रवाह	**(33,326.62)**		**9,165.73**	
	आपवादिक मदें	-		-	
	कर पूर्व प्रचालन से नकदी प्रवाह	**(33,326.62)**		**9,165.73**	
	प्रदत्त आयकर	(2,472.02)		(2,246.45)	
	आयकर रिफंड	57.89		-	
	प्रचालनरत गतिविधियों से निवल नकदी अंतर्वाह/(बहिर्वाह)		**(35,740.75)**		**6,919.28**
II.	**निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह:**				
	संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के निपटान से आय	0.21		0.24	
	संपत्ति, संयंत्र और उपकरण और अमूर्त परिसंपत्तियों (सीडब्ल्यूआईपी और पूंजी अग्रिम सहित) की खरीद	(83.80)		(204.16)	
	अन्य निवेश में वृद्धि/(कमी)	(630.38)		(7.47)	
	निवेश गतिविधियों से निवल नकदी अंतर्वाह/(बहिर्वाह)		**(713.97)**		**(211.39)**
III.	**वित्तपोषण गतिविधियों से नकदी प्रवाह:**				
	बॉण्ड जुटाव (प्रीमियम सहित) (मोचन का निवल)	26,390.86		(12,600.78)	
	दीर्घावधि ऋण जुटाव (पुनर्भुगतान का निवल)	4,055.42		4,663.50	
	विदेशी मुद्रा ऋण जुटाव (पुनर्भुगतान का निवल)	4,212.82		5,229.95	
	वाणिज्यिक पेपर जुटाव (पुनर्भुगतान का निवल)	-		(3,120.00)	
	कार्यशील पूंजी मांग ऋण/ ओडी/सीसी/ लाइन ऑफ क्रेडिट जुटाव (पुनर्भुगतान का निवल)	3,755.24		(454.45)	
	अदावी बॉण्ड (निवल)	(18.47)		(58.28)	
	अदावी लाभांश (निवल)	0.17		1.56	
	लाभांश का भुगतान	(2,640.08)		(3,366.10)	
	पट्टा देयता का भुगतान	(0.01)		0.00	
	वित्तपोषण गतिविधियों से निवल नकदी अंतर्वाह/(बहिर्वाह)		**35,755.95**		**(9,704.60)**
	नकदी और नकदी समतुल्य में निवल वृद्धि/कमी		**(698.77)**		**(2,996.71)**
	जोड़ें: वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में नकदी और नकदी समतुल्य		720.91		3,717.62

एकल (स्टैंडअलोन) नकदी प्रवाह विवरण

31, मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	31.03.2023 को समाप्त वर्ष		31.03.2022 को समाप्त वर्ष	
	वर्ष के अंत में नकदी और नकदी समतुल्य		**22.14**		**720.91**
	वर्ष के अंत में नकदी और नकदी समतुल्य का विवरण:				
i)	बैंकों में शेष राशि (नकदी और नकदी समतुल्य की प्रकृति की)				
	चालू खातों में	22.14		17.64	
	सावधि जमा खातों में (3 माह तक की मूल परिपक्वता)	-	22.14	703.27	720.91
ii)	डाक और इम्प्रेस्ट सहित चेक, ड्राफ्ट		0.00		0.00
	वर्ष की समाप्ति पर कुल नकदी और नकदी समतुल्य		**22.14**		**720.91**

नकदी प्रवाह का उपर्युक्त विवरण अप्रत्यक्ष विधि से तैयार किया गया है जैसा कि इंड एएस 7 'नकदी प्रवाह का विवरण' में निर्धारित किया गया है।

वर्ष के दौरान कंपनी ने निगमित सामाजिक दायित्व के लिए ₹118.96 करोड़ (पिछले वर्ष ₹120.46 करोड़) की नकदी का बहिर्वाह किया गया है। (टिप्पणी 35 देखें)

वित्तपोषण गतिविधियों से उत्पन्न देयताओं (बकाया मूलधन) का समाधान

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	बॉण्ड/डिबेंचर *	सावधि ऋण **	विदेशी मुद्रा ऋण	वाणिज्यिक पेपर	डब्ल्यूसीडीएल/ सावधि जमा के निमित्त ऋण	अधीनस्थ ऋण	कुल
	01.04.2021 को आरंभिक शेष	**2,01,184.95**	**61,098.98**	**49,835.80**	**3,080.23**	**683.04**	**9,211.50**	**3,25,094.50**
	वर्ष के दौरान नकदी प्रवाह (निवल)	(12,600.78)	4,663.50	5,229.95	(3,120.00)	(454.45)	0.00	(6,281.78)
	निम्नलिखित के कारण गैर-नकदी परिवर्तन:							
	जीरो कूपन बॉण्ड पर छूट/ ब्याज/ वाणिज्यिक पेपर पर वित्तीय प्रभारों का परिशोधन	53.02	-	-	39.77	-	-	92.79
	विनिमय दरों में भिन्नता	-	-	1,222.62	-	-	-	1,222.62
	31.03.2022 तक अंतिम शेष	**1,88,637.19**	**65,762.48**	**56,288.37**	**0.00**	**228.59**	**9,211.50**	**3,20,128.13**
	वर्ष के दौरान नकदी प्रवाह (निवल)	26,390.86	4,055.42	4,212.82	-	3,755.24	(0.00)	38,414.34
	निम्नलिखित के कारण गैर-नकदी परिवर्तन:							
	जीरो कूपन बॉण्ड पर छूट और वाणिज्यिक पेपर पर वित्तीय प्रभारों का परिशोधन	42.06	-	-	-	-	-	42.06
	विनिमय दरों में भिन्नता	-	-	4,053.30	-	-	-	4,053.30
	31.03.2022 तक अंतिम शेष	**2,15,070.11**	**69,817.90**	**64,554.49**	**0.00**	**3,983.83**	**9,211.50**	**3,62,637.83**

*विदेशी मुद्रा टिप्पणी नकदी प्रवाह के एकल (स्टैंडअलोन) विवरण में विदेशी मुद्रा ऋण का भाग है।

**विदेशी मुद्रा ऋण और सिंडिकेटेड विदेशी मुद्रा ऋण नकदी प्रवाह के एकल (स्टैंडअलोन) विवरण में विदेशी मुद्रा ऋण का भाग हैं।

संलग्न टिप्पणियां 1 से 61 एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग हैं।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

ह/-
(मनीष कुमार अग्रवाल)
महाप्रबंधक एवं कंपनी सचिव

ह/-
(परमिंदर चोपड़ा)
निदेशक (वित्त)
डीआईएन: 08530587

ह/-
(आर. एस. ढिल्लों)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 00278074

हमारी संलग्न समदिनांकित रिपोर्ट के संदर्भ में हस्ताक्षरित

कृते दास गुप्ता एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं. 000112N

कृते प्रेम गुप्ता एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं. 000425N

ह/-
सीए नरेश कुमार
भागीदार
सदस्यता सं. 082069

ह/-
सीए मीनाक्षी बंसल
भागीदार
सदस्यता सं. 520318

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 27 मई, 2023

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

1. कंपनी की जानकारी

भारत में पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी या कंपनी) की स्थापना वर्ष 1986 में हुई थी। कंपनी भारत में स्थित है और शेयरों द्वारा लिमिटेड है। इसका पंजीकृत कार्यालय है - ऊर्जानिधि, 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110 001 और इसे भारत सरकार द्वारा 'महारत्न' का दर्जा प्रदान किया गया है।

कंपनी एक सरकारी कंपनी है तथा विद्युत, लॉजिस्टिक और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती है। यह एक इंफ्रास्ट्रक्चर वित्तीय कंपनी (आईएफसी) के रूप में भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) से पंजीकृत एक महत्वपूर्ण प्रणालीबद्ध गैर-जमा स्वीकार करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है। सरकारी स्वामित्व वाली एनबीएफसी होने के कारण कंपनी को आरबीआई द्वारा गैर-बैंकिंग कंपनियों के लिए जारी स्तर आधारित विनियम ढांचे के तहत मध्य स्तर पर रखा गया है।

कंपनी के इक्विटी शेयर नैशनल स्टॉक लिमिटेड ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) और बीएसई लिमिटेड पर सूचीबद्ध हैं। कंपनी की ऋण प्रतिभूतियां भी शेयर बाजारों में सूचीबद्ध है।

2. अनुपालन विवरण

कंपनी की एकल वित्तीय विवरणियां कंपनी (भारतीय लेखा मानक) विनियम, 2015 (संशोधित), कंपनी अधिनियम, 2013 के व्यवहार्य प्रावधानों और अन्य व्यवहार्य नियामक मानदंडों/दिशानिर्देशों के तहत अधिसूचित इंड एएस का अनुपालन करती हैं। एकल तुलन पत्र, लाभ-हानि विवरणी और इक्विटी में परिवर्तन विवरणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए लागू कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के अनुभाग III की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार और प्रस्तुत की जाती हैं। नकदी प्रवाह की एकल विवरणी इंड एएस 7 'नकदी प्रवाह विवरणी' की आवश्यकतानुसार तैयार और प्रस्तुत की गई है।

3. ये एकल वित्तीय विवरणियां जारी किए जाने के लिए कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 27.05.2023 को अनुमोदित की गई हैं।

4. जारी किए गए किंतु अभी तक प्रभावी नहीं हो सके मानक/संशोधन

कंपनी कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने 31.03.2023 को कंपनी (भारतीय लेखा मानक) संशोधन विनियम, 2023 अधिसूचित किया है, जिसके द्वारा विभिन्न भारतीय लेखा मानकों में संशोधन 01.04.2023 से लागू किए गए हैं।

कंपनी ने दिनांक 31.03.2023 की अधिसूचना द्वारा किए गए संशोधनों का मूल्यांकन किया है। इनका लागू होने के बाद वित्तीय विवरणों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

5. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

एकल वित्तीय विवरणों को तैयार करने में लागू महत्वपूर्ण लेखा नीतियां निम्नलिखित हैं-

5.1 तैयारी और मापन का आधार

ये एकल वित्तीय विवरणी लेखांकन की प्रोद्भत प्रणाली का अनुसरण करते हुए जारी संदर्भ के आधार पर तैयार की गई हैं। परिसंपत्तियों और देयताओं को पिछली लागत पर या परिशोधित लागत पर या उचित मूल्य पर मापा गया है जैसा कि प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में लागू होता है।

उचित मूल्य वह मूल्य है जो किसी परिसंपत्ति को बेचने पर प्राप्त होगा या मापन तिथि बाजार प्रतिभागियों के बीच क्रमिक लेनदेन में किसी देयता के हस्तांतरण पर चुकाया जाएगा, चाहे वह मूल्य सीधे स्पष्ट हो या किसी अन्य मूल्यांकन तकनीक से अनुमानित हो।

उचित मूल्य माप को इंड एएस आवश्यकता के अनुसार स्तर 1, 2 या 3 में वर्गीकृत किया गया है, जिन्हें निम्नानुसार वर्णित किया गया है:

- स्तर 1 इनपुट को समान परिसंपत्तियों या देयताओं के लिए सक्रिय बाजारों में उद्धृत मूल्य (असमायोजित) किया जाता है जो एंटिटी माप तिथि पर एक्सेस कर सकती है;
- स्तर 2 इनपुट इनपुट हैं, स्तर 1 के भीतर शामिल उद्धृत कीमतों के अतिरिक्त, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से परिसंपत्ति या देयता के लिए अवलोकन योग्य हैं; और
- स्तर 3 इनपुट परिसंपत्ति या देयता के लिए गैर-अवलोकन योग्य इनपुट हैं।

5.2 नकदी और नकदी समतुल्य

नकदी का अर्थ तत्काल उपलब्ध नकदी और डिमांड डिपॉजिट से है। कंपनी नकद समतुल्यों को सभी अल्पावधि शेष (अधिग्रहण की तारीख से तीन महीने या उससे कम की वास्तविक परिपक्वता के साथ), उच्च लिक्विडिटी निवेश मानती है जो तुरंत नकदी की ज्ञात राशि में परिवर्तनीय हो और मूल्य में बदलाव के महत्वहीन जोखिम के अध्यधीन हो।

5.3 डेरिवेटिव वित्तीय लिखत

i. कंपनी ब्याज दर और विदेशी मुद्रा विनिमय दरों में बदलाव को प्रबंधित करने के लिए विभिन्न डेरिवेटिव वित्तीय उपायों का इस्तेमाल करती है।

ii. हेज लेखांकन के तहत कंपनी डेरिवेटिव संविदा कर सकती है या तो नकदी प्रवाह बचाव के रूप में या उचित मूल्य सुरक्षा के रूप में। कंपनी नकदी प्रवाह सुरक्षा के रूप में निश्चित डेरिवेटिव संविदा निर्दिष्ट कर सकती है।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

iii. हेज लेखांकन के लिए निम्नलिखित अपेक्षाएं पूरी करना आवश्यक है:-

- सुरक्षित किए जाने वाले मद और सुरक्षा उपायों के बीच आर्थिक संबंध हो।
- ऋण जोखिम का असर आर्थिक संबंध के कारण होने वाले मूल्य बदलावों को प्रभावित न करता हो।
- हेजिंग संबंधों का हेज अनुपात कंपनी द्वारा वास्तव में सुरक्षित किए गए मद की मात्रा और कंपनी द्वारा उस मद की मात्रा को सुरक्षित करने के लिए वास्तव में उपयोग किए गए उपाय की मात्रा के परिणामों के समतुल्य होता है।

iv. नकदी प्रवाह हेज

हेज लेखांकन की अपेक्षाओं को पूरा करने वाले हेजिंग लिखतों को नकदी प्रवाह हेज के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है। डेरिवेटिव के उचित मूल्य में बदलावों के प्रभावी हिस्से को, जो नकदी प्रवाह हेज के रूप में निर्दिष्ट होता है, अन्य व्यापक आय के रूप में मान्य किया जाता है। हेजिंग उपकरणों के आंतरिक मूल्य में बदलाव 'नकदी प्रवाह हेज के प्रभावी भाग' के रूप में मान्य होता है। सुरक्षित किए गए मद के लाभ या हानि को प्रभावित करने पर इस प्रकार के रिजर्व में मान्य राशियां लाभ और हानि विवरणियों में पुन:वर्गीकृत की जाती हैं। हेजिंग उपकरणों के समय मूल्य के उचित मूल्य में बदलाव महेजिंग रिजर्व की लागतफमें मान्य होता है। ऐसे रिजर्व में मान्य राशियां एक प्रणालीबद्ध आधार पर लाभ और हानि विवरणी में परिशोधित की जाती हैं। अप्रभावी भाग से संबंधित लाभ या हानि तत्काल लाभ और हानि विवरणी में मान्य कर दी जाती है।

v. हेजिंग उपकरण की अवधि समाप्त हो जाने पर, या निलंबित हो जाने पर, या उपयोग हो चुकने पर या हेज लेखांकन की अपेक्षानुसार नहीं रहने पर हेज लेखांकन रोक दी जाती है।

vi. हेज संबंध के तहत निर्दिष्ट डेरिवेटिव के अतिरिक्त अन्य डेरिवेटिव आरंभ में उचित मूल्य पर मान्य होते हैं, डेरिवेटिव संविदा शुरू होने की तिथि से और इसके बाद प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में इनके उचित मूल्य का पुनर्मापन किया जाता है। परिणाम में आए लाभ या हानि को लाभ-हानि विवरणी में मान्य किया जाता है।

5.4 वित्तीय लिखत

वित्तीय परिसंपत्तियां और वित्तीय देयताएं तब मान्य होती हैं जब कंपनी वित्तीय लिखतों के संविदागत प्रावधानों का एक पक्षकार बन जाती है।

आरंभिक मान्यता पर वित्तीय परिसंपत्तियां और वित्तीय देयताएं उचित मूल्य पर अधिग्रहण या वित्तीय परिसंपत्तियां या देयता जारी किए जाने की लागत को घटाकर/जोड़कर मान्य होती है। लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीपीएल) पर मान्य वित्तीय परिसंपत्तियों और देयताओं के संदर्भ में, इसकी लागत लाभ-हानि विवरणी में मान्य होती है।

5.4.1 वित्तीय परिसंपत्तियां

वित्तीय परिसंपत्तियों की नियमित तरीके से सभी खरीद या बिक्री निपटान तिथि के आधार पर मान्य या अमान्य की जाती है। नियमित तरीके से खरीद या बिक्री वित्तीय परिसंपत्तियों की वह खरीद या बिक्री है जिसमें बाजार के नियमों या चलन द्वारा स्थापित निश्चित समयसीमा के भीतर परिसंपत्तियों की डिलीवरी आवश्यक होती है।

आरंभिक मान्यीकरण के बाद वित्तीय परिसंपत्तियों का मापन, परिसंपत्तियों के वर्गीकरण के आधार पर या तो उनकी परिशोधित लागत या उचित मूल्य पर होता है।

(i) वित्तीय परिसंपत्तियों का वर्गीकरण और मापन (इक्विटी लिखतों के अतिरिक्त)

(क) परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियां:

निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने वाली वित्तीय परिसंपत्तियों का मापन प्रभावी ब्याज दर विधि (इआईआर) का उपयोग करते हुए परिशोधित लागत पर होता है:-

- परिसंपत्ति ऐसे व्यवसाय मॉडल के तहत हो जिसका उद्देश्य संविदागत नकदी प्रवाह एकत्र करने के लिए परिसंपत्तियों की धारिता हो; और
- परिसंपत्ति की संविदागत शर्तें निर्दिष्ट तिथियों पर नकदी प्रवाह में, जो बकाया मूलधन राशि पर मूलधन और ब्याज का भुगतान (एसपीपीआई) हैं, वृद्धि करती हों।

प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) विधि

प्रभावी ब्याज दर विधि वित्तीय परिसंपत्तियों की परिशोधित लागत की गणना करने और परिसंपत्ति के अनुमानित जीवनकाल तक ब्याज आय आवंटित करने की एक विधि है। कंपनी ईआईआर विधि अपनाते समय आम तौर पर किसी शुल्क, लेनदेन लागत, अन्य प्रीमियम या डिसकाउंट, जो एक वित्तीय साधन के प्रभावी ब्याज दर का अभिन्न भाग है, परिशोधित करती है।

एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत वित्तीय परिसंपत्तियों को छोड़कर अन्य परिसंपत्तियों के लिए आय को लाभ और हानि विवरणी में प्रभावी ब्याज दर आधार पर मान्य किया जाता है।

ईआईआर का निर्धारण वित्तीय परिसंपत्ति की आरंभिक मान्यता पर किया जाता है। प्रत्येक बार फिर से निर्धारित किए जाने पर प्रभावी ब्याज दर, संबंधित संविदा की शर्तों के अनुरूप अद्यतन की जाती है।

वित्तीय परिसंपत्तियों से संबंधित शर्तें फिर से तय होने पर, बाजार से संचालित ब्याज दर उतार चढ़ाव के अलावा, पहले की ईआईआर का उपयोग करते हुए, संशोधन से पूर्व संगणित और मापित कोई भी

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

लाभ/हानि उस अवधि के दौरान जिसमें शर्तें फिर से तय की गईं, लाभ एवं हानि विवरण में मान्य की जाती है।

(ख) अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीओसीआई) पर वित्तीय परिसंपत्तियां

एक वित्तीय परिसंपत्ति का मापन एफवीटीओसीआई पर तब किया जाता है जब निम्नलिखित दोनों शर्तें पूरी होती होः-

- व्यवसाय मॉडल का उद्देश्य संविदागत नकदी प्रवाह एकत्र कर और वित्तीय परिसंपत्तियां बेचकर दोनों तरह से प्राप्त किया जाता हो; और
- परिसंपत्ति की संविदागत शर्तें निर्दिष्ट तिथियों पर नकदी प्रवाह में, जो बकाया मूल राशि पर मूलधन और ब्याज का भुगतान (एसपीपीआई) हैं, वृद्धि करती हों।

सभी उचित मूल्य परिवर्तनों को अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में मान्य किया जाता है और रिजर्व में जमा किया जाता है।

(ग) लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीपीएल) पर वित्तीय परिसंपत्तियां

एक वित्तीय परिसंपत्ति का मापन एफवीटीपीएल पर तब तक नहीं किया जाता जब तक उचित मूल्य में सभी परिवर्तनों को लाभ-हानि विवरणी में मान्य किए जाने के साथ वह परिशोधित लागत या एफवीटीओसीआई पर मापित न हो।

व्यवसाय मॉडल

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यवसाय मॉडल का आकलन वित्तीय परिसंपत्ति के वर्गीकरण पर निर्भर है। कंपनी किसी व्यवसाय मॉडल का निर्धारण उस स्तर पर करती है जो दर्शाता है कि नकदी प्रवाह सृजित करने के विशिष्ट व्यावसायिक उद्देश्य हासिल करने के लिए वित्तीय परिसंपत्तियों को किस तरह एक साथ प्रबंधित किया जाता है। कंपनी का व्यवसाय मॉडल आकलन लिखत-दर-लिखत आधार के बदले समूहन के उच्च स्तर पर किया जाता है।

कंपनी विद्युत क्षेत्र मूल्य श्रृंखला में ऋण देने के व्यवसाय में है और ऐसे ऋणों का प्रबंधन ऋण की अवधि के दौरान संविदागत नकदी प्रवाह की प्राप्ति के लिए किया जाता है। इसके अलावा संविदागत नकदी प्रवाह की प्राप्ति के लिए कंपनी के पास अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां भी हो सकती हैं।

(ii) इक्विटी लिखतों का वर्गीकरण, मापन और अमान्यीकरण

सहायक कंपनियों, संयुक्त उपक्रम और सहयोगी कंपनियों के अलावा अन्य में सभी इक्विटी निवेशों का मापन उचित मूल्य पर किया जाता है। व्यापार के लिए रखे गए इक्विटी लिखतों का वर्गीकरण एफवीटीपीएल पर किया जाता है। सभी अन्य इक्विटी साधनों के लिए कंपनी आरंभिक मान्यता पर इसे एफवीटीओसीआई या एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत करने के लिए अपरिवर्तनीय चुनाव कराती है। कंपनी यह चुनाव लिखत-दर-लिखत आधार पर कराती है।

एफवीटीओसीआई के रूप में वर्गीकृत इक्विटी निवेश आरंभ में उचित मूल्य जोड़ लेनदेन लागत पर मापा जाता है। इसके बाद इसे उचित मूल्य पर मापा जाता है और सभी उचित मूल्य परिवर्तनों को अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में मान्य किया जाता है और रिजर्व में जमा किया जाता है। ओसीआई से राशियों का पुनचक्रण लाभ-हानि विवरणी में नहीं किया जाता, निवेश के विक्रय पर भी नहीं। लेकिन कंपनी संचित लाभ-हानि का अंतरण इक्विटी के भीतर करती है।

एफवीटीपीएल श्रेणी में शामिल इक्विटी साधनों का मापन, सभी बदलावों को लाभ एवं हानि विवरण में मान्य करते हुए, उचित मूल्य पर किया जाता है।

(iii) वित्तीय परिसंपत्तियों की क्षतिग्रस्तता

आरंभिक मान्यता के बाद कंपनी इंड एएस 109 'वित्तीय लिखत' के तहत अपेक्षित परिशोधित लागत पर मापित वित्तीय परिसंपत्तियों पर अनुमानित ऋण हानि (ईसीएल) को मान्य करती है। कंपनी ईसीएल प्रभार या उलटाव (जहां निवल राशि एक विशिष्ट अवधि के लिए नकारात्मक शेष में हो) को लाभ एवं हानि विवरण में 'वित्तीय लिखतों में क्षतिग्रस्तता' के रूप में प्रस्तुत करती है और तुलन-पत्र में सकल वर्तमान राशि में से संचित घटाव के रूप में, जहां व्यवहार्य हो, प्रस्तुत करती है।

ईसीएल की मान्यता और मापन के लिए क्षति संबंधी अपेक्षाएं एफवीटीओसीआई पर मापित वित्तीय परिसंपत्तियों पर भी समान रूप से लागू होती हैं सिवाय इसके कि ईसीएल अन्य व्यापक आय में मान्य होता है और तुलन-पत्र में वहनीय राशि से घटाया नहीं जाता।

क) ऋण परिसंपत्तियों की क्षतिग्रस्तता और लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) के तहत प्रतिबद्धताएं

कंपनी ऋण परिसंपत्तियों पर ईसीएल को जीवन पर्यंत ईसीएल के बराबर राशि पर मापती है, यदि आरंभिक मान्यता के बाद कोई ऋण क्षतिग्रस्त हो या ऋण जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि (सीआईसीआर) हुई हो। यदि आरंभिक मान्यता की तुलना में सीआईसीआर नहीं हो तो कंपनी ईसीएल का मापन 12 महीने की ईसीएल के समतुल्य राशि पर करती है। आरंभिक मान्यता के बाद सीआईसीआर रही है या नहीं, इसका आकलन करते समय कंपनी ऐसी ठोस और सार्थक सूचनाओं पर विचार करती है जो बिना किसी अनावश्यक लागत या प्रयास के उपलब्ध हो। यदि कंपनी ने पहले की अवधि में हानि अंश का आकलन पूरे समय की ईसीएल के रूप में किया, लेकिन बाद के समय में निर्धारित किया कि आरंभिक मान्यता के बाद से ऋण गुणवत्ता में सुधार के कारण कोई एसआईसीआर नहीं रही है, तो कंपनी ने फिर 12 महीने की ईसीएल के आधार पर हानि भत्ते का मापन किया।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

क्रेडिट क्षतिग्रस्तता वाली ऋण परिसंपत्तियों के लिए ईसीएल का मापन व्यक्तिगत आधार पर किया जाता है, और अन्य ऋण परिसंपत्तियों के लिए यह समान समूहों का उपयोग करते हुए सामूहिक आधार पर मापा जाता है।

कंपनी एलओसी के तहत प्रतिबद्धताओं पर क्षतिग्रस्तता का मापन उसी आधार पर करती है जैसा ऋण परिसंपत्तियों के मामले में किया जाता है।

ख) ऋण परिसंपत्तियों के अतिरिक्त वित्तीय परिसंपत्तियों की क्षतिग्रस्तता:

ऋण परिसंपत्तियों के अतिरिक्त वित्तीय परिसंपत्तियों पर ईसीएल का मापन पूरे समय के लिए अनुमानित हानियों के बराबर राशि पर किया जाता है।

(iv) वित्तीय परिसंपत्तियों का गैर-मान्यीकरण

कंपनी नकदी प्रवाह के लिए संविदागत अधिकार समाप्त हो जाने के बाद किसी वित्तीय परिसंपत्ति को अमान्य करती है, या तब जब यह समस्त जोखिमों और स्वामित्व अंतरण के साथ किसी अन्य पक्षकार को वित्तीय परिसंपत्ति का हस्तांतरण करती है। वित्तीय परिसंपत्ति के संविदागत नकदी प्रवाह पर पुनर्विचार या संशोधन भी किसी मौजूदा वित्तीय परिसंपत्ति के अमान्यीकरण की वजह बन सकता है।

अपनी समग्रता में किसी वित्तीय परिसंपत्ति के अमान्यीकरण पर परिसंपत्ति की वहनीय राशि तथा प्राप्त और प्राप्य के जोड़ का अंतर, अन्य व्यापक आय में मान्य और इक्विटी में संचित लाभ या हानि, लाभ एवं हानि विवरण में मान्य की जाती है, यदि वित्तीय परिसंपत्ति के निस्तारण पर इस प्रकार के लाभ या हानि को अन्य प्रकार से लाभ एवं हानि विवरण में मान्य किया गया हो।

5.4.2 वित्तीय देयताएं

(i) डेरिवेटिव और वित्तीय गारंटी संविदाओं के अतिरिक्त सभी वित्तीय देयताओं का मापन प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) विधि का प्रयोग करते हुए परिशोधित लागत पर होता है।

ईआईआर का निर्धारण वित्तीय देयता के आरंभिक मान्यीकरण पर होता है। बाद में इसे संबंधित संविदा की शर्तों के अनुसार फ्लोटिंग ब्याज दर वाली वित्तीय देयताओं के लिए, पुनःनिर्धारण तिथि से अद्यतन किया जाता है।

(ii) वित्तीय गारंटी

कंपनी द्वारा जारी वित्तीय गारंटी का मापन आरंभ में उचित मूल्य पर किया जाता है, यदि यह एफवीटीपीएल के रूप में निर्दिष्ट नहीं है, बाद में निम्नलिखित से अधिक पर इसका मापन होता है:

- गारंटी के परिणामस्वरूप उपजने वाले किसी वित्तीय दायित्व के समायोजन के लिए आवश्यक व्यय का सर्वोत्तम आकलन, और
- लाभ-हानि विवरणी में मान्य आय की समग्र राशि की तुलना में आरंभ में कम मान्य की गई राशि।

(iii) वित्तीय देयताओं का अमान्यीकरण

कंपनी वित्तीय देयताओं को तब अमान्य करती है जब, और केवल जब कंपनी के दायित्व पूरे हो चुके होते हैं, रद्द हो चुके होते हैं या समाप्त हो चुके होते हैं। अमान्य की गई वित्तीय देयता की वहनीय राशि तथा भुगतान की गई और की जाने वाली राशि के बीच का अंतर लाभ एवं हानि विवरण में मान्य किया जाता है।

5.5 सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यम और सहयोगी कंपनियों में निवेश

सहायक कंपनियों, संयुक्त उपक्रमों और सहयोगी कंपनियों के इक्विटी शेयरों में निवेश का लेखांकन, कोई क्षतिग्रस्तता, यदि हो तो, उसे घटाकर लागत पर किया जाता है।

5.6 परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई) तथा मूल्यह्रास

(i) पीपीई मदों को आरंभ में लागत पर मान्य किया जाता है। बाद में संचित ह्रास और संचित क्षति हानियों, यदि कोई हो, को घटाकर लागत पर मापन किया जाता है, केवल फ्रीहोल्ड जमीन को छोड़कर, जिसका ह्रास नहीं होता। सक्रिय उपयोग से हटा दिए गए और निस्तारण के लिए रखे गए पीपीई मद को अपने अंकित मूल्य से नीचे और वास्तव में मिल सकने योग्य निवल मूल्य पर दर्ज किया जाता है।

(ii) उपयोग में ली गई परिसंपत्तियों के मामले में पूंजीकरण अनुमोदित बिलों के आधार पर या जहां अंतिम बिल अभी प्राप्त/अनुमोदित होना है, अंतिम निपटान वर्ष में आवश्यक समायोजन के अधीन रखते हुए, संविदा के अनुसार किए गए काम के अनुमानित मूल्य के आधार पर किया जाता है।

(iii) पीपीई के किसी मद के हिस्से को बदलने की लागत उस मद की वहनीय राशि में मान्य की जाती है, यदि यह संभावना हो कि उस हिस्से से भविष्य में आर्थिक लाभ कंपनी को मिलेगा और उसकी लागत विश्वसनीय ढंग से मापी जा सकेगी। हटाए गए हिस्से की वहनीय राशि अमान्य कर दी जाती है। पीपीई का रखरखाव या सर्विसिंग लागत लाभ एवं हानि विवरण में प्रोद्भत के रूप में मान्य की जाती है।

(iv) निर्माणाधीन पीपीई किसी मान्य क्षतिग्रस्तता हानि को घटाकर लागत पर रखी जाती है। इस प्रकार के पीपीई मदों को पूरा हो जाने और लक्षित उपयोग के लिए तैयार हो जाने पर परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण की उचित श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है। परिसंपत्तियों के लक्षित उपयोग के लिए तैयार हो जाने के बाद, अन्य परिसंपत्तियों की तरह समान आधार पर उनका भी मूल्यह्रास शुरू हो जाता है।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(v) लिखित मूल्य विधि के अनुसार अवशिष्ट मूल्य घटाकर परिसंपत्तियों की लागत निरस्त कर, कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची ख़ख में निर्धारण के समान, अनुमानित उपयोगी जीवन पर मूल्यह्रास मान्य की जाती है, ऐसा केवल सेल फोन को छोड़कर है जहां कंपनी द्वारा उपयोगी जीवन का अनुमान केवल 2 वर्ष का रखा गया है। अवशेष मूल्य का अनुमान पीपीई की वास्तविक लागत के 5% के बराबर है।

(vi) वर्ष के दौरान पीपीई में कोई योग/ कोई कमी उस परिसंपत्ति के उपयोग/ निस्तारण के लिए उपलब्ध होने/ उपलब्ध रहने तक की तिथि से प्रोराटा अर्थात यथानुपात आधार पर प्रभारित किया जाता है।

(vii) पीपीई के किसी मद को तभी अमान्य किया जाता है जब उसका निस्तारण कर दिया जाए या भविष्य में उसका उपयोग जारी रहने से किसी आर्थिक लाभ की उम्मीद न हो। पीपीई के किसी मद को अमान्य किए जाने से होने वाले लाभ या हानि का निर्धारण निवल निस्तारण प्रक्रियाएं और परिसंपत्ति की वहनीय राशि के अंतर के रूप में किया जाता है और लाभ एवं हानि विवरण में मान्य किया जाता है।

(viii) ₹5,000/- तक की पीपीई वस्तुएं अपनी खरीद के वर्ष में ही पूरी तरह मूल्य-ह्रासित कर दी जाती हैं।

5.7 अमूर्त परिसंपत्तियां और परिशोधन

(i) पृथक रूप से अधिगृहीत की गई असीमित उपयोगी जीवन वाली अमूर्त परिसंपत्तियों को लागत पर मान्य किया जाता है। लागत में परिसंपत्ति को लक्षित उपयोग के लिए तैयार करने में सीधे लगने वाले आवश्यक व्यय भी शामिल होते हैं। लागत में से संचित क्षतिग्रस्तता हानि, यदि कोई हो, को घटाकर मापन किया जाता है। परिशोधन को परिसंपत्ति के अनुमानित उपयोगी जीवन काल पर सीधी-रेखा आधार से मान्य किया जाता है।

(ii) अमूर्त परिसंपत्तियों पर पूंजीकृत किए जाने योग्य व्यय तब तक विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में रखा जाता है जब तक परिसंपत्ति लक्षित उपयोग के लिए तैयार न हो जाएं।

(iii) सीमित उपयोगी जीवन वाली अमूर्त परिसंपत्तियों का अनुमानित जीवन काल कंपनी द्वारा 5 वर्ष का रखा गया है।

(iv) एक अमूर्त परिसंपत्ति निस्तारण के बाद या भविष्य में उपयोग से या निस्तारण से कोई आर्थिक लाभ की आशा नहीं रहने पर अमान्य कर दी जाती है। किसी अमूर्त परिसंपत्ति को अमान्य किए जाने से होने वाले लाभ या हानि का मापन निवल निस्तारण प्रक्रियाएं और परिसंपत्ति की वहनीय राशि के अंतर के रूप में किया जाता है और परिसंपत्ति को अमान्य किए जाने के बाद लाभ एवं हानि विवरण में मान्य किया जाता है।

5.8 प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक परिसंपत्तियां

(i) प्रावधान तब मान्य किए जाते हैं जब कंपनी के जिम्मे कोई वर्तमान कानूनी और रचनात्मक दायित्व हो, और यह संभावना हो कि कंपनी को वह दायित्व समायोजित करना होगा और दायित्व की मात्रा को लेकर विश्वसनीय आकलन करना होगा।

(ii) प्रावधान के रूप में मान्य राशि दायित्व से जुड़े जोखिमों और अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वर्तमान दायित्व के समाधान के लिए आवश्यक उपाय का सर्वोत्तम आकलन है।

(iii) जब किसी प्रावधान को पूरा करने के लिए आवश्यक कुछ या समस्त आर्थिक लाभों के तीसरे पक्ष से वसूल लिए जाने की आशा हो, तो प्राप्य को एक परिसंपत्ति के रूप में मान्य किया जाता है, यदि अनुमानतः यह निश्चित हो कि प्रतिपूर्ति प्राप्त हो जाएगी और प्राप्य राशि को विश्वसनीय ढंग से मापा जा सकेगा।

(iv) जहां यह संभावना न हो कि आर्थिक लाभों को निकालने की जरूरत होगी या राशि का विश्वसनीय आकलन नहीं किया जा सकेगा तो लेखा टिप्पणियों में दायित्व को आकस्मिक देयता के रूप में दर्शाया जाएगा, जबतक कि आर्थिक लाभों के बहिर्गमन की संभावना नगण्य न हो।

(v) आकस्मिक परिसंपत्तियों को वित्तीय विवरणों में मान्य नहीं किया जाता है। लेकिन आर्थिक लाभ मिलने की संभावना होने पर आकस्मिक परिसंपत्तियां वित्तीय विवरणों में दर्शायी जाती हैं।

5.9 वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं को ऑफसेट करना

यदि मान्य राशियों को ऑफसेट कर देने का वर्तमान में कानूनी प्रवर्तनीय अधिकार हो और निवल आधार पर समाधान या परिसंपत्तियों को मान्य करने और देयताओं को समाधित करने का उद्देश्य हो तो वित्तीय परिसंपत्तियां और वित्तीय देयताएं ऑफसेट हो जाती हैं तथा निवल राशि तुलन-पत्र में प्रस्तुत कर दी जाती है।

5.10 आय और व्यय का मान्यीकरण

(i) वित्तीय परिसंपत्तियों पर ब्याज दर का मापन परिशोधित लागत पर किया जाता है और इसे प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) विधि का उपयोग करते हुए मान्य किया जाता है। ईआईआर वह दर है जो आरंभिक मान्यता पर परिसंपत्ति की निवल वहनीय राशि से उस राशि के अनुमानित जीवन से आकलित भावी नकद प्राप्तियों को घटा देता है।

(ii) बाद में वित्तीय परिसंपत्तियों पर ब्याज का मापन लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीपीएल) पर किया जाता है और इसे संबंधित संविदा की शर्तों के अनुसार प्रोद्भूत आधार पर मान्य किया जाता है और अलग से 'ब्याज आय' शीर्षक के तहत दर्शाया जाता है।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(iii) ऋणकर्ताओं द्वारा बकाया के समय से भुगतान पर दी जाने वाली छूट समय से पूरा बकाया प्राप्त हो जाने पर, संबंधित संविदा की शर्तों के अनुसार मान्य की जाती है और संबंधित ब्याज आय के मद में रखी जाती है।

(iv) उपलब्ध करायी गई सेवाओं से प्राप्त होने वाली आय रिपोर्टिंग तिथि पर संविदा पूरा होने के चरण के संदर्भ के साथ समझौतों/प्रबंधों की शर्तों के आधार पर मान्य की जाती है।

(v) एफवीटीपीएल पर मापे गए निवेश सहित निवेश से लाभांश आय, कंपनी का लाभांश प्राप्त करने का अधिकार स्थापित हो जाने के बाद लाभ एवं हानि विवरण में 'ब्याज आय' शीर्षक के तहत मान्य की जाती है और लाभांश राशि विश्वसनीय ढंग से मापी जा सकती है।

(vi) बाद में परिशोधित लागत पर मापी गई वित्तीय देयताओं पर ब्याज व्यय प्रभावी ब्याज दर (इआईआर विधि) का उपयोग करते हुए मापा जाता है।

(vii) अन्य आय और व्यय को संबंधित संविदा की शर्तों के अनुसार प्रोद्भत आधार पर लेखांकित किया जाता है।

(viii) ₹1,00,000/- तक के पूर्व-भुगतान व्यय को लाभ एवं हानि विवरण में आरंभिक मान्यता के ऊपर व्यय के रूप में मान्य किया जाता है।

5.11 शेयरों के जारी होने पर व्यय

शेयर जारी होने पर होने वाले व्यय प्रतिभूति प्रीमियम खाते में प्रभारित किया जाता है।

5.12 कार्मिक हितलाभ

(i) परिभाषित अंशदान योजना

भविष्य निधि और पेंशन के लिए रिपोर्टिंग अवधि के दौरान कंपनी द्वारा भुगतान की गई/भुगतान योग्य राशि लाभ एवं हानि विवरण में तब प्रभारित की जाती है जब कार्मिक उन्हें अंशदान का पात्र बनाने योग्य सेवा दे चुके होते हैं।

(ii) परिभाषित हितलाभ योजना

कार्मिकों के लिए उपदान तथा चिकित्सा हितलाभ, आर्थिक पुनर्वास हितलाभ और सेवानिवृत्ति के बाद स्थापन भत्ता जैसे सेवानिवृत्ति हितलाभों के प्रति कंपनी के दायित्व का निर्धारण प्रत्येक वार्षिक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में प्रोद्भत मूल्यांकन के साथ प्रक्षेपित यूनिट क्रेडिट विधि से होता है। उपदान के पुनर्मापन पर प्रोद्भत लाभ/हानि और सेवानिवृत्ति-पश्चात अन्य परिसभाषित हितलाभ योजनाएं अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में मान्य की जाती हैं। किसी योजना संशोधन की अवधि में पूर्व सेवा लागत लाभ एवं हानि विवरण में मान्य की जाती है।

(iii) अन्य दीर्घावधि कार्मिक हितलाभ

छुट्टी नकदीकरण, सर्विस अवार्ड योजना के लिए कंपनी के दायित्व का निर्धारण प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में प्रोद्भत मूल्यांकन के साथ प्रक्षेपित यूनिट क्रेडिट विधि से किया जाता है। ये दायित्व लाभ एवं हानि विवरण में मान्य किए जाते हैं।

iv) अल्पावधि कार्मिक हितलाभ

वेतन और पारिश्रमिक जैसे अल्पावधि कार्मिक हितलाभों का मान्यीकरण उचित मूल्य पर लाभ एवं हानि विवरण में किया जाता है, उस अवधि में जिसमें संबंधित सेवा, उस सेवा के बदले में भुगतान किए जाने वाले अनुमानित हितलाभों की गैर रियायती राशि पर प्रदान की जाती है।

(v) कार्मिकों को रियायती दर पर ऋण

कार्मिकों को रियायती दर पर दिए गए ऋण को आरंभ में उचित मूल्य पर मान्य किया जाता है और बाद में इसे परिशोधित राशि पर मापा जाता है। ऐसे ऋणों के आरंभिक उचित मूल्य और लेनदेन मूल्य के बीच का अंतर ऋण जारी होने के आस्थगित लागत के रूप में मान्य किया जाता है, जिसे ऋण की अनुमानित शेष अवधि पर सीधी रेखा आधार पर परिशोधित किया जाता है। ऋण की अनुमानित शेष अवधि में बदलाव होने की स्थिति में, बदलाव की तिथि पर परिशोधित आस्थगित कार्मिक लागत को प्रत्याशित आधार पर ऋण की शेष अद्यतन अनुमानित अवधि पर परिशोधित किया जाता है।

5.13 आयकर

आयकर व्यय में चालू और आस्थगित कर शामिल होते हैं। इसे लाभ एवं हानि विवरण में मान्य किया जाता है, केवल उस स्थिति को छोड़कर जब यह उस मद से जुड़ती है जो ओसीआई में या सीधे इक्विटी में मान्य है, उस स्थिति में कर भी ओसीआई या सीधे इक्विटी में मान्य होता है।

(i) चालू कर

चालू कर, वर्ष के लिए कर-योग्य आय पर, लागू या मूल रूप से अधिनियमित और रिपोर्टिंग तिथि पर व्यवहार्य कर दरों तथा पूर्व वर्षों के संदर्भ में भुगतानयोग्य कर में किसी समायोजन का उपयोग करते हुए भुगतानयोग्य अनुमानित कर है।

वर्तमान कर परिसंपत्तियां और देयताएं ऑफसेट हो जाती हैं जब मान्य राशि को पृथक किए जाने का कानूनी प्रवर्तनीय अधिकार हो तथा निवल आधार पर परिसंपत्ति और देयताओं के निपटान करने का उद्देश्य हो।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(ii) आस्थगित कर

आस्थगित कर को वित्तीय विवरणों में परिसंपत्तियों और देयताओं की वहनीय राशियों तथा करयोग्य आय की संगणना में प्रयुक्त संबंधित कर आधारों के बीच के अस्थायी अंतर पर मान्य किया जाता है।

आस्थगित कर का मापन, परिसंपत्तियों/देयताओं की वहनीय राशि के समायोजन के अनुमानित ढंग के आधार पर, उन विधानों पर आधारित कर दरों पर होता है जो लागू हैं या रिपोर्टिंग तिथि तक मूल रूप से अधिनियमित हैं। आस्थगित कर परिसंपत्तियां और देयताएं ऑफसेट हो जाती हैं जब देयताओं के प्रति वर्तमान कर परिसंपत्तियों को छोड़ देने का कानूनी प्रवर्तनीय अधिकार होता है और ये समान कर प्राधिकरण द्वारा लगाए गए आय कर से संबद्ध होती हैं।

आस्थगित कर देयता सभी करयोग्य अस्थायी अंतरों के लिए मान्य होती है। आस्थगित कर परिसंपत्तियां सभी घटाने योग्य अस्थायी अंतरों के लिए उस सीमा तक मान्य होती है, जहां यह संभावना होती है कि भविष्य के करयोग्य लाभ उपलब्ध होंगे जिनके प्रति घटाने योग्य अस्थायी अंतर का उपयोग हो सकेगा। आस्थगित कर परिसंपत्तियों की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर की जाती है और इसे उस सीमा तक घटाया जाता है कि यह संभावना नहीं रह जाए कि संबंधित कर लाभ प्राप्त होगा।

5.14 पट्टा (लीज)

पट्टा संविदाओं की मान्यता, मापन और प्रस्तुति के लिए कंपनी इंड एएस 116 'पट्टा' के सिद्धांत अपनाती है।

(i) कंपनी पट्टाधारक के रूप में

कंपनी संविदा की शुरूआत में यह आकलन कर लेती है कि संविदा पट्टा है या इसमें पट्टा शामिल है। कोई भी संविदा पट्टा या पट्टा सहित तब होता है जब यह किसी प्रतिफल के बदले चिन्हित परिसंपत्ति के एक निश्चित समयावधि तक उपयोग या नियंत्रण का अधिकार देता हो। एक चिन्हित परिसंपत्ति के एक निश्चित समयावधि तक उपयोग या नियंत्रण का अधिकार देने वाले संविदा के संदर्भ में कंपनी यह आकलन कर लेती है कि क्या (क) कंपनी को पट्टा अवधि के दौरान परिसंपत्ति के उपयोग से आर्थिक लाभ हैं, और (ख) क्या कंपनी के पास चिन्हित परिसंपत्ति के उपयोग को निर्देशित करने का अधिकार है।

कंपनी एक पट्टा संविदा के समय उपयोग का अधिकार (आरओयू) परिसंपत्ति और संबंधित पट्टा देयता को मान्य करती है, केवल 12 महीने से कम अवधि (अल्पावधि) के पट्टा और अल्प मूल्य परिसंपत्तियों को छोड़कर, जो पट्टा अवधि के दौरान सीधी रेखा आधार पर संचालन व्यय के रूप में मान्य होती है।

कुछ पट्टा प्रबंधों में पट्टा अवधि समाप्त होने से पहले पट्टा को बढ़ाने या समाप्त कर देने का विकल्प शामिल होता है। आरओयू परिसंपत्तियां और पट्टा देयताओं में ये विकल्प शामिल होते हैं जब तर्कसंगत रूप से निश्चित होता है कि इनका उपयोग किया जाएगा।

आरओयू परिसंपत्तियों को आरंभ में लागत पर मान्य किया जाता है, जिसमें प्राप्त पट्टा प्रोत्साहनों को घटाकर पट्टा तिथि पर या इससे पहले किए गए किसी पट्टा भुगतान के लिए समायोजित पट्टा देयता की आरंभिक राशि जोड़ आरंभिक प्रत्यक्ष लागतें शामिल होती है। बाद में इनका मापन किसी संचित मूल्यह्रास और संचित क्षतिग्रस्तता हानियों को घटाकर लागत पर किया जाता है। उपयोग अधिकार परिसंपत्ति को सीधी रेखा विधि का उपयोग करते हुए शुरूआत की तिथि से अपेक्षाकृत छोटी पट्टा अवधि या आरओयू परिसंपत्तियों के उपयोगी जीवन काल पर मूल्यह्रासित किया जाता है।

पट्टा देयता आरंभ में भावी पट्टा भुगतानों के मौजूदा मूल्य पर परिशोधित लागत पर मापी जाती है। पट्टा भुगतानों को पट्टा में शामिल ब्याज दर का उपयोग करते हुए,या, अगर तुरंत निर्धारण योग्य न हो तो देश में कंपनी की वृद्धिशील ऋण दरों का उपयोग करते हुए बट्टाकृत किया जाता है।

पट्टा देयता का पुनर्मापन यदि कंपनी अपना आकलन बदलती है कि क्या वह विस्तार या समाप्ति का विकल्प चुनेगी, संबंधित आरओयू परिसंपत्ति में समायोजन के साथ किया जाता है।

पट्टा देयता और आरओयू परिसंपत्ति को तुलन-पत्र में अलग से प्रस्तुत किया जाता है। पट्टा देयता पर ब्याज व्यय को लाभ एवं हानि विवरण में वित्तीय लागत के घटक के रूप में परिसंपत्ति उपयोग अधिकार पर मूल्यह्रास से अलग प्रस्तुत किया जाता है। मूल भाग के लिए पट्टा भुगतान वित्तीय गतिविधियों में प्रयुक्त नकदी प्रवाह के रूप में वर्गीकृत किया जाता है तथा ब्याज अंश के लिए पट्टा भुगतान संचालन गतिविधियों में प्रयुक्त नकदी प्रवाह के रूप में वर्गीकृत होता है।

(ii) कंपनी पट्टाकर्ता के रूप में

उन पट्टों को जिनमें कंपनी एक पट्टाकर्ता है, वित्तीय या संचालन पट्टा के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। वे संविदा जिनमें पट्टा के सभी जोखिम या अवार्ड बाद में पट्टाधारक को हस्तांतरित हो जाते हैं, वित्तीय पट्टा के रूप में वर्गीकृत होते हैं, अन्य सभी पट्टों को संचालन पट्टा के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। संचालन पट्टों के लिए किराए से मिलने वाली आय संबंधित पट्टा की अवधि पर सीधी रेखा विधि से मान्य की जाती है।

वित्तीय पट्टा के तहत पट्टाधारक से बकाया राशि पट्टा में कंपनी के निवल निवेश के बराबर राशि पर प्राप्य के रूप में मान्य होती है। पट्टा पर मिलने वाली वित्तीय आय लेखांकन अवधि तक आवंटित की जाती है ताकि रिपोर्टिंग तिथि पर पट्टा के संदर्भ में कंपनी के बकाया निवल निवेश पर रिटर्न की निश्चित सावधिक दर दर्शायी जा सके।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

5.15 विदेशी मुद्रा लेनदेन और अंतरण

देश की कार्यात्मक मुद्रा भारतीय रुपया है। विदेशी मुद्रा लेनदेन को, लेनदेन की तिथि पर विनिमय दर का उपयोग करते हुए कार्यात्मक मुद्रा में अंतरित किया जाता है।

प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में विदेशी मुद्रा में व्यक्त मौद्रिक मदों को रिपोर्टिंग अवधि के अंतिम दिन लागू विनिमय दरों का उपयोग करते हुए अंतरित किया जाता है। मौद्रिक मदों के विनिमय अंतर, जिस अवधि में वे उत्पन्न हुए हैं, उस अवधि के लाभ एवं हानि विवरण में मान्य किया जाता है। लेकिन वित्तीय विवरणी में 1 अप्रैल, 2018 से पहले मान्य दीर्घावधि के मौद्रिक मदों के लिए विनिमय अंतर 'विदेशी मुद्रा मौद्रिक मद अंतरण अंतर खाते' में जमा किए जाते हैं और ऐसे दीर्घावधि मौद्रिक मद की शेष अवधि पर परिशोधित किए जाते हैं।

5.16 साझा नियंत्रण के अधीन व्यवसाय संयोजन

कंपनियों और व्यवसायों को साझा नियंत्रण में लाने वाला व्यवसाय संयोजन एक ऐसा संयोजन है जिसके तहत आने वाली सभी कंपनियां या व्यवसाय, संयोजन से पहले या बाद में भी, समान पक्षकर या पक्षकारों के नियंत्रण में रहते हैं और यह नियंत्रण अस्थायी नहीं होता।

साझा नियंत्रण के तहत आने वाली कंपनियों या व्यवसायों का लेखांकन ब्याज पूलिंग विधि का उपयोग करते हुए इस प्रकार किया जाता है:

- संयोजन में आने वाली कंपनियों की परिसंपत्तियां और देयताएं उनकी वहनीय राशि पर दर्शायी जाएं।
- उचित मूल्य को दर्शाने या नई परिसंपत्तियों या देयताओं को मान्य करने में कोई समायोजन नहीं किया जाए। समायोजन केवल महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों में तालमेल के लिए होना चाहिए।
- वित्तीय विवरणों में पूर्व अवधियों से संबंधित वित्तीय जानकारी इस प्रकार फिर से दर्ज की जाए जैसे व्यवसाय संयोजन वित्तीय विवरण में पूर्व अवधि की शुरूआत से ही रहा हो, चाहे उसकी शुरूआत की वास्तविक तिथि कुछ भी क्यों न हो।

अंतरणकर्ता के वित्तीय विवरणों में दर्शाया गया प्रतिधारित आय शेष अंतरण प्राप्त करने वाले के वित्तीय विवरणों में स्पष्ट प्रतिधारित आय शेष के साथ जोड़ा जाता है। रिजर्व की पहचान सुरक्षित रखी जाती है और अंतरणकर्ता का रिजर्व अंतरिती का रिजर्व बन जाता है।

नकदी या अन्य परिसंपत्तियों के रूप में किसी अतिरिक्त प्राप्ति को जोड़ते हुए जारी शेयर पूंजी के रूप में दर्ज राशियों के बीच कोई अंतर, यदि हो तो, और अंतरणकर्ता की शेयर पूंजी की राशि पूंजी रिजर्व में अंतरित कर दी जाती है और अन्य पूंजी रिजर्व से अलग प्रस्तुत की जाती है।

5.17 पिछली अवधि की सारवान त्रुटियां

पिछली अवधि की सारवान त्रुटियां, त्रुटि होने की पूर्व अवधि के लिए तुलनात्मक राशियां पुनः बहाल कर पूर्व प्रभाव से संशोधित कर दी जाती हैं। यदि त्रुटि विवरणी में प्रस्तुत सबसे पहले की अवधि से भी पूर्व हुई हो, तो प्रस्तुति में सबसे पहले की अवधि के लिए परिसंपत्तियों का आरंभिक शेष, देयताएं और इक्विटी फिर से दर्ज की जाती है।

5.18 लाभांश

अंतिम लाभांश शेयरधारकों द्वारा अनुमोदन की तिथि पर देयता के रूप में दर्ज किया जाता है और अंतरिम लाभांश कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा घोषित किए जाने की तिथि पर देयता के रूप में दर्ज होता है।

5.19 प्रति शेयर अर्जन

प्रति इक्विटी शेयर प्राथमिक अर्जन की संगणना कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों को होने वाले निवल लाभ या हानि को वित्तीय वर्ष के दौरान इक्विटी शेयरों की औसत संख्या से भाग देकर की जाती है।

प्रति शेयर तनुकृत अर्जन की गणना के लिए उस अवधि में शेयर धारकों को होने वाले निवल लाभ या हानि और अवधि के दौरान आवंटित शेयरों की औसत संख्या को, सभी तनुकृत इक्विटी शेयरों के प्रभाव के लिए, समायोजित किया जाता है।

6. अनुमानों और प्रबंधकीय निर्णयों का उपयोग

एकल वित्तीय विवरणों को तियायार करने में प्रबंधन को आवश्यक निर्णय लेने होते हैं, अनुमान और आकलन करने होते हैं जिनका असर परिसंपत्तियों, देयताओं पर तथा आय और व्यय की प्रतिवेदित राशि पर पड़ता है। आकलन और अनुमान पिछले अनुभवों और अन्य संबंधित कारकों पर आधारित होते हैं और जारी आधार पर इनकी समीक्षा की जाती है। वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से अलग हो सकते हैं।

लेखांकन अनुमानों में बदलाव, यदि हो, तो उस अवधि में बाद के प्रभाव से मान्य किया जाता है, जिसमें अनुमान संशोधित किया गया है यदि संशोधन केवल उसी अवधि को प्रभावित करता हो, या संशोधन की अवधि में और भावी अवधियों में यदि यह वर्तमान और भावी अवधि दोनों पर असर डालता हो।

6.1 महत्वपूर्ण प्रबंधकीय निर्णय

एकल वित्तीय विवरणों की समझ बढ़ाने के लिए, लेखांकन नीतियों को लागू करने में उन महत्वपूर्ण निर्णय क्षेत्रों के बारे में जानकारी, आकलन में शामिल (टिप्पणी 6.2) को छोड़कर, जिनका एकल वित्तीय विवरणों में मान्य राशियों पर सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, जो इस प्रकार है:-

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(i) विशेष रिजर्व पर आस्थगित कर देयता

कंपनी ने बोर्ड का एक प्रस्ताव पारित किया है कि आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36 (1)(viii) के तहत सृजित और संचालित विशेष रिजर्व से कोई राशि निकालने का उसका कोई विचार नहीं है। इसके अनुसार विशेष रिजर्व से राशि नहीं निकाली जा रही। इस प्रकार कंपनी उक्त रिजर्व पर आस्थगित कर देयता सृजित नहीं करती।

(ii) क्रेडिट क्षतिग्रस्त ऋण परिसंपत्तियों पर आय की गैर-मान्यता:

विवेक सम्मत ढंग से क्षतिग्रस्त ऋण परिसंपत्तियों पर आय, प्राप्त हो जाने पर या प्रोद्भत आधार पर मान्य की जाती है, जब अनुमानित आय बकाया ऋण राशि से अधिक हो।

(iii) क्रेडिट क्षतिग्रस्त ऋण परिसंपत्तियों पर लेनदेन लागत का परिशोधन:

गैर-परिशोधित लेनदेन लागत की बकाया राशि ऋण परिसंपत्ति के क्रेडिट क्षतिग्रस्त ऋण परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत हो जाने पर लाभ एवं हानि विवरण में डाल दी जाती है।

(iv) निवेश का वर्गीकरण

किसी कंपनी में निवेश को सहायक कंपनियों या संयुक्त उपक्रम (जेवी) या सहयोगी कंपनी में निवेश के रूप में वर्गीकृत करने के लिए प्रत्येक मामले में तथ्यों और परिस्थितियों पर निर्भर नियंत्रण स्तर के आकलन के लिए निर्णय आवश्यक है।

क) कंपनी अपनी सहायक कंपनी आरईसीएल के साथ मिलकर एनर्जी एफिशियेंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) की इक्विटी शेयर पूंजी में 33.33% की शेयर धारिता रखती है। लेकिन इंड एएस 28 'सहयोगी कंपनियों और संयुक्त उद्यमों में निवेश' की अपेक्षाओं के अनुरूप संबंधित गतिविधियों को निर्देशित करने की किसी व्यावहारिक योग्यता के अभाव में कंपनी का कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं है, और इस प्रकार ईईएसएल एक सहयोगी कंपनी नहीं मानी जाती।

ख) अल्ट्रा मेगा पावर परियोजनाओं (यूएमपीपी) का प्रबंधन भारत सरकार से प्राप्त अधिदेश के अनुसार होता है और कंपनी के पास इन यूएमपीपी की संबंधित गतिविधियों को एकतरफा निर्देशित करने की व्यावहारिक योग्यता नहीं है। इसलिए कंपनी संबंधित यूएमपीपी में अपने निवेश को महत्वपूर्ण प्रभाव वाली सहयोगी कंपनियों मे निवेश मानती है, बावजूद इसके कि कंपनी की उनकी भुगतान हो चुकी इक्विटी शेयर पूंजी में 100% की धारिता है।

ग) ऋणकर्ता कंपनियों के बोर्ड पदधारी या इक्विटी शेयरों के कारण इन कंपनियों पर पीएफसी का अधिकार संरक्षात्मक प्रकृति का है। इसलिए ऋणकर्ता कंपनियां वित्तीय विवरणों के उद्देश्य के लिए सहयोगी कंपनियों के रूप में नहीं मानी जाती।

(v) कम मूल्य पट्टा

यदि पट्टाधारक पट्टे के लिए, जहां निहित परिसंपत्ति कम मूल्य की है, इंड एएस 116 'पट्टा' की मान्यता और मापन अपेक्षाएं लागू करना नहीं चुनता है तो आकलन जरूरी हो जाता है। कम मूल्य के निर्धारण के उद्देश्य के लिए कंपनी ने इंड एएस 'वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति' में वर्णित परिसंपत्ति की प्रकृति और भौतिक महत्व तथा इंड एएस की वस्तुगत रूपरेखा पर विचार किया है, जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय निहित हैं।

(vi) विविध देयताएं - ब्याज पूंजीकरण

वित्तपोषित ब्याज आवधिक ऋण (एफआईटीएल) द्वारा व्यक्त क्षतिग्रस्त ऋण पर अप्राप्त आय/ऋण/ प्रस्ताव के तहत प्राप्त इक्विटी साधनों को 'विविध देयताएं खाता (ब्याज पूंजीकरण)' शीर्षक से एक पृथक खाते में स्थानांतरित कर दिया जाता है, और इसे एफआईटीएल या बिक्री/ ऋण मोचन/ इक्विटी लिखत के पुनर्भुगतान पर लाभ एवं हानि विवरण में मान्य किया जाता है।

(vii) वित्तीय परिसंपत्तियों के क्षतिग्रस्तता हानि भत्ते के लिए संकेतकों का मूल्यांकन

परिसंपत्तियों के क्षतिग्रस्तता हानि की संगणना के उद्देश्य से संकेतकों की व्यावहार्यता के मूल्यांकन के लिए अनेक बाह्य और आंतरिक कारकों का आकलन जरूरी है जिससे परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि में बदलाव आ सकता है। कंपनी उपलब्ध जानकारी के आधार पर त्रुटि और चूक तथा जमा जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि (एसआईसीआर) को पहचानने में महत्वपूर्ण निर्णय लेती है।

6.2 अनुमान और आकलन अनिश्चितता के प्रमुख स्रोत

परिसंपत्तियों, देयताओं, आय और व्यय की मान्यता और मापन पर महत्वपूर्ण प्रभाव रखने वाले आकलनों और अनुमानों के बारे में जानकारी नीचे उपलब्ध करायी गई है:

(i) परिभाषित हितलाभ दायित्व (डीबीओ)

डीबीओ के बारे में कंपनी का आकलन अनेक निहित अनुमानों पर आधारित है जैसे मुद्रास्फीति की मानक दरें, मृत्यु दर, छूट दर और भविष्य में वेतन वृद्धि अनुमान। इन अनुमानों में अंतर का डीबीओ राशि पर और वार्षिक निर्दिष्ट लाभ व्यय पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है, जिसका ब्योरा टिप्पणी 44.2 में दिया गया है।

(ii) वित्तीय परिसंपत्तियों का क्षतिग्रस्तता परीक्षण (अनुमानित क्रेडिट हानि)

वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए क्षतिग्रस्तता हानि भेतते के मापन हेतु, जिसमें परिशोधित लागत पर मापित ऋण, लेटर ऑफ कंफर्ट और गारंटी शामिल है, सांख्यिकी मॉडल, भविष्य की अनुमानित आर्थिक स्थितियां, अनुमानित नकदी प्रवाह और जमा पैटर्न (जैसे जमा जोखिम स्कोरिंग के लिए प्रयुक्त इनपुट और भार, ऋणकर्ताओं की चूक में समानता, और नतीजतन नुकसान) की आवश्यकता होती है। क्षतिग्रस्त ऋणों से वसूला जाने वाला अनुमानित

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

नकदी प्रवाह के आकलन में ऋणकर्ता की वित्तीय स्थिति, परियोजना की वर्तमान स्थिति, प्रतिभूतियों/कोलेटरल इत्यादि का निवल प्राप्ति योग्य मूल्य इत्यादि का आकलन किया जाता है।

चूंकि ये आकलन विभिन्न अनुमानों पर आधारित होते हैं, वास्तविक परिणामों में अंतर हो सकता है और विवरण के लिए टिप्पणी 40.1 देखें।

(iii) उचित मूल्य मापन

वित्तीय रिपोर्टिंग उद्देश्यों के लिए वित्तीय उपकरणों के उचित मूल्य का आकलन जरूरी है। कंपनी उचित मूल्य मापन के लिए समुचित मूल्यांकन तकनीक और इनपुट अपनाती है। किसी परिसंपत्ति या देयता के उचित मूल्य आकलन के लिए कंपनी उद्धृत मूल्यों और बाजार पर्यवेक्षण डेटा का उस सीमा तक उपयोग करती है जहां तक ये उपलब्ध हों। इनकी अनुपलब्धता की स्थिति में अलक्ष्य इनपुट का उपयोग परिसंपत्तियों और देयताओं के उचित मूल्य की गणना के लिए किया जाता है। विभिन्न परिसंपत्तियों और देयताओं के उचित मूल्य के निर्धारण में प्रयुक्त मूल्यांकन तकनीक, इनपुट के बारे में जानकारी और अन्य विवरण टिप्पणी 42 में उपलब्ध है।

(iv) आयकर

आयकर के लिए प्रावधान निर्धारित करने में अनिश्चित कर स्थितियों के लिए और संभावित भावी लाभप्रदता के संदर्भ में भी भुगतान की गई/वसूली गई अनुमानित राशि सहित विभिन्न आकलन शामिल होते हैं। विवरण के लिए टिप्पणी 37 देखें।

(v) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई) और अमूर्त परिसंपत्तियों का उपयोगी जीवन

कंपनी परिसंपत्तियों की अनुमानित उपयोगिता के आधार पर प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में मूल्यह्रास योग्य/परिशोधन योग्य परिसंपत्तियों के उपयोगी जीवन के बारे में अपने अनुमानों की समीक्षा करती है। इन आकलनों में अनिश्चितता तकनीकी और आर्थिक मूल्यह्रास की वजह से हो सकती है जिससे परिसंपत्ति की उपयोगिता परिवर्तित हो सकती है। पीपीई और अमूर्त परिसंपत्तियों के वहनीय मूल्य और उपयोगी जीवन पर विवरण के लिए टिप्पणी 14 देखें।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

7. नकदी और नकदी समतुल्य

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
(i)	**बैंको में शेष (नकदी और नकदी समतुल्य की प्रकृति के)**		
	- चालू खाते में	22.14	17.64
	- सावधि जमा खाते में (मूल परिपक्वता अवधि 3 महीने तक)	-	703.27
(ii)	**डाक व्यय और इम्प्रेस्ट सहित उपलब्ध चेक, ड्राफ्ट**	0.00	0.00
	कुल नकदी और नकदी समतुल्य	**22.14**	**720.91**

8. नकदी और नकदी समतुल्य में शामिल से भिन्न बैंक शेष

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
(i)	**बैंकों में निम्नलिखित के लिए निर्दिष्ट अधिशेष**		
	- सावधि जमा खाते- एलएडी (टिप्पणी 8.1 देखें)	-	245.84
	- सावधि जमा खाते- एचक्यूएलए (टिप्पणी 8.2 देखें)	1,473.26	2,398.99
	- आदत्त लाभांश	5.63	5.46
	- आदत्त - बॉण्ड/बॉण्ड पर ब्याज आदि	72.70	91.19
	- भारत सरकार योजनाओं के तहत प्राप्त राशि	1.78	498.83
	- बैंकों में चालू खाता - सीएसआर प्रयोजनों के लिए अव्ययित राशि (टिप्पणी 35.4 देखें)	42.59	-
	नकदी और नकदी समतुल्य में शामिल से भिन्न कुल बैंक शेष	**1,595.96**	**3,240.31**

8.1 कंपनी ने इन सावधि जमाओं (एलएडी) पर ऋण लिया है और इसे टिप्पणी 18.5 में प्रस्तुत किया गया है।

8.2 उच्च गुणवत्ता लिक्विड परिसंपत्तियों (एचक्यूएलए) के संबंध में प्रकटीकरण के लिए नोट 55.6 देखें

9. डेरिवेटिव वित्तीय लिखत

कंपनी हेजिंग मुद्रा और ब्याज दर जोखिम से बचाव के लिए डेरिवेटिव संविदा करती है। ये डेरिवेटिव लेनदेन हेजिंग के लिए किए जाते हैं, व्यापार या सट्टेबाजी उद्देश्यों के लिए नहीं।

भाग-1

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023 तक			31.03.2022 तक		
		अनुमानित राशि	उचित मूल्य परिसंपत्तियां	उचित मूल्य देयताएं	अनुमानित राशि	उचित मूल्य परिसंपत्तियां	उचित मूल्य देयताएं
(i)	**मुद्रा डेरिवेटिव**						
	- स्पॉट एवं फॉरवर्ड	1,014.18	20.40	21.06	-	-	-
	- करेंसी स्वैप	4,521.93	460.12	-	12,129.14	1,111.15	-
	- विकल्प	48,020.93	3,891.63	3.26	18,762.25	1,523.81	21.55
	कुल मुद्रा डेरिवेटिव	**53,557.04**	**4,372.15**	**24.32**	**30,891.39**	**2,634.96**	**21.55**
(ii)	**ब्याज दर डेरिवेटिव**						
	- फॉरवर्ड दर करार और ब्याज दर स्वैप	10,549.12	431.25	-	17,931.98	445.60	81.70
	कुल ब्याज दर डेरिवेटिव	**10,549.12**	**431.25**	**-**	**17,931.98**	**445.60**	**81.70**
	कुल डेरिवेटिव वित्तीय लिखत (i+ii)	**64,106.16**	**4,803.40**	**24.32**	**48,823.37**	**3,080.56**	**103.25**

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

भाग-II: उपर्युक्त (भाग I) में हेजिंग और जोखिम प्रबंधन उद्देश्यों के लिए रखे गए डेरिवेटिव निम्नानुसार शामिल हैं:

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023 तक			31.03.2022 तक		
इन जोखिमों के प्रबंधन के लिए कंपनी ने एकीकृत उद्यम व्यापी जोखिम प्रबंधन तंत्र स्थापित किया है ताकि यह सुनिश्चित हो कि जोखिमों पर सतर्कतापूर्वक नजर रखी जाए और कुशलता से इनका प्रबंधन किया जाए। कंपनी में जोखिम प्रबंधन उपाय मजबूत करने के लिए आरबीआई के मास्टर निर्देशों के अनुसार कंपनी के पास एक मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ) है जिसका दायित्व जोखिमों की पहचान, मापन और इन्हें कम करने के उपाय करना है। कंपनी के पास एक स्वतंत्र निदेशक की अध्यक्षता में बोर्ड स्तर की एक जोखिम प्रबंधन समिति भी है, जिसका मुख्य कार्य कंपनी की जोखिम प्रबंधन योजना की मॉनीटरिंग और समीक्षा करना तथा निदेशक मंडल से जोखिम प्रबंधन उपाय करने के लिए सिफारिशें करना है। सीआरओ जोखिम प्रबंधन समिति की सभी बैठकों में स्थायी रूप से आमंत्रित अधिकारी होता है। उपर्युक्त सभी जोखिमों में से प्रत्येक की पहचान, मापन और प्रबंधन के लिए जोखिम प्रबंधन उपाय अर्थात कंपनी के उद्देश्य, नीतियां, और प्रक्रियाएं बाद के पैराग्राफ में दी गई हैं।

40.1 ऋण जोखिम

ऋण जोखिम इस बात का जोखिम है वित्तीय उपकरण में शामिल द्वितीय पक्षकार अपना दायित्त्व पूरा करने में विफल रहकर कंपनी को वित्तीय हानि पंहुचाएगा। उन वित्तीय परिसंपत्तियों का विवरण जिनसे कंपनी को ऋण जोखिम की आशंका रहती हैः-

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
कम ऋण जोखिम		
नकदी और नकदी समतुल्य[(क)]	22.14	720.91
नकदी और नकदी समतुल्य में शामिल बैंक शेष के अलावा अन्य बैंक शेष[(क)]	1,595.96	3,240.31
ऋण (मूलधन बकाया)[(ग)]	3,89,559.35	3,25,704.99
निवेश (इक्विटी निवेश को छोड़कर)[(क)]	1,011.32	265.93
अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां[(ख)]	5,389.03	5,382.67
साधारण क्रेडिट जोखिम		
ऋण (मूलधन बकाया)[(ग)]	16,436.73	26,514.34
उच्च क्रेडिट जोखिम		
निवेश (इक्विटी निवेश को छोड़कर)[(क)]	72.95	72.95
ऋण (मूलधन बकाया)[(ग)]	16,501.65	20,915.28
अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां[(ख)]	18.38	24.79

[(क)] नकदी और नकदी समतुल्य और अन्य बैंक शेष पर ऋण जोखिम सीमित है क्योंकि ये अनुसूचीबद्ध वाणिज्यिक सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों, ऊंची विश्वसनीयता के निजी क्षेत्र बैंकों और म्युचुअल फंड के साथ होते हैं, जो कंपनी की नीति में निर्धारित सूचीबद्धता अपेक्षाएं पूरी करते हैं। कंपनी ने संबंधित बैंक/म्युचुअल फंड के विभिन्न प्रकार के वित्तीय उपकरणों में निधि लगाने की सीमा भी तय की है। अपने निवेशों के लिए कंपनी ऋण जोखिमों की आशंका का प्रबंधन इन निवेशों पर मॉनीटरिंग रखकर और वहनीय मूल्य तक पंहुचने के लिए समुचित मूल्यांकन तकनीक अपनाकर करती है।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(ख) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों पर ऋण जोखिम का मूल्यांकन उन पक्षकरों की ऋण पात्रता की कंपनी की जानकारी पर आधारित होता है और इन राशियों की प्रतिलब्धता की मॉनीटरिंग द्वारा प्रबंधित होता है। कंपनी ने 31.03.2023 तक अपनी अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों पर ₹18.38 करोड़ (31.03.2022 तक ₹24.79 करोड़) का क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता वहन किया।

(ग) कंपनी को प्राथमिक रूप से अपने ऋण संचालन से ऋण जोखिम की आशंका है। इसे नीचे के पैराग्राफों में स्पष्ट किया गया है।

40.1.1 ऋण प्रचालनों के लिए ऋण जोखिम प्रबंधन

कंपनी ने क्रेडिट जोखिम के प्रबंधन के लिए प्रमुख नीतियां और प्रक्रियाएं बनाई हैं, जिनमें क्रेडिट नीतियां तैयार करना, क्रेडिट जोखिम प्रकटीकरण के लिए कंपनी की आवश्यकता का मार्गदर्शन करना, क्रेडिट जोखिम की समीक्षा और उद्देश्य मूल्यांकन करना तथा पोर्टफोलियो के कार्य-निष्पादन और प्रबंधन की मॉनीटरिंग करना शामिल है। कंपनी की सभी प्रक्रियाएं और विधियां आईएसओ 9001:2015 प्रमाणित हैं।

ऋण जोखिम प्रबंधन में दो प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं, अर्थात परियोजना आकलन और परियोजना मॉनीटरिंग। कंपनी इसकी अनुमोदित क्रेडिट नीति के अनुसार ऋणकर्ताओं का चयन करती है, जो अन्य बातों के साथ-साथ ऋणकर्ता/परियोजना की रेटिंग के लिए विचार किए जाने वाले कारकों को परिभाषित करती है। कंपनी की ग्राहक चयन प्रक्रिया अपनी प्रमोटर एंटिटी के साथ परियोजना की व्यवहार्यता का आकलन करती है। ब्याज दर और अधिकतम स्वीकार्य एक्सपोजर, अन्य बातों के साथ-साथ, कंपनी द्वारा प्रदान की गई आंतरिक रेटिंग पर आधारित है।

(i) परियोजना आकलन

कंपनी किसी भी परियोजना के वित्तपोषण से पहले ऋण जोखिम के आकलन के लिए एक प्रणालीबद्ध, संस्थागत परियोजना आकलन प्रक्रिया अपनाती है।

(क) निजी क्षेत्र की परियोजनाओं का आकलन

निजी क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए दो स्तर की आकलन प्रक्रिया अपनायी जाती है। शुरू में एक आरंभिक आकलन किया जाता है, उस परियोजना की शुरूआती तैयारियों के बारे में निर्णय के लिए, जिसका विस्तृत आकलन किया जाना है। आरंभिक आकलन के आधार पर चुनी गई परियोजनाओं का ही विस्तृत आकलन किया जाता है।

परियोजना की व्यावहारिकता के आकलन के साथ कंपनी अपने प्रमोटरों की इक्विटी अंशदान और परियोजना पूरी करने की पात्रता का भी आकलन करती है। कंपनी एकीकृत रेटिंग विधि अपनाती है जिसमें परियोजना ग्रेडिंग और प्रमोटर ग्रेडिंग के औसत अंकों के आधार पर एकीकृत रेटिंग (आईआर) की संगणना की जाती है। परियोजना की आईआर के आधार पर निबंधन एवं शर्तें (सुरक्षा पैकेज, ब्याज दर और ऋण-इक्विटी अनुपात सहित) निर्धारित की जाती हैं।

(ख) राज्य क्षेत्र की परियोजनाओं का आकलन

राज्य क्षेत्र की परियोजनाओ का विस्तृत आकलन किया जाता है, यह निर्धारित करने के लिए क्या वे प्रौद्योगिकी और वित्त सक्षम तथा राज्य की एकीकृत विद्युत विकास और विस्तार योजनाओं के अनुकूल हैं।

कंपनी राज्य की विद्युत उत्पादन कंपनियों को, उनके संचालनगत और वित्तीय कार्य-निष्पादन सहित विशिष्ट मानदंडो पर कार्य-निष्पादन के आधार पर विभिन्न जोखिम रेटिंग ग्रेड में वर्गीकृत करती है। पारेषण कंपनियों के संदर्भ में कंपनी अपनी नीति के अनुरूप सहायक कंपनी आरईसीएल का श्रेणीकरण अपनाती है। एकीकृत कंपनियों सहित राज्य विद्युत वितरण कंपनियों के संदर्भ में कंपनी की श्रेणीकरण नीति विद्युत मंत्रालय की एकीकृत रेटिंग अपनाने का प्रावधान इस प्रकार की रेटिंग/ग्रेडिंग को कंपनी की रेटिंग संरचना से जोड़कर करती है।

इस प्रकार की श्रेणियों/रेटिंग का उपयोग ऋण जोखिम सीमा, सुरक्षा आवश्यकताएं और सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणकर्ताओं को दिए गए ऋणों के मूल्य निर्धारण के लिए किया जाता है। कंपनी के पास एकल ऋणकर्ता को जोखिमों की मॉनीटरिंग के लिए प्रभावी तंत्र भी है।

विस्तृत परियोजना आकलन में परियोजना इनपुट, सांविधिक और असांविधिक मंजूरी, अनुबंध, परियोजना संपर्क, वित्तीय रूपरेखा/अनुमान, रिटर्न की गणना, जोखिम विश्लेषण सहित तकनीकी और वित्तीय मूल्यांकन शामिल है।

उपर्युक्त विस्तृत विश्लेषण के बाद परियोजना और कंपनी की समग्र व्यावहार्यता का आकलन किया जाता है तथा पूर्व-प्रतिबद्धता, पूर्व-संवितरण और अन्य स्थितियों का निर्धारण किया जाता है ताकि निधियों (ऋण और इक्विटी दोनों) को संबंद्ध करना, सभी भौतिक इनपुट, सभी अनुबंधों के औचित्य, परियोजना से संबंधित समझौतों/ अनुबंधों/ सांविधिक और असांविधिक मंजूरियों में पूर्व निहित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। सामान्य रूप से परियोजना की विश्वसनीयता तथा ऋणदाता के रूप में कंपनी का हित सुनिश्चित किया जा सके। कंपनी में ऋण आकार के अनुरूप ऋण सुविधाओं की मंजूरी के लिए प्राधिकृत/प्रतिनिधिक तंत्र है।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(ii) प्रतिभूति और प्रसंविदाएं

कंपनी परियोजना के विनिर्माण के दौरान और वाणिज्यिक संचालन तिथि (सीओडी) स्तर के बाद जोखिमों में कमी के लिए सुरक्षा उपायों/संविदाओं का पैकेज निर्धारित करती है। परियोजना की जोखिम सीमा और आकलन के आधार पर कंपनी निम्नलिखित उपाय अपनाती है:-

(क) प्राथमिक प्रतिभूति - परियोजना परिसंपत्तियों या राज्य सरकार की गारंटियों पर प्रभार

(ख) कोलेटरल प्रतिभूतियां - कॉर्पोरेट गारंटी, प्रमोटर्स की व्यक्तिगत गारंटी, परिसंपत्तियों पर प्रभार/ ग्रुप/ अन्य कंपनियों का राजस्व

(ग) भुगतान सुरक्षा तंत्र -एस्क्रौ खाता/क्रेडिट लेटर, ट्रस्ट और रिटेंशन खाता (टीआरए)

(घ) अन्य प्रसंविदाएं - समस्त परियोजना अनुबंधों, दस्तावेजों, कंपनी के पक्ष में बीमा पॉलिसियों, अपफ्रंट इक्विटी आवश्यकता, ऋण सर्विस रिजर्व अकाउंट (डीएसआरए), ऋण इक्विटी अनुपात, शेयरधारक करार, वित्तीय समापन इत्यादि का कार्य

(iii) परियोजना मॉनीटरिंग

कंपनी के पास व्यापक परियोजना/ऋण मॉनीटरिंग दिशा-निर्देश है जो मॉनीटरिंग, परियोजना निर्माण, कार्यान्वयन पर नजर रखने, जोखिमों की पहचान करने जहां समय/ लागत आधिक्य/ संवितरण में आने वाली त्रुटियों को कम करने के लिए हस्तक्षेप जरूरी हो और लागू परियोजनाओं की प्रगति से संबंधित पक्षकारों को कवर करते हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र की परियोजनाओं की मॉनीटरिंग ऋणकर्ताओं से, प्रगति मॉनीटरिंग रिपोर्ट, स्थल दौरा, ऋणकर्ताओं से विचार-विमर्श, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीइए) की वेबसाईट पर उपलब्ध सूचना/ रिपोर्ट के माध्यम से नियमित रूप से प्राप्त परियोजना के प्रगति विवरण के आधार पर की जाती है।

निजी क्षेत्र के लिए, जहां कंपनी अग्रणी वित्तीय संस्थान है, वह ऋणदाताओं के अभियंताओं (एलई) और वित्तीय सलाहकारों (एलएफए) की सेवाएं लेती है, जो विभिन्न ऋणदाताओं/सहायता संघ के सदस्यों की ओर से काम करने वाली स्वतंत्र एजेंसियां हैं। एलई समय-समय पर स्थल दौरा करते हैं, संबंधित दस्तावेजों की समीक्षा करते हैं, ऋणकर्ताओं से विचार विमर्श करते हैं और परियोजना की प्रगति पर अपनी रिपोर्ट सौंपते हैं। एलएफए निधि प्रवाह और परियोजना में निधि के उपयोग का विवरण सौंपते हैं। कंपनी के अग्रणी वित्तीय संस्थान नहीं होने की स्थिति में, एलई और एलएफए की सेवाओं से संबंधित कार्य संबंधित प्रमुख ऋणदाता के साथ समन्वित कर दिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से कंपनी ने निजी क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए परियोजना प्रबंधन एजेंसी (पीएमए) को, एकल कंपनी के रूप में, सूचीबद्ध करना शुरू कर दिया है और इस प्रकार परियोजना मॉनीटरिंग गतिविधियों में बेहतर समन्वय स्थापित किया है।

कुछ परियोजनाओं की समेकित आवधिक प्रगति रिपोर्ट महत्त्वपूर्ण पर्यवेक्षण/मुद्दों को शामिल कर तैयार की जाती है, जैसे सरोकार क्षेत्र, विलंब की वजह, परियोजना के निर्माण/कार्यान्वयन पर असर डालने वाले मुद्दे इत्यादि और कंपनी द्वारा नियमित आधार पर इसकी समीक्षा की जाती है।

कंपनी विलंब और/या ऋणकर्ताओं की चूक और उनकी वसूली देयता पर लगातार नजर रखती है। ऋणकर्ताओं के खाते में चूक या बकाया होने पर कंपनी आवश्यक कदम उठाती है, लेकिन केवल इनतक ही सीमित नहीं रहती, इन कदमों में आरबीआई को विशेष उल्लेख खाता (एसएमए) की रिपोर्टिंग, बड़े ऋणों पर केंद्रीय सूचना संग्रह (सीआरआईएलसी) इत्यादि को रिपोर्टिंग, सभी बकायों की वसूली से खाते का नियमन, बकाया वसूली के लिए गारंटी/प्रतिभूति रद्द करना, ऋण करार के अनुसार ऋण को इक्विटी में बदलना, ऋण खाते का पुनर्गठन, ऋणकर्ता के साथ समाधान योजना तय करना, स्वामित्व में परिवर्तन, आईबीसी-2016 के अनुसार कॉर्पोरेट ऋण शोधन अक्षमता समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी), अन्य कंपनियों/निवेशकों को ऋण जोखिम की बिक्री, अन्य वसूली तंत्र अपनाना जैसे मामले को ऋण वसूली अधिकरण (डीआरटी), एसएआरएफएईएसआई इत्यादि को कानूनी कार्रवाई के लिए सौंपना तथा विनियामक/कानूनी फ्रेमवर्क के तहत निर्दिष्ट अन्य कार्रवाई।

40.1.2 ऋण जोखिम मापन - ऋण प्रचालनों के लिए क्षतिग्रस्तता मूल्यांकन

i. ऋण को चरणबद्ध करना

इंड एएस 109 ऋण जोखिम में बदलाव के आधार पर क्षतिग्रस्तता मापन के लिए तीन चरणों का मॉडल तय करती है। विभिन्न चरणों में अपने ऋणकर्ताओं के वर्गीकरण के लिए कंपनी निम्नलिखित आधार अपनाती है:

- वित्तीय परिसंपत्ति जो आरंभिक मान्यता पर ऋण क्षतिग्रस्त नहीं है 'चरण 1' में वर्गीकृत की जाती है।
- यदि ऋण जोखिम में कोई महत्वपूर्ण वृद्धि (एसआईसीआर) होती है तो वित्तीय परिसंपत्ति को 'चरण 2' में रख दिया जाता है।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

वित्तीय परिसंपत्तियों के शेष जीवन पर बकाया चूक के जोखिम में बदलाव पर विचार करते हुए प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर आकलन किया जाता है कि क्या ऋण जोखिम में कोई महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। इंड एएस 109 'वित्तीय उपकरण' के अनुसार कंपनी ने खंडन योग्य अनुमान अपनाया है जो ऋण जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि के निर्धारण के लिए 30 दिन से अधिक के बकाया को मापदंड मानता है।

- यदि वित्तीय परिसंपत्ति ऋण क्षतिग्रस्त है तो इसे 'चरण 3' श्रेणी में रख दिया जाता है।

'चरण 3' वित्तीय परिसंपत्तियों के मामले में समाधान योजना लागू किए जाने के बाद (स्वामित्व में परिवर्तन और/या एनसीएलटी द्वारा समाधान को छोड़कर), वित्तीय परिसंपत्ति अपग्रेड की जाती है और समाधान योजना लागू होने की तिथि से दो तिमाहियों के लिए 'चरण 2' के रूप में वर्गीकृत की जाती है।

ii. डिफॉल्ट

इंड एएस 109 'वित्तीय लिखत' के अनुसार कंपनी एक वित्तीय परिसंपत्ति को डिफॉल्ट में रखने के लिए खंडन योग्य अनुमान पर विचार करती है, अर्थात जब ऋण खाते में अनुबंधगत भुगतान में 90 दिन से अधिक का बकाया हो जाता है। ऋण क्षतिग्रस्त वित्तीय परिसंपत्तियां डिफॉल्ट की परिभाषा में आती हैं।

iii. अनुमानित क्रेडिट हानि (इसीएल)का मापन

कंपनी वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए क्षतिग्रस्तता हानि भत्ते को बोर्ड से अनुमोदित अनुमानित ऋण हानि (ईसीएल) नीति के अनुसार मान्य करती है। ईसीएल का मापन या तो 12 महीने या जीवन काल के आधार पर किया जाता है, इस बात पर निर्भर करते हुए कि आरंभिक मान्यता के बाद से ऋण जोखिम में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है या नहीं। ईसीएल डिफॉल्ट की संभावना (पीडी), लॉस गिवेन डिफॉल्ट (एलजीडी) और डिफॉल्ट पर एक्सपोजर(ईएडी) का प्रतिफल है। कंपनी ने इंड एएस 109 'वित्तीय लिखत' के अनुसार ईसीएल के आकलन के लिए वित्तीय वर्ष के दौरान एक स्वतंत्र एजेंसी, क्रिसिल लिमिटेड को नियुक्त किया है। ईसीएल की संगणना की संक्षिप्त विधि इस प्रकार है:-

(क) डिफॉल्ट की संभावना (पीडी)

पीडी एक दिए गए समय विस्तार में डिफॉल्ट की संभावना का अनुमान है। इसका अनुमान एक निश्चित समय बिंदु पर किया जाता है। 12 महीने के पीडी के आकलन के लिए, अगले 12 महीने में ऋण नहीं चुका पाने की संभावना का निर्धारण किया जाता है और इसी प्रकार जीवन पर्यंत के पीडी के आकलन के लिए, शेष जीवन काल में ऋण नहीं चुका पाने की संभावना निर्धारित की जाती है।

चरण 1 के खातों के लिए, 12 महीनों का पीडी प्रयुक्त होता है।

चरण 2 (ऋण जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि) के खातों के लिए जीवन काल पर पीडी का प्रयोग होता है।

चरण 3 (ऋण क्षतिग्रस्त खाते) के लिए 100% पीडी लिया जाता है।

12 महीनों का पीडी: सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणकर्ताओं के मामले में, पीडी की गणना के लिए, कंपनियों के जोखिम रेटिंग ग्रेड पर विचार किया जाता है। विद्युत उत्पादन कंपनियां/ पारेषण कंपनियां/ अन्य के लिए पीएफसी ने एमओपी रेटिंग अपनायी है। उपर्युक्त के अनुसार रेटिंग का मापन मानक बाह्य रेटिंग बेंचमार्क के साथ किया गया है। पीडी गणना के लिए विभिन्न क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा जारी पीडी बदलाव मैट्रिक्स में दिए गए मापित बाह्य रेटिंग के साथ जुड़े पीडी फैक्टर का उपयोग किया गया है।

निजी क्षेत्र के ऋणकर्ताओं के मामले में, पीडी गणना के लिए विभिन्न क्रेडिट रेटिंग एजेंसियो द्वारा जारी पीडी बदलाव मैट्रिक्स का उपयोग करते हुए रेटिंग एजेंसियों से जारी नवीनतम बाह्य रेटिंग निर्दिष्ट की गई है। यदि बाह्य रेटिंग उपलब्ध नहीं है तो पीडी की गणना 10 बिंदु के पैमाने पर प्रॉक्सी रिस्क स्कोरिंग मॉडल के माध्यम से की गई है, जिसमे बिंदु 1 न्यूनतम जोखिम और बिंदु 10 अधिकतम जोखिम का संकेत देता है। यह मॉडल अंतिम जोखिम स्कोर तक पंहुचने के लिए मात्रात्मक वित्तीय अनुपात का उपयोग करता है जैसे ऋण/इक्विटी लाभ, निवेशित पूंजी पर रिटर्न, ब्याज कवरेज अनुपात और गुणात्मक कारक जैसे पीएलएफ, एसीएस/ एआरआर अनुपात या एलएएफ। प्राप्त वित्तीय जोखिम स्कोर को बाह्य रेटिंग बेंचमार्क पर मापा गया है। रेटिंग के साथ जुड़े पीडी की गणना के लिए विभिन्न क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा जारी पीडी बदलाव मैट्रिक्स का उपयोग करते हुए मापित रेटिंग निर्दिष्ट की गई है।

आजीवन पीडी के लिए: रेटिंग ग्रेड के आजीवन पीडी की गणना के लिए मार्कोव चेन मॉडल का उपयोग किया गया है।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(ख) लॉस गिवेन डिफॉल्ट (एलजीडी)

एलजीडी वह हानि फैक्टर है जिसका सामना कंपनी को बकाया भुगतान में चूक पर करना पड़ सकता है।

सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणकर्ताओं के लिए कंपनी विभिन्न मापदंडों पर राज्यों की ऋण पात्रता पर विचार कर सकती है जैसे राज्य सकल घरेलू उत्पाद प्रति व्यक्ति, वित्तीय घाटा/जीडीपी अनुपात और ऊर्जा क्षेत्र पर राजस्व व्यय भाग इत्यादि का उपयोग महत्वपूर्ण इनपुट के रूप में किया जा सकता है। राज्य की कंपनियों को श्रेणी के आधार पर निम्न, मध्यम और उच्च जोखिम श्रेणी में बांटा जा सकता है। निजी क्षेत्र के ऋणकर्ताओं के मामले में, एलजीडी का आकलन, संयंत्र के मान्य मूल्य तक पंहुचने के लिए परियोजना से जुड़े कारकों पर विचार करके किया गया है जैसे उत्पादन क्षमता, प्रति मेगावाट परियोजना लागत, संयंत्र का कार्य संपादन प्रतिशत और परिसंपत्तियों का दर्ज मूल्य इत्यादि। मान्य मूल्य के निर्धारण के लिए हेयर कट के रूप में दबाव कारक भी लागू किया गया।

चरण 3 के ऋणकर्ताओं के लिए, एलजीडी का आकलन बोली मूल्य/ समाधान योजना राशि, ओटीएस राशि/ कोई अन्य मूल्य/ रियायती नकदी प्रवाह इत्यादि, जो भी लागू हो, के आधार पर परियोजना-वार किया गया है।

(ग) डिफॉल्ट पर एक्सपोजर (ईएडी)

बकाया भुगतान में चूक के प्रति संवेदनशीलता ईसीएल की संगणना के लिए एक प्रमुख आधार है। ईएडी में ऋण के संदर्भ में बकाया मूल और प्रोद्भूत ब्याज (विलंबित प्रभार सहित) शामिल होता है। टिप्पणी 6.1 (ii) के अनुसार क्रेडिट क्षतिग्रस्त परिसंपत्ति पर आय प्राप्त होने पर मान्य की जाती है या प्रोद्भूत आधार पर, जब अनुमानित प्राप्ति बकाया ऋण राशि से अधिक हो, इसलिए इसका उपयोग डिफॉल्ट पर एक्सपोजर की संगणना के लिए नहीं किया जाता।

(घ) ईसीएल के मापन में प्रयुक्त प्रमुख अनुमान

- कंपनी आरंभिक मान्यता की तिथि को आधार तिथि मानती है जिससे ऋण जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि का निर्धारण किया जाता है।
- चूंकि कंपनी के पास अपने किसी भी ऋणकर्ता के लिए किसी स्वीकृत किंतु गैर-आहरित सीमा को रद्द करने का अधिकार है, इसलिए ईएडी रिपोर्टिंग तिथि पर बकाया शेष और ऋण के ब्याज पर माना जाता है।

(ङ) जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि का आकलन और ईसीएल की गणना दोनों आगे की जानकारी उपलब्ध कराती है। इसके अलावा ईसीएल के आकलन में कंपनी को सहयोग करने के लिए नियुक्त स्वतंत्र एजेंसी भी, परियोजना के विभिन्न संचालनगत मापदंडों, वित्तीय अनुपातों, परियोजना पूरी होने का विस्तार तथा दबावग्रस्त और अनुकूल आर्थिक स्थितियों की संभावना को ध्यान में रखते हुए, ऋणकर्ता पर डाले जाने वाले क्षतिग्रस्तता भत्ते के लिए, भविष्य के बारे में सूचनाओं पर विचार करती है। इसके अलावा स्वतंत्र एजेंसी ने ईसीएल संगणना के लिए किसी भारित शॉक फैक्टर तक पंहुचने के लिए आधारभूत पीडी संरचना में विद्युत की मांग, जीडीपी वृद्धि, बेची जाने वाली विद्युत का मासिक औसत मूल्य और चालू खाता जैसे कुछ अतिरिक्त व्यापक आर्थिक मापदंड भी जोड़े हैं ताकि कंपनियों का सही जोखिम आकलन दर्शाया जा सके।

40.1.3 ऋण प्रचालनों के लिए क्रेडिट जोखिम विश्लेषण

(i) क्रेडिट जोखिम एक्सपोजर

तुलन-पत्र में मान्य ऋणों के लिए, ऋण जोखिम के प्रति सकल एक्सपोजर उनकी वहनीय राशि को बराबर कर देती है। ऋणों से उत्पन्न होने वाले ऋण जोखिम के प्रति कंपनी की एक्सपोजर के लिए टिप्पणी 10-'ऋण' देखें।

जारी वित्तीय गारंटी के लिए, क्रेडिट जोखिम के प्रति अधिकतम एक्सपोजर, वह अधिकतम राशि है जिसका भुगतान गारंटी मांगी जाने पर कंपनी को करना होगा। बदली न जाने योग्य ऋण प्रतिबद्धताओं के लिए, क्रेडिट जोखिम के प्रति सर्वाधिक एक्सपोजर प्रतिबद्धता की पूरी राशि है। गारंटी और बकाया संवितरण प्रतिबद्धताओं के एक्सपोजर के लिए टिप्पणी 46 देखें।

ऋण की गुणवत्ता और बकाया दिनों और वर्ष तथा ऋणों के चरण वर्गीकरण के आधार पर क्रेडिट जोखिम के प्रति अधिकतम एक्सपोजर (मूलधन बकाया) नीचे तालिका में स्पष्ट की गई हैः

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(₹ करोड़ में)

बकाया दिन	31.03.2023 तक				31.03.2022 तक			
	चरण 1	चरण 2	चरण 3	कुल	चरण 1	चरण 2	चरण 3	कुल
बकाया नहीं	3,89,559.28	674.51#	-	3,90,233.79	3,20,384.30	594.09 *	-	3,20,978.39
1-30 दिन	0.07		-	0.07	5,320.69	-	-	5,320.69
31-60 दिन	-	-	-	-	-	2,190.12	-	2,190.12
61-60 दिन	-	15,111.71	-	15,111.70	-	21,477.77	-	21,477.77
90 से अधिक	-	650.51@	16,501.65	17,152.16	-	2,252.36@	20,915.28	23,167.64
कुल	**3,89,559.35**	**16,436.73**	**16,501.65**	**4,22,497.73**	**3,25,704.99**	**26,514.34**	**20,915.28**	**3,73,134.61**

स्वामित्व का लंबित हस्तांतरण, खाता चरण 2 के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

*चूंकि ऋणकर्ता अन्य ऋणों में चरण 2 में है, इसलिए ये ऋण भी (जो अन्यथा श्रेणी 1 में रखे जाते) चरण 2 में श्रेणीकृत किए गए हैं।

@टिप्पणी 40.1.6 देखें।

(ii) क्रेडिट जोखिम का संकेंद्रण

ऋण संकेंद्रण जोखिम का तात्पर्य एकल कंपनी या कंपनी समूह से, उसके स्वामित्व, सेक्टर, क्षेत्र इत्यादि के आधार पर जुड़े बड़े पैमाने पर ऋण/निवेश एक्सपोजर से है, जो अनुबंधगत दायित्व पूरे करने की उनकी क्षमता पर आर्थिक या अन्य स्थितियों में बदलावों के कारण असर डाल सकते हैं, साथ ही ऋणदाता के मूल परिचालन को भी प्रतिकूलता से प्रभावित कर सकते हैं।

निम्नलिखित तालिका समान जोखिम कारणों के आधार पर समग्र ऋण पोर्टफोलियो की जोखिम सघनता का विश्लेषण प्रस्तुत करती है।

विवरण	31.03.2023 तक		31.03.2022 तक	
	मूलधन बकाया	क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता*	मूलधन बकाया	क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता*
स्वामित्व द्वारा संकेंद्रण				
राज्य क्षेत्र को ऋण (राज्य और/केंद्र सरकार के नियंत्रणाधीन कंपनियां)	3,49,765.78	2,551.42	3,14,004.35	1,525.46
निजी क्षेत्र को ऋण	72,731.95	13,524.18	59,130.26	15,823.06
कुल	**4,22,497.73**	**16,075.60**	**3,73,134.61**	**17,348.52**

*चुकौती आश्वासन-पत्र और ₹50.93 करोड़ (31.03.2022 तक ₹77.21 करोड़) की गारंटी पर क्षतिग्रस्तता हानि भत्ते सहित

राज्य क्षेत्र को ऋण का अच्छी तरह विविधीकरण होता है क्योंकि यह विभिन्न राज्य सरकारों और केंद्र सरकार के नियंत्रण में विभिन्न कंपनियों को दिए जाते हैं। राज्य क्षेत्र में कम एक्सपोजर/हानि के अनुभवों तथा कुछ ऋणों में सरकारी गारंटी मिलने के आधार पर कंपनी मानती है कि इन ऋणों में क्रेडिट जोखिम, निजी क्षेत्र को दी गई ऋण की तुलना में बहुत ही कम है। इन परियोजनाओं में सरकारी ब्याज भी कम होने के कारण बकाया की वसूली नहीं हो पाने का जोखिम कम हो जाता है।

कंपनी के ऋण पोर्टफोलियो में उत्पादन, नवीकरणीय, पारेषण, वितरण, विद्युत परियोजनाओं और विविध भौगोलिक क्षेत्रों में अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए ऋण उपलब्ध कराना शामिल है।

विवरण	31.03.2023 तक		31.03.2022 तक	
	मूलधन बकाया	क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता*	मूलधन बकाया	क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता*
योजनाओं द्वारा संकेंद्रण				
उत्पादन	1,74,660.92	11,219.39	1,75,434.21	12,318.35
नवीकरणीय	48,197.75	3,120.12	36,777.49	2,833.98
पारेषण	30,841.01	152.35	30,499.70	1,298.11
वितरण	1,55,871.68	1,484.10	1,28,006.79	892.46
अन्य	12,926.37	99.64	2,416.42	5.62
कुल	**4,22,497.73**	**16,075.60**	**3,73,134.61**	**17,348.52**

* ₹50.93 करोड़ (31.03.2022 तक ₹77.21 करोड़) के चुकौती आश्वासन पत्र और गारंटी पत्र पर क्षतिग्रस्तता हानि भत्ते सहित।

लागू क्रेडिट संकेंद्रण मानदंडों के अनुरूप विभिन्न परियोजनाओं और ऋणकर्ताओं के प्रति कंपनी के जोखिम की लगातार मॉनीटरिंग की जाती है।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(iii) ऋणों और एक्सपोजर के संकेंद्रण संबंधी विवरण

(क) अग्रिमों का संकेंद्रण:

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
बीस बड़े ऋणकर्ताओं को कुल ऋण (मूलधन बकाया) (₹ करोड़ में)	2,57,648.80	2,39,932.52
कंपनी के कुल ऋणों में बीस बड़े ऋणकर्ताओं को दिए गए ऋण का प्रतिशत	60.98%	64.30%

(ख) क्रेडिट क्षतिग्रस्त खातों का संकेंद्रण (चरण 3 खाते)

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
चरण 3 खाते के शीर्ष चार खातों में मूलधन बकाया	10,296.14	10,939.56

(IV) चरणवार मूलधन बकाया और क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता का विवरण:

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक			31.03.2022 तक		
	मूलधन बकाया	क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता*	क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता कवरेज (%)	मूलधन बकाया	क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता*	क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता कवरेज (%)
चरण 1	3,89,559.35	2,893.68	0.74	3,25,704.99	2,058.82	0.63
चरण 2	16,436.73	1,182.54	7.19	26,514.34	945.32	3.57
चरण 3	16,501.65	11,999.38	72.72	20,915.28	14,344.38	68.58
कुल	**4,22,497.73**	**16,075.60**	**3.80**	**3,73,134.61**	**17,348.52**	**4.65**

* ₹50.93 करोड़ (31.03.2022 तक ₹77.21 करोड़) के चुकौती आश्वासन पत्र और गारंटी पत्र पर क्षतिग्रस्तता हानि भत्ते सहित।

(v) निम्नलिखित तालिकाएं रिपोर्टिंग अवधि के प्रारंभ और अंत के बीच ऋण और संबंधित क्षतिग्रस्तता हानि भत्ते (चुकौती आश्वासन पत्र और गारंटी पर क्षतिग्रस्तता हानि भत्ते सहित) में परिवर्तन की व्याख्या करती हैं:

(₹ करोड़ में)

वित्तीय वर्ष 2022-23	चरण 1		चरण 2		चरण 3		कुल	
विवरण	मूलधन बकाया	क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता	मूलधन बकाया	क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता	मूलधन बकाया	क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता	मूलधन बकाया	क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता
प्रारंभिक शेष	3,25,704.99	2,058.82	26,514.34	945.32	20,915.28	14,344.38	3,73,134.61	17,348.52
चरण 1 में स्थानांतरण	9,221.57	348.13	(9,221.56)	(348.13)	-	-	-	-
चरण 2 में स्थानांतरण	-	-	-	-	-	-	-	-
चरण 3 में स्थानांतरण	(24.64)	(2.52)	(13.67)	(3.36)	38.31	5.88	-	-
वर्ष के दौरान मूलधन/इसीएल में निवल परिवर्तन	(8,952.62)	368.70	(708.96)	588.78	(55.53)	345.34	(9,717.11)	1,302.82
नई सृजित वित्तीय परिसंपत्तियां	67,807.42	400.68	-	-	-	-	67,807.42	400.68
अमान्य वित्तीय परिसंपत्तियां (ऋण पुनःभुगतान/पूर्व-भुगतान)	(4,197.36)	(280.12)	(133.42)	(0.08)	(2,916.51)	(1,512.61)	(7,247.30)	(1,792.81)
अमान्य वित्तीय परिसंपत्तियां (बट्टे खाते में)	-	-	-	-	(901.25)	(901.25)	(901.25)	(901.25)
वर्ष के दौरान अमान्य वित्तीय परिसंपत्तियां (प्राप्त निवेश)	-	-	-	-	(578.64)	(282.36)	(578.64)	(282.36)
अंतिम शेष	**3,89,559.35**	**2,893.68**	**16,436.73**	**1,182.54**	**16,501.65**	**11,999.38**	**4,22,497.73**	**16,075.60**

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(₹ करोड़ में)

वित्तीय वर्ष 2021-22	चरण 1		चरण 2		चरण 3		कुल	
विवरण	मूलधन बकाया	क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता	मूलधन बकाया	क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता	मूलधन बकाया	क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता	मूलधन बकाया	क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता
प्रारंभिक शेष	3,02,100.27	1,236.19	47,520.56	1,945.24	21,150.16	13,416.36	3,70,770.99	16,597.79
चरण 1 में स्थानांतरण	19,077.60	1,115.88	(17,707.20)	(374.52)	(1,370.40)	(741.36)	-	-
चरण 2 में स्थानांतरण	(812.08)	(3.96)	828.71	8.05	(16.63)	(4.09)	-	-
चरण 3 में स्थानांतरण	(1,140.42)	(114.62)	(1,120.58)	(852.23)	2,261.00	966.86	-	-
वर्ष के दौरान मूलधन/इसीएल में निवल परिवर्तन	13,582.41	445.65	(1,394.27)	222.87	5.91	1,242.94	12,194.04	1,911.47
नई सृजित वित्तीय परिसंपत्तियां	13,967.24	120.77	80.00	0.07	-	-	14,047.24	120.84
अमान्य वित्तीय परिसंपत्तियां (ऋण पुन:भुगतान/पूर्व-भुगतान)	(21,070.03)	(741.09)	(1,230.23)	543.77	(181.28)	334.89	(22,481.54)	137.57
अमान्य वित्तीय परिसंपत्तियां (बट्टे खाते में)	-	-	(462.65)	(547.93)	(933.48)	(871.22)	(1,396.13)	(1,419.15)
अंतिम शेष	**3,25,704.99**	**2,058.82**	**26,514.34**	**945.32**	**20,915.28**	**14,344.38**	**3,73,134.61**	**17,348.52**

(vi) क्रेडिट क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों (चरण 3 खाते) का संचालन:

क्र.सं.	विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
(i)	कुल ऋणों की तुलना में निवल ऋण क्षतिग्रस्त खाते (%)	1.07	1.76
(ii)	निवल ऋणों की तुलना में निवल ऋण क्षतिग्रस्त खाते (%)	1.10	1.83
		वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2021-22
(iii)	कुल ऋण क्षतिग्रस्त खातों का संचलन		
	(क) प्रारंभिक शेष	20,915.28	21,150.16
	(ख) वर्ष के दौरान परिवर्धन	45.78	1,486.68
	(ग) वर्ष के दौरान कमी	(4,459.42)	(1,721.56)
	(घ) अंतिम शेष	16,501.65	20,915.28
(iv)	निवल ऋण क्षतिग्रस्त खातों का संचलन		
	(क) प्रारंभिक शेष	6,570.90	7,733.80
	(ख) वर्ष के दौरान परिवर्धन	28.13	809.71
	(ग) वर्ष के दौरान कमी	(2096.76)	(1,972.61)
	(घ) अंतिम शेष	4,502.27	6,570.90
(v)	ऋण क्षतिग्रस्त खातों पर क्षतिग्रस्तता हानि भत्ते का संचलन		
	(क) प्रारंभिक शेष	14,344.38	13,416.36
	(ख) वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान	425.99	1,913.99
	(ग) आधिक्य प्रावधानों को बट्टे खाते डालना/राइट बैक करना	(2770.99)	(985.97)
	(घ) अंतिम शेष	11,999.38	14,344.38

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(vii) सकल ऋण की तुलना में सकल क्रेडिट क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों (चरण 3) का प्रतिशत - क्षेत्र-वार

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
विद्युत, लॉजिस्टिक और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र को वित्तपोषण	3.91%	5.61%

40.1.4 ऋण परिसंपत्तियों को बट्टे खाते डालना

कंपनी अपनी राइट ऑफ नीति के तहत ऋण परिसंपत्तियों को समग्रता में या आंशिक रूप से तब बट्टे खाते में डालती है, जब उनसे वापसी की कोई तर्कसंगत आशा नहीं रह जाती। वसूली की कोई आशा नहीं रह जाने के संकेतकों में शामिल हैं - कार्यान्वयन गतिविधि बंद हो जाना, या जहां कंपनी की वसूली विधि कोलेटरल पर बंद होती हो और कोलेटरल का मूल्य ऐसा हो जिससे पूर्ण वसूली की कोई ठोस उम्मीद न हो। ऋण माफी/ बट्टेखाते डाला जाना पुनर्गठन/ समायोजन/ समाधान प्रक्रिया के अनुसार पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से किया जाता है।

40.1.5 परिशोधित लागत व्यवसाय मॉडल पोर्टफोलियो के लिए विक्रय नीति

कंपनी सामान्य व्यवसाय क्रम में वित्तीय परिसंपत्तियों की बिक्री पर निर्भर नहीं रहती। लेकिन कंपनी की एक अनुमोदित नीति है कि यह दबावग्रस्त परिसंपत्तियों का समाधान या तो पुनर्गठन, या स्वामित्व में परिवर्तन या समायोजन या किसी अन्य ढंग से करती है। इसके बाद अमान्यीकरण के लिए परिसंपत्तियों का आकलन इंड एएस 109 'वित्तीय लिखत' के अनुसार किया जाता है।

40.1.6 उन खातों को बंद करने के संदर्भ में जिनमें 90 दिन से अधिक का बकाया है लेकिन जिन्हें ऋण क्षतिग्रस्त नहीं माना गया

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
ऋणकर्ताओं की संख्या	1	4
बकाया ऋण राशि (₹ करोड़ में)	650.51	2,252.36
अतिदेय राशि* (₹ करोड़ में)	160.91	188.18
क्षतिग्रस्त हानि भत्ता राशि (₹ करोड़ में)	422.68	815.87

* 31.03.2023 तक बकाया ब्याज छोड़कर ₹ 186.06 करोड़ (31.03.2022 तक ₹ 242.87 करोड़)

माननीय उच्च न्यायालय(ओं) के अंतरिम आदेश के अनुसार इन ऋणकर्ताओं के खाते ऋण क्षतिग्रस्त के रूप में वर्गीकृत नहीं किए गए हैं। कंपनी के पास इन ऋण खातों के संदर्भ में पर्याप्त क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता है और इन्हें चरण 2 में रखा गया है। इन ऋण खातों पर ब्याज आय भी प्रोद्भूत आधार पर मान्य नहीं की गई है क्योंकि ये ऋण 90 दिन से अधिक समय से देय हैं।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

40.1.7 भारतीय रिज़र्व बैंक के आय मान्यता, परिसंपत्ति वर्गीकरण और प्रावधान मानदंड (आईआरएसीपी) के अनुसार अपेक्षित प्रावधान का विवरण और इंड एएस 109 'वित्तीय लिखत' के अनुसार हानि भत्ते का विवरण

31.03.2023 तक

(₹ करोड़ में)

आरबीआई मानकों के अनुसार परिसंपत्ति वर्गीकरण	इंड एएस 109 के अनुसार परिसंपत्ति वर्गीकरण	इंड एएस के अनुसार सकल वहनीय राशि	इंड एएस 109 के तहत अपेक्षित हानि भत्ता (प्रावधान)	निवल वहनीय राशि	आईआरएसीपी मानकों के तहत अपेक्षित प्रावधान	इंड एएस 109 प्रावधान और आईआरएसीपी मानकों के बीच अंतर
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)=(3)-(4)	(6)	(7) = (4)-(6)
निष्पादक परिसंपत्तियां						
मानक	चरण 1	3,89,880.43	2,542.86	3,87,337.57	2,062.73	480.13
	चरण 2	16,956.30	1,182.54	15,773.76	390.50	792.04
	चरण 3	-	-	-	-	-
उप-कुल		**4,06,836.73**	**3,725.40**	**4,03,111.33**	**2,453.23**	**1,272.16**
गैर-निष्पादक परिसंपत्तियां (एनपीए)						
अवमानक	चरण 1	453.88	1.82	452.06	45.30	(43.48)
	चरण 2	-	-	-	-	-
	चरण 3	37.04	16.38	20.66	3.70	12.68
अवमानक के लिए उप-कुल		**490.92**	**18.20**	**472.72**	**49.01**	**(30.80)**
संदिग्ध – एक वर्ष तक	चरण 1	-	-	-	-	-
1 से 3 वर्ष	चरण 1	79.76	0.04	79.72	23.43	(23.39)
3 वर्ष से अधिक	चरण 1	2,981.80	298.03	2,683.77	1,462.20	(1,164.17)
संदिग्ध – एक वर्ष तक	चरण 3	1,142.64	572.64	570.00	256.41	316.23
1 से 3 वर्ष	चरण 3	170.10	133.51	36.59	89.70	43.80
3 वर्ष से अधिक	चरण 3	12,066.17	8,191.15	3,875.02	8,329.22	(138.07)
संदिग्ध के लिए उप-कुल		**16,440.46**	**9,195.37**	**7,245.10**	**10,160.96**	**(965.59)**
हानि	चरण 3	3,085.70	3,085.70	-	3,085.70	-
एनपीए के लिए उप-कुल		**20,017.09**	**12,299.27**	**7,717.82**	**13,295.66**	**(996.40)**
अन्य मदें (जिनके एक्सपोजर आकस्मिक देयता अंश निर्मित करती है) जैसे गारंटी, ऋण प्रतिबद्धताएं इत्यादि, जो इंड एएस के कार्यक्षेत्र में हैं लेकिन वर्तमान आईआरएसीपी मानकों के तहत नहीं हैं)	चरण 1	-	50.93	(50.93)	-	50.93
	चरण 2					
	चरण 3					
उप-कुल			**50.93**	**(50.93)**	**-**	**50.93**
कुल	**चरण 1**	**3,93,395.86**	**2,893.68**	**3,90,502.18**	**3,593.67**	**(699.98)**
	चरण 2	**16,956.30**	**1,182.54**	**15,773.76**	**390.50**	**792.04**
	चरण 3	**16,501.65**	**11,999.38**	**4,502.27**	**11,764.73**	**234.65**
	कुल	**4,26,853.81**	**16,075.60**	**4,10,778.22**	**15,748.90**	**326.70**

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

31.03.2022 तक

(₹ करोड़ में)

आरबीआई मानकों के अनुसार परिसंपत्ति वर्गीकरण	इंड एएस 109 के अनुसार परिसंपत्ति वर्गीकरण	इंड एएस के अनुसार सकल वहनीय राशि	इंड एएस 109 के तहत अपेक्षित हानि भत्ता (प्रावधान)	निवल वहनीय राशि	आईआरएसीपी मानकों के तहत अपेक्षित प्रावधान	इंड एएस 109 प्रावधान और आईआरएसीपी मानकों के बीच अंतर
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)=(3)-(4)	(6)	(7) = (4)-(6)
निष्पादक परिसंपत्तियां						
मानक	चरण 1	3,26,133.66	1,676.69	3,24,456.96	1,331.16	345.54
	चरण 2	27,458.63	944.20	26,514.44	637.72	306.48
	चरण 3	-	-	-	-	-
उप-कुल		**3,53,592.29**	**2,620.89**	**3,50,971.40**	**1,968.88**	**652.01**
गैर-निष्पादक परिसंपत्तियां (एनपीए)						
अवमानक	चरण 1	296.48	1.33	295.15	29.62	(28.29)
	चरण 2	151.37	1.12	150.25	14.83	(13.70)
	चरण 3	1,142.64	332.93	809.71	114.26	218.66
अवमानक उप-कुल		**1,590.49**	**335.38**	**1,255.11**	**158.71**	**176.68**
संदिग्ध - एक वर्ष तक	चरण 1	32.80	0.01	32.78	6.44	(6.42)
1 से 3 वर्ष	चरण 1	107.00	0.10	106.91	31.40	(31.30)
3 वर्ष से अधिक	चरण 1	3,105.80	310.93	2,794.87	1,522.95	(1,212.02)
संदिग्ध - एक वर्ष तक	चरण 3	170.10	133.43	36.67	78.22	55.21
1 से 3 वर्ष	चरण 3	3,743.76	1,770.31	1,973.45	1,189.36	580.95
3 वर्ष से अधिक	चरण 3	12,779.39	9,181.94	3,597.46	9,120.21	61.73
संदिग्ध के लिए उप-कुल		**19,938.85**	**11,396.72**	**8,542.14**	**11,948.57**	**(551.85)**
हानि	चरण 3	3,079.39	2,918.31	161.08	3,079.39	(161.08)
एनपीए के लिए उप-कुल		**24,608.74**	**14,650.41**	**9,958.33**	**15,186.66**	**(536.25)**
अन्य मदें (जिनके एक्सपोजर आकस्मिक देयता अंश निर्मित करती है) जैसे गारंटी, ऋण प्रतिबद्धताएं इत्यादि, जो इंड एएस के कार्यक्षेत्र में हैं लेकिन वर्तमान आईआरएसीपी मानकों के तहत नहीं हैं)	चरण 1	-	69.75	(69.75)	-	69.75
	चरण 2	-	-	-	-	-
	चरण 3	-	7.47	(7.47)	-	7.47
उप-कुल		**-**	**77.21**	**(77.21)**	**-**	**77.21**
कुल	**चरण 1**	**3,29,675.75**	**2,058.82**	**3,27,616.93**	**2,921.55**	**(862.74)**
	चरण 2	**27,610.01**	**945.32**	**26,664.69**	**652.55**	**292.77**
	चरण 3	**20,915.28**	**14,344.38**	**6,570.90**	**13,581.44**	**762.95**
	कुल	**3,78,201.04**	**17,348.52**	**3,60,852.51**	**17,155.54**	**192.98**

40.1.8 आरबीआई के मास्टर निदेश - गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - प्रणालीबद्ध रूप से महत्वपूर्ण गैर-जमा लेने वाली कंपनी और जमा लेने वाली कंपनी (रिज़र्व बैंक) निदेश, 2016, समय-समय पर यथा संशोधित, के अनुसार एनपीए अनुपात, उन ऋणों पर विधिवत विचार करते हुए, जिन्हें अन्यथा आरबीआई मानदंड अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाना जरूरी होता:

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
सकल एनपीए से सकल ऋण	4.72%	6.58%
निवल एनपीए से निवल ऋण	1.87%	2.76%

40.2 लिक्विडिटी जोखिम

लिक्विडिटी जोखिम वह जोखिम है कि कंपनी के पास, बकाया चुकाने की जरूरत के समय अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं है। यह जोखिम नकदी प्रवाहों के समय में अंतर और असंतुलन के कारण उत्पन्न होता है जो समस्त वित्तीय परिचालनों में निहित हैं और जिन पर कंपनी विषयक और बाजार की व्यापक गतिविधियों का प्रभाव पड़ सकता है।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

लिक्विडिटी जोखिम के प्रभावी ढंग से प्रबंधन के लिए कंपनी पर्याप्त नकदी प्रवाह बनाए रखने का प्रयास करती है ताकि बिना कोई हानि उठाए या कंपनी की प्रतिष्ठा को नुकसान पंहुचाने का जोखिम लिए बिना परिपक्वता संबंधी देयताएं पूरी की जा सकें। इसके अतिरिक्त कंपनी विभिन्न वित्तीय स्रोतों के माध्यम से संसाधन जुटाकर विविध निधि बनाए रखने का भी प्रयास करती है। कंपनी की लिक्विडिटी स्थिति की पर्याप्तता का निर्धारण मौजूदा लिक्विडिटी स्थिति, भविष्य की संभावित वित्तीय जरूरतें, वर्तमान और भावी अर्जन क्षमता और उपलब्ध वित्तीय स्रोतों के आधार पर किया जाता है।

कंपनी अपनी दिन प्रतिदिन की लिक्वडिटी बनाए रखने का प्रबंध करती है ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि जरूरत पड़ते ही वित्तीय दायित्व पूरा करने के लिए पर्याप्त लिक्वडिटी उपलब्ध रहे। दीर्घावधि की लिक्विडिटी का प्रबंधन दीर्घावधि की वित्तीय स्थिति और बाजार के कारकों को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। यह बोर्ड द्वारा अनुमोदित रूपरेखा के अनुसार होता है, और यदि इसमें कोई उल्लंघन होता है तो स्वीकृत प्रारूप के अनुसार इसकी रिपोर्ट की जानी होती है। कंपनी से अपने ऋणों की चुकौती में कभी भी चूक नहीं हुई है।

इसके अलावा, समग्र लिक्विडिटी मॉनीटरिंग और निरीक्षण के लिए कंपनी ने निदेशक (वित्त) की अध्यक्षता में परिसंपत्ति देयता समिति का गठन किया है। यह समिति अपनी वित्तीय परिसंपत्तियों और देयताओं की परिपक्वता या नकदी प्रवाह असंतुलनों का विश्लेषण कर लिक्विडिटी जोखिम पर नजर रखती है। अंतर और असंतुलनों का विश्लेषण आरबीआई द्वारा निर्दिष्ट लिक्विडिटी विवरणों से किया जाता है जिसमें निधि के संचित आधिक्य या हानि का निर्धारण परिपक्वता क्रम के अनुसार बकाया वित्तीय परिसंपत्तियों और देयताओं के प्रति नकदी प्रवाह के वितरण के माध्यम से होता है।

(i) निम्नलिखित तालिका गैर छूट आधार पर अनुबंधगत मूलधन और ब्याज की शेष परिपक्वता द्वारा वित्तीय देयताओं (ऋण प्रतिभूतियां, ऋण और अधीनस्थ देयताओं) के परिपक्वता स्वरूप का विश्लेषण करती है।

(₹ करोड़ में)

विवरण*	1 वर्ष तक	1-5 वर्ष	5 वर्ष से अधिक	कुल
31.03.2023 तक				
घरेलू ऋण				
मूलधन	46,280.00	1,35,581.86	1,16,221.48	**2,98,083.34**
ब्याज	21,838.37	59,803.45	37,412.88	**1,19,054.71**
विदेशी मुद्रा ऋण				
मूलधन	9,101.96	19,834.55	35,617.98	**64,554.49**
ब्याज	2,361.78	6,508.92	2,026.65	**10,897.35**
कुल	**79,582.11**	**2,21,728.78**	**1,91,278.99**	**4,92,589.88**
31.03.2022 तक				
घरेलू ऋण				
मूलधन	28,934.60	1,28,392.62	1,06,554.59	**2,63,881.81**
ब्याज	18,797.58	52,004.68	33,379.09	**1,04,181.35**
विदेशी मुद्रा ऋण				
मूलधन	9,222.97	17,958.25	29,107.15	**56,288.37**
ब्याज	1,745.64	5,804.15	2,999.03	**10,548.82**
कुल	**58,700.79**	**2,04,159.70**	**1,72,039.86**	**4,34,900.36**

* उपर्युक्त तालिका में, पुट और कॉल विकल्प वाले बॉण्ड को यथा शीघ्र प्रचालन की तारीख पर विचार करते हुए दिखाया गया है। इसके अलावा, कमर्शियल पेपर और जीरो-कूपन बॉण्ड परिपक्वता मूल्य पर दिखाए गए हैं।

(ii) निम्नलिखित तालिका डेरिवेटिव वित्तीय देयताओं के परिपक्वता पैटर्न का विश्लेषण करती है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	1 वर्ष तक	1-5 वर्ष	5 वर्ष से अधिक	कुल
31.03.2023 तक				
फॉरवर्ड	21.06	-	-	21.06
ऑप्शन/स्वैप	3.26			3.26
कुल	**24.32**	**-**	**-**	**24.32**
31.03.2022 तक				
फॉरवर्ड	-	-	-	-
ऑप्शन/स्वैप	56.75	46.50	-	103.25
कुल	**56.75**	**46.50**	**-**	**103.25**

* निम्नलिखित तालिका काउंटरपार्टी बैंकों से प्राप्त एमटीएम पर आधारित इसकी डेरिवेटिव वित्तीय देयताओं के लिए कंपनी के लिक्विडिटी विश्लेषण का ब्यौरा प्रदान करती है। परिपक्वता बकेट संबंधित डेरिवेटिव लिखत की शेष अवधि के अनुसार हैं।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(iii) वित्तीय देयताएं पूरी करने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण नकदी प्रवाह ऋण परिसंपत्तियों से अर्जित नकदी प्रवाह (मूलधन और ब्याज पुनर्भुगतान) से पोषित होना चाहिए। निम्नलिखित तालिका गैर-छूट आधार पर अनुबंधगत मूलधन और ब्याज की शेष परिपक्वता द्वारा ऋणों के परिपक्वता स्वरूप का विश्लेषण करती है:

(₹ करोड़ में)

विवरण*	1 वर्ष तक	1-5 वर्ष	5 वर्ष से अधिक	कुल
31.03.2023 तक				
ऋण परिसंपत्तियां				
मूलधन	52,942.67	1,41,277.13	2,16,278.54	4,10,498.35
ब्याज	37,705.85	1,11,246.88	97,226.08	2,46,178.81
कुल	**90,648.52**	**2,52,524.01**	**3,13,504.62**	**6,56,677.16**
31.03.2022 तक				
ऋण परिसंपत्तियां				
मूलधन	28,263.46	1,28,615.86	2,01,918.38	3,58,797.70
ब्याज	34,703.91	1,06,907.01	1,00,935.58	2,42,546.50
कुल	**62,967.37**	**2,35,522.87**	**3,02,853.96**	**6,01,344.20**

* चरण 3 परिसंपत्तियों से संबंधित क्षतिग्रस्तता हानि भत्ते के मूलधन नकदी प्रवाह पर परिपक्वता तिथि का ध्यान रखे बिना 5 वर्ष से अधिक की अवधि में विचार किया गया है।

(iv) अप्रत्याशित लिक्विडिटी आवश्यकताएं पूरी करने के लिए कंपनी के पास नकदी ऋण, ओवर ड्राफ्ट, ऋण सुविधाएं, बैंकों से कार्यशील पूंजी मांग ऋणों तक पंहुच है। कंपनी को एएए की सर्वोच्च घरेलू ऋण रेटिंग प्राप्त है, जो इसे घरेलू बाजार से बहुत ही कम समय में ऋण उगाहने में सक्षम बनाती है।

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
सीसी/ ओडी/ एलओसी/ डबल्यूसीडीएल सीमा	8,116.17	5,398.00

(v) कंपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए निर्दिष्ट उच्च गुणवत्ता लिक्विड परिसंपत्तियों (एचक्यूएलए) के रूप में पर्याप्त लिक्विडिटी भंडार भी बनाए रखती है। इस संबंध में प्रकटीकरण के लिए टिप्पणी 55.6 देखें।

40.3 बाजार जोखिम - विदेशी मुद्रा जोखिम

विदेशी मुद्रा जोखिम ऐसा जोखिम है जहां विदेशी मुद्रा विनिमय दरों में परिवर्तन के कारण व्यावहारिक मुद्रा से भिन्न मुद्रा में वर्णित वित्तीय लिखत के उचित मूल्य या भावी नकदी प्रवाह में, उतार-चढ़ाव होगा।

(i) कंपनी को विदेशी मुद्रा जोखिम की आशंका मुख्य रूप से विदेशी मुद्रा में वर्णित ऋणों पर रहती है। विदेशी मुद्रा में वर्णित कंपनी के ऋणों की वहनीय राशि निम्नानुसार है:

विवरण	31.03.2023 तक		31.03.2022 तक	
	संबंधित मुद्रा में करोड़	₹ करोड़ में	संबंधित मुद्रा में करोड़	₹ करोड़ में
अमरीकी डॉलर ऋण	**584.12**	**48,024.91**	**678.27**	**51,417.51**
- हेज्ड	403.50	33,174.52	407.50	30,891.39
- अनहेज्ड	180.62	14,850.39	270.77	20,526.12
यूरो ऋण	**93.17**	**8,348.44**	**30.83**	**2,609.67**
- हेज्ड	56.61	5,072.98	-	-
- अनहेज्ड #	36.56	3,275.46	30.83	2,609.67
जेपीवाई ऋण	**13,238.08**	**8,181.14**	**3,633.60**	**2,261.19**
- हेज्ड	4,090.53	2,527.96	-	-
- अनहेज्ड	9,147.55	5,653.18	3,633.60	2,261.19
कुल		**64,554.49**		**56,288.37**
- हेज्ड		**40,775.46**		**30,891.39**
- अनहेज्ड		**23,779.03**		**25,396.98**

इसमें एक लेग के लिए 31.03.2023 तक हेज की गई (31.03.2022 तक - शून्य) ₹5,653.18 करोड़ की जेपीवाई (यूएसडी/जेपीवाई) ऋण देयता शामिल है।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(ii) विदेशी मुद्रा जोखिम मॉनीटरिंग और प्रबंधन

कंपनी ने अपने विदेशी मुद्रा ऋणों से जुड़े जोखिमों के प्रबंधन और इससे बचाव के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित विदेशी मुद्रा ऋण जोखिम प्रबंधन नीति लागू की है, जो संबंधित जोखिमों के प्रबंधन की रूपरेखा और व्यवस्था निर्दिष्ट करती है।

कंपनी विनिमय दर जोखिमों से बचाव के लिए विभिन्न डेरिवेटिव लेनदेन जैसे केवल मूलधन स्वैप, विकल्प और अनुबंध अग्रसरण करती है। मौजूदा नीति के अनुसार जोखिमों की रिपोर्टिंग और मॉनीटरिंग की प्रणाली स्थापित है जिसमें विदेशी मुद्रा ऋण जोखिम प्रबंधन समिति कार्यरत है। इस समिति में शामिल कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी विदेशी मुद्रा विनिमय दर पर नजर रखते हैं। ये डेरिवेटिव लेनदेन किसी व्यापार या बड़े लाभ की प्रत्याशा में काल्पनिक अनुमानों के लिए नहीं, बल्कि जोखिम से बचाव के उद्देश्य से किए जाते हैं। यह नीति और करेंसी जोखिम की पहचान, उपायों और मॉनीटरिंग के लिए समुचित प्रणालियां और नियंत्रण स्थापित करती है।

(iii) विदेशी मुद्रा संवेदनशीलता विश्लेषण

निम्नलिखित तालिका बकाया विदेशी मुद्रा ऋणों के अरक्षित पोर्टफोलियो पर भारतीय रुपए की तुलना में विदेशी मुद्रा विनिमय दर में 5% के परिवर्तन का कुल इक्विटी (लाभ/हानि) पर पड़ने वाले प्रभाव को प्रस्तुत करती है।

(₹ करोड़ में)

विदेशी मुद्रा देयताएं	31.03.2023 तक		31.03.2022 तक	
	ह्रास	वृद्धि	ह्रास	वृद्धि
	विदेशी मुद्रा दर में परिवर्तन के कारण			
अमरीकी डॉलर	742.52	(742.52)	1,026.31	(1,026.31)
यूरो	163.77	(163.77)	130.48	(130.48)
जेपीवाई	282.66	(282.66)	113.06	(113.06)
कुल	**1,188.95**	**(1,188.95)**	**1,269.85**	**(1,269.85)**

40.4 बाजार जोखिम- ब्याज दर जोखिम

40.4.1 ब्याज दर जोखिम किसी वित्तीय स्रोत के भावी नकदी प्रवाह में ब्याज दरों में परिवर्तन के कारण आने वाले उतार-चढ़ाव का जोखिम है। इसका प्रभाव ब्याज दरों में परिवर्तन की दिशा और परिसंपत्तियों या देयताओं तेजी से पुनःमूल्य निर्धारण के आधार पर लाभप्रद या प्रतिकूल हो सकता है।

(i) ब्याज दर जोखिम का प्रबंधन बाजार जोखिम एक्सपोजर के नियंत्रण और प्रतिफल को अधिकतम करने के उद्देश्य से किया जाता है।

परिसंपत्ति देयता समिति (एएलसीओ) अंतराल विश्लेषण के माध्यम से अर्थात दर संवेदी परिसंपत्तियों और दर संवेदी देयताओं के बीच के अंतर के विश्लेषण से ब्याज दर जोखिम का पता लगाती है। अंतराल विश्लेषण के लिए आरबीआई द्वारा निर्दिष्ट बाजार दर संवेदनशीलता विवरणी का उपयोग किया जाता है, जिसमें परिपक्वता तिथि या पुनःमूल्यन तिथि, जो भी पहले हो, के आधार पर वितरित दर संवेदी परिसंपत्तियों और दर संवेदी देयताओं के बीच का अंतराल मापा जाता है।

इसके अतिरिक्त, ब्याज दर जोखिम के प्रबंधन के लिए कंपनी बाजार की मौजूदा स्थितियों, ऋण लागत, प्राप्ति, फैलाव, प्रतिस्पर्द्धी दरों इत्यादि के आधार पर समय-समय पर अपने ब्याज दरों की समीक्षा करती है। कंपनी द्वारा परिसंपत्ति तालमेल का प्रबंधन अपनी ब्याज दरों और ऋण नीतियों के माध्यम से किया जाता है जो अन्य बातों के साथ-साथ फिर शुरू होने की अवधियों, पुनर्भुगतान अवधियों, पूर्व भुगतान प्रीमियम इत्यादि को भी कवर करती है। देयताओं का प्रबंधन लागत, बाजार की स्थिति, समय, बाजार में गुंजाईश, एएलएम अंतराल स्थिति इत्यादि कारकों को ध्यान में रखकर किया जाता है। कंपनी अपने ब्याज दर जोखिम से बचाव के लिए ब्याज दर स्वैप, परस्पर लेन देन की मुद्रा का ब्याज दर स्वैप जैसे विभिन्न डेरिवेटिव उपाय भी करती है।

(ii) बाजार दर संवेदनशीलता विश्लेषण

रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार ब्याज दर प्रबंधन के लिए जोखिम पर उपार्जन (ईएआर) एक महत्वपूर्ण फोकस बिंदु है। ब्याज दर संवेदनशीलता विश्लेषण के लिए अंतराल विवरणों से ब्याज दरों में परिवर्तन का जोखिम उपार्जन पर असर मापा गया है। इस असर का मापन एक वर्ष की अवधि के दौरान एक स्थिर तुलन-पत्र में ब्याज दरों पर 25 आधार अंक आरोही/अवरोही झटकों पर विचार करते हुए किया गया है। विश्लेषण दर्शाता है कि यदि दरों में 25 आधार अंकों की कमी/वृद्धि होती है तो जोखिम पर उपार्जन पर असर (+/-) ₹194.52 करोड़ होगा। (31.03.2022 तक (+/-) ₹118.77 करोड़)।

इस विश्लेषण में माना गया है कि दर संवेदी परिसंपत्तियां और दर संवेदी देयताओं का समान समय पर पुनःमूल्य निर्धारण किया जा रहा है। इसके अलावा, विश्लेषण दर-संवेदी परिसंपत्तियां और दर-संवेदी देयताओं की सबसे पहली/पहले की मूल्य निर्धारण तिथि पर विचार करता है।

टिप्पणी: 25 आधार अंक की वृद्धि या कमी ब्याज दरों में तर्कसंगत रूप से संभव परिवर्तन के प्रबंधन के आकलन को व्यक्त करती है।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

40.4.2 ब्याज दर बेंचमार्क सुधार के संदर्भ में प्रकटीकरण

कंपनी के पास परिवर्ती ब्याज दर ऋण हैं, जिनकी ब्याज दरें बेंचमार्क पर आधारित हैं। इन ऋणों पर नकदी प्रवाह की परिवर्तनीयता से बचाव के लिए कंपनी प्रमुख विषयों (मूल राशि, भुगतान तिथियां, पुनःमूल्य निर्धारण तिथियां, करेंसी) के साथ विविध ब्याज दर स्वैप करती है, जो उन ऋणों के अनुकूल होता है जिन पर कंपनी नियत दर का भुगतान करती है और परिवर्ती दर प्राप्त करती है। कंपनी के ऋणों में प्रयुक्त महत्वपूर्ण ब्याज दर बेंचमार्क 6 यूएसडी लिबोर (लंदन इंटरबैंक ऑफर रेट) है।

(i) ब्याज दर बेंचमार्क सुधार से सीधे प्रभावित एक्सपोजर

जून 2023 के बाद से ब्याज दर बेंचमार्क सुधार (आईबीओआर) से सीधे प्रभावित एक्सपोजर की कुल राशि 31.03.2023 तक 656.24 मिलियन अमरीकी डॉलर (भारतीय रुपए में ₹5,395.44 करोड़) है। इसमें से इस प्रकार की देयताओं के साथ जुड़ी और हेज लेखांकन के तहत डेरिवेटिव एक्सपोजर की राशि 650 मिलियन अमरीकी डॉलर (भारतीय रुपए में ₹5,344.10 करोड़) है।

विदेशी मुद्रा ऋणों का विवरण इस प्रकार है जो जून 2023 के बाद 6 माह यूएसडी लिबोर से लिबोर परिवर्तन के आधार पर प्रभावित होगा:

बेंचमार्क	31.03.2023 तक				31.03.2022 तक			
	संबंधित मुद्रा में राशि (मिलियन)	राशि (₹ करोड़ में)	जिसका अभी भी वैकल्पिक बेंचमार्क दर में परिवर्तन किया जाना है		संबंधित मुद्रा में राशि (मिलियन)	राशि (₹ करोड़ में)	जिसका अभी भी वैकल्पिक बेंचमार्क दर में परिवर्तन किया जाना है	
			संबंधित मुद्रा में राशि (मिलियन)	राशि (₹ करोड़ में)			संबंधित मुद्रा में राशि (मिलियन)	राशि (₹ करोड़ में)
गैर-डेरिवेटिव वित्तीय देयताएं								
6 माह अमरीकी डॉलर लिबोर	656.24	5.395.44	650.00	5,344.10	657.67	4,985.66	650.00	4,927.46
डेरिवेटिव								
6 माह अमरीकी डॉलर लिबोर	650.00	5,344.10	650.00	5,344.10	650.00	4,927.46	650.00	4,927.46

(ii) वैकल्पिक बेंचमार्क दरों में परिवर्तन की प्रक्रिया का प्रबंधन

कंपनी लिबोर परिवर्तन के लिए 'लंदन इंटरबैंक ऑफर्ड रेट (लिबोर) से वैकल्पिक संदर्भ दर (एआरआर) में परिवर्तन की रूपरेखा' नाम से बोर्ड अनुमोदित नीति लागू करती है। यह रूपरेखा अन्य बातों के साथ-साथ लिबोर से जुड़े एक्सपोजर आकलन, लिबोर परिवर्तन से संभावित जोखिम की पहचान, अनुबंध उपचार, संचालनगत तत्परता, शासी संरचना, नियमन अनुपालन और रिपोर्टिंग जैसे पक्षों को भी कवर करती है। कंपनी सभी परिवर्तन गतिविधियों को नीति में विस्तृत रूप से उल्लिखित प्रक्रिया/दिशानिर्देशों के अनुसार संचालित करेगी। 6 माह यूएसडी लिबोर से वैकल्पिक संदर्भ दर में परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है और यह उपलब्ध समय-सीमा के भीतर पूरी हो जाएगी।

(iii) इंड एएस 109, ब्याज दर बेंचमार्क सुधार से सीधे प्रभावित सभी बचाव और सुरक्षा संबंधों के लिए अस्थायी अपवाद का प्रावधान करता है। लिबोर से जुड़े ऋणों और उनके डेरिवेटिव के लिए वैकल्पिक संदर्भ दर/बेंचमार्क पर अभी ऋणदाताओं और डेरिवेटिव बैंकर्स के साथ सहमति होनी है। हालांकि यह मान लिया गया है कि ऐसे सुधार के परिणामस्वरूप हेज की गई मदों, हेज की गई लिखतों और इसकी संबंधित हेज प्रभावकारिता के संबंध में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

40.5 बाजार जोखिम - कीमत जोखिम

(i) कंपनी सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों में निवेश से उत्पन्न कीमत जोखिम के प्रति एक्सपोज है। इस जोखिम की आशंका के संदर्भ में टिप्पणी 11 'निवेश' देखें।

(ii) संवेदनशीलता विश्लेषण

नीचे की तालिका समूह से बाहर कंपनी के इक्विटी निवेशों के संबंधित मूल्यों में 5% वृद्धि या कमी के लिए लाभ एवं हानि विवरण में पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाती है।

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक		31.03.2022 तक	
	वृद्धि	(ह्रास)	वृद्धि	(ह्रास)
लाभ एवं हानि पर प्रभाव	3.47	(3.47)	6.29	(6.29)
ओसीआई पर प्रभाव	56.50	(56.50)	47.48	(47.48)

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

41. हेज लेखांकन

हेज लेखांकन की अपेक्षाएं पूरी करने वाले हेजिंग लिखत को नकदी प्रवाह हेज के रूप में निर्दिष्ट किया जाता है। नकदी प्रवाह के रूप में निर्दिष्ट और मान्य डेरिवेटिव के उचित मूल्य में परिवर्तन का प्रभावी हिस्सा अन्य व्यापक आय में मान्य किया जाता है। हेजिंग लिखतों के आंतरिक मूल्य में परिवर्तन 'नकदी प्रवाह बचावों के प्रभावी अंश' में मान्य किया जाता है। इस प्रकार के रिजर्व में मान्य राशियां 'लाभ हानि विवरणी' में मान्य की जाती हैं, जब हेजिंग लिखत के तहत रखे गए मद लाभ एवं हानि पर असर डालते हैं। इसके अलावा, किसी हेजिंग लिखत के समय मूल्य के उचित मूल्य में परिवर्तन 'हेजिंग रिजर्व लागत' में मान्य होता है। ऐसे रिजर्व में मान्य राशियां व्यवस्थित आधार पर लाभ एवं हानि विवरणी के लिए परिशोधित की जाती हैं।

(i) हेज की प्रभावकारिता

हेज उपायों की प्रभावकारिता, ये उपाय लागू करने पर और समय-समय पर प्रभावकारिता आकलन के माध्यम से ही निर्धारित की जाती हैं, यह सुनिश्चित करने के लिए कि हेज के तहत रखे गए मद और हेजिंग उपकरणों के बीच आर्थिक संबंध है। कंपनी प्रभावकारिता जांच के लिए निम्नलिखित तरीके अपनाती है:

क) विकल्पों के अलावा डेरिवेटिव्स के लिए जो हेज किए गए मद के नियमों पर बिल्कुल सटीक उतरते हों, आर्थिक संबंध और हेज प्रभावकारिता, महत्वपूर्ण नियम मेल विधि (जिसमें हेजिंग उपकरण के मूल नियम और हेज किया गया मद बिल्कुल समान हो) का उपयोग करते हुए, गुणात्मक कारकों पर आधारित होती है।

ख) विकल्प संरचनाओं के लिए, कंपनी सांख्यिकीय प्रक्रियाओं के समूह पर आधारित विश्लेषण पर आधारित डॉलर ऑफसेट विधि का उपयोग करते हुए हेजिंग लिखत के मूल्य में परिवर्तन और हेज किए गए मद के संबंधों को विश्लेषित करती है।

(ii) एकल तुलन-पत्र पर नकदी प्रवाह हेज के रूप में निर्दिष्ट हेजिंग लिखतों के प्रभाव:

क्र.सं.	विवरण		अंकित मूल्य राशि (₹ करोड़ में)	वहनीय राशि [1]			
				परिसंपत्तियां (₹ करोड़ में)	देयताएं (₹ करोड़ में)	परिपक्वता तिथि	भारित औसत दर/ स्ट्राइक कीमत
31.03.2023 तक							
1.	मुद्रा डेरिवेटिव	फॉरवर्ड	507.09	20.40	-	फरवरी 2024	0.6303
		केवल मूलधन स्वैप	4,521.93	460.12	-	सितंबर 2023 - सितंबर 2024	71.91
		कॉल स्प्रेड विकल्प	13,705.76	679.45	-	अक्तूबर 2023 - दिसंबर 2024	76.99
		सीगल विकल्प	29,169.51	2,826.19	3.26	दिसंबर 2023 - दिसंबर 2027	डॉलर/आईएनआर 76.5202 यूरो/यूएसडी - 1.0775 यूएसडी/जेपीवाई -130.83
	उप-योग		**47,904.29**	**3,986.16**	**3.26**		
2.	ब्याज दर डेरिवेटिव	ब्याज दर स्वैप	7,399.52	364.11	-	सितंबर 2023 - जून 2024	1.27%
	उप-योग		**7,399.52**	**364.11**	**-**		
3.	**कुल (1+2)**		**55,303.81**	**4,350.27**	**3.26**		
31.03.2022 तक							
1.	मुद्रा डेरिवेटिव	फॉरवर्ड	-	-	-	-	-
		केवल मूलधन स्वैप	6,064.57	277.61	-	जून 2022 - सितंबर 2024	71.09
		कॉल स्प्रेड विकल्प	7,959.75	70.55	21.55	अक्तूबर 2023 - दिसंबर 2024	73.90
		सीगल विकल्प	10,802.51	1,453.26	-	मई 2026 - नवंबर 2026	73.96
	उप-योग		**24,826.83**	**1,801.42**	**21.55**		
2.	ब्याज दर डेरिवेटिव	ब्याज दर स्वैप	8,717.82	198.86	39.15	सितंबर 2023 - जून 2024	1.38%
	उप-योग		**8,717.82**	**198.86**	**39.15**		
3.	**कुल (1+2)**		**33,544.65**	**2,000.28**	**60.70**		

[1] एकल तुलन-पत्र में लाइन मद 'डेरिवेटिव वित्तीय लिखत' का भाग है।

एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(iii) नकदी प्रवाह हेज के रूप में निर्धारित हेजिंग लिखत के अंकित मूल्य राशि का समय प्रोफाइल *

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
मुद्रा डेरिवेटिव		
1 वर्ष तक	16,901.55	1,895.18
1 - 5 वर्ष	31,002.74	22,931.65
5 वर्ष से अधिक	-	-
उप-जोड़ (क)	**47,904.29**	**24,826.83**
ब्याज दर डेरिवेटिव		
1 वर्ष तक	2,055.42	1,895.18
1 - 5 वर्ष	5,344.10	6,822.64
5 वर्ष से अधिक	-	-
उप-जोड़ (ख)	**7,399.52**	**8,717.82**
कुल (क+ख)	**55,303.81**	**33,544.65**

* उपर्युक्त तालिका में परिपक्वता बकेट संबंधित डेरिवेटिव उपकरण के शेष क्रम के अनुरूप है।

(iv) नकदी प्रवाह हेज के रूप में निर्धारित हेजिंग उपकरणों का एकल लाभ एवं हानि विवरणी पर प्रभाव:

(₹ करोड़ में)

एफवीटीओसीआई कि रूप में वर्गीकृत इक्विटी निवेश आरंभ में उचित मूल्य जोड़ लेनदेन लागत पर मापा जाता है। इसके बाद इसका मापन उचित मूल्य पर होता है और उचित मूल्य में सभी परिवर्तनों को समेकित अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में मान्य किया जाता है और समेकित रिजर्व में संचित किया जाता है। समेकित ओसीआई से समेकित लाभ एवं हानि विवरण में राशियों का कोई पुनःचक्रण नहीं होता, यहां तक कि निवेश की बिक्री पर भी। हालांकि समूह समेकित इक्विटी के भीतर संचित लाभ /हानि का स्थानांतरण कर सकता है।

एफवीटीपीएल श्रेणी में शामिल इक्विटी लिखतों का मापन, सभी परिवर्तनों को समेकित लाभ/हानि विवरण में मान्य किए जाने के साथ, उचित मूल्य पर होता है।

(iii) वित्तीय परिसंपत्तियों की क्षतिग्रस्तता

प्रारंभिक मान्यता के बाद समूह इंड एएस 109 'वित्तीय लिखत' की अपेक्षानुसार परिशोधित लागत पर मापित वित्तीय परिसंपत्तियों पर अनुमानित ऋण हानि (ईसीएल) को मान्य करता है। समूह ईसीएल

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां
31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

प्रभार या रिवर्सल (जहां निवल राशि किसी अवधि विशेष के लिए नकारात्मक शेष होती है) को समेकित लाभ एवं हानि विवरण में वित्तीय लिखतों में क्षतिग्रस्तता के रूप में और समेकित तुलन-पत्र में सकल वहनीय राशि से संचित घटाव के रूप में, जो भी लागू हो, प्रस्तुत करता है।

ईसीएल के मान्यीकरण और मापन के लिए क्षतिग्रस्तता संबंधी अपेक्षाएं समान रूप से एफवीटीओसीआई पर मापित वित्तीय परिसंपत्ति पर भी लागू होती है, सिवाय इसके कि ईसीएल अन्य व्यापक आय में मान्य किया जाता है और समेकित तुलन-पत्र में वहनीय राशि से घटाया नहीं जाता।

क) ऋण परिसंपत्तियों की क्षतिग्रस्तता और लेटर ऑफ कंफर्ट (एलओसी) के तहत प्रतिबद्धताएं :

प्रारंभिक मान्यता के बाद से ऋण क्षतिग्रस्तता होने पर या ऋण जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि (एसआईसीआर) होने पर समूह ऋण परिसंपत्तियों पर ईसीएल का मापन जीवनकाल के लिए ईसीएल के बराबर राशि पर करता है। यदि प्रारंभिक मान्यता की तुलना में कोई एसआईसीआर नहीं है तो समूह ईसीएल का मापन 12 माह के ईसीएल के बराबर राशि पर करता है। यह आकलन करते समय कि प्रारंभिक मान्यीकरण के बाद से एसआईसीआर हुई है या नहीं, समूह बिना किसी अनावश्यक लागत या प्रयास से उपलब्ध तर्कसंगत और सहायक सूचना पर विचार करता है। यदि समूह ने पूर्व अवधि में हानि भत्ता का मापन जीवन काल के ईसीएल पर किया है, लेकिन बाद में निर्धारित किया कि प्रारंभिक मान्यीकरण के बाद से ऋण गुणवत्ता में सुधार के कारण कोई एसआईसीआर नहीं रहा है तो फिर से 12 माह के ईसीएल के बराबर राशि के आधार पर हानि भत्ता का मापन किया जाता है।

ऋण क्षतिग्रस्तता वाली ऋण परिसंपत्तियों के लिए ईसीएल व्यक्तिगत आधार पर मापा जाता है, और अन्य ऋण परिसंपत्तियों के लिए यह सामान्य तौर पर समान समूहों के सामूहिक आधार पर मापा जाता है।

समूह एलओसी के तहत प्रतिबद्धता क्षतिग्रस्तता का आकलन ऋण परिसंपत्तियों की ही तरह समान आधार पर करता है।

ख) ऋण परिसंपत्तियों के अतिरिक्त वित्तीय परिसंपत्तियों की क्षतिग्रस्तता:

ऋण परिसंपत्तियों के अतिरिक्त वित्तीय परिसंपत्तियों पर ईसीएल का मापन जीवन काल की अनुमानित हानियों के बराबर राशि पर किया जाता है।

ग) आरईसीएल द्वारा वित्तीय परिसंपत्तियों को आंशिक या समग्र रूप से केवल तभी बट्टे खाते में डाला जाता है जब इनसे रिकवरी बंद हो जाती है।

(iv) वित्तीय परिसंपत्तियों का अमान्यीकरण

समूह किसी वित्तीय परिसंपत्ति को तभी अमान्य करता है जब परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह का अनुबंधगत अधिकार समाप्त हो जाता है, या जब यह परिसंपत्ति के स्वामित्व के सभी महत्वपूर्ण जोखिमों और लाभों के साथ वित्तीय परिसंपत्ति का हस्तांतरण किसी अन्य पक्ष को कर देता है। किसी वित्तीय परिसंपत्ति के अनुबंधगत नकदी प्रवाह पर पुनःविचार या संशोधन से भी मौजूदा वित्तीय परिसंपत्ति का अमान्यीकरण हो सकता है।

किसी वित्तीय परिसंपत्ति के समग्र रूप से अमान्यीकरण पर परिसंपत्ति की मौजूदा राशि तथा इससे प्राप्त और प्राप्य के योग का अंतर और संचित लाभ या हानि, जो समेकित अन्य व्यापक आय में मान्य की गई थी तथा समेकित इक्विटी में संचित थी, समेकित लाभ एवं हानि विवरण में मान्य की जाती है, अन्यथा ऐसी लाभ एवं हानि उस वित्तीय परिसंपत्ति के निस्तारण पर समेकित लाभ एवं हानि विवरण में मान्य की गई होती।

6.5.2 वित्तीय देयताएं

(i) डेरिवेटिव और वित्तीय गारंटी अनुबंधों के अतिरिक्त सभी वित्तीय देयताएं बाद में प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) विधि का उपयोग करते हुए परिशोधित लागत पर मापी जाती हैं।

ईआईआर का निर्धारण वित्तीय देयता की प्रारंभिक मान्यता पर किया जाता है। बाद में इसे अनुबंध की शर्तों के अनुसार संबंधित रिसेट तिथि पर फ्लोटिंग ब्याज दर वाली वित्तीय देयताओं के लिए अद्यतन किया जाता है।

(ii) वित्तीय गारंटी

समूह द्वारा जारी वित्तीय गारंटी आरंभ में उचित मूल्य पर मापी जाती है, और यदि एफवीटीपीएल के रूप में निर्दिष्ट नहीं है तो बाद में निम्नलिखित के उच्चतर पर मापी जाती है:-

- गारंटी के परिणामस्वरूप किसी वित्तीय दायित्व के समायोजन के लिए आवश्यक व्यय के सर्वोत्तम आकलन, और
- आरंभ में कम मान्य राशि, उपयुक्तता पर, समेकित लाभ एवं हानि विवरण में मान्य संचित आय राशि।

(iii) वित्तीय देयताओं का अमान्यीकरण

समूह वित्तीय देयताओं को तब और केवल तब अमान्य करता है जब समूह के दायित्व पूरे हो जाते हैं, रद्द हो जाते हैं या उनकी अवधि समाप्त हो जाती है। अमान्य वित्तीय देयता की वहनीय राशि तथा भुगतान किए गए और भुगतान किए जाने योग्य राशि का अंतर समेकित लाभ एवं हानि विवरण में मान्य किया जाता है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

6.5.3 वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं की ऑफसेटिंग

वित्तीय परिसंपत्तियों और देयताओं को ऑफसेट किया जाता है और निवल राशि तुलन-पत्र में रिपोर्ट की जाती है जब उस समय मान्य राशियों को ऑफसेट करने का कानूनी बाध्यकारी अधिकार होता है और परिसंपत्तियों को मान्य करने और देयताओं को समायोजित करने का निवल आधार पर उद्देश्य होता है।

6.5.4 अंतर्निहित डेरिवेटिव

अंतर्निहित डेरिवेटिव हाईब्रिड लिखत का घटक होता है जिसमें एक गैर-डेरिवेटिव अनुबंध भी शामिल होता है इस प्रभाव के साथ कि संयुक्त उपकरण का कुछ नकदी प्रवाह में एकल डेरिवेटिव के समान अंतर आयेगा। एक अंतर्निहित डेरिवेटिव के कारण कुछ या सभी नकदी प्रवाहों को एक विशिष्ट ब्याज दर, विदेशी मुद्रा विनिमय दर या अन्य परिवर्ती पर अनुबंध की आवश्यतानुसार संशोधित किया जाना होता, यदि गैर-वित्तीय चर की स्थिति में यह अनुबंध के एक पक्ष के लिए विशिष्ट नहीं होता।

सभी समूह अनुबंधों में अंतर्निहित डेरिवेटिव एक पृथक डेरिवेटिव माने जाते हैं और उचित मूल्य पर दर्ज किए जाते हैं यदि उनकी आर्थिक विशेषताएं और जोखिम, समूह अनुबंधों से निकटता से जुड़े नहीं होते या यदि अंतर्निहित डेरिवेटिव एक्सपोजर का लाभ उठाते और समूह अनुबंध व्यापार के उद्देश्य से नहीं होते या लाभ एवं हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर निर्दिष्ट किए जाते। इन अंतर्निहित डेरिवेटिव का मापन उचित मूल्य पर होता है, और उचित मूल्य में परिवर्तन लाभ हामि में मान्य किए जाते हैं जबतक कि उन्हें प्रभावी हेजिंग लिखतों के रूप में निर्दिष्ट नहीं किया जाता।

6.6 परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई) और मूल्यह्रास

(i) पीपीई मदों को आरंभ में लागत पर मान्य किया जाता है। इसके बाद इनका मापन संचित मूल्यह्रास और संचित क्षतिग्रस्तता हानियों को, यदि कोई हो, घटा कर लागत पर किया जाता है, केवल फ्रीहोल्ड जमीन को छोड़कर, जिसे ह्रासित नहीं किया जाता। सक्रिय उपयोग से हटा दिए गए और निस्तारण के लिए धारित पीपीई मद अपने अंकित मूल्य और निवल प्राप्य मूल्य से नीचे दर्ज किए जाते हैं।

(ii) लीजहोल्ड परिसर के सुधार पर किया गया व्यय लागत पर मान्य किया जाता है और पीपीई के तहत 'लीजहोल्ड सुधारों' के रूप में दर्शाया जाता है।

(iii) उपयोग में ली जा रही परिसंपत्तियों के मामले में पूंजीकरण अनुमोदित बिलों के आधार पर या अनुबंध के अनुसार किए गए काम के अनुमानित मूल्य के आधार पर किया जाता है, जहां अंतिम बिल अभी भी प्राप्त/अनुमोदित किए जाने हैं अंतिम समायोजन वर्ष में आवश्यक समाधान के तहत।

(iv) पीपीई के किसी मद के एक हिस्से को स्थानापन्न किए जाने की लागत उस मद के वहनीय मूल्य में मान्य की जाती है, यदि संभावना हो कि उस हिस्से में निहित भविष्य के आर्थिक लाभ समूह को मिलेंगे और इसकी लागत विश्वसनीय तरीके से मापी जा सकेगी। हटाए गए हिस्से का वहनीय मूल्य अमान्य कर दिया जाता है। पीपीई की रखरखाव और सर्विसिंग लागत व्यय के अनुसार समेकित लाभ एवं हानि विवरण में मान्य की जाती है।

(v) निर्माणाधीन पीपीई, किसी मान्य क्षतिग्रस्तता हानि को घटाकर, लागत पर दर्ज होता है। ऐसे पीपीई मद निर्मित हो जाने और निर्दिष्ट उपयोग के लिए तैयार हो जाने पर परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण की समुचित श्रेणी में वर्गीकृत किए जाते हैं। परिसंपत्तियों का मूल्यह्रास, अन्य परिसंपत्तियों की तरह समान आधार पर शुरू होता है जब परिसंपत्तियां अपने लक्षित उपयोग के लिए तैयार हो जाती हैं।

(vi) मूल्यह्रास मान्य किए जाने पर, अवशिष्ट मूल्य को घटाकर परिसंपत्तियों की लागत बट्टे खाते में डाली जाती है, अनुमानित उपयोगी जीवन पर लिखित मूल्य विधि* के अनुसार, जो कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II में निर्धारण के अनुरूप है, केवल निम्नलिखित को छोड़कर है:-

पीपीई की प्रकृति	पीपीई का जीवन काल
सेल फोन	2 वर्ष (पीएफसी और पीएफसीसीएल के मामले में)
लीज होल्ड सुधार(1)	लीज अवधि या उनका उपयोगी जीवनकाल जो भी कम हो (पीएफसीएल के मामले में)

अवशिष्ट मूल्य का आकलन पीपीई की वास्तविक लागत के 5% के रूप में किया जाता है।

*आरईसीएल द्वारा सीधरेख विधि का उपयोग कर मूल्यह्रास आकलित की जाती है।

(1)लीज होल्ड सुधार सीधरेख आधार पर परिशोधित किए जाते हैं।

(vii) वर्ष के दौरान पीपीई मे जोड़/घटाव पर मूल्यह्रास यथानुपात आधार पर प्रभारित किया जाता है, उस तिथि से/तक जिसपर परिसंपत्ति उपयोग/निस्तारण के लिए उपलब्ध कराई गई।

(viii) पीपीई का कोई मद निस्तारण पर या भविष्य में उसके उपयोग से किसी आर्थिक लाभ की संभावना नहीं रह जाने पर अमान्य किया जाता है। पीपीई के किसी मद को अमान्य किए जाने पर होने वाले लाभ या हानि का निर्धारण निवल निस्तारण प्राप्तियों और परिसंपत्ति की वहनीय राशि के बीच के अंतर के रूप में किया जाता है और इसे समेकित लाभ एवं हानि विवरण में मान्य किया जाता है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(ix) स्मार्ट मीटरिंग परियोजना में सीधे होने वाला पूंजी व्यय आरंभ में जारी पूंजीगत कार्यों (ग्राहक से प्राप्त अंशदान के निवल) में दर्शाया जाता है और इसे उपयोग के लिए तैयार हो जाने पर पीपीई के रूप में पूंजीकृत किया जाता है। स्मार्ट मीटरिंग परियोजना में पीपीई मदों में मूल्यहास यथानुपात आधार पर सीधरेख विधि से मान्य किया जाता है, परिसंपत्तियों के उपयोगी जीवन पर, जो 99 माह के परियोजना कार्यान्वयन अवधि से अधिक न हो।

(x) प्रत्येक ₹5000 तक के पीपीई मद, खरीद वर्ष में पूरी तरह ह्रासित कर दिए जाते हैं।

(xi) रिपोर्टिंग तिथि पर निर्माणाधीन पीपीई की लागत जारी पूंजीगत कार्य के रूप में स्पष्ट की जाती है। लागत में खरीद मूल्य, पूंजीकरण की जरूरत पूरी करने में लगी ऋण लागत और परिसंपत्ति को लक्षित उपयोग के लिए कार्य करने योग्य स्थिति तक लाने की लागत शामिल होती है। किसी भी डिस्काउंट या छूट को खरीद मूल्य से घटा दिया जाता है। पीपीई के अधिग्रहण/निर्माण के लिए भुगतान किया जाने वाला अग्रिम, जो तुलन-पत्र तिथि तक बकाया हो, पूंजी अग्रिम के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

6.7 अमूर्त परिसंपत्तियां और परिशोधन

i. अलग से अर्जित की गई असीम उपयोगी जीवनकाल की अमूर्त परिसंपत्तियों को लागत पर मान्य किया जाता है। लागत में वह प्रत्यक्ष आकस्मिक व्यय भी शामिल है, जो परिसंपत्ति को उसके लक्षित उपयोग के लिए तैयार करने में आवश्यक है। बाद में इसका मापन संचित परिशोधन और संचित क्षतिग्रस्तता हानि, यदि हो, को घटाकर लागत पर किया जाता है। परिशोधन को परिसंपत्तियों के अनुमानित उपयोगी जीवन काल पर सीधरेखीय आधार पर मान्य किया जाता है।

ii. अमूर्त परिसंपत्तियों के तहत पूंजीकरण योग्य व्यय को विकास के अंतर्गत अमूर्त परिसंपत्तियों के रूप में रखा जाता है, जबतक कि वे लक्षित उपयोग के लिए तैयार न हो जाएं। अमूर्त परिसंपत्तियों के अधिग्रहण/विकास के लिए भुगतान किया गया अग्रिम, जो तुलन-पत्र तिथि तक बकाया हैं, 'पूंजी अग्रिम' के तहत वर्गीकृत किया जाता है।

iii. समूह द्वारा अमूर्त परिसंपत्तियों के अनुमानित उपयोगी जीवन के साथ असीम उपयोगी जीवन का आकलन 5 वर्ष का किया गया है। पीएफसीसीएल के मामले में जीवन काल का अनुमान 36 महीनों का है।

iv. अमूर्त परिसंपत्ति को निस्तारण पर, या जब उसके उपयोग या निस्तारण से भविष्य में किसी लाभ की आशा न रह जाए, अमान्य कर दिया जाता है। अमूर्त परिसंपत्ति के अमान्यीकरण से होने वाले लाभ या हानि का मापन निवल निस्तारण प्राप्तियों और परिसंपत्ति के वहनीय मूल्य के बीच के अंतर पर किया जाता है और अमान्य कर दिए जाने के बाद समेकित लाभ एवं हानि विवरण में मान्य कर दिया जाता है।

6.8 बिक्री के लिए धारित परिसंपत्ति/निस्तारण समूह

गैर चालू परिसंपत्तियां बिक्री के लिए धारित रूप में वर्गीकृत की जाती हैं यदि उनकी वहनीय राशि जारी उपयोग के बदले मूल रूप से बिक्री सौदे से वसूली जाने योग्य हो। बिक्री को अत्यधिक संभावित तब माना जाता है जब समूह द्वारा ऐसी परिसंपत्तियों को बेचे जाने का निर्णय कर लिया जाए, जब वे अपनी मौजूदा स्थिति में तुरंत बिक्री के लिए उपलब्ध हों, जब सहमति से बिक्री के लिए एक निर्धारित मूल्य पर सक्रियता से उनका विपणन किया जा रहा हो, और विक्रय वर्गीकरण की तिथि से एक वर्ष के अंदर पूरा हो जाने की आशा हो। ऐसी गैर चालू परिसंपत्तियों का मापन वहनीय राशि से नीचे या बिक्री लागत को घटाकर उचित मूल्य पर किया जाता है।

जब समूह किसी कंपनी की नियंत्रण हानि को लेकर उसकी बिक्री योजना के लिए प्रतिबद्ध हो, तो वह उस कंपनी (कंपनी की सभी परिसंपत्तियां और देयताए) में निवेश को बिक्री के लिए रखा रूप में वर्गीकृत करता है।

6.9 प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक परिसंपत्तियां

(i) प्रावधान तब मान्य किए जाते हैं जब समूह के पास, किसी पिछली घटना के आधार पर वर्तमान कानूनी और रचनात्मक दायित्व होता है, यदि यह संभावित हो कि समूह को इस दायित्व का समाधान करना होगा और दायित्व समाधान में लगने वाली राशि के संबंध में कोई विश्वसनीय अनुमान किया जा सकेगा।

(ii) प्रावधान के रूप मे मान्य राशि, दायित्व से जुड़े तमाम जोखिमों और अपरिभाषितताओं को ध्यान में रखते हुए, रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वर्तमान दायित्व के समाधान के लिए आवश्यक सर्वोत्तम अनुमान होता है।

(iii) जब किसी प्रावधान के समाधान के लिए आवश्यक कुछ या समस्त आर्थिक लाभ किसी तीसरे पक्ष से वसूले जाने की आशा हो, तो प्राप्य को एक परिसंपत्ति के रूप में मान्य किया जाता है यदि यह परिभाषित प्रतीत होता हो कि प्रतिपूर्ति मिल जाएगी और प्राप्य राशि का विश्वसनीय ढंग से मापन हो सकेगा।

(iv) जब यह संभावना नहीं हो कि आर्थिक लाभों के बहिर्गमन की जरूरत पड़ेगी या राशि का विश्वसनीय ढंग से अनुमान नहीं हो सकेगा तो दायित्व को खाता टिप्पणियों में आकस्मिक देयता के रूप में दर्ज किया जाता है जबतक आर्थिक लाभों के बहिर्गमन की संभावना असंबद्ध न हो।

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(v) आकस्मिक परिसंपत्तियां समेकित वित्तीय विवरण में मान्य नहीं की जाती हैं। लेकिन आर्थिक लाभों के अंतर्वाह की संभावना होने पर इन्हें समेकित वित्तीय विवरणों में स्पष्ट किया जाता है।

6.10 आय और व्यय का मान्यीकरण

i. वित्तीय परिसंपत्तियों पर ब्याज आय का मापन बाद में परिशोधित लागत पर किया जाता है और इसे प्रभावी ब्याज दर विधि (ईआईआर) का उपयोग करते हुए परिशोधित लागत पर मापा जाता है। ईआईआर वह दर है जो वित्तीय परिसंपत्तियों के अनुमानित जीवन से भविष्य की अनुमानित नकदी प्राप्तियों को, प्रारंभिक मान्यता पर उस परिसंपत्ति की निवल वहनीय राशि से घटा देती है।

ii. जबतक कि अन्य प्रकार से निर्दिष्ट न किया जाए, आरईसीएल के ऋणकर्ताओं से वसूलियां (I) आरईसीएल की लागत और व्यय (II) ब्याज कर सहित विलंबित और दंड स्वरूप ब्याज, यदि कोई हो (III) ब्याज कर सहित बकाया ब्याज, यदि हो और (iv) मूल राशि का पुनर्भुगतान, सबसे पुराने को पहले समायोजित करते हुए, क्षतिग्रस्त ऋण और प्रत्याहारित ऋण, जहां मूल धन अन्य लागत, व्यय, विलंबित और दंड रूप ब्याज और ब्याज कर सहित बकाया ब्याज, यदि हो, की पूरी तरह वसूली के बाद विनियोजित किया जाता है। एक बार समाधान (ओटीएस)/ऋण मोचन अक्षमता और दिवालिया संहिता (आईबीसी) प्रक्रियाएं पहले मूलधन बकाया और शेष वसूली के लिए विनियोजित की जाती हैं और बाद में ब्याज और अन्य प्रभारों के लिए, यदि हो तो।

iii. वित्तीय परिसंपत्तियों पर ब्याज का मापन बाद में लाभ और हानि (एफवीटीपीएल) के माध्यम से उचित मूल्य पर किया जाता है। और इसे प्रोद्भूत आधार पर, संबंधित अनुबंध की शर्तों के अनुसार मान्य किया जाता है और अलग से 'ब्याज आय' शीर्षक के तहत दर्शाया जाता है।

iv. ऋणकर्ताओं द्वारा बकाया के समय से भुगतान पर दी जाने वाली छूट, संबंधित अनुबंध की शर्तों के अनुसार समय से पूरा बकाया प्राप्त हो जाने पर मान्य की जाती है और ब्याज आय के तहत रखी जाती है।

v. समूह यह निर्धारित करने के लिए कि कितना राजस्व प्राप्त हुआ और कब मान्य हुआ, इसकी प्रकृति, राशि, समय और अपरिभाषितता के बारे में इंड एएस 115 द्वारा निर्दिष्ट सिद्धांतों का उपयोग करता है। इसी के अनुसार पांच चरणों की प्रक्रिया से राजस्व मान्य किया जाता है:-

क) ग्राहक के साथ अनुबंध (अनुबंधो) की पहचान,

ख) अनुबंध में पृथक कार्य-निष्पादन दायित्वों की पहचान करना,

ग) सौदे के मूल्य का निर्धारण,

घ) कार्य-निष्पादन दायित्वों के लिए लेनदेन मूल्य का आवंटन, और

ङ) कार्य-निष्पादन दायित्व पूरा हो जाने पर राजस्व का मान्यीकरण।

राजस्व का मापन, प्राप्त और प्राप्य लाभ, निवल छूट और अन्य अप्रत्यक्ष करों के उचित मूल्य पर किया जाता है।

लागत प्लस अनुबंधों में - राजस्व का मान्यीकरण पात्र अनुबंधगत व्यय मदों सहित अनुबंध अनुसार आनुपातिक मार्जिन के योग द्वारा किया जाता है।

नियत मूल्य अनुबंधों में - राजस्व, अनुबंध पूरा होने के चरण के आधार पर मान्य होता है। समूह का आकलन है कि अनुबंध पूरा होने के चरण का निर्धारण, दायित्व पूरा होने के कुल अनुमानित समय और रिपोर्टिंग अवधि के अंत में लैप्स हो चुके समय के अनुपात के रूप में किया जाता है, जो इंड एएस 115 के तहत इन दायित्वों की पूरी संतुष्टि के प्रति प्रगति को मापने का एक समुचित उपाय है।

परिस्थितियों में परिवर्तन होने पर राजस्व, लागत या पूर्णता के प्रति प्रगति की सीमा का आकलन संशोधित किया जाता है। अनुमानित राजस्व या लागत में कोई बढ़ोतरी या कमी उस अवधि में लाभ एवं हानि में दर्शाई जाती है जिस अवधि में संशोधन को अनिवार्य बनाने वाली परिस्थितियां प्रबंधन की जानकारी में आईं।

vi. भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के निर्देश के अनुसार शुरू की गई स्वतंत्र पारेषण परियोजनाएं (आईटीपी) और अल्ट्रा मेगा पावर परियोजनाएं (यूएमपीपी) के विकास से संबंधित परामर्शी सेवाओं से राजस्व, पूर्ण अनुबंध विधि आधार पर मान्य किया जाता है, अर्थात आईटीपी/यूएमपीपी को शेयर खरीद करार द्वारा सफल बोलीकर्ता को अंतरित कर दिया जाता है। इन परियोजनाओं के विकास पर हुआ व्यय जो प्रत्यक्ष लागत के रूप में वसूला नहीं जा सकता है, वह प्रबंधन द्वारा निर्णीत सहमत प्रभार दरों पर मानव शक्ति शुल्क बिलिंग के माध्यम से प्राप्त किया जाता है।

vii. पीएफसीसीएल की स्मार्ट मीटरिंग सेवाओं से प्राप्त आय तब मान्य की जाती हैं जब मीटर किराए के बिल ग्राहकों के लिए प्रेषित किए जाते हैं और इस प्रकार की आय प्राप्त करने का अधिकार स्थापित हो जाता है। परियोजना कार्यान्वयन अवधि के दौरान परियोजना विकास प्रबंधन एजेंसी (पीडीएमए) शुल्क से प्राप्त आय अनुबंध अवधि पर मान्य की जाती हैं।

viii. स्वतंत्र पारेषण परियोजनाओं और अल्ट्रा मेगा पावर परियोजनाओं के लिए अर्हता हेतु अनुरोध (आरएफक्यू) दस्तावेजों से बिक्री लाभ प्राप्त होने पर लेखांकित किया जाता है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

ix. पावर एंड कोल फ्लेक्सिबिलिटी स्कीम की लघु/मध्यम अवधि से प्राप्त आय सफल बोलीकर्ता को लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) जारी होने पर मान्य किया जाता है।

x. निवेशों से लाभांश आय, एफवीटीपीएल पर मापित सहित, लाभ एवं हानि विवरण में 'लाभांश आय' शीर्ष के तहत मान्य की जाती है, जब लाभांश प्राप्त करने का समूह का अधिकार स्थापित हो जाता है और लाभांश राशि का विश्वसनीय ढंग से मापन हो सकता है।

xi. वित्तीय देयताओं पर ब्याज व्यय, बाद में परिशोधित लागत पर मापित, प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) विधि का उपयोग करते हुए मान्य की जाती है।

xii. अन्य आय और व्यय का लेखांकन, संबंधित अनुबंध के नियमों के अनुसार, प्रोद्भूत आधार पर होता है।

xiii. ₹1,00,000/- तक का पूर्व-भुगतान कर दिया गया व्यय, समेकित लाभ एवं हानि विवरण में प्रारंभिक मान्यता पर व्यय के रूप में मान्य किया जाता है।

6.11 शेयर जारी किए जाने पर होने वाला व्यय

शेयरों के जारी होने पर व्यय प्रतिभूति प्रीमियम खाते में प्रभारित किया जाता है।

6.12 ऋण लागत

ऋण लागत में ब्याज और वे अन्य लागत आती हैं जो समूह को निधि ऋण लेने के सिलसिले में खर्च करना पड़ता है। ऋण लागत को, जो किसी अर्हक परिसंपत्ति के अधिग्रहण और/या निर्माण में उस समय तक सीधे लगने वाला व्यय है, जबतक परिसंपत्ति अपने उपयोग के लिए तैयार न हो जाए, पूंजीकृत किया जाता है। अर्हक परिसंपत्ति वह परिसंपत्ति है जो अपने लक्षित उपयोग के लिए तैयार होने में पर्याप्त समय लेती है।

अन्य सभी ऋण लागत समेकित लाभ एवं हानि विवरण में, प्रभावी ब्याज दर विधि से प्रोद्भूत आधार पर, प्रभारित किए जाते हैं।

6.13 कार्मिक हितलाभ

i. परिभाषित अंशदान योजना
समूह द्वारा रिपोर्टिंग अवधि के दौरान भविष्य निधि और पेंशन मद में भुगतान किया गया/ भुगतान किए जाने योग्य अंशदान समेकित लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किया जाता है, जब कार्मिक उन्हें अंशदान का पात्र बनाने योग्य सेवा दे चुके होते हैं।

ii. परिभाषित हितलाभ योजना
कार्मिकों की उपदान के प्रति समूह का दायित्व और अवकाश प्राप्ति बाद के लाभ जैसे चिकित्सा लाभ, आर्थिक पुनर्वास लाभ और सेवानिवृत्ति बाद समायोजन भत्ता का निर्धारण प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट विधि का उपयोग करते हुए, वास्तविक मूल्यांकन से प्रत्येक वार्षिक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में किया जाता है। उपदान और अन्य रोजगार बाद परिभाषित हितलाभ योजनाओं के पुनर्मापन पर वास्तविक लाभ/हानि अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में मान्य की जाती है। योजना संशोधन की अवधि में पूर्व सेवा लागत समेकित लाभ एवं हानि विवरण में मान्य होती है।

iii. अन्य दीर्घावधि कार्मिक हितलाभ
अवकाश नकदीकरण, सेवा पुरस्कार योजना के प्रति समूह के दायित्व का निर्धारण प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट विधि का उपयोग करते हुए, प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में किए जा रहे वास्तविक मूल्यांकनों के साथ होता है। इन दायित्वों को समेकित लाभ एवं हानि विवरणों में मान्य किया जाता है।

iv. अल्पावधि कार्मिक हितलाभ
वेतन और पारिश्रमिक जैसे अल्पावधि कार्मिक हितलाभों को समेकित लाभ एवं हानि विवरण में तब मान्य किया जाता है, उस अवधि में जब संबंधित सेवा, बदले में मिलने वाले अनुमानित हितलाभों की गैर-कटौती राशि पर प्रदान की जाती है।

v. कार्मिकों को रियायती दर पर ऋण
कार्मिकों को रियायती दर पर दिए गए ऋण आरंभ में उचित मूल्य पर मान्य किए जाते हैं, और बाद में इसे परिशोधित लागत पर मापा जाता है। इस प्रकार के ऋणों और लेनदेन मूल्य के प्रारंभिक उचित मूल्य के बीच का अंतर ऋण जारी होने पर आस्थगित कार्मिक लागत के रूप में मान्य किया जाता है, जिसे ऋण की अनुमानित शेष अवधि पर सीध रेखीय आधार पर परिशोधित किया जाता है। ऋण की अनुमानित शेष अवधि में कोई परिवर्तन होने की स्थिति में, परिवर्तन तिथि पर अपरिशोधित आस्थगित कार्मिक लागत, प्रत्याशित आधार पर, ऋण की अद्यतन अनुमानित शेष अवधि पर परिशोधित की जाती है।

6.14 आयकर

आयकर व्यय में चालू और आस्थगित कर शामिल होते हैं। इसे समेकित लाभ एवं हानि विवरण में मान्य किया जाता है, केवल उस स्थिति को छोड़कर जब यह किसी ऐसे मद से जुड़ता है जब यह समेकित अन्य व्यापक आय (ओसीआई) या सीधे इक्विटी में मान्य किया जाता है, ऐसी स्थिति में कर भी ओसीआई या सीधे इक्विटी में मान्य होता है।

(i) चालू कर
चालू कर अधिनियमित या पूर्ण रूप से लागू और रिपोर्टिंग तिथि पर लागू कर दरों का उपयोग करते हुए, और पिछले वर्षों के भुगतान योग्य कर में किसी समायोजन के अनुसार, वर्ष के लिए करयोग्य आय पर भुगतान योग्य अनुमानित कर है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां
31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

चालू कर परिसंपत्तियां और देयताएं ऑफसेट कर दी जाती हैं, जब मान्य राशियों को पृथक करने का कानूनी रूप से बाध्यकारी अधिकार होता है तथा परिसंपत्तियों और देयताओं को निवल आधार समायोजित करने की मंशा होती है।

(ii) आस्थगित कर

आस्थगित कर को समेकित वित्तीय विवरणों में परिसंपत्तियों और देयताओं की वहनीय राशि तथा करयोग्य आय की संगणना में प्रयुक्त संबंधित कर आधारों के बीच के अस्थायी अंतरों पर मान्य किया जाता है। आस्थगित कर का मापन, परिसंपत्तियों/देयताओं की वहनीय राशि के अनुमानित मान्यीकरण या समाधान के आधार पर, रिपोर्टिंग तिथि पर अधिनियमित और पूरी तरह लागू कानून आधारित कर दरों पर किया जाता है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियां और देयताएं ऑफसेट कर दी जाती हैं, जब चालू कर परिसंपत्तियों को देयताओं से पृथक करने का कानूनी रूप से बाध्यकारी अधिकार होता है तथा वे समान कर प्राधिकरण से लगाए गए आय करों से जुड़ती है।

आस्थगित कर देयता सभी करयोग्य अस्थायी अंतरों के लिए मान्य की जाती हैं। आस्थगित कर परिसंपत्ति उस सीमा तक घटाए जाने योग्य सभी अस्थायी अंतरों के लिए मान्य की जाती है, कि भविष्य में करयोग्य लाभ उपलब्ध होने की संभावना रहे, जिसके प्रति घटाए जाने योग्य अस्थायी अंतर का उपयोग हो सके। आस्थगित कर परिसंपत्तियों की प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर समीक्षा की जाती है, और उन्हे इस सीमा तक कम किया जाता है कि संबंधित कर लाभ मान्य किए जाने की संभावना न रह जाए।

6.15 लीज

समूह लीज अनुबंधों के मान्यीकरण, मापन और प्रस्तुति के लिए इंड एएस '116 लीज' के सिद्धांत लागू करता है।

(i) समूह एक पट्टाकर्ता के रूप में

समूह अनुबंध करते समय यह आकलन कर लेता है कि क्या अनुबंध एक लीज है या इसमें लीज शामिल है। अनुबंध एक पट्टा होता है या इसमें पट्टा शामिल माना जाता है, यदि यह परिभाषित हितलाभ के बदले एक समयावधि तक चिन्हित परिसंपत्ति के उपयोग का अधिकार देता है। यह पता लगाने के लिए कि क्या कोई अनुबंध एक चिन्हित परिसंपत्ति के उपयोग को नियंत्रित करने का अधिकार देता है, समूह यह आकलन करता है कि (क) क्या उसे लीज अवधि के दौरान परिसंपत्ति के उपयोग से सभी आर्थिक लाभ पूरी तरह उपलब्ध हैं या नहीं, और (ख) क्या समूह के पास चिन्हित परिसंपत्ति के उपयोग को नियंत्रित करने का अधिकार है।

समूह, लीज अनुबंध करते समय लागत पर परिसंपत्ति के उपयोग का अधिकार (आरओयू) और इससे जुड़ी लीज देयता को मान्य करता है, केवल 12 माह से कम अवधि (अल्पावधि) के पट्टों और कम मूल्य की परिसंपत्तियों को छोड़कर, जो लीज अवधि पर सीध रेखीय आधार पर संचालन व्यय के रूप में मान्य किए जाते हैं।

कुछ लीज प्रबंधों में पट्टे की अवधि बढ़ाने या निर्धारित अवधि से पहले ही समाप्त कर देने का विकल्प शामिल होता है। आरओयू परिसंपत्तियों और लीज देयताओं में ये विकल्प शामिल होते हैं जब तर्कसम्मत ढंग से यह परिभाषित हो कि इन विकल्पों का उपयोग किया जाएगा।

आरओयू परिसंपत्तियां आरंभ में लागत पर मान्य होती हैं, जिसमें लीज तिथि पर या इससे पहले किए गए लीज भुगतान के लिए समायोजित लीज देयता की प्रारंभिक राशि और प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागतों के योग से किसी प्राप्त लीज प्रोत्साहन को घटाया जाना शामिल होता है। बाद में इनका मापन किसी संचित ह्रास और संचित क्षतिग्रस्तता हानि को घटाकर लागत पर किया जाता है। आरओयू परिसंपत्तियों को सीध रेखीय विधि से शुरूआत की तिथि से लीज अवधि या आरओयू परिसंपत्तियों के उपयोगी जीवन में से जो भी कम हो, पर ह्रासित किया जाता है।

लीज देयता आरंभ में भविष्य के लीज भुगतानों के वर्तमान मूल्य पर परिशोधित लागत पर मापी जाती है। लीज भुगतानों को लीज में शामिल ब्याज दर का उपयोग करते हुए या, यदि यह तुरंत निर्धारण योग्य न हो तो लीज परिचालित किए जाने के देश में समूह की क्रमिक वृद्धि वाली ऋण दरों का उपयोग करते हुए डिस्काउंट किया जाता है।

यदि समूह अपना आकलन बदल देता है कि वह विस्तार का विकल्प चुनेगा या समाप्त किए जाने का तो लीज देयताओं का पुनःमापन, संबंधित आरओयू परिसंपत्ति में समायोजन के साथ किया जाता है।

लीज देयता और आरओयू परिसंपत्ति तुलन-पत्र में अलग अलग प्रस्तुत की जाती है। लीज देयता पर ब्याज व्यय, समेकित लाभ एवं हानि विवरण में वित्तीय लागत के घटक के रूप में, आरओयू परिसंपत्ति में ह्रास से अलग प्रस्तुत की जाती है। मूल अंश के लिए लीज भुगतान वित्तीय गतिविधियों में प्रयुक्त नकदी प्रवाह के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, और ब्याज अंश के लिए लीज भुगतान प्रचालन गतिविधियों में प्रयुक्त नकदी प्रवाह के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

(ii) समूह पट्टादाता के रूप में

उन लीजों को जिनके लिए समूह पट्टादाता है, एक वित्त या प्रचालन लीज के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। ऐसे अनुबंध जिनमें लीज से संबंधित जोखिम और पुरस्कार पूरी तरह पट्टाधारी को स्थानांतरित कर दिए जाते हैं, वित्त लीज के रूप में वर्गीकृत होते हैं। अन्य सभी लीज,

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

वर्गीकरण के तहत प्रचालन लीज में आते हैं। प्रचालन लीजों के लिए किराए से मिलने वाली आय संबंधित लीज की अवधि पर सीध रेखीय विधि से मान्य की जाती है।

प्रचालन लीज के तहत पट्टाधारी से बकाया राशि, लीज में समूह के निवल निवेश के बराबर राशि पर प्राप्य के रूप में मान्य की जाती है। लीज पर वित्त आय लेखांकन अवधि के लिए आवंटित किया जाता है ताकि रिपोर्टिंग तिथि पर लीज के संदर्भ मे बकाया समूह के निवल निवेश पर नियत आवधिक रिटर्न दर दर्शाई जा सके।

6.16 विदेशी मुद्रा लेनदेन और अंतरण

समूह की कार्यशील मुद्रा भारतीय रुपया है। विदेशी मुद्रा लेनदेन, विनिमय दरों का उपयोग करते हुए लेनदेन की तिथि पर कार्यशील मुद्रा में अंतरित किया जाता है।

प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में विदेशी मुद्रा में व्यक्त मौद्रिक मदें रिपोर्टिंग अवधि की अंतिम तिथि पर मौजूद विनिमय दरों का उपयोग करते हुए अंतरित की जाती हैं। मौद्रिक मदों के विनिमय अंतरों को संबंधित अवधि की समेकित लाभ एवं हानि विवरण में मान्य किया जाता है। हालांकि 1 अप्रैल, 2018 से पहले वित्तीय विवरणों में मान्य दीर्घावधि मौद्रिक मदों के लिए इस प्रकार के 'विनिमय अंतर विदेशी मुद्रा मौद्रिक मद अंतरण अंतर खाते' में संचित किए जाते है और इन दीर्घावधि मौद्रिक मदों की शेष अवधि पर परिशोधित कर दिए जाते हैं।

6.17 सामान्य नियंत्रण के तहत व्यवसाय संयोजन

कंपनियों और व्यवसायों का सामान्य नियंत्रण के तहत आना ही व्यवसाय संयोजन है जिसमें जुड़ने वाली सभी कंपनियां और व्यवसाय, संयोजन से पहले और बाद में, समान पक्ष और पक्षों द्वारा नियंत्रित होती हैं और यह नियंत्रण अस्थायी नहीं होता।

कंपनियों और व्यवसायों को समान नियंत्रण में शामिल करने वाले व्यवसाय संयोजन निम्नानुसार रुचि संमुच्चयन विधि (पूलिंग ऑफ इंटरेस्ट मेथड) का उपयोग करते है:-

- संयोजी कंपनियों की परिसंपत्तियां और देयताएं उनकी वहनीय राशि पर दर्शाई जाती हैं।
- उचित मूल्य दर्शाने या नई परिसंपत्तियां और देयताएं मान्य करने के लिए कोई समायोजन नहीं किया जाता।
- समेकित वित्तीय विवरणों में पूर्व अवधियों के बारे में वित्तीय सूचनाएं इस तरह फिर से उल्लिखित की जाती हैं कि व्यवसाय संयोजन वित्तीय विवरणों में पूर्व अवधि के आरंभ से ही हो चुका हो, भले ही वास्तविक तिथि कुछ भी रही हो।

अंतरणकर्ता के समेकित वित्तीय विवरणों में दर्शाया गया प्रतिधारित अर्जन शेष अंतरिती के वित्तीय विवरणों में दिए गए संबंधित शेष के साथ जोड़ दिया जाता है। रिजर्व की पहचान संरक्षित रखी जाती है और अंतरणकर्ता का रिजर्व अंतरिती का रिजर्व बन जाता है।

जारी शेयर पूंजी के रूप में दर्ज राशि और नकदी या अन्य परिसंपत्तियों के रूप में कोई अतिरिक्त लाभ का जोड़ तथा अंतरणकर्ता की शेयर पूंजी की राशि के बीच का कोई अंतर, यदि हो, पूंजी रिजर्व में स्थानांतरित कर दिया जाता है और अन्य पूंजी रिजर्व से पृथक प्रस्तुत किया जाता है।

6.18 पूर्व अवधि की बड़ी त्रुटियां

पूर्व अवधि में रह गई बड़ी त्रुटियों का संशोधन बाद में पूर्व अवधियों के लिए, जिनमें भूल हुई थी, तुलनात्मक राशि बहाल कर किया जाता है। यदि यह त्रुटि प्रस्तुत की गई सबसे पहले की अवधि से भी पहले की हो, तो प्रारंभिक अवधि की परिसंपत्तियों, देयताओं और इक्विटी का प्रारंभिक शेष फिर से दिया जाता है।

6.19 इक्विटी के रूप में वर्गीकृत लिखतों के धारकों के लिए लाभांश और अन्य भुगतान

अंतिम लाभांश शेयरधारकों द्वारा अनुमोदन की तिथि पर देयता के रूप में दर्ज किया जाता है और अंतरिम लाभांश समूह में संबंधित कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा घोषणा की तिथि पर देयता के रूप में दर्ज होता है।

इक्विटी के रूप में वर्गीकृत उपकरणों के धारकों के लिए भुगतान की देयता उस अवधि में मान्य की जाती है जब ये भुगतान समूह की संबंधित कंपनी द्वारा अधिकृत किए जाते हैं।

6.20 प्रति शेयर अर्जन

प्रति इक्विटी शेयर प्राथमिक आमदनी की गणना समूह के इक्विटी शेयरधारकों को हुए निवल लाभ या हानि को वित्तीय वर्ष के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से भाग देकर की जाती है।

प्रति शेयर तनुकृत आय की गणना के लिए उस अवधि में इक्विटी शेयरधारकों को होने वाले लाभ या हानि और बकाया शेयरों की भारित औसत संख्या को तनुकृत संभावना वाले सभी इक्विटी शेयरों के असर के लिए समायोजित किया जाता है।

7. अनुमानों और प्रबंधकीय निर्णयों का उपयोग

समेकित वित्तीय विवरणों की तैयारी में प्रबंधन को निर्णय, अनुमान और आकलन करने होते हैं जो परिसंपत्तियों, देयताओं, राजस्व और व्यय की प्रतिवेदित राशि और संबंधित स्पष्टीकरणों को प्रभावित करता है। अनुमान और निहित धारणायें पहले के अनुभवों और अन्य संबद्ध कारकों पर आधारित होती हैं और जारी आधार पर समीक्षित होती हैं। वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से अलग हो सकते हैं।

लेखांकन आकलनों में परिवर्तन, यदि हो, तो उन्हें उस अवधि में मान्य किया जाता है जिनमें वे संशोधित होते हैं, यदि संशोधन केवल उस अवधि को

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

प्रभावित करता है, या फिर संशोधन अवधि में या भविष्य मे मान्य किया जाता है यदि यह मौजूदा और भावी दोनों अवधियों को प्रभावित करता है।

7.1 महत्वपूर्ण प्रबंधकीय निर्णय

समेकित वित्तीय विवरणों के बारे में समझ बढ़ाने के लिए, आकलन में शामिल क्षेत्रों के अतिरिक्त (टिप्पणी संख्या 7.2), महत्वपूर्ण निर्णयों के प्रमुख क्षेत्रों के बारे में जानकारी, जिनका लेखांकन नीतियां लागू करने में समेकित वित्तीय विवरणों में मान्य राशियों पर सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रभाव होता है, इस प्रकार हैः-

(i) विशेष रिजर्व पर आस्थगित कर देयता

कंपनी और इसकी सहायक कंपनी आरईसीएल ने अपने निदेशक मंडल से यह अनुमोदन प्राप्त कर लिया है कि आयकर अधिनियम की धारा 36(1)(viii) के तहत सृजित और प्रबंधित विशेष रिजर्व से आहरण का कोई विचार नहीं है और यह आहरण किए जाने योग्य नहीं है। इसके अनुसार उक्त रिजर्व पर कोई आस्थगित कर देयता सृजित नहीं हुई है।

(ii) ऋण क्षतिग्रस्त ऋण परिसंपत्तियों पर आय का अमान्यीकरण

विवेक के अनुसार ऋण क्षतिग्रस्त ऋण परिसंपत्तियों पर आय का अमान्यीकरण, प्राप्त होने पर या प्रोद्भूत आधार पर या तो दबावग्रस्त परिसंपत्तियों के समाधानों पर या अनुमानित मान्यीकरण के बकाया ऋण राशि से अधिक होने पर किया जाता है।

(iii) ऋण क्षतिग्रस्त ऋण परिसंपत्तियों पर लेनदेन लागत का परिशोधन

गैर-परिशोधित लेनदेन लागत की बकाया राशि ऋण परिसंपत्ति के क्षतिग्रस्त वर्गीकृत किए जाने पर समेकित लाभ एवं हानि विवरण में जमा करा दी जाती है।

(iv) निवेशों का वर्गीकरण

कंपनी में किसी निवेश को सहायक कंपनी में, संयुक्त उद्यम में या सहयोगी कंपनी में निवेश मानने के लिए प्रत्येक मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर निर्भर नियंत्रण चरण के आकलन की जरूरत होती है।

क) एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) को वर्ष 2009 में एनटीपीसी लिमिटेड, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल), आरईसीएल, और पीएफसी के एक संयुक्त उद्यम (जेवी) के रूप में शामिल किया गया था। मौजूदा वित्तीय वर्ष के दौरान दिनांक 01.09.2021 के पूरक समझौते के द्वारा जेवी संधि में संशोधन किए गए, और सभी संयुक्त उद्यम साझेदारों को कुछ आरक्षित विषयों पर मतदान अधिकार के माध्यम से प्रदत्त स्वतंत्र भागीदारी अधिकार और विशेषाधिकार, वापस ले लिए गए। इसलिए किसी संयुक्त नियंत्रण के अभाव में ईईसीएल समेकित वित्तीय विवरणों के उद्देश्य के लिए एक संयुक्त उद्यम कंपनी नहीं रहा।

कंपनी की अपनी सहायक कंपनी आरईसीएल के साथ एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) की इक्विटी शेयर पूंजी में 33.33 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। हालांकि इंड एएस 28 'सहयोगी कंपनी और संयुक्त उद्यमों में निवेश' की अपेक्षानुसार संबंधित गतिविधियों को निर्देशित करने की व्यावहारिक पात्रता के अभाव के कारण कंपनी का कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं होने के कारण ईईसीएल समेकित वित्तीय विवरणों के उद्देश्य के लिए एक सहायक कंपनी नहीं मानी जाती।

ख) अल्ट्रा मेगा पावर परियोजनाएं (यूएमपीपी), आरईसीएल की पारेषण परियोजनाएं (एसपीवी) और पीएफसीसीएल की आईटीपी का प्रबंधन भारत सरकार के अधिदेश के अनुसार होता है और समूह के पास इनकी गतिविधियों को एकतरफा निर्देशित करने की व्यावहारिक पात्रता नहीं है। इसलिए समूह संबंधित यूएमपीपी, आईटीपी और एसपीवी में अपने निवेश को महत्वपूर्ण प्रभाव रखे जाने वाले सहयोगी कंपनियों में निवेश मानता है, बावजूद इसके कि संबंधित कंपनियों की अपनी चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में 100 % की धारिता है।

ग) बोर्ड में अपनी स्थिति या ऋणकर्ता कंपनियों में इक्विटी शेयरों के कारण इन कंपनियों में पीएफसी जिन अधिकारों का उपयोग करता है, वे प्रकृति में संरक्षणात्मक है। इसलिए ऋणकर्ता कंपनियां सहायक कंपनियां नहीं मानी जातीं।

(v) कम मूल्य के लीज

यदि पट्टाधारी इंड एएस 116 'लीज' की मान्यता और मापन अपेक्षाएं उन लीज पर लागू नहीं करना चाहता, जिनमें निहित परिसंपत्तियां कम मूल्य की हैं, तो आकलन आवश्यक हो जाता है। कम मूल्य के निर्धारण के लिए समूह ने इंड एएस 'वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति' और इंड एएस की अवधारणा रूपरेखा, जिनमें महत्वपूर्ण निर्णय शामिल हैं, में स्पष्ट परिसंपत्तियों की प्रकृति और भौतिक स्थिति पर विचार किया है।

(vi) विविध देयताएं - ब्याज पूंजीकरण

क्षतिग्रस्त ऋणों पर अमान्यीकृत आय, जो वित्तपोषित ब्याज सावधि ऋण (एफआईटीएल) /ऋण/प्रावधान के तहत अधिग्रहीत इक्विटी लिखतों द्वारा व्यक्त की गई है, 'विविध देयता खाता (ब्याज पूंजीकरण)' शीर्षक के एक अलग खाते में अंतरित कर दी जाती है और एफआईटीएल के पुनर्भुगतान या बिक्री/ ऋण/ इक्विटी लिखतों के मोचन पर समेकित लाभ एवं हानि विवरण में मान्य की जाती है।

(vii) वित्तीय परिसंपत्तियों के क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता संकेतकों का मूल्यांकन

परिसंपत्तियों के क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता की संगणना के लिए संकेतकों की व्यावहार्यता के मूल्यांकन के लिये अनेक बाह्य और आंतरिक कारकों का आकलन जरूरी है, जिनका असर परिसंपत्तियों की वसूली योग्य राशि में कमी पर पड़ सकता है। समूह डिफॉल्ट यानि

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

चूक और ऋण जोखिम में अधिक वृद्धि (एसआईसीआर) की पहचान तथा उपलब्ध जानकारी के आधार पर समान वित्तीय परिसंपत्तियों की समूहबद्धता के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेता है।

(viii) सहायक कंपनियों, शाखाओं के असंवितरित लाभ/हानियों तथा सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों में निवेश के संदर्भमें आस्थगित कर देयता/आस्थगित कर परिसंपत्ति

सहायक कंपनियों, शाखाओं के असंवितरित लाभ/हानियों के संदर्भ में तथा सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों में निवेश के संदर्भ में आस्थगित कर देयता/आस्थगित कर परिसंपत्ति के लेखांकन के लिए निर्णय लिए जाने की आवश्यकता होती है। सहायक कंपनियों, शाखाओं के असंवितरित लाभ/हानियों तथा सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों में निवेश के संदर्भ में, कंपनी अस्थायी अंतरों में पलटाव के समय को नियंत्रित कर सकती है लेकिन अस्थायी अंतर निकट भविष्य में पलटे नहीं जाएंगे। इसलिए समूह सहायक कंपनियों में निवेश और संयुक्त उद्यमों में ब्याज से जुड़े सभी करयोग्य अस्थायी अंतरों के लिए आस्थगित कर देयता को मान्य नहीं करती।

7.2 अनुमानित अनुमान और आकलनों के प्रमुख स्रोत

परिसंपत्तियों, देयताओं, आय और व्यय के मान्यीकरण और मापन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले आकलन और अनुमानों के बारे में जानकारी नीचे दी गई हैः-

(i) परिभाषित हितलाभ दायित्व (डीबीओ)

डीबीओ के बारे में समूह का अनुमान अनेक निहित आकलनों पर आधारित है जैसे मानक मुद्रा स्फीति दर, मृत्यु दर, छूट की दर और भविष्य का वेतन वृद्धि अनुमान। इन आकलनों में किसी अंतर का प्रभाव महत्वपूर्ण रूप से डीबीओ की राशि और वार्षिक निर्दिष्ट लाभ व्यय पर पड़ सकता है, जैसा कि टिप्पणी - 50 में विस्तार से दिया गया है।

(ii) वित्तीय परिसंपत्तियों का क्षतिग्रस्तता परीक्षण (अनुमानित क्रेडिट हानि)

वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए क्षतिग्रस्तता हानि, जिसमें ऋण एलओसी और परिशोधित लागत पर मापित गारंटी शामिल है, भत्ता के मापन के लिए सांख्यिकी मॉडल, भविष्य की अनुमानित आर्थिक स्थितियां, अनुमानित नकदी प्रवाह और ऋण रिकॉर्ड (जैसे ऋण जोखिम स्कोरिंग के लिए प्रयुक्त इनपुट और भारांक, ऋणकर्ता की चूक की संभावना और परिणाम स्वरूप हानियां) के उपयोग की आवश्यकता होती है। क्षतिग्रस्त ऋणों से वसूली योग्य संभावित नकदी प्रवाह के आकलन में, ऋण कर्ता की वित्तीय स्थिति, परियोजना की मौजूदा स्थिति, प्रतिभूतियों / कोलेटरल इत्यादि के निवल प्राप्य मूल्य इत्यादि का आकलन किया जाता है।

चूंकि ये अनुमान विभिन्न धारणाओं पर आधारित होते हैं, वास्तविक परिणामों में अंतर आ सकता है। ब्योरे के लिए टिप्पणी 46.1 देखेः-

(iii) उचित मूल्य मापन

वित्तीय रिपोर्टिंग के उद्देश्यों के लिए वित्तीय लिखतों के उचित मूल्य का आकलन जरूरी होता है। समूह उचित मूल्य मापन के लिए समुचित मूल्यांकन तकनीक और इनपुट का उपयोग करता है। किसी परिसंपत्ति या देयता के उचित मूल्य के आकलन के लिए समूह उद्धृत मूल्यों और बाजार पर्यवेक्षण डेटा का उपलब्ध सीमा तक उपयोग करता है। इनके उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में परिसंपत्तियों/ देयताओं के उचित मूल्य की संगणना के लिए अप्रयुक्त इनपुट का उपयोग किया जाता है। मूल्यांकन तकनीकों, विभिन्न परिसंपत्तियों और देयताओं के उचित मूल्य निर्धारण में प्रयुक्त इनपुट के बारे में जानकारी और अन्य विवरण टिप्पणी 48 में उपलब्ध हैं।

(iv) आयकर

आयकर के लिए प्रावधानों के निर्धारण में अपरिभाषित कर स्थितियों में भुगतान की गई/वसूल की गई अनुमानित राशि तथा आस्थगित कर परिसंपत्ति के आकलन के लिए भी भविष्य की अनुमानित लाभप्रदता सहित अनुमानित राशि का आकलन शामिल हैं। विवरण के लिए टिप्पणी 43 और 16 देखें।

(v) परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई) और अमूर्त परिसंपत्तियों का उपयोगी जीवनकाल

समूह प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में परिसंपत्तियों की अनुमानित उपयोगिता के आधार पर ह्रासयोग्य/परिशोधित परिसंपत्तियों के उपयोगी जीवनकाल के आकलन की समीक्षा करता है। इन आकलनों में अपरिभाषितताएं तकनीकी और आर्थिक अप्रयुक्तता के कारण होती हैं, जो परिसंपत्ति की उपयोगिता में परिवर्तन ला सकती हैं। पीपीई और अमूर्त परिसंपत्तियों के उपयोगी जीवनकाल और वहनीय मूल्यों के बारे में विवरण के लिए टिप्पणी 17 देखें।

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

8. नकदी और नकदी समतुल्य

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
(i)	बैंको में शेष (नकदी और नकदी समतुल्य प्रकृति का)		
	- चालू खातो में	63.17	148.22
	- सावधि जमा खातों में (मूल परिपक्वता 3 माह तक की)	64.42	766.00
(ii)	पोस्टेज और इंप्रेस्ट सहित चेक, तत्काल ड्राफ्ट	0.00	0.02
	कुल नकदी और नकदी समतुल्य	**127.59**	**914.24**

9. बैंक शेष, नकदी और नकदी समतुल्य में शामिल के अतिरिक्त

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
(i)	बैंको में शेष और सावधि जमा, इस हेतु निर्दिष्ट:		
	- सावधि जमा खाते - एलएडी (टिप्पणी 9.1 देखें)	-	245.84
	- सावधि जमा खाते - एचक्यूएलए (टिप्पणी 9.2 देखें)	1,473.26	2,398.99
	- अप्रदत्त लाभांश	12.42	11.85
	- अप्रदत्त - बॉण्ड/बॉण्ड पर ब्याज इत्यादि	72.70	91.19
	- भारत सरकार की योजनाओं के तहत प्राप्त राशि	172.41	1,379.42
	- बैंको में सावधि जमा - डिबेंचर मोचन के लिए	196.35	225.33
	- मार्जिन राशि के रूप में/प्रतिभूति जमा पर धारित	-	0.27
(ii)	अदालती अनुपालन में जमा	0.62	0.59
(iii)	बैंक शेष, लंबित प्रतिभूतियों के आवंटन उपयोग के लिए उपलब्ध नहीं	1,720.36	1,291.54
(iv)	बैंकों में सावधि जमा - तीन माह से अधिक लेकिन 12 माह से कम	30.56	10.99
(v)	सावधि जमा के अतिरिक्त	252.16	114.25
(vi)	बैंको में चालू खाते - अव्ययित सीएसआर राशि के लिए	42.59	-
	नकदी और नकदी समतुल्य में शामिल के अतिरिक्त कुल बैंक शेष	**3,973.43**	**5,770.26**

9.1 समूह ने इन सावधि जमा पर ऋण (एलएडी) लिया है और इसे टिप्पणी 23.2 में प्रस्तुत किया है।

9.2. आरबीआई के अनुसार उच्च गुणवत्ता की लिक्विड परिसंपत्तियों (एचक्यूएलए) के प्रबंधन के लिए सावधि जमा।

10. डेरिवेटिव वित्तीय लिखत

कंपनी और इसकी सहायक कंपनी आरईसीएल लिमिटेड मुद्रा और ब्याज दर जोखिम की हेजिंग के लिए डेरिवेटिव उपाय करती है। जोखिम प्रबंधन उद्देश्य के लिए धारित डेरिवेटिव में हेज लेखांकन अपेक्षाओं के तहत प्रभावी हेज के रूप में निर्दिष्ट बचाव उपाय या आर्थिक हेज शामिल हैं। निम्नांकित तालिका अनुमानित राशियों के साथ परिसंपत्ति या देयताओं के रूप में दर्ज डेरिवेटिव वित्तीय लिखतों का उचित मूल्य दर्शाती है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

भाग - I

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	31.03.2023 तक			31.03.2022 तक		
		अनुमानित राशियां	उचित मूल्य परिसंपत्तियां	उचित मूल्य देयताएं	अनुमानित राशियां	उचित मूल्य परिसंपत्तियां	उचित मूल्य देयताएं
(i)	**मुद्रा डेरिवेटिव:**						
	- स्पॉट और फॉरवर्ड	1,014.18	20.40	21.06	-	-	-
	- करेंसी स्वैप	7,605.06	507.62	58.13	14,979.27	1,112.54	48.37
	- विकल्प	1,30,438.82	12,107.19	91.15	75,384.97	6,468.82	21.55
	कुल मुद्रा डेरिवेटिव	**1,39,058.06**	**12,635.21**	**170.34**	**90,364.24**	**7,581.36**	**69.92**
(ii)	**ब्याज दर डेरिवेटिव**						
	- फॉरवर्ड दर करार और ब्याज दर स्वैप	56,827.39	1,149.80	300.82	51,171.39	1,009.37	255.22
	कुल ब्याज दर डेरिवेटिव	**56,827.39**	**1,149.80**	**300.82**	**51,171.39**	**1,009.37**	**255.22**
(iii)	**अन्य डेरिवेटिव**						
	- रिवर्स क्रॉस करेंसी स्वैप	4,947.00	-	530.11	4,747.00	-	331.25
	कुल अन्य डेरिवेटिव	**4,947.00**	**-**	**530.11**	**4,747.00**	**-**	**331.25**
	कुल डेरिवेटिव वित्तीय लिखत (i) + (ii) + (iii)	**2,00,832.45**	**13,785.01**	**1,001.27**	**1,46,282.63**	**8,590.73**	**656.39**

भाग - II: उपर्युक्त भाग - I शामिल डेरिवेटिव हेजिंग और जोखिम प्रबंधन उद्देश्यों के लिए इस प्रकार धारित:

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	31.03.2023 तक			31.03.2022 तक		
		अनुमानित राशियां	उचित मूल्य परिसंपत्तियां	उचित मूल्य देयताएं	अनुमानित राशियां	उचित मूल्य परिसंपत्तियां	उचित मूल्य देयताएं
(i)	**उचित मूल्य हेजिंग (निर्दिष्ट)**						
	- ब्याज दर डेरिवेटिव	-	-	-	-	-	-
	- फॉरवर्ड दर करार और ब्याज दर स्वैप	15,950.70	10.32	289.34	11,850.70	19.76	112.00
	कुल उचित मूल्य हेजिंग (निर्दिष्ट)	**15,950.70**	**10.32**	**289.34**	**11,850.70**	**19.76**	**112.00**
(ii)	**नकदी प्रवाह हेजिंग (निर्दिष्ट):**						
	- मुद्रा डेरिवेटिव	1,33,405.31	12,212.17	89.02	84,292.31	6,746.43	69.92
	- ब्याज दर डेरिवेटिव	31,027.09	701.80	11.48	22,031.03	313.96	84.42
	कुल नकदी प्रवाह हेजिंग (निर्दिष्ट)	**1,64,432.40**	**12,913.97**	**100.50**	**1,06,323.34**	**7,060.39**	**154.34**
(iii)	**अनिर्दिष्ट डेरिवेटिव**	20,449.35	860.72	611.43	28,108.59	1,510.58	390.05
	कुल अनिर्दिष्ट डेरिवेटिव	**20,449.35**	**860.72**	**611.43**	**28,108.59**	**1,510.58**	**390.05**
	कुल डेरिवेटिव वित्तीय लिखत (i) + (ii) + (iii)	**2,00,832.45**	**13,785.01**	**1,001.27**	**1,46,282.63**	**8,590.73**	**656.39**

10.1. फॉरवर्ड दर करार/ ब्याज दर स्वैप का विवरण:

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
(i)	स्वैप करार का अनुमानित सिद्धांत	56,827.39	51,171.39
(ii)	प्रतिपक्षकारों द्वारा सहमति के तहत निर्दिष्ट दायित्व पूरा नहीं कर पाने पर होने वाला नुकसान	1,149.80	1,009.37
(iii)	स्वैप में जाने के लिए एनबीएफसी द्वारा अपेक्षित कोलेटरल	-	-
(iv)	स्वैप से होने वाली क्रेडिट जोखिम सघनता टिप्पणी (क) देखें	टिप्पणी [क] देखें	
(v)	स्वैप खाते का उचित मूल्य (प्रतिपक्ष बैंकों से प्राप्त)	848.98	754.15

[क]समूह ने आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार केवल श्रेणी-1 अधिकृत डीलर बैंको के साथ स्वैप करार किया है।

10.2 समूह के पास 31.03.2023 को कोई विनिमय कारोबार डेरिवेटिव नहीं है (31.03.2022 को शून्य)।

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

10.3 डेरिवेटिव में जोखिम एक्सपोजर पर मात्रात्मक प्रकटीकरण:

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	31.03.2023 तक			31.03.2022 तक		
		मुद्रा डेरिवेटिव	ब्याज दर डेरिवेटिव	अन्य डेरिवेटिव (रिवर्स क्रॉस करेंसी स्वैप)(क)	मुद्रा डेरिवेटिव	ब्याज दर डेरिवेटिव	अन्य डेरिवेटिव (रिवर्स क्रॉस करेंसी स्वैप)(क)
(i)	डेरिवेटिव (अनुमानित मूलधन राशि)						
	हेजिंग के लिए	139,058.06	56,827.39(ख)	4,947.00	90,364.24	51,171.39(ख)	4,747.00
(ii)	बाजार से बाजार की स्थितियां (एमटीएम)						
	क) परिसंपत्ति (+एमटीएम)	12,635.21	1,149.80	-	7,581.36	1,009.37	-
	ख) देयता (-एमटीएम)	170.34	300.82	530.11	69.92	255.22	331.25
(iii)	क्रेडिट एक्सपोजर	14,561.03	1,134.87	692.05	10,218.30	1,075.98	662.05
(iv)	हेज रहित विदेशी मुद्रा एक्सपोजर	32,142.27	8,758.90	-	41,736.51	2,319.39	-

(क) लागत कमी की कार्यनीति के रूप में।

(ख) ब्याज दर डेरिवेटिव में रुपया देयता में डेरिवेटिव और लागत कमी के उपाय के रूप में रखे गए डेरिवेटिव शामिल हैं।

10.4 विदेशी मुद्रा जोखिम और ब्याज दर जोखिम प्रबंधन के लिए क्रमशः टिप्पणी 46.3 और 46.4 देखें तथा हेज लेखांकन से संबंधित प्रकटीकरण के लिए टिप्पणी 47 देखें।

11. व्यापार प्राप्य

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
	व्यापार प्राप्य		
(i)	- अच्छा माना गया - प्रतिभूत (सकल)	-	31.08
(ii)	- अच्छा माना गया - अप्रतिभूत (सकल)	185.69	91.94
(iii)	घटाएं: क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता	(25.67)	(12.48)
(iv)	- ऋण जोखिम में जिनकी महत्वपूर्ण वृद्धि रही (सकल)	37.62	30.97
(v)	घटाएं: क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता	(28.07)	(15.88)
(vi)	- ऋण क्षतिग्रस्त (सकल)	66.81	63.32
(vii)	घटाएं: क्षतिग्रस्त ऋण पर क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता	(65.21)	(63.32)
	कुल व्यापार प्राप्य	**171.17**	**125.63**

11.1 व्यापार प्राप्य पर क्षतिग्रस्तता हानि भत्ते के ब्योरे के लिए टिप्पणी 46.1.13 देखें।

11.2 व्यापार प्राप्य परिपक्वता अनुसूची

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक					
	6 माह से कम	6 माह - 1 वर्ष	1-2 वर्ष	2-3 वर्ष	3 वर्ष से अधिक	कुल
(i) - अविवादित व्यापार प्राप्य						
- अच्छा माना गया	135.28	36.93	0.45	3.09	9.93	185.68
- क्रेडिट जोखिम में जिनकी महत्वपूर्ण वृद्धि रही	-	-	21.32	16.31	-	37.63
- क्षतिग्रस्त क्रेडिट	-	-	2.42	0.57	63.81	66.81
उप-जोड़ (i)	**135.28**	**36.93**	**24.19**	**19.98**	**73.74**	**290.12**
(ii) - विवादित व्यापार प्राप्य						
- अच्छा माना गया	-	-	-	-	-	-
- क्रेडिट जोखिम में जिनकी महत्वपूर्ण वृद्धि रही	-	-	-	-	-	-
- क्षतिग्रस्त क्रेडिट	-	-	-	-	-	-
उप-जोड़ (ii)	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
कुल (i+ii)	**135.28**	**36.93**	**24.19**	**19.98**	**73.74**	**290.12**

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(₹ करोड़ में)

	विवरण	31.03.2022 तक					
		6 माह से कम	6 माह - 1 वर्ष	1-2 वर्ष	2-3 वर्ष	3 वर्ष से अधिक	कुल
(i)	**- अविवादित व्यापार प्राप्य**						
	- अच्छा माना गया	78.37	27.46	4.19	3.19	6.81	120.02
	- क्रेडिट जोखिम में जिनकी महत्वपूर्ण वृद्धि रही	-	-	19.35	14.56	-	33.91
	- क्षतिग्रस्त क्रेडिट	-	-	1.10	1.27	61.01	63.38
	उप-जोड़ (i)	**78.37**	**27.46**	**24.64**	**19.02**	**67.82**	**217.31**
(ii)	**- विवादित व्यापार प्राप्य**						
	- अच्छा माना गया	-	-	-	-	-	-
	- क्रेडिट जोखिम में जिनकी महत्वपूर्ण वृद्धि रही	-	-	-	-	-	-
	- क्षतिग्रस्त क्रेडिट	-	-	-	-	-	-
	उप-जोड़ (ii)	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
	कुल (i+ii)	**78.37**	**27.46**	**24.64**	**19.02**	**67.82**	**217.31**

12. ऋण

कंपनी और इसकी सहायक कंपनी आरईसी ने सभी ऋणों को इंड एएस 109 'वित्तीय लिखत' की अपेक्षानुसार परिशोधित लागत पर श्रेणीकृत किया है।

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
(ए)	**ऋणकर्ताओं को ऋण***		
(i)	रुपया सावधि ऋण (आरटीएल)	8,07,013.69	7,52,573.06
(ii)	क्रेता लाइन ऑफ क्रेडिट	2,086.95	2,495.83
(iii)	कार्यशील पूंजी ऋण	47,621.75	2,658.59
(iv)	अन्य	777.61	768.87
(v)	**बकाया मूलधन (i से iv)**	**8,57,500.00**	**7,58,496.35**
(vi)	अर्जित लेकिन ऋणों पर अदेय ब्याज	5,513.99	5,467.27
(vii)	अर्जित ब्याज और ऋणों पर देय	478.37	1,070.52
(viii)	ऋणों पर अपरिशोधित शुल्क	(300.58)	(207.42)
	सकल वहनीय राशि (v से viii)	**8,63,191.78**	**7,64,826.72**
	घटाएं: क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता	(30,288.42)	(31,975.96)
	निवल वहनीय राशि	**8,32,903.36**	**7,32,850.76**
(ख)	**प्रतिभूति-वार वर्गीकरण**		
(i)	मूर्त परिसंपत्तियों द्वारा प्रतिभूत	4,38,196.92	4,14,821.03
(ii)	अमूर्त परिसंपत्तियों द्वारा प्रतिभूत	-	-
(iii)	बैंक/सरकारी गारंटी द्वारा कवर	3,41,748.33	2,74,293.60
(iv)	अप्रतिभूत	83,246.53	75,712.09
	सकल प्रतिभूति-वार वर्गीकरण	**8,63,191.78**	**7,64,826.72**
	घटाएं: क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता	(30,288.42)	(31,975.96)
	निवल प्रतिभूति-वार वर्गीकरण	**8,32,903.36**	**7,32,850.76**
(ग)I	**भारत में ऋण**		
(i)	सार्वजनिक क्षेत्र	7,48,503.38	6,70,548.18
(ii)	निजी क्षेत्र	1,14,688.40	94,278.54
	भारत में ऋण की सकल वहनीय राशि	**8,63,191.78**	**7,64,826.72**
	घटाएं: क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता	(30,288.42)	(31,975.96)
	भारत में ऋण की निवल वहनीय राशि	**8,32,903.36**	**7,32,850.76**
(ग)II	**भारत से बाहर ऋण**		
	घटाएं: क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता	-	-
	भारत से बाहर ऋण की निवल वहनीय राशि	**-**	**-**
	भारत में और भारत से बाहर ऋण की निवल वहनीय राशि	**8,32,903.36**	**7,32,850.76**

*प्रतिभूति के रूप में रखे गए ऋण के विवरण के लिए टिप्पणी 22.10 से 22.20 और 23.12 देखें।

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

12.1 ऋणकर्ताओं से शेष की पुष्टि

वर्ष के दौरान पीएफसी ने ऋणकर्ताओं को पत्र भेज कर 31.03.2023 तक बकाया ऋणों की पुष्टि करने को कहा, केवल उन स्थितियों को छोड़कर जहां ऋण वापस ले लिया गया या अदालत/एनसीएलटी के समक्ष लंबित है। उक्त शेषों के 99.76% की पुष्टि प्राप्त हो गई है। ₹967.94 करोड़ के शेष ऋणों में से जिनकी पुष्टि नहीं प्राप्त हुई, 0.94% सरकारी गारंटी/सरकार को दिए गए ऋण होने से प्रतिभूत हैं और बाकी 99.06% अप्रतिभूत ऋण हैं।

आरईसीएल के संदर्भ में, 31.03.2023 तक कुल ऋण परिसंपत्तियों के 93% के लिए ऋणकर्ताओं से ऋण शेष पुष्टि प्राप्त हो गई है। ₹28,832.15 करोड़ मूल्य की शेष 7% ऋण परिसंपत्तियों में से जिनकी पुष्टि प्राप्त नहीं हुई, 54% ऋण परिसंपत्तियों के हाइपोथीकेशन से, 25% सरकारी गारंटी/सरकार को ऋण से प्रतिभूत हैं और 21% अप्रतिभूत ऋण है।

12.2 पीएफसी और आरईसीएल द्वारा वर्ष के दौरान कार्यान्वित समाधान योजनाओं का विवरण:

(₹ करोड़ में)

		संख्या	राशि (₹ करोड़ में)	संख्या	राशि (₹ करोड़ में)
(क)	**अधिकृत पूंजी**				
	इक्विटी शेयर पूंजी (प्रति शेयर ₹10 का सममूल्य)	11,00,00,00,000	11,000.00	11,00,00,00,000	11,000.00
	अधिमानी शेयर पूंजी (प्रति शेयर ₹10 का सममूल्य)	20,00,00,000	200.00	20,00,00,000	200.00
(ख)	**जारी, अभिदत्त और पूर्ण प्रदत्त पूंजी**				
	इक्विटी शेयर पूंजी (प्रति शेयर ₹10 का सममूल्य)	2,64,00,81,408	2,640.08	2,64,00,81,408	2,640.08
(ग)	**इक्विटी शेयर पूंजी का समाधान**				
	प्रारंभिक इक्विटी शेयर पूंजी	2,64,00,81,408	2,640.08	2,64,00,81,408	2,640.08
	अवधि के दौरान परिवर्तन	-	-	-	-
	अंतिम इक्विटी शेयर पूंजी	**2,64,00,81,408**	**2,640.08**	**2,64,00,81,408**	**2,640.08**

28.1 इक्विटी शेयरों से जुड़े अधिकार, अधिमान और प्रतिबंध

कंपनी ने ₹10 प्रति शेयर के सममूल्य पर इक्विटी शेयर जारी किए थे। इक्विटी शेयरों के धारक समय-समय पर घोषित लाभांश प्राप्त करने के हकदार हैं और शेयरधारकों की बैठक में अपनी शेयरधारिता के अनुपात में मतदान के अधिकार के पात्र हैं।

28.2 कंपनी में 5% से अधिक शेयर रखने वाले प्रत्येक शेयरधारक द्वारा धारित शेयर

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023 तक		31.03.2022 तक	
		शेयरों की संख्या	इक्विटी शेयर पूंजी का %	शेयरों की संख्या	इक्विटी शेयर पूंजी का %
(i)	भारत के राष्ट्रपति (प्रमोटर)	1,47,82,91,778	55.99%	1,47,82,91,778	55.99%
(ii)	एफडीईएफसी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड	16,38,70,959	6.21%	22,85,47,160	8.66%
(iii)	भारतीय जीवन बीमा निगम	12,37,62,976	4.69%	13,21,17,474	5.00%

28.3 शेयरों की बिक्री या विनिवेश के लिए विकल्प और संविदा/प्रतिबद्धता के तहत जारी करने के लिए आरक्षित रिजर्व शेयर, जिसमें शर्तें और राशि शामिल हैं: शून्य

28.4 इक्विटी शेयरों की परिवर्तनीय किसी भी प्रतिभूतियों की शर्तें अवरोही क्रम में रूपांतरण की शुरूआती तारीख के साथ जारी की गई हैं, जो सबसे दूर की तारीख से शुरू होती हैं: शून्य।

28.5 अदत्त मांग राशि (निदेशकों और अधिकारियों द्वारा अदत्त मांग राशि का कुल मूल्य दर्शाते हुए): शून्य

28.6 जब्त शेयर (मूलत: प्रदत्त राशि): शून्य

28.7 पूंजी प्रबंधन: टिप्पणी 45 देखें।

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

29. अन्य इक्विटी*

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
(i)	पूंजी रिजर्व - सामान्य नियंत्रण (टिप्पणी 29.1 (i) देखें)	(13,114.50)	(13,461.00)
(ii)	प्रतिभूति प्रीमियम (टिप्पणी 29.1 (ii) देखें)	3,606.87	3,953.74
(iii)	विदेशी मुद्रा मौद्रिक मद अंतरण अंतर लेखा (टिप्पणी 29.1 (iii) देखें)	(883.61)	(806.07)
(iv)	भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-आईसी के अंतर्गत सृजित विशेष रिजर्व (टिप्पणी 29.1 (iv) देखें)	12,783.26	9,298.33
(v)	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viiए)(सी) के अंतर्गत अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए रिजर्व (टिप्पणी 29.1 (v) देखें)	529.39	680.04
(vi)	वित्तीय वर्ष 1996-97 तक आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अंतर्गत सृजित विशेष रिजर्व	599.85	599.85
(vii)	वित्तीय वर्ष 1997-98 तक आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अंतर्गत सृजित और अनुरक्षित विशेष रिजर्व (टिप्पणी 29.1 (vi) देखें)	39,658.38	35,878.11
(viii)	ब्याज विभेदक रिजर्व - केएफडब्ल्यू ऋण (टिप्पणी 29.1 (vii) देखें)	64.97	64.07
(ix)	सामान्य रिजर्व (टिप्पणी 29.1 (viii) देखें)	21,026.85	20,346.81
(x)	प्रतिधारित अर्जन (टिप्पणी 29.1 (ix) देखें)	18,236.28	12,757.10
(xi)	अन्य व्यापक आय के माध्यम से इक्विटी लिखित के लिए रिजर्व (टिप्पणी 29.1 (x) देखें)	2.12	(74.23)
(xii)	नकदी प्रवाह हेज के प्रभावी हिस्से के लिए रिजर्व (टिप्पणी 29.1 (xi) देखें)	808.03	302.56
(xiii)	हेजिंग रिजर्व की लागत (टिप्पणी 29.1 (xii) देखें)	(1,799.49)	(503.16)
	कुल अन्य इक्विटी	**81,518.41**	**69,036.16**

*अवधि के दौरान संचालन के लिए इक्विटी में परिवर्तन का समेकित विवरण देखें।

29.1 रिजर्व की प्रकृति और उद्देश्य:

(i) पूंजी रिजर्व - सामान्य नियंत्रण

28 मार्च, 2019 को पीएफसी के द्वारा आरईसी लिमिटेड के अधिग्रहण के परिणामस्वरूप, आरईसी लिमिटेड की इक्विटी शेयर पूंजी में पीएफसी की हिस्सेदारी ₹1039.50 करोड़ और भुगतान किए गए प्रतिफल (अधिग्रहण की तारीख को ₹0.50 करोड़ के निवेश सहित) ₹14500.50 करोड़ के बीच के अंतर को पूंजी रिजर्व सामान्य नियंत्रण के रूप में मान्यता दी गई है।

(ii) प्रतिभूति प्रीमियम:

यह इक्विटी शेयरों के निर्गम पर किए गए व्यय के इक्विटी शेयर पूंजी निवल जारी करने पर प्राप्त प्रीमियम की राशि का प्रतिनिधित्व करता है। इस राशि का उपयोग कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार किया जा सकता है।

(iii) विदेशी मुद्रा मौद्रिक मद अंतरण अंतर लेखा:

यह दीर्घावधि विदेशी मुद्रा ऋण (31.03.2018 तक जुटाया गया) पर अपरिशोधित विदेशी मुद्रा अभिलाभ/हानि का प्रतिनिधित्व करता है और संबंधित ऋणों की अवधि में परिशोधित किया जाता है।

(iv) भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम,1934 की धारा 45-आईसी के अंतर्गत सृजित विशेष रिजर्व:

यह लाभ और हानि खाते में प्रकट वर्ष के लिए कर पश्चात निवल लाभ के 20% की दर से और किसी भी लाभांश की घोषणा से पहले अनुरक्षित आय से अंतरण का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय रिवर्ज बैंक (आरबीआई) द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट प्रयोजन को छोड़कर रिजर्व निधि से किसी भी विनियोजन की अनुमति नहीं है और इसके अतिरिक्त, ऐसे किसी भी विनियोजन की सूचना आहरण की तारीख से 21 दिनों के भीतर भारतीय रिजर्व बैंक को दी जानी अपेक्षित है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(v) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viiए)(सी) के अंतर्गत अशोध्य और संदिग्ध ऋणों के लिए रिजर्व:

इसे पीएफसी और उसकी सहायक कंपनी आरईसी लिमिटेड को आयकर कटौती का लाभ उठाने में सक्षम बनाने के लिए बनाया गया है। इस प्रकार रखी गई रिजर्व निधि का उपयोग मुख्य रूप से वास्तविक अशोध्य ऋणों या उसके हिस्से के समायोजन के लिए किया जाता है। आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viiए)(सी) के अनुसार कंपनी और उसकी सहायक कंपनी आरईसी लिमिटेड अशोध्य और संदिग्ध ऋणों के लिए किए गए किसी भी प्रावधान/रिजर्व के संबंध में कटौती का लाभ उठाने के लिए पात्र हैं, जो आयकर अधिनियम के अनुसार कुल आय का अधिकतम पांच प्रतिशत हो सकता है।

(vi) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अंतर्गत सृजित विशेष रिजर्व

पीएफसी और इसकी सहायक कंपनी आरईसी लिमिटेड को कर लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए इसका रखरखाव किया जाता है। आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अनुसार, कंपनी और उसकी सहायक कंपनी आरईसी लिमिटेड दीर्घावधि वित्त गतिविधि से प्राप्त लाभ के 20% से अधिक कटौती के लिए पात्र नहीं है, बशर्ते ऐसी राशि विशेष रिजर्व खाते में अंतरित और अनुरक्षित रखी जाए।

(vii) ब्याज विभेदक रिजर्व - केएफडब्ल्यू ऋण:

यह ऋण करार के अनुसार केएफडब्ल्यू ऋण पर देय ब्याज और भुगतान किए गए ब्याज के बीच अंतर को दर्शाता है। केएफडब्ल्यू से विदेशी मुद्रा ऋण लेने की शर्तों के अनुसार, ऋण शेष के पुन:विवरण पर विनिमय लाभ/हानि को इस रिजर्व निधि के निमित्त समायोजित किया जाता है। कंपनी को केएफडब्ल्यू ऋण की पूर्ण पुनर्भुगतान के बाद रिजर्व में असमायोजित शेष राशि चुकाने की आवश्यकता नहीं है। केएफडब्ल्यू ऋण की पूरी चुकौती के बाद रिजर्व में किसी भी असमायोजित शेष राशि का उपयोग केएफडब्ल्यू के साथ परामर्श के बाद कंपनी द्वारा आगे ऋण देने के लिए किया जाएगा।

(viii) सामान्य रिजर्व:

सामान्य रिजर्व में लाभांश की घोषणा से पहले समूह के लाभ से विनियोजित राशि शामिल होती है (जैसा कि पूर्ववर्ती कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत आवश्यक था)। इसमें ऐसे रिजर्व के उपयोग/रिवर्सल पर सांविधिक रिजर्व से हस्तांतरित राशि भी शामिल है। इसके अलावा समूह आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के तहत विशेष रिजर्व की पूर्ण पात्र कटौती का लाभ उठाने के लिए लाभ को सामान्य रिजर्व में विनियोजित करता है।

(ix) प्रतिधारित अर्जन:

यह अन्य व्यापक आय के लाभ और निर्दिष्ट मदों का प्रतिनिधित्व करता है जो अन्य रिजर्व और लाभांश वितरण से हस्तांतरण के बाद समूह द्वारा अर्जित प्रतिधारित आय में सीधे मान्यता प्राप्त है।

(x) अन्य व्यापक आय के माध्यम से इक्विटी लिखत के लिए रिजर्व:

समूह की कंपनियों ने अन्य व्यापक आय के माध्यम से इक्विटी लिखतों में कुछ निवेश के उचित मूल्य में परिवर्तन को पहचानने के लिए चुना। यह अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर मापे गए इक्विटी लिखतों के पुनर्मूल्यांकन पर सृजित संचयी लाभ और हानि का प्रतिनिधित्व करता है। जब परिसंपत्ति को अमान्य कर दिया जाता है, तो रिजर्व राशि को, अनुरक्षित आय में, न कि लाभ और हानि के समेकित विवरण में, अंतरित कर दिया जाता है। ऐसे निवेशों पर लाभांश को लाभ और हानि के विवरण में मान्यता दी जाती है जब तक कि लाभांश स्पष्ट रूप से निवेश की लागत के हिस्से की वसूली का प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

(xi) नकदी प्रवाह हेज के प्रभावी हिस्से के लिए रिजर्व

हेजिंग लिखत का आंतरिक मूल्य जो हेज लेखांकन के लिए योग्यता मानदंडों को पूरा करता है और नकदी प्रवाह हेज के रूप में नामित और योग्य है, इस रिजर्व में मान्यता प्राप्त है। जब हेज की गई वस्तु लाभ या हानि को प्रभावित करती है तो ऐसे रिजर्व में मान्यता प्राप्त राशि को लाभ या हानि के विवरण में पुनः वर्गीकृत किया जाता है।

(xii) हेजिंग रिजर्व की लागत

हेज लिखत के समय मूल्य का उचित मूल्य जो हेज लेखांकन के लिए योग्यता मानदंडों को पूरा करता है और नकदी प्रवाह हेज के रूप में नामित और योग्य है, इस रिजर्व में मान्यता प्राप्त है। ऐसे रिजर्व निधि में मान्यता प्राप्त राशियों को व्यवस्थित आधार पर लाभ और हानि के विवरण में परिशोधित किया जाता है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

29.2(i) पीएफसी द्वारा ₹10 प्रत्येक अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों पर घोषित/प्रस्तावित लाभांश का ब्यौरा निम्नानुसार है:

विवरण	वित्तीय वर्ष 2022-23			वित्तीय वर्ष 2021-22		
	शेयर पूंजी का %	प्रति इक्विटी शेयर (₹)	राशि (₹ करोड़ में)	शेयर पूंजी का %	प्रति इक्विटी शेयर (₹)	राशि (₹ करोड़ में)
अंतरिम लाभांश	87.50%	8.75	2,310.07	107.50%	10.75	2,838.09
अंतिम लाभांश	45.00%	4.50	1,188.04	12.50%	1.25	330.01
कुल लाभांश	**132.50%**	**13.25**	**3,498.11**	**120.00%**	**12.00**	**3,168.10**

(ii) तुलन-पत्र की तारीख के बाद होने वाली घटनाएं:

निदेशक मंडल ने 27.05.2023 को आयोजित अपनी बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी पर 45% की दर से अंतिम लाभांश अर्थात ₹10 प्रत्येक के ₹4.50 प्रति इक्विटी शेयर की सिफारिश की है, जो आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के अध्यधीन है।

(iii) प्रदत्त/प्रस्तावित लाभांश कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 123 के यथालागू प्रावधानों के अनुरूप है।

30. गैर-नियंत्रक ब्याज

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
	वर्ष के प्रारंभ में प्रारंभिक शेष	24,040.51	20,464.36
(i)	अवधि के लिए निवल लाभ का शेयर	5,289.26	4,753.42
(ii)	परिभाषित हितलाभ योजनाओं का पुर्नमापन	(2.12)	(2.95)
(iii)	अन्य व्यापक आय/(व्यय) का शेयर	(457.81)	(24.47)
	कुल व्यापक आय का शेयर	**4,829.33**	**4,726.00**
(i)	गैर-नियंत्रक ब्याज के लिए घोषित/प्रस्तावित लाभांश	(1,477.97)	(1,142.15)
(ii)	अन्य	(127.49)	(7.70)
	अवधि के अंत में शेष - इक्विटी शेयरधारकों के निमित्त	**27,264.39**	**24,040.51**
	लिखतों के निमित्त प्रकृति में पूरी तरह से इक्विटी (टिप्पणी 30.2 देखें)	558.40	558.40
	कुल गैर-नियंत्रक ब्याज	**27,822.79**	**24,598.91**

30.1 पीएफसी की सहायक कंपनी आरईसी लिमिटेड ने प्रत्येक ₹10 लाख के अंकित मूल्य के स्थायी ऋण लिखत जारी किए थे, जिनकी कोई परिपक्वता नहीं थी और 10 वर्षों के बाद कंपनी के विकल्प पर कॉल करने योग्य थे। प्रतिभूतियों के धारकों के दावे (क) जारीकर्ता द्वारा जारी इक्विटी शेयरों के धारकों के दावों से बेहतर और (ख) जारीकर्ता के अन्य सभी क्रेडिटरों के दावों के अधीनस्थ होंगे। यदि 10 वर्षों के बाद कॉल नहीं किया जाता है तो लिखतों में एक स्टेप-अप प्रावधान होता है। कूपन का भुगतान आरईसी लिमिटेड के विवेक पर रद्द या निलंबित किया जा सकता है। प्रतिभूतियों का कूपन संचयी नहीं है, सिवाय इसके कि जारीकर्ता कूपन का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा और कूपन के भुगतान को स्थगित कर सकता है, यदि (i) पूंजी जारीकर्ता की पूंजी से जोखिम संपत्ति अनुपात (सीआरएआर) आरबीआई द्वारा निर्धारित न्यूनतम विनियामक आवश्यकता से कम है; या (ii) ऐसे भुगतान के परिणामों के परिणामस्वरूप जारीकर्ता का सीआरएआर आरबीआई द्वारा निर्धारित न्यूनतम विनियामक आवश्यकता से नीचे या शेष रहता है।

चूंकि ये प्रतिभूतियां प्रकृति में सतत है और कूपन के भुगतान पर समूह के पास कोई मोचन दायित्व और विवेक नहीं है, इसलिए इन्हें इक्विटी के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त इस तरह की इक्विटी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मूल अर्थात पीएफसी लिमिटेड के लिए उत्तरदायी नहीं है इसलिए इसे गैर-नियंत्रित ब्याज के अंतर्गत शामिल किया गया है। आवधिक कूपन भुगतान तदनुसार प्रतिधारित आय के साथ समायोजित किए जाते हैं।

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां
31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

30.2 पीएफसी की सहायक कंपनी आरईसी लिमिटेड के मामले में, जारी किए गए पूर्णत: इक्विटी प्रकृति के लिखतों (स्थायी ऋण लिखत) का विवरण निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	कूपन दर	बॉण्डों की संख्या	आवंटन की तारीख	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
₹10 लाख प्रत्येक पूर्णत इक्विटी की प्रकृति में पूर्ण प्रदत्त स्थायी ऋण लिखत	7.97%	5,584.00	जनवरी 22, 2021	558.40	558.40

30.3 तुलन-पत्र की तारीख के अनुसार प्रकृति में पूर्णत स्थायी ऋण लिखतों के 5% से अधिक इक्विटी के लिखत धारक:

शेयरधारक का नाम	31.03.2023 तक		31.03.2022 तक	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
एचवीपीएनएल कार्मिक पेंशन निधि ट्रस्ट	665	11.91%	665	11.91%
एचपीजीसीएल कार्मिक पेंशन निधि ट्रस्ट	500	8.95%	500	8.95%

31. ब्याज आय

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023 को समाप्त वर्ष	31.03.2022 को समाप्त वर्ष
क	**परिशोधित लागत पर मापी गई वित्तीय परिसंपत्तियों पर**		
(i)	ऋण पर ब्याज	76,195.15	74,731.09
	घटाएं: ऋणकर्ताओं को समय पर भुगतान के लिए छूट	(282.32)	(386.75)
(ii)	बैंकों में जमा राशि पर ब्याज	292.69	339.15
(iii)	निवेश पर ब्याज	207.26	118.96
(iv)	अन्य ब्याज आय	36.22	31.47
ख	**लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वर्गीकृत वित्तीय परिसंपत्तियों पर**		
(i)	निवेश पर ब्याज	40.76	47.82
(ii)	अन्य आय	6.17	5.38
	कुल ब्याज आय (क+ख)	**76,495.93**	**74,887.12**

32. लाभांश आय

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023 को समाप्त वर्ष	31.03.2022 को समाप्त वर्ष
(क)	**एफवीटीओसीआई में अभिहीत इक्विटी निवेश पर लाभांश**		
(i)	वर्ष के अंत में धारित कुल निवेश	102.00	67.56
(ii)	वर्ष के दौरान निवेश की विमान्यता	0.98	1.30
	उप-योग (i+ii)	**102.98**	**68.86**
(I)	**अधिमानी शेयरों पर लाभांश**	0.02	0.00
	कुल लाभांश (क+ख)	**103.00**	**68.86**

33. शुल्क और कमीशन आय

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023 को समाप्त वर्ष	31.03.2022 को समाप्त वर्ष
(i)	ऋण पर पूर्व प्रदत्त प्रीमियम	114.19	816.97
(ii)	ऋण पर शुल्क आधारित आय	240.81	228.78
(iii)	भारत सरकार की योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए शुल्क (टिप्पणी 55 देखें)	193.79	23.83
	कुल शुल्क और कमीशन आय	**548.79**	**1,069.58**

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

34. अन्य प्रचालन आय

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023 को समाप्त वर्ष	31.03.2022 को समाप्त वर्ष
(i)	सेवाओं की बिक्री (टिप्पणी 6.10 देखें)	420.58	233.29
(ii)	अन्य	-	2.81
	कुल अन्य प्रचालन आय	**420.58**	**236.10**

35. अन्य आय

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023 को समाप्त वर्ष	31.03.2022 को समाप्त वर्ष
(i)	प्रतिलेखित अतिरिक्त देयताएं	1.72	12.49
(ii)	विविध आय	55.17	70.77
	कुल अन्य आय	**56.89**	**83.26**

36. वित्त लागत

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023 को समाप्त वर्ष	31.03.2022 को समाप्त वर्ष
	परिशोधित लागत पर मापी गई वित्तीय देयताओं पर		
(i)	**ऋण राशियों पर ब्याज**		
	- सावधि ऋण और अन्य	11,864.45	8,438.29
	- पट्टा देयताओं पर ब्याज (टिप्पणी 51.1 देखें)	1.65	1.75
(ii)	**ऋण प्रतिभूतियों पर ब्याज**		
	- बॉण्ड/डिबेंचर	31,125.65	32,761.10
	- कमर्शियल पेपर	-	54.73
(iii)	**अधीनस्थ देयताओं पर ब्याज**	1,402.49	1,374.10
(iv)	**अन्य ब्याज व्यय**		
	- ब्याज सब्सिडी निधि पर ब्याज	-	1.13
	- आवेदन शुल्क पर ब्याज - बॉण्ड	0.01	0.29
	- सहायक कंपनियों से प्राप्त अग्रिमों पर ब्याज	4.66	2.87
	- आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत ब्याज	0.88	2.66
	- अन्य	3.62	5.34
	घटाएं: पूंजीकृत वित्त लागत	(0.03)	(5.10)
	लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वर्गीकृत वित्तीय देयताओं पर		
(v)	**स्वैप प्रीमियम (निवल)**	2,613.40	2,071.62
	कुल वित्त लागत	**47,016.78**	**44,708.78**

37. निवल परिवर्तन/ अंतरण विनिमय हानि/ (अभिलाभ)

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023 को समाप्त वर्ष	31.03.2022 को समाप्त वर्ष
	निवल परिवर्तन/ अंतरण विनियम हानि/ (अभिलाभ) के कारण		
(i)	01.04.2018 को या उसके बाद मान्यता प्राप्त दीर्घावधि विदेशी मुद्रा मौद्रिक मद (एलटीएफसीएमआई) का परिवर्तन	2,221.75	1,078.42
(ii)	31.03.2018 तक मान्यता प्राप्त एलटीएफसीएफआई पर सृजित विदेशी मुद्रा मौद्रिक मद परिवर्तन अंतर खाते का परिशोधन	867.52	626.21
	कुल निवल परिवर्तन/लेन-देन विनिमय हानि/(अभिलाभ)	**3,089.27**	**1,704.63**

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां
31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

37.1 समूह की विदेशी मुद्रा मौद्रिक मदों का वर्ष के अंत में प्रचलित दर पर नियमानुसार परिवर्तन किया जाता है:

विनिमय दर	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
अमरीकी डॉलर/भारतीय रुपया	82.2169	75.8071
यूरो/भारतीय रुपया	89.6076	84.6599
जेपीवाई/भारतीय रुपया	0.6180	0.6223
एसजीडी/भारतीय रुपया	61.8074	55.9438

38. शुल्क और कमीशन व्यय

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023 को समाप्त वर्ष	31.03.2022 को समाप्त वर्ष
(i)	एजेंसी शुल्क	3.21	3.64
(ii)	गारंटी, सूचीकरण और ट्रस्टीशिप शुल्क	5.37	7.54
(iii)	क्रेडिट रेटिंग शुल्क	10.73	12.41
(iv)	अन्य वित्त प्रभार	9.04	3.32
	कुल शुल्क और कमीशन व्यय	**28.35**	**26.91**

39. उचित मूल्य परिवर्तन पर निवल हानि/(अभिलाभ)

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023 को समाप्त वर्ष	31.03.2022 को समाप्त वर्ष
	लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय लिखतों पर		
(i)	- डेरिवेटिव के उचित मूल्य में परिवर्तन	(192.57)	(391.14)
(ii)	- निवेश के उचित मूल्य में परिवर्तन	81.88	43.13
(iii)	- म्यूचुअल फंड में अधिशेष निधि के अल्पावधि निवेश के उचित मूल्यों में परिवर्तन	(5.18)	(7.99)
	कुल उचित मूल्य में परिवर्तन पर निवल हानि/(अभिलाभ)	**(115.87)**	**(356.00)**
	उचित मूल्य परिवर्तन:		
(i)	- प्राप्त	(238.88)	(151.88)
(ii)	- अप्राप्त	123.01	(204.12)
	कुल उचित मूल्य में परिवर्तन पर निवल हानि/(अभिलाभ	**(115.87)**	**(356.00)**

39.1 इस टिप्पणी में उचित मूल्य परिवर्तन अर्जित ब्याज आय/व्यय के कारण उत्पन्न परिवर्तनों से अन्य हैं।

40. वित्तीय लिखतों पर क्षतिग्रस्तता

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023 को समाप्त वर्ष	31.03.2022 को समाप्त वर्ष
क	**परिशोधित लागत पर मापी गई वित्तीय परिसंपत्तियों पर:**		
(i)	ऋण	(219.87)	5,651.97
(ii)	अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां और व्यापार प्राप्तियां	30.91	11.11
(iii)	चुकौती आश्वासन-पत्र	(21.25)	31.99
ख	**लाभ और हानि खाते के माध्यम से मापी गई वित्तीय परिसंपत्तियों पर**		
(i)	बट्टे खाते डाले गए - निवेश	56.66	-
	कुल वित्तीय लिखतों पर क्षतिग्रस्तता	**(153.55)**	**5,695.07**

40.1 वित्तीय परिसंपत्तियों पर क्षतिग्रस्तता के विवरण के लिए टिप्पणी 46.1 देखें।

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

41. कार्मिक हितलाभ व्यय

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023 को समाप्त वर्ष	31.03.2022 को समाप्त वर्ष
(i)	वेतन और मजदूरी	321.84	296.13
(ii)	भविष्य निधि और अन्य निधियों/योजनाओं में अंशदान	28.72	30.95
(iii)	स्टाफ कल्याण व्यय	74.39	70.01
(iv)	कार्मिकों के आवासीय मकानों के लिए किराया	13.93	10.23
	कुल कार्मिक हितलाभ व्यय	**438.88**	**407.32**

41.1 टिप्पणी 50 में विभिन्न कार्मिक हितलाभों के लिए गए प्रावधान के संबंध में इंड एएस 19 'कार्मिक हितलाभ' के अनुसार प्रकटीकरण किए गए हैं।

42. अन्य व्यय

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023 को समाप्त वर्ष	31.03.2022 को समाप्त वर्ष
(i)	किराया, कर और ऊर्जा लागत	9.23	11.66
(ii)	मरम्मत और रखरखाव	28.58	38.11
(iii)	संचार लागत	5.08	5.48
(iv)	मुद्रण और लेखन सामग्री	2.90	2.12
(v)	विज्ञापन और प्रचार	24.65	13.67
(vi)	निदेशकों की फीस, भत्ता और व्यय	0.83	0.40
(vii)	लेखापरीक्षक की फीस और व्यय	2.99	3.10
(viii)	कानूनी और व्यावसायिक शुल्क	35.30	21.48
(ix)	बीमा	0.50	0.32
(x)	यात्रा और वाहन	39.52	25.37
(xi)	संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की मान्यता रद्द होने पर निवल हानि/(अभिलाभ)	9.66	3.88
(xii)	सरकारी योजना मॉनीटरिंग व्यय*	19.04	18.49
(xiii)	सम्मेलन और बैठक व्यय	18.12	9.40
(xiv)	सुरक्षा व्यय	3.63	3.69
(xv)	अन्य व्यय	69.41	96.06
	कुल अन्य व्यय	**269.44**	**253.23**

* इसमें एक सहायक कंपनी से 3 करोड़ (पिछले वर्ष शून्य) की असमाशोधित शेष राशि शामिल है।

43. आयकर से संबंधित प्रकटीकरण

43.1 लाभ और हानि के समेकित विवरण में मान्यता प्राप्त आयकर व्यय:

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2021-22
वर्तमान कर व्यय		
वर्तमान वर्ष	5,119.10	5,501.89
पूर्ववर्ती वर्ष	(198.44)	(40.01)
(क) कुल वर्तमान कर व्यय	4,920.66	5,461.88
आस्थगित कर व्यय/(आय)		
अस्थायी अंतरों की उत्पत्ति और रिवर्सल	396.82	(847.87)
(ख) कुल आस्थगित कर व्यय/(आय)	**396.82**	**(847.87)**
कुल आयकर व्यय (क+ख)	**5,317.48**	**4,614.01**

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

43.2 समेकित अन्य व्यापक आय में मान्यता प्राप्त आयकर व्यय

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2021-22
वर्तमान कर व्यय/(आय)		
मदें जिन्हें लाभ और हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगा		
परिभाषित हितलाभ योजनाओं का पुन:मापन	(1.45)	(1.75)
(क) कुल वर्तमान कर व्यय/(आय)	**(1.45)**	**(1.75)**
आस्थगित कर व्यय/(आय)		
(ख) ऐसी मदें जिन्हें लाभ या हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगा		
परिभाषित हितलाभ योजनाओं का पुन:मापन	(1.00)	(1.72)
इक्विटी लिखतों के उचित मूल्य पर निवल अभिलाभ/(हानि)	(9.84)	7.03
(ग) ऐसी मदें जिन्हें लाभ या हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत किया जाएगा		
नकदी प्रभाव हेज में हेजिंग लिखतों पर अभिलाभ और (हानि) का प्रभावी हिस्सा	234.65	226.52
हेजिंग रिजर्व की लागत	(645.29)	(238.42)
(घ) कुल आस्थगित कर व्यय/(आय) (ख+ग)	**(421.48)**	**(6.59)**
ओसीआई में मान्यता प्राप्त कुल कर व्यय/(आय) (क+घ)	**(422.93)**	**(8.34)**

43.3 कर व्यय और लेखांकन लाभ का समाधान

कर व्यय और कर-पूर्व लाभ एवं कॉर्पोरेट कर दर के उत्पाद का समाधान:

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2021-22
कर-पूर्व लाभ	26,499.14	23,382.22
लागू कर दर	25.168%	25.168%
कर लागू कर दर का उपयोग करके	**6,669.30**	**5,884.83**
कर का प्रभाव:		
गैर-कटौतीयोग्य कर व्यय	107.46	139.88
कर मुक्त आय	(3.00)	(2.62)
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80एम के तहत कटौती	(439.13)	(609.93)
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के तहत कटौती	(1,268.07)	(1,114.48)
अन्य	32.93	26.31
पिछले वर्षों से संबंधित कर व्यय	(198.44)	(40.00)
कर दर में परिवर्तन का प्रभाव	-	(3.98)
उन्मूलन का प्रभाव	416.43	334.00
कुल लाभ और हानि के समेकित विवरण में कर व्यय	**5,317.48**	**4,614.01**

43.4 पीएफसी के संबंध में अग्रेणित कटौती योग्य अस्थायी अंतर/ अप्रयुक्त कर हानि/ अप्रयुक्त कर क्रेडिट

विवरण	31.03.2023 तक (₹ करोड़ में)	समापन तारीख	31.03.2022 तक (₹ करोड़ में)	समापन तारीख
कटौती योग्य अस्थायी अंतर/ अप्रयुक्त कर हानि/ अप्रयुक्त कर क्रेडिट जिसके लिए किसी आस्थगित कर परिसंपत्ति को मान्यता नहीं दी गई है	-	-	1.25	31.03.2024
	-	-	2.54	31.03.2025
	-	-	0.03	31.03.2028
	-	-	0.07	31.03.2029

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

44. इंड एएस 33 प्रति शेयर अर्जन के अनुसार प्रकटीकरण

क्र. सं.	विवरण	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2021-22
(क)	न्यूमरेटर के रूप में उपयोग की जाने वाली अवधि के लिए लाभ (मूल और तनुकृत) (₹ करोड़ में):		
	(i) जारी प्रचालनों से	15,889.33	14,014.79
	(ii) बंद प्रचालनों से	-	-
	(iii) जारी और बंद प्रचालनों से	15,889.33	14,014.79
(ख)	डिनोमिनेटर के रूप में उपयोग किए जाने वाले इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या (मूल और तनुकृत)	2,64,00,81,408	2,64,00,81,408
(ग)	प्रति इक्विटी शेयर अर्जन (मूल और तनुकृत), अंकित मूल्य ₹10 प्रत्येक (₹):		
	(i) जारी प्रचालनों के लिए	60.19	53.08
	(ii) बंद प्रचालनों के लिए	-	-
	(iii) जारी और बंद प्रचालनों के लिए	60.19	53.08

45. पूंजी प्रबंधन

समूह अपने जोखिम प्रोफाइल, विनियामक और व्यावसायिक जरूरतों के समर्थन में पर्याप्त पूंजी आधार बनाए रखता है। समूह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय बाजारों से निधि जुटाता है तथा साथ ही विविध पूंजी आधार तैयार करता है और पूंजी लागत को बेहतर से बेहतर करता है। निधि स्रोतों के विवरण के लिए टिप्पणी 22, 23 और 24 तथा इक्विटी के लिए समेकित इक्विटी परिवर्तन विवरणी देखें।

जैसा कि भारतीय रिज़र्व बैंक मास्टर दिशानिर्देश - गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - प्रणालीबद्ध रूप से महत्वपूर्ण गैर-जमा स्वीकार कंपनी और जमा स्वीकार कंपनी (रिजर्व बैंक) दिशा-निर्देश 2016, समय समय पर यथा संशोधित, (यहां आरबीआई मास्टर दिशानिर्देशों के रूप में उल्लिखित) में निहित है, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को श्रेणी I और श्रेणी II पूंजी के रूप में एक पूंजी अनुपात बनाए रखना चाहिए जो तुलन-पत्र में अपने जोखिम भारित परिसंपत्तियों और तुलन-पत्र से इतर मदों के जोखिम समायोजित मूल्य के 15% से कम न हो। इसमें टीयर I पूंजी 10% से कम नहीं होनी चाहिए। कंपनी और इसकी सहायक कंपनी आरईसीएल रिजर्व बैंक के साथ गैर-जमा प्रणालीबद्ध महत्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में पंजीकृत है। दोनों कंपनियां नियमित रूप से जोखिम भारित परिसंपत्ति अनुपात (सीआरएआर) के लिए पूंजी का निर्दिष्ट स्तर बनाए रखने पर नजर रखती हैं। पूंजी पुनर्गठन के संदर्भ में कंपनी और सहायक कंपनी आरईसीएल अन्य बातों के अलावा बोनस शेयर जारी करने, लाभांश वितरण और इक्विटी शेयरों की वापस खरीद इत्यादि के संदर्भ में निवेश और सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम), वित्त मंत्रालय, सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम पूंजी पुनर्गठन पर जारी दिशानिर्देशों से मार्गदर्शन लेती है।

पूंजी और जोखिम भारित परिसंपत्ति अनुपात (सीआरएआर) निम्नानुसार है:-

विवरण	31.03.2023 तक		31.03.2022 तक	
	पीएफसी	आरईसीएल	पीएफसी	आरईसीएल
सीआरएआर - टीयर I पूंजी	21.61%	22.84%	20.00%	19.58%
सीआरएआर - टीयर II पूंजी	2.76%	2.94%	3.48%	4.03%
कुल सीआरएआर	**24.37%**	**25.78%**	**23.48%**	**23.61%**

* आरबीआई के लागू दिशानिर्देशों के अनुसार संगणित

लाभांश वितरण नीति

समूह की कंपनियां एक सुस्पष्ट लाभांश वितरण नीति अपनाती है। यह नीति भारत सरकार के दिशानिर्देश, आरबीआई के परिपत्र/दिशानिर्देश, भविष्य की पूंजी व्यय योजनाएं, वर्ष के दौरान अर्जित लाभ, वैकल्पिक स्रोतों से निधि एकत्र करने की लागत, नकदी प्रवाह की स्थिति और समय-समय पर व्यवहार्य लागू कर, यदि कोई हो, सहित विभिन्न कारकों पर ध्यान केंद्रित करती है।

भारत सरकार के निवेश और सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग द्वारा जारी वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार किसी भी कंपनी को, वर्तमान कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत स्वीकृत अधिकतम लाभांश के अधीन, कर बाद लाभ का 30% या निवल मूल्य का 5%, जो भी अधिक हो, न्यूनतम वार्षिक लाभांश का भुगतान करना है।

हालांकि संबंधित कंपनियां इन दिशानिर्देशों के अनुरूप लाभांश घोषित करने का प्रयास करती हैं लेकिन वे निवल मूल्य, पूंजी व्यय/ व्यापार विस्तार जरूरतों; संबंधित कंपनी की सहायक कंपनियों/ सहयोगी कंपनियों में अतिरिक्त निवेश; अन्य विनियामक अपेक्षाओं जैसे विभिन्न वित्तीय मानदंडों का विश्लेषण करने के बाद अपेक्षाकृत कम लाभांश का प्रस्ताव कर सकती हैं। वर्ष के दौरान दिए गए/ प्रस्तावित लाभांश के विवरण के लिए टिप्पणी 29.2(i) और 29.2.(ii) देखें।

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

46. वित्तीय जोखिम प्रबंधन

समूह के लिए अपने परिचालन माहौल से जुड़े जोखिमों की आशंका बनी रहती है। समूह का प्राथमिक कार्य विद्युत, लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। इस व्यवसाय मॉडल और इसकी वित्तीय लिखतों से जुड़े मुख्य जोखिमों में ऋण जोखिम, लिक्विडिटी जोखिम और बाजार जोखिम (मुद्रा जोखिम, ब्याज दर जोखिम और कीमत जोखिम) आते हैं।

निम्नलिखित तालिका समूह के लिए आशंकित जोखिम स्रोतों और प्रबंधन उपायों तथा समेकित वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव को स्पष्ट करती है:-

टिप्पणी जोखिम	आशंका स्रोत	मापन	जोखिम प्रबंधन
46.1 ऋण जोखिम	ऋण, वित्तीय परिसंपत्तियां, निवेश, व्यापार प्राप्य, नकदी और नकदी समतुल्य	समय प्रभाव विश्लेषण	विस्तृत आकलन प्रक्रिया, क्रेडिट सघनता सीमा, परिसंपत्ति आधार का विविधीकरण और सरकारी गारंटी सहित कोलेटरल
46.2 लिक्विडिटी जोखिम	ऋण प्रतिभूतियां, ऋण राशियां, अधीनस्थ देयताएं और अन्य वित्तीय देयताएं	नकदी प्रवाह अनुमान	प्रतिबद्ध क्रेडिट सहायता और ऋण सुविधाओं की उपलब्धता
46.3 बाजार जोखिम - विदेशी मुद्रा जोखिम	मान्य वित्तीय देयताएं, भारतीय रुपए (आईएनआर) में अंकित नहीं	संवेदनशीलता विश्लेषण, नकदी प्रवाह पूर्वानुमान	मुद्रा जोखिम हेजिंग के लिए डेरिवेटिव अनुबंध
46.4 बाजार जोखिम - ब्याज दर जोखिम	ऋण प्रतिभूतियां, ऋण राशियां, अधीनस्थ देयताएं और परिवर्तनीय ब्याज दरों पर ऋण	ब्याज दर अंतर विश्लेषण, संवेदनशीलता विश्लेषण	विविध ब्याज दर शर्तों, ब्याज दर स्वैप जैसे डेरिवेटिव अनुबंध के साथ ऋण प्रबंधों का तालमेल
46.5 बाजार जोखिम - कीमत जोखिम	उद्धृत इक्विटी लिखतों में निवेश	संवेदनशीलता विश्लेषण	महत्वपूर्ण निवेशों पर ध्यान केंद्रित रखते हुए पोर्टफोलियो बदलना

इन जोखिमों के प्रबंधन के लिए समूह की कंपनियों ने एकीकृत व्यापक उद्यम जोखिम प्रबंधन तंत्र बनाया है ताकि जोखिमों की सतर्क मॉनीटरिंग और कुशल प्रबंधन हो सके। आरबीआई मास्टर दिशानिर्देशों के अनुसार जोखिम प्रबंधन और दुरूस्त करने के लिए पीएफसी और इसकी सहायक कंपनी आरईसीएल में मुख्य जोखिम प्रबंधन अधिकारी (सीआरओ) हैं जो जोखिमों की पहचान, मापन और प्रबंधन की प्रक्रिया में शामिल रहते हैं। जोखिम प्रबंधन का उद्देश्य, नीतियां तथा पहचान, मापन और प्रबंधन की प्रक्रियाएं बाद के पैराग्राफों में दी गई हैं।

46.1 क्रेडिट जोखिम

क्रेडिट जोखिम किसी वित्तीय लिखत के प्रतिपक्ष द्वारा अपने दायित्वों को पूरा न कर पाने की विफलता से समूह को वित्तीय हानि पंहुचाने की आशंका से जुड़ा जोखिम है। उन वित्तीय परिसंपत्तियों का ब्योरा जिनसे समूह को क्रेडिट जोखिम (सकाल वहनीय राशि) की आशंका है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2021-22
कम क्रेडिट जोखिम		
नकदी और नकदी समतुल्य[(क)]	127.59	914.24
नकदी और नकदी समतुल्य में शामिल के अतिरिक्त बैंक शेष[(क)]	3,973.43	5,770.26
ऋण (मूलधन बकाया)[(ग)]	7,98,755.96	6,57,482.61
व्यापार प्राप्य[(ख)]	185.69	123.02
निवेश (इक्विटी लिखतों को छोड़कर)[(क)]	3,772.30	2,138.59
अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां[(ख)]	29,835.07	29,820.35
साधारण ऋण जोखिम		
ऋण (मूलधन बकाया)[(ग)]	27,350.31	62,938.57

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2021-22
व्यापार प्राप्य[ख]	37.62	30.97
उच्च ऋण जोखिम		
निवेश (इक्विटी निवेश को छोड़कर)[क]	101.67	101.67
ऋण (मूलधन बकाया)[ग]	31,393.73	38,075.17
अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां[ख]	113.59	115.97
व्यापार प्राप्य[ख]	66.81	63.32

[क] नकदी और नकदी समतुल्य तथा बैंक शेष पर क्रेडिट जोखिम सीमित है क्योंकि ये विविध जमा आधार के साथ देश भर के सार्वजनिक क्षेत्र के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंको, उच्च रेटेड निजी क्षेत्र बैंकों म्यूचुअल फंड हाउस के साथ होते हैं। ग्रुप की कंपनियां संबंधित बैंकों/म्यूचुअल फंड हाउस के साथ विभिन्न प्रकार की लिखतों में निधि लगाकर जमा आधार व्यापक करती है।

निवेश पर क्रेडिट जोखिम प्रबंधन निवेश पोर्टफोलियो के विविधीकरण, निवेशों पर मॉनीटरिंग और वहनीय मूल्य तय करने के लिए उचित मूल्यांकन तकनीक अपनाकर किया जाता है।

[ख] व्यापार प्राप्य और अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों पर ऋण जोखिम को ऋणकर्ता की ऋणपात्रता का आकलन कर कम किया जाता है और इसका प्रबंधन इन राशियों की वसूली स्थिति पर मॉनीटरिंग रखकर किया जाता है। ग्रुप ऐसे व्यापार प्राप्यों और अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों पर अपेक्षित क्षतिग्रस्तता हानि भत्ता रखता है।

[ग] ग्रुप को मुख्य रूप से ऋण जोखिम की आशंका अपने ऋण प्रचालन के कारण होती है। नीचे के पैराग्राफ (टिप्पणी 46.1.1 - टिप्पणी 46.1.13) में इसे स्पष्ट किया गया है।

46.1.1 ऋण प्रचालनों के लिए क्रेडिट जोखिम प्रबंधन उपाय

क. पीएफसी के संदर्भ में

पीएफसी ने क्रेडिट जोखिम के प्रबंधन के लिए प्रमुख नीतियां और प्रक्रियाएं अपनायी हैं, जिनमें ऋण नीति तय करना, पीएफसी को क्रेडिट जोखिम एक्सपोजर की ओर जाने से रोकने के लिए मार्गदर्शन देना, क्रेडिट जोखिम की समीक्षा और वस्तुगत आकलन तथा पोर्टफोलियो के कार्य-निष्पादन और प्रबंधन पर मॉनीटरिंग रखना शामिल है। कंपनी की सभी कार्य-प्रणालियां और प्रक्रियाएं आईएसओ 9001: 2015 प्रमाणित हैं।

क्रेडिट प्रबंधन के कार्यक्षेत्र में दो प्रमुख क्षेत्र आते हैं - परियोजना मूल्यांकन और परियोजना मॉनीटरिंग। पीएफसी अपनी अनुमोदित ऋण नीति के अनुसार ऋणकर्ताओं का चयन करता है जो अन्य बातों के अलावा ऋण लेने वालों/परियोजना की रेटिंग के लिए विचार किए जाने वाले कारकों को स्पष्ट करती है। ग्राहकों को चुनने की पीएफसी की प्रक्रिया, अपनी प्रमोटिंग यूनिट के साथ परियोजना की व्यवहार्यता का आकलन करती है। ब्याज दर और अधिकतम स्वीकार्य एक्सपोजर, अन्य बातों के अतिरिक्त पीएफसी द्वारा प्रदत्त आंतरिक रेटिंग पर आधारित होता है।

(i) परियोजनाओं का मूल्यांकन

पीएफसी किसी भी परियोजना का वित्तपोषण करने से पहले क्रेडिट जोखिम के आकलन के लिए एक प्रणालीबद्ध, संस्थागत परियोजना मूल्यांकन प्रक्रिया अपनाता है।

(क) निजी क्षेत्र विद्युत परियोजनाओं का मूल्यांकन

निजी क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए दो चरणों की मूल्यांकन प्रक्रिया का पालन किया जाता है। सबसे पहले परियोजना की पहली नजर में तैयारियों के निर्णय के लिए प्रारंभिक मूल्यांकन किया जाता है। इसके बाद इस मूल्यांकन के आधार पर सक्षम प्राधिकरण द्वारा चुनी गई परियोजनाओं के लिए विस्तृत मूल्यांकन किया जाता है।

पीएफसी परियोजना की व्यावहार्यता के मूल्यांकन के साथ इक्विटी अंशदान और परियोजना पूरा करने की प्रमोटर की सामर्थ्य का भी आकलन करता है। पीएफसी एक एकीकृत रेटिंग विधि अपनाता है, जिसमें एकीकृत रेटिंग (आईआर) की संगणना परियोजना ग्रेडिंग और प्रमोटर ग्रेडिंग के भारित औसत अंकों के आधार पर की जाती है। परियोजना के आईआर के आधार पर निबंधन एवं शर्तें (सुरक्षा पैकेज, ब्याज दर और ऋण इक्विटी अनुपात सहित) तय की जाती हैं।

(ख) राज्य क्षेत्र विद्युत परियोजनाओं का मूल्यांकन

राज्य क्षेत्र की परियोजनाओं का विस्तृत मूल्यांकन यह निर्धारित करने के लिए किया जाता है कि ये तकनीकी और आर्थिक रूप से मजबूत, तथा राज्य की एकीकृत विद्युत विकास और विस्तार योजनाओं के अनुरूप हैं या नहीं।

पीएफसी राज्य क्षेत्र की विद्युत उत्पादन और पारेषण संस्थाओं को संचालनगत और वित्तीय कार्य-निष्पादन के विशिष्ट मापदंडों पर संस्थाओं के कार्य-निष्पादन मूल्यांकन के आधार पर विभिन्न रेटिंग ग्रेडों में वर्गीकृत करता है। पारेषण संस्थाओं के संदर्भ में पीएफसी अपनी नीति के अनुरूप

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

सहायक कंपनी आरईसीएल का वर्गीकरण करता है। एकीकृत संस्थाओं सहित राज्य विद्युत वितरण संस्थाओं के संदर्भ में पीएफसी की वर्गीकरण नीति इस प्रकार की रेटिंग/ग्रेडिंग को पीएफसी की रेटिंग संरचना से मिलाने की विद्युत मंत्रालय की एकीकृत नीति अपनाने का प्रावधान करती है।

इस प्रकार की श्रेणियों/रेटिंग का उपयोग क्रेडिट एक्सपोजर सीमा का पता लगाने, प्रतिभूति जरूरतों और राज्य क्षेत्र के ऋणकर्ताओं को दिए गए ऋण का मूल्य निर्धारित करने के लिए किया जाता है। पीएफसी एकल ऋणकर्ताओं के एक्सपोजर और राज्य क्षेत्र के भीतर के एक्सपोजर पर नजर रखने की व्यवस्था भी लागू करता है।

विस्तृत परियोजना मूल्यांकन में परियोजना इनपुट, सांविधिक और गैर-सांविधिक संस्वीकृतियां, अनुबंध, परियोजना संपर्क, वित्तीय मॉडलिंग/प्रोजेक्शन, रिटर्न की संगणना, संवेदनशीलता विश्लेषण जैसे विभिन्न पक्षों को लेते हुए तकनीकी और वित्तीय मूल्यांकन शामिल हैं।

इस प्रकार के विस्तृत विश्लेषण के बाद परियोजना और एंटिटी की समग्र व्यावहार्यता का आकलन किया जाता है और पूर्व प्रतिबद्धता, पूर्व संवितरण के रूप में विभिन्न शर्तों और अन्य स्थितियों का निर्धारण किया जाता है ताकि परियोजना से संबंधित निधियों (इक्विटी और ऋण दोनों) को साथ करने, सभी भौतिक इनपुट, समग्र अनुबंधों की उपयुक्तता, संधियों/ अनुबंधों/ सांविधिक और गैर-सांविधिक स्वीकृतियों में निहित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही, सामान्य रूप से परियोजना की बैंक स्वीकार्यता तथा समय से ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक ऋणदाता के रूप में पीएफसी के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। पीएफसी के पास ऋण के आकार के अनुरूप ऋण सुविधाओं के अनुमोदन के लिए प्राधिकृति/प्रतिनिधित्व तंत्र है।

(ii) **प्रतिभूति और प्रसंविदाएं**

पीएफसी परियोजना के निर्माण और वाणिज्यिक प्रचालन तिथि के बाद के चरण के दौरान सुरक्षा उपायों/संविदाओं का एक पैकेज निर्धारित करता है। परियोजना की जोखिम आशंका और मूल्यांकन के आधार पर पीएफसी संयुक्त रूप से ये उपाय अपनाता है:

क) प्राथमिक प्रतिभूति - परियोजना परिसंपत्तियों या राज्य सरकार की गारंटियों पर प्रभार

ख) कोलेटरल प्रतिभूतियां - कॉर्पोरेट गारंटी, प्रमोटर की व्यक्तिगत गारंटी, शेयर को प्लेज करना, परिसंपत्ति प्रभार/ समूह/ अन्य कंपनियों का राजस्व।

ग) भुगतान सुरक्षा तंत्र - एस्क्रो खाता/लेटर ऑफ क्रेडिट, ट्रस्ट एंड रिटेंशन खाता (टीआरए)

घ) अन्य प्रसंविदाएं - कंपनी के पक्ष में सभी परियोजना अनुबंध, दस्तावेज, बीमा पॉलिसी सुपुर्द करना, अग्रिम इक्विटी आवश्यकता, ऋण चुकौती आरक्षित खाता (डीएसआरए), ऋण इक्विटी अनुपात, शेयरधारक करार, वित्तीय समापन इत्यादि।

(iii) **परियोजना की मॉनीटरिंग**

पीएफसी के पास व्यापक परियोजना/ऋण मॉनीटरिंग दिशानिर्देश हैं जो मॉनिटरिंग, परियोजना निर्माण पर नजर, कार्यान्वयन, जोखिमों की पहचान जहां समय/ लागत आधिक्य/ संवितरण में चूक को कम करने के लिए हस्तक्षेप जरूरी हो और आरंभ परियोजनाओं की प्रगति जैसे पक्षों को कवर करते हैं।

राज्य क्षेत्र की परियोजनाओं की मॉनीटरिंग, प्रगति रिपोर्ट, स्थल निरीक्षण दौरे, ऋणकर्ताओं से बातचीत और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना/रिपोर्ट के माध्यम से ऋणकर्ताओं से नियमित प्राप्त होने वाली परियोजना प्रगति रिपोर्ट के आधार पर की जाती है।

निजी क्षेत्र के लिए, जहां पीएफसी एक अग्रणी वित्तीय संस्थान (एफआई) है, पीएफसी ऋणदाताओं के इंजीनियर (एलई) और वित्तीय सलाहकारों (एलएफए) की सेवाएं लेता है, जो विभिन्न ऋणदाता/संकाय सदस्यों की ओर से काम करने वाली स्वतंत्र एजेंसियां हैं। एलई समय समय पर स्थल दौरा, संबंधित दस्तावेजों की समीक्षा, ऋणकर्ताओं से विचार विमर्श करते है और परियोजनाओं की प्रगति पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं। एलएफए परियोजना में निधि प्रवाह और निधि उपयोग से संबंधित विवरणी दायर करते हैं। उन मामलों में जहां पीएफसी प्रमुख वित्तीय संस्थान नहीं है, वहां एलई और एलएफए सेवाओं से संबंधित कार्य संबंधित प्रमुख ऋणदाता के साथ समन्वित किए जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 से पीएफसी ने, निजी क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए, एकल एंटिटी के रूप में परियोजना प्रबंधन एजेंसी (पीएमए) को सूचीबद्ध करना शुरू किया है जिससे परियोजना मॉनीटरिंग गतिविधियों में बेहतर समन्वय सुनिश्चित हो सके।

इसके अलावा, कुछ परियोजनाओं की समेकित सावधिक प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाती है जिसमें महत्वपूर्ण पर्यवेक्षण/विषय शामिल होते हैं जैसे चिंता उत्पन्न करने वाले क्षेत्र, विलंब के कारण, परियोजना निर्माण/कार्यान्वयन को प्रभावित करने वाले मुद्दे इत्यादि, और पीएफसी नियमित आधार पर इसकी समीक्षा करता है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

पीएफसी विलंब और/या ऋणकर्ताओं की चूक और वसूली क्षमताओं पर लगातार मॉनीटरिंग रखता है। ऋणकर्ता के खाते में कोई डिफॉल्ट होने पर तुरंत आवश्यक उपाय करता है जिसमें रिजर्व बैंक को विशेष उल्लेख खाता रिपोर्टिंग, बड़े ऋणों पर केंद्रीय सूचना संग्रह (सीआरआईएलसी) को रिपोर्टिंग, सभी बकायों की वसूली से खातों का नियमितिकरण, बकाए की वसूली के लिए गारंटी/प्रतिभूतियों को आंमत्रित करना, ऋण करार के अनुसार ऋण को इक्विटी में बदलने, ऋण खाते का पुनर्गठन, ऋणकर्ता के साथ समाधान योजना तय करना, स्वामित्व में बदलाव, आईबीसी 2016 के तहत कॉर्पोरेट ऋण शोधन अक्षमता समाधान प्रक्रिया (सीआरआईपी), अन्य कंपनियों, निवेशकों को एक्सपोजर की बिक्री, मामले को कानूनी कार्रवाई के लिए ऋण वसूली अधिकरण (डीआरटी), एसएआरएफएईएसआई इत्यादि को सौंपना, तथा विनियामक/ कानूनी रूपरेखा के तहत अन्य कार्रवाई करना शामिल है।

ख. आरईसीएल के संबंध में

क्रेडिट जोखिम का प्रबंधन मूल्यांकन, संवितरण और संवितरण बाद मॉनीटरिंग सहित विभिन्न स्तरों पर किया जाता है। आरईसीएल के पास एकीकृत रेटिंग दिशानिर्देश और व्यापक जोखिम प्रबंधन नीति है। क्रेडिट जोखिम कम करने के उद्देश्य से जोखिम के आकलन के लिए आरईसीएल प्रणालीबद्ध संस्थागत और परियोजना मूल्यांकन प्रक्रिया अपनाता है। इन प्रक्रियाओं में विस्तृत मूल्यांकन विधि, जोखिम पहचान तथा समुचित संरचना और ऋण जोखिम कम करने के उपाय शामिल हैं। इसके अलावा सावधिक आधार पर ऋण परिसंपत्तियों की समीक्षा की जाती है और इन्हें ईसीएल विधि के आधार पर उच्च/ सामान्य/ निम्न के रूप में श्रेणीकृत किया जाता है। क्रेडिट जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया निम्नानुसार है:

(i) आरईसीएल एकीकृत रेटिंग दिशानिर्देश अपनाता है जिसके कार्यक्षेत्र में क्रेडिट आकलन, जोखिम ग्रेडिंग, कोलेटरल आवश्यकता, रिपोर्टिंग, निधियों के समग्र उपयोग पर मॉनीटरिंग इत्यादि आते हैं। इसके अलावा, प्रभावी दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करने और कानूनी जोखिम रोकने के लिए स्वतंत्र ऋणदाता विधि परामर्शदाता की सेवाएं ली जाती हैं।

(ii) निजी क्षेत्र की सभी मौजूदा परियोजनाओं के लिए, जहां आरईसीएल अग्रणी वित्तीय संस्थान है, ऋणदाताओं के स्वतंत्र इंजीनियर (एलआईए), ऋणदाता वित्तीय परामर्शदाता (एलएफए) और ऋणदाता बीमा परामर्शदाता (एलआईए) की सेवाएं ली जाती हैं, जो स्वतंत्र एजेंसियां है तथा विभिन्न ऋणदाताओं और संकाय सदस्यों की ओर से काम करती हैं। एलई समय समय पर स्थल दौरा, संबंधित दस्तावेजों की समीक्षा, ऋणकर्ताओं से विचार-विमर्श करते है और परियोजनाओं की प्रगति पर अपनी रिपोर्ट सौंपते हैं। एलएफए परियोजना में निधि प्रवाह और निधि उपयोग से संबंधित विवरणी सौंपते हैं। उन मामलों में जहां पीएफसी प्रमुख वित्तीय संस्थान नहीं है, वहां एलई और एलएफए सेवाओं से संबंधित कार्य संबंधित प्रमुख ऋणदाता के साथ समन्वित किए जा रहे हैं।

आरईसीएल वित्तपोषण दी जा रही परियोजनाओं के लिए एक पृथक परियोजना प्रबंधन एजेंसी (पीएमए) नियुक्त करता है जिसमें एजेंसियों के बेहतर समन्वय के लिए एलआईई/परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता (पीएमसी), एलएफए और एलआईए के सभी कार्य शामिल होते हैं। पीएमए परियोजना स्थल पर ही रहती है ताकि परियोजना प्रगति, ईपीसी और गैर ईपीसी अनुबंधों और इनवॉयसों की समीक्षा, निधि उपयोग और परियोजना बीमा सहित प्रतिदिन की परियोजना कार्यान्वयन गतिविधियों पर निकटता से मॉनीटरिंग रखी जा सके। पीएमए वास्तविक उपकरण विनिर्माता/आपूर्तिकर्ता, कार्य संविदाकार के बिलों का सत्यापन भी करता है और संवितरण के लिए अपनी सिफारिश देता है। पीएमए मूल परियोजना लागत और सीओडी सहित तकनीकी और वित्तीय मापदंडो की शुचिता को ध्यान में रखते हुए आरंभ से ही पर्याप्त सतर्कता और तत्परता बरतता है।

दबावग्रस्त परियोजनाओं की टीआरए (ट्रस्ट और प्रतिधारण खाते) की प्रभावी मॉनीटरिंग के लिए आरईसी/ ऋणदाताओं द्वारा अलग-अलग मामलों के आधार पर विशेष मॉनीटरिंग/ नकदी प्रवाह मॉनीटरिंग एजेंसियों के लिए लेखापरीक्षकों/ एजेंसियों की नियुक्ति की जा रही है।

(iii) आरईसीएल ऋण सुविधाओं के अनुमोदन और नवीकरण के लिए एक प्राधिकृत रूपरेखा अपनाता है। प्राधिकार की सीमाएं निरीक्षण समिति की सिफारिशों के आधार पर सीएमडी/ कार्यकारी समिति/ ऋण समिति/ निदेशक मंडल में प्रस्तावित व्यवसाय प्रस्ताव के आकार के अनुरूप तय की जाती हैं।

(iv) आरईसीएल ने समुचित ब्याज दर और प्रतिभूति पैकेज प्रभारित कर, डिफॉल्ट जोखिम की डिग्री के अनुसार अपने एक्सपोजर को श्रेणीकृत करने के लिए जोखिम ग्रेडिंग रूपरेखा विकसित की है।

(v) जोखिम प्रबंधन समिति और बोर्ड को, समुचित सुधारात्मक कार्रवाई के लिए ऋण पोर्टफोलियों की ऋण गुणवत्ता पर नियमित रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाती है।

(vi) व्यवसाय इकाइयों द्वारा अपनाए जा रहे दिशानिर्देश, नीति और मौजूदा प्रचलन की समीक्षा और क्रेडिट जोखिम प्रबंधन के उद्देश्य से आरईसीएल में सर्वोत्तम अभ्यासों को बढ़ावा देने का विशिष्ट कौशल उपलब्ध कराने के लिए समय-समय पर बाहरी एजेंसियों की नियुक्ति की जाती है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां
31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

(vii) संबंधित व्यवसाय यूनिट द्वारा ऋणकर्ता को सुविधाओं की प्रतिबद्धता से पहले, निर्धारित सीमा के प्रति व्यक्तिगत और समूह ऋण एक्सपोजर का आकलन किया जाता है। अतिरिक्त सुविधाओं का अनुमोदन इसी समीक्षा के अधीन है।

(viii) आरईसीएल ऋण भुगतान में विलंब और/या ऋणकर्ताओं और अन्य प्रतिपक्षों के डिफॉल्ट और उनकी वसूली पात्रता पर लगातार नजर रखता है। ऋणकर्ता के खाते में डिफॉल्ट होने पर आरईसीएल इसे सुधारने के लिए तुरंत कार्रवाई करता है जिसमें बकाए की वसूली के लिए गारंटी/प्रतिभूतियां आमंत्रित करने सहित आरबीआई को विशेष उल्लेख खाता (एसएमए) रिपोर्ट, बड़े ऋणों के केंद्रीय सूचना संग्रह (सीआरआईएलसी) को ऋण संबंधी जानकारी की, टीआरए खाते की मॉनीटरिंग, ऋण करार के अनुसार ऋण को इक्विटी में बदलना, ऋण खाते का पुनर्गठन, ऋणकर्ता के साथ समाधान प्रक्रिया तय करना, स्वामित्व में बदलाव, कॉर्पोरेट ऋण शोधन अक्षमता समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी), अन्य कंपनियों/निवेशकों को एक्सपोजर का विक्रय और अन्य वसूली तंत्र कार्यान्वित करने जैसी कार्रवाई शामिल है।

46.1.2 क्रेडिट जोखिम मापन - ऋण प्रचालन के लिए क्षतिग्रस्तता आकलन

क्षतिग्रस्तता मापन के लिए, इंड एएस 109 आरंभिक मान्यीकरण के बाद से क्रेडिट जोखिम में परिवर्तन के आधार पर तीन स्तरों का मॉडल प्रस्तुत करता है:-

- ऐसी वित्तीय परिसंपत्ति चरण-1 में वर्गीकृत की जाती है जो आरंभिक मान्यीकरण पर ऋण क्षतिग्रस्त नहीं है।
- यदि क्रेडिट जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि (एसआईसीआर) होती है तो वित्तीय परिसंपत्ति को चरण-2 में रख दिया जाता है।
- यदि वित्तीय परिसंपत्ति ऋण क्षतिग्रस्त हो चुकी है तो उसे चरण-3 में रख दिया जाता है।

क. पीएफसी के संदर्भ में

पीएफसी क्षतिग्रस्तता हानि भत्ते को उन वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए अनुमानित ऋण हानि (ईसीएल) मॉडल उपयोग के अनुसार मान्य करती है जिसे लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर मान्य नहीं किया गया है।

I. **डिफॉल्ट:** इंड एएस 109 के अनुसार पीएफसी किसी वित्तीय परिसंपत्ति को डिफॉल्ट में रखे जाने के लिए विखंडित पूर्वानुमानों पर विचार करता है, जैसे कि जब किसी ऋण खाते के अनुबंधगत भुगतान में 90 दिन से अधिक का बकाया हो जाये तो ऋण क्षतिग्रस्त वित्तीय परिसंपत्तियां डिफॉल्ट की परिभाषा में आ जाती हैं।

II. **एसआईसीआर:** आरंभिक मान्यीकरण के बाद से ऋण जोखिम में बढ़ोतरी हुई है या नहीं, इसका आकलन प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर वित्तीय लिखत के शेष जीवनकाल पर डिफॉल्ट जोखिम में बदलाव पर विचार करते हुए किया जाता है। पीएफसी ने इंड एएस 109 के अनुसार खंडनयोग्य पूर्वानुमान लागू किया है जो क्रेडिट जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि के निर्धारण के लिए मापदंड के रूप में 30 दिन से अधिक के बकाए पर विचार करता है।

    चरण 3 की वित्तीय परिसंपत्तियों के मामले में, समाधान योजना (स्वामित्व में परिवर्तन और/या एनसीएलटी के माध्यम से समाधान को छोड़कर) लागू करने के बाद वित्तीय परिसंपत्ति अपग्रेड कर दी जाती है और प्रक्रिया लागू होने की तिथि से दो तिमाही के लिए चरण 2 के रूप में वर्गीकृत की जाती है।

III. अनुमानित क्रेडिट हानि (ईसीएल) का मापन

पीएफसी वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए क्षतिग्रस्तता हानि भत्ते का मान्यीकरण बोर्ड से अनुमोदित अनुमानित ऋण हानि (ईसीएल) नीति के अनुसार करता है। ईसीएल का मापन या तो 12 महीने या जीवनकाल के आधार पर किया जाता है, जो इस बात पर निर्भर करता है कि आरंभिक मान्यीकरण के बाद से क्रेडिट जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है या नहीं। ईसीएल डिफॉल्ट की संभावना (पीडी), हानि प्रदत्त डिफॉल्ट (एलजीडी) और डिफॉल्ट एक्सपोजर का प्रतिफल है। पीएफसी ने इंड 109 के अनुरूप ईसीएल के आकलन के लिए वित्तीय वर्ष के दौरान एक स्वतंत्र एजेंसी - क्रिसिल लिमिटेड की नियुक्ति की है। ईसीएल की संगणना की संक्षिप्त विधि निम्नानुसार है:

(i) डिफॉल्ट की संभावना (पीडी)

पीडी एक निर्दिष्ट समयावधि में डिफॉल्ट की संभावना का अनुमान है। समय के किसी बिंदु पर इसका अनुमान किया जाता है। 12 महीने के पीडी के आकलन के लिए, अगले 12 महीनों में ऋण डिफॉल्ट की संभावना निश्चित की जाती है और इसी प्रकार जीवनकाल की पीडी के आकलन के लिए शेष जीवनकाल पर ऋण डिफॉल्ट की संभावना का पता लगाया जाता है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां
31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

चरण 1 के लेखों के लिए 12 महीने की पीडी का उपयोग किया जाता है।

चरण 2 (क्रेडिट जोखिम लेखों में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी) के लिए जीवनकाल की पीडी का उपयोग होता है। चरण 3 (क्रेडिट क्षतिग्रस्त लेखे) के लिए 100% पीडी ली जाती है।

12 महीने की पीडी: राज्य क्षेत्र के ऋणकर्ताओं के संदर्भ में, पीडी की संगणना के लिए, कंपनियों की जोखिम रेटिंग ग्रेड पर विचार किया जाता है। उत्पादन कंपनियों/पारेषण कंपनियों और अन्य के लिए पीएफसी की आंतरिक रेटिंग ग्रेड पर विचार किया जाता है। वितरण कंपनियों/विद्युत विभाग के ऋणकर्ताओं के लिए पीएफसी ने विद्युत मंत्रालय की रेटिंग अपनायी है। उपर्युक्त रेटिंग को मानक बाह्य रेटिंग बेंचमार्क के साथ मापा गया है। पीडी संगणना के लिए विभिन्न क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों (सीआरए) द्वारा जारी पीडी बदलाव मैट्रिक्स मे दी गई मापित बाह्य रेटिंग के साथ जुड़ा पीडी फैक्टर इस्तेमाल किया गया है।

निजी क्षेत्र के ऋणकर्ताओं के मामले में, विभिन्न क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों (सीआरए) द्वारा जारी पीडी बदलाव मैट्रिक्स का उपयोग करते हुए पीडी संगणना के लिए नवीनतम बाह्य रेटिंग उल्लिखित की गई है। यदि बाह्य रेटिंग उपलब्ध नहीं है, तो पीडी को 10-प्वायंट स्केल पर प्रॉक्सी रिस्क स्कोरिंग मॉडल के माध्यम से संगणित किया जाता है, जिसमें स्केल का 1 न्यूनतम जोखिम और 10 अधिकतम जोखिम का संकेत करता है। यह मॉडल कंपनी की गियरिंग अर्थात (ऋण/इक्विटी) अनुपात, लगायी गई पूंजी पर रिटर्न, ब्याज कवरेज अनुपात, ईबीआईटीडी पर ऋण अनुपात जैसे मात्रात्मक कारकों तथा पीएलएफ, एसीएस/एआरआर अनुपात या अंतिम जोखिम स्कोर तक आने के लिए एलएएफ जैसे गुणात्मक कारकों का इस्तेमाल करता है। प्राप्त वित्तीय जोखिम स्कोर बाह्य रेटिंग बेंचमार्क पर मापित किया गया है। इस मापित रेटिंग को रेटिंग से जुड़े पीडी की संगणना के लिए विभिन्न क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों (सीआरए) द्वारा जारी पीडी बदलाव मैट्रिक्स का उपयोग करते हुए उल्लिखित किया गया है।

जीवनकाल पर पीडी के लिए: रेटिंग ग्रेड के जीवनकाल पीडी की संगणना के लिए मार्कोव चेन मॉडल प्रयुक्त किया गया है।

(ii) लॉस गिवेन डिफॉल्ट (एलजीडी)

एलजीडी वह हानि कारक है जिसका सामना कंपनी को डिफॉल्ट होने की स्थिति में करना पड़ सकता है।

राज्य क्षेत्र के ऋणकर्ताओं के लिए, पीएफसी, कंपनियों के एलजीडी का अनुमान करते समय विभिन्न मापदंडो पर सरकारों की ऋण पात्रता पर विचार करती है। ऋण पात्रता के अनुमान के लिए प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, वित्तीय घाटा/जीडीपी अनुपात और ऊर्जा क्षेत्र पर राजस्व व्यय अनुपात इत्यादि जैसे मापदंड प्रमुख इनपुट के रूप में उपयोग में लिए जाते हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को राज्य श्रेणी के आधार पर निम्न, मध्यम और उच्च जोखिम श्रेणी में बांटा जाता है।

निजी क्षेत्र के ऋणकर्ताओं के मामले में संयंत्र के मान्य मूल्य तक पंहुचने के लिए एलजीडी का आकलन परियोजना से संबंधित कारकों, जैसे उत्पादन क्षमता, प्रति मेगावाट परियोजना लागत, संयंत्र का पूर्णता प्रतिशत और परिसंपत्तियों के अंकित मूल्य इत्यादि पर विचार करते हुए किया गया है। मान्य मूल्य तक पंहुचने के लिए बाजार मूल्य से कम मूल्य अर्थात हेयर कट के रूप में दबाव कारक भी लागू किया गया।

चरण 3 के ऋणकर्ताओं के लिए, एलजीडी का आकलन नीलामी मूल्य/ समाधान योजना राशि/ ओटीएस राशि/ कोई अन्य मूल्य/रियायती नकदी प्रवाह इत्यादि, जैसा भी व्यवहार्य हो, के आधार पर परियोजना-वार किया गया है।

(iii) डिफॉल्ट पर एक्सपोजर (ईएडी)

डिफॉल्ट पर एक्सपोजर बकाया एक्सपोजर है जिस पर ईसीएल की संगणना की जाती है। ऋण के संदर्भ में ईएडी में बकाया मूलधन और प्रोद्भूत ब्याज (विलंब प्रभार सहित) शामिल है। टिप्पणी संख्या 7.1.(ii) के अनुसार ऋण क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों पर आय प्राप्त होने पर या प्रोद्भूत आधार पर मान्य की जाती है जब अनुमानित मान्यीकरण बकाया ऋण राशि से अधिक हो, इसलिए इसे डिफॉल्ट पर एक्सपोजर की संगणना में प्रयुक्त नहीं किया जाता।

(iv) ईसीएल के मापन में प्रयुक्त प्रमुख मान्यताएं

- पीएफसी आरंभिक मान्यीकरण तिथि को आधार तिथि मानता है जिससे क्रेडिट जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि का निर्धारण किया जाता है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

- चूंकि पीएफसी के पास अपने किसी भी ऋणदाता के लिए स्वीकृत लेकिन अनाहरित सीमा निरस्त करने का अधिकार है, इसलिए रिपोर्टिंग तिथि पर ईएडी ऋण का बकाया शेष और ब्याज माना जाता है।

